केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड
THE CENTRAL ADVISORY BOARD OF EDUCATION

उन्चासवीं बैठक 15 अक्टूबर, 1993, नई दिल्ली
Forty Ninth Meeting 15 October, 1993, New Delhi

NIEPA DC
D09079

कार्यवाहियां
PROCEEDINGS

353.8225
IND-CR

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
DOC, No D-9079
Date .... 11-04-96.

विषय-वस्तु

पृष्ठ

15 अक्तूबर 1993 को आयोजित केब की बैठक के कार्यवृत्त

अनुबन्ध :

I. सहभागियों की सूची 9

II. बैठक की कार्यसूची 14

III. परिचालित दस्तावेजों की सूची 15

IV. केब के सदस्य प्रो० डी० एस० कोठारी के देहावसान पर शोक संकल्प 16

V. केन्द्रीय शिक्षा सचिव, श्री एस० वी० गिरि का भाषण 17

VI. मानव संसाधन विकास मंत्री श्री अर्जुन सिंह का लिखित भाषण 19

VII. राज्यों/संघशासित प्रदेशों के शिक्षा, मंत्रियों सलाहकारों आदि केब लिखित वक्तव्य . . . 21

संसद् सौध, नई दिल्ली के मुख्य समिति कक्ष में 15 अक्तूबर, 1993 को हुई केब की 49वीं बैठक के कार्यवृत

केन्द्रीय शिक्षा सहलाहकार बोर्ड (केब) की 49 वीं बैठक मानव संसाधन विकास मंत्री श्री अर्जुन सिंह की अध्यक्षता में 15 अक्तूबर 1993 को संसद् सौध, नई दिल्ली के मुख्य समिति कक्ष में आयोजित हुई थी। बैठक में शामिल सहभागियों की सूची अनुबन्ध–I में दी गई है।

बैठक का कार्यक्रम अनुबन्ध–II में है। बैठक में परिचालित दस्तावेजों की सूची अनुबन्ध–III में है।

बैठक की कार्यवाही शुरू होने के पहले सहभागियों ने महाराष्ट्र में आए हाल के भूकम्प में हजारों लोगों की हुई मौत के शोक में दो मिनट का मौन रखा। बैठक में बोर्ड के सदस्य प्रोफेसर डी० एस० कोठारी की मृत्यु पर शोक प्रस्ताव भी पारित किया गया। प्रस्ताव की प्रति अनुबन्ध–IV में दी गई है।

केन्द्रीय शिक्षा सचिव और केब के सदस्य–सचिव श्री एस० वी० गिरी ने बोर्ड के सदस्यों और अतिथियों का बैठक में स्वागत किया। उन्होंने यह उलेल्ख किया कि स्थिति की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राज्य कार्रवाई योजनाओं को तैयार करना कार्रवाई योजना 1992 में किया गया मुख्य परिवर्तन था। राज्य कार्रवाई योजना को तैयार करने के कार्य को सुकर बनाने के लिए पांच क्षेत्रीय बैठकें और कार्यशाला राज्य/संघ शासित प्रदेश के सचिवों और शिक्षा निदेशकों की आयोजित की गई थी। इन कार्यशालाओं में राज्य कार्रवाई योजना तैयार करने के संबंध में अनेक सुझाव दिए गए। श्री गिरी ने 5–6 अक्तूबर, 1993 को आयोजित राज्य/संघ शासित प्रदेश सचिवों और शिक्षा निदेशकों की बैठक का भी उल्लेख किया जिसमें इस बात पर सहमति हो चुकी थी कि राज्य कार्रवाई योजनाएं दिसम्बर, 1993 की समाप्ति से पहले तैयार की जाएंगी। श्री गिरी ने स्कूल पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन संबंधी राष्ट्रीय संचालन समिति को सांविधिक शक्तियों वाले राष्ट्रीय आयोग का दर्जा प्रदान करने के संबंध में विभिन्न केब समितियों की रिपोटों और चर्चा के कागजात जैसे अन्य कार्यसूची मदों का भी उल्लेख किया। उन्होंने जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम, संपूर्ण साक्षरता अभियान और गैर औपचारिक शिक्षा के कार्यक्रम की ओर भाग लेने वालों का ध्यान आकर्षित किया। श्री गिरी के भाषण का सार अनुबंध– में दिया गया है।

श्री अर्जुन सिंह, अध्यक्ष केब ने अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबन्ध के संबंध में केब समिति की रिपोर्ट लीक से हटकर थी। उन्होंने कहा कि 73वां और 74 वां संवैधानिक संशोधन में शिक्षा के प्रबन्ध पर अत्यधिक भार था और विकेन्द्रीकरण की कार्रवाई को सभी राजनैतिक दलों का समर्थन प्राप्त था, उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र में शक्तियां जनता के पास निम्न स्तर से होनी चाहिएं। जबकि रिपोर्ट में अनेक सिफारिशें की गई हैं, यह राज्य सरकारों को विकेन्द्रीयकृत प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ने के लिए थीं। उन्होंने दिल्ली में 15–16 अक्टूबर, 1993 को आयोजित की जाने वाली नौ अत्यधिक जनसंख्या वाले विकासशील देशों की आगामी सभी के लिए शिक्षा सम्मेलन शिखर का भी उल्लेख किया। श्री अर्जुन सिंह ने शैक्षिक पाठ्यचर्या में खेल–कूद कार्यकलापों को समुचित ढंग से समेकित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि खेल–कूदों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए भारत के लिए यह आवश्यक था। जब तक रिपोर्ट की प्रतियां सभी को नहीं भेज दी जाती हैं, तब तक बैठक में खेल-कूद तथा शारीरिक शिक्षा के संबंध में केब समिति की रिपोर्ट पर चर्चा करना संभव नहीं होगा। श्री अर्जुन सिंह द्वारा जोर दी गई दूसरी बात यह थी कि स्कूली बच्चों पर भार को कम करने की जरूरत है। मंत्रालय से इस भार को कम करने के तरीके सुझाने के लिए एक समिति नियुक्त की थी। उन्होंने सभी राज्यों से अनुरोध किया कि वे समिति की सिफारिशों पर गंभीरता से विचार करें और अगले शैक्षिक वर्ष के प्रारंभ में कम से कम कुछ सिफारिशों को कार्यान्वित करें। राज्यों और संघशासित प्रशासनों के साथ एक बैठक सभी सिफारिशों पर विचार करने के बाद आयोजित की जा सकी। अध्यक्ष ने संचालन समिति को स्कूल पाठ्य पुस्तकों के मूल्यांकन के लिए सांविधिक राष्ट्रीय आयोग का दर्जा प्रदान करने संबंधी चर्चा के कागजात का भी उल्लेख किया और साम्प्रदायिक तथा कट्टरता के प्रचार से पाठ्यपुस्तकों को मुक्त रखने की आवश्यकता पर बल दिया गया। अध्यक्ष का लिखित भाषण अनुबंध–VI में दिया गया है।

अध्यक्ष के उद्घाटन भाषण के बाद पिछली बैठक के कार्यवृत्तों पर विचार–विमर्श किया गया था। अध्यक्ष ने सदस्यों से अनुरोध किया कि यदि वे कार्यवृति पर कोई टिप्पणियां करना चाहते हैं तो वही टिप्पणियां बाद में लिखित रूप में भेजी जा सकती हैं। इस कार्यवृत्त के आधार पर पुष्टि की गई।

इसके साथ–साथ शेष मदों पर विचार करने का निर्णय किया गया था। तत्कालीन अध्यक्ष ने वीरप्पा मोइली कर्नाटक के मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि वे विकेन्द्रीकृत प्रबन्ध शिक्षा पर केब समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा विधान सभाओं, जिनके वे अध्यक्ष हैं, में शिक्षकों का प्रतिनिधित्व दें।

श्री मोइली ने दोनों समितियों के सदस्यों को धन्यवाद दिया क्योंकि उन्होंने रिपोर्ट तैयार करने में अपनी सहायता तथा सहयोग प्रदान किया। उन्होंने शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबन्ध के संबंध में केब समिति की रिपोर्ट पर भूमि स्वरूप यह बात कहते हुए

अपनी टिप्पणियां कीं कि अधिकांश राज्यों में पहले से ही खुद की अपनी पंचायत प्रणाली है और अनेक राज्यों में शिक्षा में भी पंचायत स्तरीय ढांचा है। अतः समिति द्वारा अनुसंसित ढांचे शुरू करना एक सरल कार्य नहीं है। तथापि वे चरणबद्ध ढंग से शुरू किए जा सकते हैं उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण रिपोर्ट के मूल में होने की बुनियादी अवधारणा यह थी कि ग्रामीण/निचले स्तर पर लोगों की शक्तियों का उपयोग करना चाहिए ताकि वे शिक्षा में अपनी भागीदारी महसूस करें। उन्होंने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखा है कि विकेन्द्रीकृत ढांचा न केवल शिक्षा में आवश्यक है बल्कि स्वास्थ्य आदि जैसे अन्य सामाजिक क्षेत्रों में भी और अन्य मंत्रालय द्वारा इस प्रकार के कार्य करना अपेक्षित है। केवल तब ही विकेन्द्रीयकरण पूरा होगा।

विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए श्री मोइली ने कहा कि विधान परिषदों की अवधारणा केवल प्रायोगिक आधार पर की गई है। यदि विधान परिषदों में एक वर्ग के रूप में प्राथमिक शिक्षकों को प्रतिनिधित्व प्रदान किया जाएगा तो इंजीनियर, डाक्टर जैसे अन्य व्यावसायिकों द्वारा भी ऐसी ही मांगें उठेंगी। इसके अलावा, केवल चार राज्यों में ही विधान परिषदें अस्तित्व में हैं तथा 80% शिक्षकों, जो सरकारी स्कूलों में कार्यरत हैं, को किसी भी स्थिति में प्रतिनिधित्व नहीं मिलेगा। इन सब बातों पर विचार करते हुए समिति का यह अभिमत है कि केवल प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों को विशेष दर्जा प्रदान करने का कोई औचित्य नहीं है और इसलिए समिति विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व को जारी रखने की सिफारिश नहीं करती है। इसके पश्चात् उन्होंने बैठक में दोनों ही रिपोर्टों पर विचार किए जाने की सिफारिश की।

विज्ञान और प्रौद्योगिकी में राज्य मंत्री श्री पी० आर० कुमारमंगलम ने में स्कूली छात्रों व वैज्ञानिक मनोवृत्ति को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया। कार्यकलाप आधारित विज्ञान शिक्षण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उपग्रह के माध्यम से 'पिछले से बात करिए' (टाक बैक) की सुविधा का उपयोग करके अध्ययन-अध्यापन में सुधार लाने के लिए इलेक्ट्रानिक मीडिया का वृहद मात्रा में प्रयोग किया जाना चाहिए जिसका प्रयोग करने के लिए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय पहले ही निर्णय ले चुका है। उन्होंने विज्ञान की ज्यादा लोकप्रिय पुस्तकों को प्रकाशित करने की भी वकालत की। उन्होंने विज्ञान शिक्षण कार्यक्रम तैयार करने में गैर-सरकारी संगठनों को शामिल करने पर विचार करने के लिए राज्य सरकारों को सलाह दी। उनके अनुसार विश्वविद्यालयों, राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं और उद्योगों के बीच संबंध को बढ़ावा देना आवश्यक है तथा यह संबंध स्कूलों के साथ भी स्थापित किया जाना चाहिए। उन्होंने विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के "विज्ञान करके सीखो" नामक योजना का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दीवार वाले प्रयोगशालाओं के स्थान पर बिना दीवार के पर्यावरणीय प्रयोगशालाएं तैयार की जानी चाहिएं। उन्होंने कहा कि यदि इस संकलपना को शैक्षिक कार्यक्रम में अपना लिया गया तो इससे स्कूली बैग के बोझ की समस्या कम हो जाएगी। उन्होंने विकेंद्रीकरण के महत्व पर बल दिया शिक्षा के विकेंद्रीकृत प्रबंधन और ज्ञानम समिति पर केब समितियों की रिपोर्टों का समर्थन किया।

आन्ध्र प्रदेश के स्कूली शिक्षा मंत्री श्री पी० बी० रंगाराव ने कहा कि आमतौर पर वे रिपोर्ट से सहमत हैं। तथापि उनकी यह राय है कि शैक्षिक पर्यवेक्षण, पाठ्यपुस्तकों की तैयारी, शिक्षकों की नियुक्ति तथा शिक्षकों की सेवा शर्तें जैसे विषय राज्य सरकार के अधीन होने चाहिएं। विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर केब समिति की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विधान परिषदों में शिक्षकों को प्रतिनिधित्व प्रदान करना हर हालत में पक्षपातपूर्ण कार्य होगा। उन्होंने यह राय व्यक्त की कि प्राथमिक स्तर पर अध्ययन प्रक्रिया आनन्ददायक होनी चाहिए। विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में कम से कम एक विज्ञान संग्रहालय स्थापित किया जाना चाहिए इस प्रयोजनार्थ विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की योजना के तहत 35 करोड़ रु० का प्रावधान पर्याप्त नहीं है। उनका यह भी अभिमत था कि बुनियादी मानवीय मूल्यों को पोषित करना शिक्षा का लक्ष्य होना चाहिए। वे शिक्षा की विषयवस्तु में खेलकूद और संस्कृति को शामिल करने के पक्ष में थे। स्कूली पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन समिति के स्तर पर चर्चा कागजात का उल्लेख करते हुए उन्होंने राय व्यक्त की कि प्रस्तावित राष्ट्रीय आयोग के कार्यों को निष्पादित करने के लिए केब की स्थाई समिति पर्याप्त होनी चाहिए।

पश्चिमबंगाल के शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार बना करके ही सभी के लिए शिक्षा का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस अधिकार को फलीभूत करने के लिए सभी सामाजार्थिक उपाय किए जाने चाहिए। शिक्षा के विकेंद्रीकृत प्रबंधन पर केब समिति की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि यद्यपि विकेंद्रीकरण वांछनीय लक्ष्य है लेकिन भूमि सुधारों को लागू किए बगैर पंचायती राज व्यवस्था सही ढंग से काम नहीं कर सकतीं। उन्होंने राज्यों के लिए वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर भी ध्यान आकृष्ट किया। जहां तक विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व का संबंध है, उनकी राय में भारत जैसे गरीब देश के लिए विधान परिषद् अनावश्यक वस्तु है।

केरल के शिक्षा मंत्री श्री ई० टी० मोहम्मद बशीर ने कहा कि राज्य कार्रवाई योजना तैयार करने के लिए केरल द्वारा कदम उठाए गए हैं। शिक्षा के विकेंद्रीकृत प्रबंधन पर केब समिति की रिपोर्ट का उन्होंने समर्थन किया। शैक्षिक बोझ के विषय के संबंध में जिला स्तर पर संस्थाओं के प्रमुखों को स्वायत्तता प्रदान करने की सिफारिश से वे सहमत नहीं थे। उन्होंने देश में विद्यामान पूर्व-प्राथमिक शिक्षा की यह कहते हुए आलोचना की कि यह बच्चों के चरित्र को नष्ट कर रही है। वेज्ञामम समिति की रिपोर्ट की उस सिफारिश के पक्ष में नहीं थे कि अब नया केन्द्रीय विश्व विद्यालय नहीं खोला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई ऐसे

राज्य हैं जहां न तो कोई केन्द्रीय विश्वविद्यालय है और न ही कोई केन्द्रीय उच्च अध्ययन संस्था। यद्यपि वे सभी विश्वविद्यालयों के लिए एक समान नियम के पक्ष में थे लेकिन यह भी कहा कि इसमें पर्याप्त लोच भी होना चाहिए। उनकी यह भी राय थी कि मनोनयन द्वारा विश्वविद्यालय निकायों को भरने से संबंधित सिफारिश में और अधिक लोच होना चाहिए तथा यह कि हमें चुनाव को पूर्णतया विरोधी नहीं होना चाहिए। उनका यह भी अभिमत था कि विश्वविद्यालय से संबंधित मामलों में राजनीतिज्ञों को अपनी बात कहने का अधिकार होना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाया कि छात्रों द्वारा शिक्षकों के मूल्यांकन की भी व्यवस्था हो होनी चाहिए । उनकी राय में विश्वविद्यालय प्रशासन में सरकार का प्रतिनिधित्व होना चाहिए अन्यथा स्वायत्तता का दुरूपयोग होगा। सिफारिश 39 (क) का उल्लेख करते हुए उन्होंने राय व्यक्त की कि विश्वविद्यालय अनुदाय आयोग को संदर्भित करना व्यावहारिक कदम नहीं है, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को सर्वश्रेष्ठ निकाय नहीं होना चाहिए। जहां तक कुलपति नियुक्त करने के लिए चयन पैनल बनाने का संबंध है, उनका अभिमत था कि सरकार द्वारा मनोनीत व्यक्ति को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए । जहां तक सिंडिकेट की संरचना का संबंध है, इस संबं में निर्णय लेने के लिए राज्यों को स्वतंत्रता होनी चाहिए तथा केन्द्र द्वारा कोई कठोर निर्देश नहीं दिया जाना चाहिए । अध्यक्ष ने केरल के शिक्षा मंत्री से अपनी टिप्पणी लिखित रूप में देने के लिए अनुरोध किया ।

योजना आयोग में सदस्या (शिक्षा) डा० (श्रीमती) चित्रा नायक ने रोजगार सूक्ष्म आयोजना, साक्षरता और मितव्ययिता, पर राष्ट्रीय विकास परिषद की रिपोर्टों को पढ़ने के लिए राज्यों से अनुरोध किया क्योंकि इसमे राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखकर राज्य कार्रवाई योजनाएं तैयार करने में उन्हें मदद मिलेगी । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय विकास परिषद द्वारा इन रिपोर्टों का समर्थन किया जा चुका है। उन्होंने छात्रों में वैज्ञानिक मनोवृत्ति का विकास करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया । उनकी राय में देश की प्राथमिकता शिक्षा प्रणाली पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है, निवेश के अनुरूप प्रतिफल नहीं है। उन्होंने न केवल शिक्षा के प्रबंध अपितु सामाजिक क्षेत्र के अन्य क्रियाकलापों में भी विकेन्द्रीकरण तथा स्थानीय क्षमताओं को विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया । उनके अनुसार लोगों को अपने-अपने लिए योजना बनाने का अधिकार देना, विकेन्द्रीय करण की तरह ही महत्वपूर्ण है । उन्होंने यह भी महसूस किया कि चूंकि औपचारिक शिक्षा प्रणाली ने केवल असमानताओं को बढ़ावा दिया है अतः मुक्त शिक्षा प्रणाली पर और अधिक ध्यान दिए जाने की जरूरत है ।

शिक्षा मंत्री, हरियाणा ने बैठक को सूचित किया कि राज्य की कार्रवाई योजना तैयार की जा रही है और उसका प्रारूप इस वर्ष के अन्त तक तैयार हो जाएगा । उन्होंने बालिकाओं में शिक्षा के विकास के लिए हरियाणा द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का भी वर्णन किया । उन्होंने महसूस किया कि स्कूली बस्तों के बोझ की समस्या मुख्यतः निजी स्कूलों की समस्या है न कि सरकारी स्कूलों की । वे कानूनी उपायो के जरिए पूर्व प्राथमिक शिक्षा को नियंत्रित करने हेतु सहमत हैं क्योंकि यह मूल रूप से केवल एक शहरी तथ्य है । इस दिशा में कोई भी कदम उठाने से पहले, प्रयोग अनिवार्य है । वे पाठयपुस्तक मूल्यांकन संबंधी विषय निर्वाचन समिति के दरजे को बढ़ने संबंधी प्रस्ताव से सहमत हैं। उन्होंनों हरियाण में पूर्ण साक्षरता अभियान के बारे में भी उल्लेख किया । उन्होंने सोनेरी समिति की कुछ सिफारिशों जैसे प्रत्यायन के संचालन, वार्षिक मूल्यांकन आदि का समर्थन किया। तथापि, उन्होंने महसूस किया कि कालेजों को स्वायत्ता प्रदान करने से समस्याएं उत्पन्न होंगी।

श्री पी० सी० गदई, स्कूल एवं जन शिक्षा मंत्री उड़ीसा ने कहा कि राज्य की कार्रवाई योजना तैयार की जा रही है तथापि, उन्होंने कार्रवाई योजना के संचालन हेतु केन्द्र सरकार से और अधिक वित्तीय सहायता मांगी । शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबंध संबंधी के० शि० स० बोर्ड समिति का उल्लेख करते हुए, उन्होंने मौजूदा पंचायती राज संस्थाओं द्वारा उनको सौंपी गई नई जिम्मेवारियों को हाथ में लेने की क्षमता के बारे में संदेह व्यक्त किया । अतः विकेन्द्रीकरण धीरे-धीरे किया जाना चाहिए, आरम्भ में, प्राथमिक शिक्षा पंचायती राज संस्थाओं को सौंपी जा सकती है । उन्होंने पंचायत स्तर पर क्षमता निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया । यशपाल समिति की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने महसूस किया कि समिति ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों द्वारा अनुभव की जा रही अवस्थापना संबंधी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया । उन्होंने महसूस किया कि स्कूली बोझ को कम करने हेतु पाठ्यचर्या के कमी करना एक सही कदम है ।

श्री सी० पी० माझी, मंत्री (उच्च शिक्षा), उड़ीसा ने उल्लेख किया कि उड़ीसा की उच्च शिक्षा संस्थाएं संसाधन संबंधी कठिनाईयों का सामना कर रही हैं । वित्तीय कठिनाइयों की वजह से उड़ीसा स्वायत्त कालेजों की स्थापना नहीं कर सका है । उन्होंने केन्द्रीय सरकार से और अधिक वित्तीय सहायता की मांग की । जबकि वह इस बात से सहमत थे कि विश्वविद्यालय को और अधिक स्वायत्ता मिलनी चाहिए, उन्होंने महसूस किया कि सरकार को उनके कार्यकरण पर कुछ नियंत्रण रखना चाहिए ।उन्होंनें महसूस किया कि उच्च शिक्षा संस्थाओं की जवाबदेही को सुनिश्चित करने हेतु उनकी वार्षिक रिपोर्टें राज्य के विधान मंडलों के समक्ष रखी जानी चाहिएं । शिक्षकों की जवाबदेही को सुनिश्चित किया जाना चाहिए, और साथ ही उनकी कठिनाइयों को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए ।

मेघालय के शिक्षा मंत्री, डा० हेनरी लेमिन ने कहा कि मेघालय ने विकेन्द्रीकरण की दिशा में काफी प्रगति की है मेघालय में जिला परिषदों को अधिक अधिकार प्राप्त हैं । वास्तव में

शिक्षक अब राज्य सरकार के अधीन आना चाहते है क्योंकि उन्हें जिला परिषद में कटिनाई हो रही है उन्होंने यह महसूस किया कि स्कूलों की प्रबन्ध समितियां राजनीति से बहुत ही ज्यादा ओत प्रोत हो गई हैं । मेघालय में विकेन्द्रीकरण का प्रयोग सफल नहीं रहा और सरकार ने जिला परिषदों से प्राथमिक शिक्षा को अपने हाथ में लेने का निर्णय लिया ।

नागालैण्ड के माध्यमिक शिक्षा मंत्री श्री एल इमकोंग ने शिक्षा सम्बन्धी राज्य की रूपरेखा प्रस्तुत की । उन्होंने कहा कि उत्तर पूर्व में उच्चतर तथा तकनीकी शिक्षा के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं । उन्होंने यह महसूस किया कि ज्ञानम समिति की रिपोर्ट यदि उपयुक्त रूप से लागू की जाती है तो इससे तकनीकी शिक्षा में सुधार आएगा । उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 73वें और 74वें संवैधानिक संशोधन कम जनसंख्या होने के कारण मेघालय पर लागू नहीं होते हैं । राज्य ने आयोजना को आरंभ करने तथा विकासात्मक कार्य के निष्पादन के लिए गांव विकास बोर्डों की एक अनूठी पद्धति बनाई है । वह यशपाल समिति की रिपोर्ट से सहमत थे किन्तु उन्होंने कहा कि स्कूलों में पाठ्य पुस्तकें रखने सम्बन्धी सुझाव व्यवहार्य नहीं है ।

बिहार के शिक्षा मंत्री डा० राम चन्द्र पूर्वे ने कहा कि बिहार में राज्य कार्रवाई योजना की तैयारी से सम्बन्धित कार्य प्रगति पर है । उन्होंने कहा कि शिक्षा को उत्पादकता से सीधे जोड़ा जाना चाहिए इस सम्बन्ध में उन्होंने बिहार सरकार द्वारा स्थापित किए गए चरवाहा स्कूलों का हवाला दिया । उन्होंने कहा कि इन स्कूलों में नामांकनों की संख्या में वृद्धि हो गई है। उन्होंने यह महसूस किया कि प्राथमिक शिक्षा में प्रथम प्राथमिकता प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति को दी जानी चाहिए । प्रारंभिक शिक्षा के सार्वजनीकरण को प्राप्त करने के बाद राज्य अब माध्यमिक शिक्षा के सार्वजनीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहता है तथापि वित्त के अभाव की प्रमुख समस्या है और इस सम्बन्ध में वे राज्यों को अधिक केन्द्रीय सहायता चाहते थे शिक्षा के विकेन्द्रीत प्रबंध का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि बिहार इस क्षेत्र में आगे है । वह यशपाल समिति की रिपोर्ट से सहमत थे और कहा कि शिक्षा पुस्तकों तक ही सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि इसे संस्कृति से भी जोड़ा जाना चाहिए । उन्होंने स्कूली पाठ्यपुस्तकों में क्षेत्रीय संस्कृति और उन राष्ट्रीय नेताओं के जीवनवृतों को शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया जिन्होंने प्रतिकूल आर्थिक परिस्थितियों के बावजूद अपना मार्ग प्रशस्त किया । उन्होंने यह भी महसूस किया कि समिति को 1 : 40 के शिक्षक–शिष्य अनुपात को लागू करने में तथा इसे 1:30 तक आगे कम करने हेतु राज्यों के वित्तीय अभाव को ध्यान में रखना चाहिए । वह स्कूल भवनों के निर्माण हेतु केन्द्रीय सहायता भी चाहते थे । स्कूली पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन सम्बन्धी संविधिक आयोग को गठित करने के प्रस्ताव पर उन्होंने यह महसूस किया कि मामले की गहन रूप से जांच किए जाने की आवश्यकता है और उनका यह विचार था कि राज्य सरकार को अपना दृष्टिकोण तैयार करने के लिए अधिक समय दिया जाना चाहिए । ज्ञानम समिति की रिपोर्ट पर उन्होंने लिखित रूप में अपनी आपत्तियां भेजने की पेशकश की । शिक्षा संस्थाओं के कार्यकारिणी निकायों से राजनितिज्ञों को अलग रखने की सिफारिश का विशेष रूप से हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि वहां राजनीतिज्ञों की सहभागिता होनी चाहिए अन्यथा शिक्षा के उद्देश्य प्राप्त नहीं होंगे ।

गोवा के शिक्षा मंत्री श्री वी० पी० उमगांवकर ने कहा कि राज्य की कार्रवाई योजना दिसम्बर के अन्त तक तैयार हो जायेगी उन्होंने यह भी कहा कि गोवा में जैसे ही जिला परिषदों का गठन हो जाता है शिक्षा का विकेन्द्रीकरण लागू हो जाएगा । स्कूल का बोझ कम करने सम्बन्धी सिफारिश के सम्बन्ध में उन्होंने महसूस किया कि अभिभावकों से परामर्श किया जाना चाहिए । वे स्कूली पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन समिति के चर्चा कागजात से सहमत थे । ज्ञानम समिति की सिफारिश उनकी सरकार के विचाराधीन है। विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व सम्बन्धी रिपोर्ट के संदर्भ में उन्होंने कहा कि गोवा में कोई विधान परिषद नहीं है ।

महाराष्ट्र के उच्चतर एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री प्रभाकर धारकर ने कहा कि कैपीटेशन फीस वाले कालेजों के सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय के फैसले ने और अधिक भ्रांति उत्पन्न कर दी है । सबसे पहले इसे स्पष्ट करने की आवश्यकता है । उन्होंने प्रशासनिक अधिकरण की तर्ज पर शैक्षिक अधिकरण स्थापित करने का सुझाव दिया । उन्होंने कहा कि गुणवत्ता सम्बन्धी समझौता किए बिना विकित्सा एवं अन्य कालेजों के मानदंडों में रियायत दी जानी चाहिए उन्होंने महसूस किया कि शिक्षा का व्यावसायीकरण टर्मिनल शिक्षा के रूप में अपने उद्देश्य में असफल रहा है । वह कुछ व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की समय अवधि और विषय वस्तु को पुनः जांच करना चाहते हैं ।

महाराष्ट्र के स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री श्री सलीम जाकरिया ने कहा कि शिक्षा चहुँमुखी विकास के लिए होनी चाहिए और इसे छात्रों में आत्मविश्वास उत्पन्न करना चाहिए । उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने शिक्षा को सर्वसुलभ कराने हेतु अनेक कदम उठाए हैं लेकिन निधियों का अभाव की वजह से मुख्य बाधा आई है वे अधिक केन्द्रीय सहायता चाहते हैं उन्होंने, बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन करने हेतु महाराष्ट्र सरकार द्वारा शुरू किए गए कुछ प्रोत्साहनों का भी उल्लेख किया । उन्होंने महसूस किया कि वर्तमान शिक्षा पद्धति, शहरी छात्रों को ध्यान में रख कर तैयार की गई है । शिक्षा पद्धति को उन छात्रों की भी आवश्यकताओं को पूरा

करना चाहिए जिनकी शिक्षा स्कूल स्तर पर ही समाप्त हो जाती है। उन्होंने, शिक्षा के प्रचार के लिए दूरदर्शन के व्यापक उपयोग का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि दूरदर्शन में एक पृथक शैक्षिक चैनल शुरू किया जाना चाहिए वे खेलों को अधिक से अधिक प्रोत्साहन देने के पक्ष में हैं।

डा० सुधीर राव, संसद सदस्य ने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के सभी क्षेत्रों में क्षेत्रीय कार्यालय होने चाहिएं। राज्य विश्वविद्यालयों द्वारा महसूस किए जा रहे गंभीर वित्तीय अभावों का उल्लेख करते हुए, उन्होंने राज्य विश्वविद्यालयों के लिए केन्द्रीय सहायता के और अधिक आबंटन का सुझाव दिया। वे, छात्रों, शिक्षकों गैर-शिक्षण स्टाफ इत्यादि के प्रतिनिधियों सहित विश्वविद्यालयों और कालेजों के कार्यकारी निकाय के चुनाव के पक्ष में हैं वे किसी सामान्य विश्वविद्यालय अधिनियम के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने महसूस किया कि सीनेट को नीति बनाने सम्बन्धी निकाय के रूप में कार्य करना चाहिए। उन्होंने उल्लेख किया कि ज्ञानम समिति ने पदों को भरने सम्बन्धी उपायों का सुझाव दिए बिना अत्यधिक पाठ्यक्रमों को शुरू करने की सिफारिश की है। वह स्वायत्त कालेज स्थापित करने तथा किसी संस्थान को समविश्वविद्यालय का दर्जा प्रदान करने के खिलाफ हैं। उन्होंने शिक्षकों के स्वतः मूल्यांकन के विचार का समर्थन किया।

शिक्षा मंत्री पंजाब ने राज्य में उपलब्ध शैक्षिक सुविधाओं की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने महसूस किया कि शिक्षा का विकेन्द्रीकृत प्रबंध समय की आवश्यकता है।

स्कूल बस्ते का भार कम करने के लिए उन्होंने शिक्षाकों की सहभागिता का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि पाठ्य-पुस्तकें तत्काल आधार पर बारी-बारी से उपलब्ध करायी जानी चाहिए तथा प्राथमिक स्तर पर कोई गृह कार्य नहीं होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा ऐसे किसी भी निजी स्कूल को मान्यता प्रदान नहीं की जानी चाहिए जिसकी पाठ्यचर्याएं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या के अनुसार नहीं हैं राज्य कार्रवाई योजनाओं का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पंजाब राज्य में राज्य कार्रवाई योजना तैयार करने के लिए कार्य दलों के गठन पर विचार किया जा रहा है। वह, सोनेरी समिति की सिफारिशों से सहमत नहीं थे। तथापि, उन्होंने विश्वविद्यालयों में कुलाध्यक्ष के हस्तक्षेप की जरूरत को महसूस किया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि ग्रामीण शिक्षा के वास्ते वि० अ० आयोग कालेजों को उनकी आवश्यकता के आधार पर निधियां उपलब्ध कराएं। वह इन सिफारिशों से सहमत थे कि विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व की अलग से कोई जरूरत नहीं है।

उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यपाल के सलाहकार श्री आर० डी० सोनकर ने कहा कि टी० एल० सी० के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश में 18 जिलों को सम्मिलित किया गया और शेष जिलों को वर्ष 2000 तक चरणबद्ध तरीके से शामिल किया जाएगा। वह यशपाल समिति की रिपोर्ट में की गयी सिफारिशों से सहमत थे परन्तु उन्होंने महसूस किया कि अभिभावकों को भी सिफारिशों पर अपने विचार प्रकट कर के अवसर प्रदान किये जाने चाहिएं। जहां शिक्षा के प्रबंध के विकेन्द्रीकरण का प्रश्न है, उत्तर प्रदेश ने पहल की है। स्कूली पाठ्य पुस्तकों पर सांविधिक आयोग के प्रस्ताव के सम्बन्ध में वह चाहते थे कि राज्य सरकारों को उन्हें अन्तिम रूप देने में और समय दिया जाना चाहिएं। उन्होंने सुझाव दिया कि ओपन स्कूल प्राधिकारियों के साथ परामर्श कटक के व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम तैयार किए जाने चाहिएं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि उद्योग तथा शैक्षिक संस्थाओं के बीच घनिष्ठ तालमेल हो। उन्होंने यह भी कहा कि हर एक विश्वविद्यालय की प्रगति की प्रत्येक पांच वर्ष में समीक्षा की जाए।

श्री अनिल सरकार, शिक्षा मंत्री, त्रिपुरा ने कहा कि सभी के लिए शिक्षा का अर्थ है कि उन्हें शिक्षित किया जाए जो विगत में इससे वंचित रहे। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा पूर्णतः धर्मनिरपेक्ष हो तथा सभी साम्प्रदायिक पक्षपातों से मुक्त हो। उन्होंने यशपाल समिति की सिफारिश का समर्थन किया।

मध्य प्रदेश के राज्यपाल के सलाहकार श्री एम० नटराजन ने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य कार्रवाई योजना तैयार करने के लिए पहले की कार्यदल गठित कर लिए हैं तथा प्रारूप कार्रवाई योजना दिसम्बर के अन्त तक तैयार हो जाएगी। उन्होंने आमतौर पर शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबंध पर के० शि० स० बोर्ड की समिति की सिफारिशों का समर्थन किया। तथापि उन्होंने बताया कि शिक्षा के प्रबन्ध के लिए पंचायती राज संस्थाओं में क्षमताओं का विकास आवश्यक है। उनके विचार में शैक्षिक पद्धति के लिए अपेक्षित प्रशासनिक सहायता का सृजन करने के लिए भारतीय शिक्षा सेवा का गठन एक अच्छा विचार होगा। उन्होंने यशपाल समिति का समर्थन किया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अपर प्राथमिक तथा उच्चतर स्तरों पर भी अध्ययन के न्यूनतम स्तरों का निर्धारण किया जाना चाहिए। उनके विचार से शिक्षण कार्योन्मुख होना चाहिए। उन्होंने पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन के लिए एक संविधान राष्ट्रीय आयोग के गठन के प्रस्ताव का समर्थन किया। ज्ञानम समिति की रिपोर्ट का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे विकेन्द्रीकरण बेहतर प्रबंध के अनकूल होगा। हालांकि उन्होंने यह महसूस किया कि समिति ने निजी महाविद्यालयों की आवश्यकताओं पर तो विचार किया किन्तु जहां तक सरकारी महाविद्यालयों का सम्बन्ध है, इन पहलुओं पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया।

श्री वी० बी० एल० माथुर, राजस्थान के राज्यपाल के सलाहकार ने उल्लेख किया कि राजस्थान की महिला साक्षरता दर देश में न्यूनतम है । अतः राजस्थान के शिक्षा कार्यक्रमों में महिला साक्षरता पर जोर दिया गया । उन्होंने उम्मीद जाहिर की कि सम्पूर्ण साक्षरता अभियान के माध्यम से आठवीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक राजस्थान पूर्ण साक्षरता हासिल करने वाला राज्य हो जाएगा । हालांकि और अधिक शिक्षकों और धन की आवश्यकता होगी । शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबंधन पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि विकेन्द्रीकृत शैक्षिक प्रबंधन को लागू करने वाला राजस्थान पहला राज्य है। हालांकि इस प्रयोग का राज्य को अच्छा अनुभव नहीं रहा। उन्होंने महसूस किया कि पंचायती राज प्रणाली में कार्य करने के लिए शिक्षा कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देने की आवश्यकता है । स्कूली पाठ्यपुस्तक के मूल्यांकन के लिए विषय निर्वाचन समिति की स्थिति पर चर्चा पत्र पर अपने विचार कायम करने के लिए उन्होंने राज्य सरकार के लिए कुछ और समय की मांग की ।

श्री पी० पी० श्रीवास्तव हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के सलाहकार ने बैठक को सूचना दी कि कार्रवाई योजना पर हिमाचल प्रदेश का प्रारूप लगभग तैयार है । हिमाचल प्रदेश का लक्ष्य दिसम्बर 1994 के अंत तक राज्य को पूर्णतः साक्षर बनाना था । हालांकि, उन्होंने इस ओर ध्यान आकृष्ट किया कि सम्पूर्ण साक्षरता अभियान का विद्यार्थियों के दाखिले पर बेहतर प्रभाव पड़ेगा और इसके परिणामस्वरूप विद्यालयों और आधारिक ढांचों की मांग बढ़ेगी। खेल और व्यायाम शिक्षा पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश ने पहले से "ब्लू प्रिंट" तैयार कर रखा है। सरकार प्राथमिक पंचायत को सौंपे जाने के लिए योजना तैयार कर रही है। हलांकि वे इस समस्या का सामना कर रहे हैं कि उन शिक्षकों पर शैक्षिक और अनुशासात्मक नियंत्रण किसका होगा, जो सरकारी कर्मचारी हैं । उन्होंने यह उल्लेख भी किया कि पंचायतों के पास पर्याप्त निधियाँ नहीं हैं अतः उनके लिए और साधनों का विकास करने की आवश्यकता है । उन्होंने शिक्षा के माध्यम से सार्वभौमिक मूल्यों को जागृत करने की आवश्यकता पर बल दिया । उन्होंने कहा कि कोई भी नवीन प्रणाली सार्थक नहीं होगी जब तक कि स्कूली शिक्षकों में आधार-भूत मूल्यों को जागृत न किया जाए और शिक्षण व्यवसाय की गरिमा को बनाए न रखा जाए।

शिक्षा मंत्री, कर्नाटक ने महाविद्यालयों में प्रतिव्यक्ति शुल्क पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय का हवाला दिया और कहा कि इससे राज्य में अनेक समस्याएं उठ खड़ी हुई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ए० आई० सी० टी० ई० के माध्यम से और शक्तियों को केन्द्रीकृत किया जा रहा है। उन्होंने तकनीकी शिक्षा के नियम निर्धारित करने की राज्य की शक्ति को न छीने जाने की पैरवी की । उन्होंने यह इच्छा भी ज़ाहिर की कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राज्य विश्वविद्यालयों को और निधियां प्रदान करें। उन्होंने प्रायोगिक (एप्लाइड) विज्ञान और इंजीनियरी में अनुसंधान को प्रोत्साहन देने के लिए और केन्द्रीय सहायता की पैरवी भी की ।

श्रीमती सी० नागम्मा केशवमूर्ति, प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री, कर्नाटक इस बात से सहमत थीं कि स्कूली शिक्षा, विशेषकर प्राथमिक स्कूली शिक्षा आनन्ददायक अनुभव होना चाहिए। उन्होंने संक्षेप में राज्य सरकार द्वारा आरम्भ किए गए अक्षय कार्यक्रम के विवरण का भी उल्लेख किया । उन्होंने कहा कि कर्नाटक में शिक्षा को विकेन्द्रीकृत किया जा चुका है और स्कूली शिक्षा जिला परिषदों और ग्राम शिक्षा समितियों को सौंपी गई हैं । जिला स्तर की योजनाएं तैयार की जा रही हैं । यशपाल समिति का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि जबकि सिफारिश में पर्याप्त खूबियां हैं फिर भी हमें यह ध्यान में रखना चाहिए कि एक से अधिक उपाय मौजूद हैं और पूरे देश के लिए एक ही प्रणाली नहीं निर्धारित की जानी चाहिए । हालांकि, कि हमें बच्चों पर से शिक्षा का भार कम करने की ओर कदम बढ़ाने चाहिएं। पाठ्य पुस्तक मूल्यांकन पर सांविधिक राष्ट्रीय आयोग के लिए प्रस्ताव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव का और स्पष्टीकरण दिए जाने की आवश्यकता है । वे चाहती थीं कि सांविधिक मूल्यांकन समिति लिंग भेद पर विचार करे । उन्होंने इस विचार पर अपना मत जाहिर किया कि पाठ्य पुस्तकों को राजनैतिक उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए ।

शिक्षा मंत्री, हरियाणा ने राज्य में उन व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों के लिए केन्द्र सरकार द्वारा और सहायता का अनुरोध किया जो मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में चलाए जा रहे हैं । व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को जिस एक समस्या का सामना करना पड रहा है, वह है शिक्षुता प्रशिक्षण की समस्या । उन्होंने केन्द्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान को क्रियाशील करने की मांग भी की ।

श्री एस० एस० चक्रवर्ती, मंत्री (उच्च शिक्षा), प० बंगाल ने सचेत किया कि विकेन्द्रीकरण की प्रक्रिया में जल्दबाजी नहीं होनी चाहिए । वे विश्वविद्याला के कार्यकारी निकायों में चुनाव न होने के प्रस्ताव और राजनीतिकों को दूर रखने से सम्बन्धित सिफारिश के विरुद्ध थे । उन्होंने कहा कि केवल नामांकन करने का ज्ञानम समिति का प्रस्ताव सहभागिता के लोकतांत्रिक सिद्धांत के विरुद्ध है । वे विधायी परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधिकरण की मांग कर रहे थे । विकेन्द्रीकरण का हवाला देते हुए वे यह जानना चाहते थे कि सरकार किस प्रकार नवोदय विद्यालयों और केन्द्रीय विद्यालयों का विकेन्द्रीकरण करेगी ।

उन्होंने कहा कि विकेन्द्रीकरण का उद्देश्य राज्य सरकार को कमजोर करना नहीं होना चाहिए ।

प्रो० एस० के० खन्ना, अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने अन्य सदस्यों द्वारा परिषद की कार्यप्रणाली से सम्बन्धित मुद्दों का जवाब दिया । उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के साथ लम्बित मामलों को निपटाने की ओर कदम उठाए जा रहे हैं और परिषद पहले ही एक कार्यक्रम घोषित कर चुकी है जिसके अनुसार सभी लम्बित मामलों से सम्बन्धित निर्णय मार्च, 1994 में ले लिए जायेंगे । प्रतिव्यक्ति शुल्क पर उच्चतम न्यायालय के निर्णय का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि हमें इस निर्णय के धनात्मक पहलू की ओर देखना चाहिए और निजी भागीदारी को आमंत्रित करना चाहिए । इस सम्बन्ध में सामान्य मार्गदर्शी सिद्धांत तैयार किए जा रहे थे । उन्होंने यह भी कहा कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा समिति किसी कार्यक्रम का अनुमोदन तब तक नहीं करती जब तक उसकी सिफारिश राज्य सरकार द्वारा न की गई हो ।

प्रो० (श्रीमती) सावित्री लक्ष्मणन, संसद सदस्य, लोक सभा, शिक्षा मंत्री केरल द्वारा राज्यों के लिए और वित्तीय सहायता से सम्बन्धित सुझावों से सहमत थीं ।

राज्य सभा के सदस्य श्री शंकर दयाल सिंह चाहते थे कि के० शि० स० बो० अपनी उपलब्धियों का सिंहावलोकन करें । हमें इस बात को पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए कि क्या हमारी शैक्षिक प्रणाली सही चरित्र वाले इंसान बनाने में सक्षम रही है । उन्होंने कहा कि इस प्रणाली द्वारा छात्रों में नैतिकता और सदाचार की भावना जागृत की जानी चाहिए । उन्होंने महसूस किया कि पाठ्यचर्या का विकास करने और पाठ्य पुस्तकें तैयार करने का दायित्व केन्द्र सरकार का होना चाहिए । बुनियादी शिक्षा मातृभाषा में दी जानी चाहिए । राज्यों को केन्द्र सरकार द्वारा और अधिक अनुदान दिए जाने चाहिए । उन्होंने महसूस किया कि प्राथमिक शिक्षा हेतु निधियां सृजित करने के लिए शैक्षिक उपकर लगाने का विचार अच्छा है । उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि देश के सभी राज्यों के प्रत्येक ब्लाक में माडल स्कूल होने चाहिए और प्रत्येक प्रान्त में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय होना चाहिए । वे अनिवार्य अंग्रेजी शिक्षा के पक्ष में नहीं थे । उन्होंने उल्लेख किया कि हमें नवीन परिवर्तनों और प्रयोगों के लिए तैयार रहना चाहिए और असफलताओं से डरना नहीं चाहिए ।

पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ के प्रशासक श्री सुरेन्द्र नाथ ने इस बात के लिए सावधान किया कि पंचायती राज संस्थानों को पर्याप्त रूप से तैयार किए बिना पंचायती राज्य को शिक्षा का नियंत्रण नहीं सौंपा जाना चाहिए चूंकि इसका विपरीत प्रभाव पड़ेगा उन्होंने शिक्षा की कोटि में सुधार करने के लिए शिक्षकों को प्रेरित करने के महत्व पर भी बल दिया ।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष प्रो० जी० राम रेड्डी ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के संबंध में अन्य सदस्यों द्वारा दिए गए कुछ सुझावों पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की । उन्होंने कहा कि स्वायत्त कालेजों के मुद्दे पर पहले भी चर्चा की जा चुकी है और इसे कार्रवाई योजना में भी शामिल किया गया है और हमें इन मुद्दों को पुनः खोलने की आवश्यकता नहीं है । उन्होंने इस ओर भी ध्यान दिलाया कि यद्यपि कार्रवाई योजना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति में 1986 में ही राज्य उच्चतर शिक्षा परिषदें स्थापित करने का प्रावधान था किन्तु फिर भी केवल तीन राज्यों में ही ये परिषदें स्थापित की गई हैं । उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने अंतर–विश्वविद्यालय सहयोग में सुधार करने के लिए भी कदम उठाए हैं । जहां तक विश्वविद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का संबंध है, उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने एक समिति नियुक्त की है और समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है और अब व्यावसायिक पाठ्यक्रम 30 विश्वविद्यालयों और 70 कालेजों में आरंभ किए जायेंगे । उन्होंने यह भी महसूस किया कि प्रत्येक राज्य में एक मुक्त विश्वविद्यालय होना चाहिए । शिक्षा के लिए और अधिक मीडिया सुविधाएं प्रदान करने संबंधी सुझाव के प्रत्युत्तर में उन्होंने महसूस किया कि शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए दूरदर्शन में एक विशेष चैनल होना चाहिए । जहां तक ज्ञानम समिति की सिफारिशों का संबंध है, उन्हें के०शि०स० बो० समिति द्वारा संयत किया गया था और अभी भी और संशोधनों पर विचार किया जा सकता है । उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के कार्यों का विकेन्द्रीकरण करने के लिए इसके द्वारा क्षेत्रीय समितियां स्थापित की गई हैं । और अधिक केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की मांग के संबंध में उन्होंने सदस्यों का ध्यान कार्रवाई योजना के इस प्रावधान की ओर आकर्षित किया कि इस समय आवश्यकता इस बात की है कि नए संस्थान स्थापित करने की अपेक्षा मौजूदा संस्थानों का समेकित किया जाए । नागालैण्ड विश्वविद्यालय के संबंध में उन्होंने आशा प्रकट की कि अधिसूचना शीघ्र ही जारी कर दी जाएगी ।

राज्य/संघ शासित क्षेत्रों के शिक्षा मंत्रियों, सलाहकारों इत्यादि के लिखित विवरण अनुबंध–VII में दिए गए हैं ।

मानव संसाधन विकास मंत्री जी ने सदस्यों द्वारा किए गए सुझावों के प्रति प्रतिक्रिया व्यक्त की

मुक्त विश्वविद्यालयों, राज्य उच्च शिक्षा परिषदों आदि के स्थापित किए जाने को वित्त पोषित करने के बारे में पूछे गए प्रश्न के संदर्भ में उन्होंने कहा कि केन्द्र तथा राज्यों दोनों को ही अपेक्षित आवश्यक संसाधनों का पता लगाना होगा । उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में विकेन्द्रीकृत प्रबंधन ढांचा शुरू करने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए राज्य सरकारों को प्रेरित किया । उन्होंने राज्यों से यह भी अनुरोध किया कि वे अपने–2 राज्य की कार्रवाई योजनायें शीघ्रता से तैयार करें । यशपाल समिति की रिपोर्ट के संदर्भ उन्होंने कहा कि शैक्षिक बोझ का मामला बहुत अधिक महत्व–

पूर्ण है तथा इस पर व्यापक स्तर पर परिचर्चा की जरूरत है। इसी तरह, ज्ञानम समिति की सिफारिशों में अनेक पहलू ऐसे हैं जिन पर और अधिक परिचर्चा की मांग की गई है। तथापि विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय प्रशासन को और अधिक व्यावसायिक तथा उत्तरदायी बनाने के विचार से इसका पुनर्गठन करने की आवश्यकता है। इसके लिए तरीकों का पता लगाया जाना है। स्कूली पाठ्य पुस्तक मूल्यांकन संबंधी राष्ट्रीय संचालन समिति के स्तर को एक सांविधिक राष्ट्रीय आयोग के स्तर तक ऊंचा उठाने के प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि मंत्रालय इस संबंध में आगे की कार्रवाई आरंभ करेगा।

बैठक ने निम्नलिखित निर्णय लिए :—

1. के० शि० स० बो० ने विभिन्न राज्यों की कार्रवाई योजना तैयार करने में हुई प्रगति की नोट किया और संकल्प किया कि सभी राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्र प्रशासन अधिकतम 31 दिसम्बर, 1993 तक व्यापक कार्रवाई योजना तैयार कर लें। इस की रूपरेखा पर और उनके परिस्थितिजन्य अनुदेशों को ध्यान में रखते हुए शिक्षा के सभी चरण और पहलू शामिल किए जाने चाहिए। राज्य की कार्रवाई योजना तैयार करने की प्रक्रिया पूर्णतः सहभाव्यात्मक होनी चाहिए। कार्रवाई योजना में पर्याप्त शिक्षा शास्त्रीय, शैक्षिक और प्रबंधकीय निवेश होने चाहिए।

2. के० शि० स० बो० ने संकल्प किया कि संविधान के 73वें और 74वें संशोधन के अनुसरण में संघ राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों द्वारा शिक्षा के सम-विकेन्द्रीकरण प्रबंध संरचना शुरू करने के लिए तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए तथा कदम उठाए जाने चाहिए ताकि शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय लक्ष्यों की प्राप्ति को लेकर बनाया जा सके। विकेन्द्रीकरण शिक्षा प्रबंध पर के० शि० स० बो० की रिपोर्ट का समन किया गया और इसकी सभी राज्यों तथा संघ शासित क्षेत्रों द्वारा, उनकी विशेष स्थितियों तथा संवैधानिक संशोधनों की भावना को ध्यान में रखते हुए उचित रूप से अपनाने के लिए सिफारिश की गई।

3. के० शि० स० बोर्ड ने यशपाल समिति की रिपोर्ट तथा मानव संसाधन विकास मंत्रालय दल, जिसने इस रिपोर्ट पर विचार-विमर्श किया था, की सिफारिशों पर विचार किया। के० शि० स० बोर्ड ने निर्णय लिया कि शैक्षिक विशेषज्ञों, शिक्षकों तथा अभिभावकों के बीच संबंधित मुद्दों पर एक व्यापक वाद-विवाद आयोजित किया जाए। के० शि० स० बो० द्वारा यशपाल समिति की रिपोर्ट पर विचार करते समय इस वाद-विवाद का परिणाम ध्यान में रखा जाएगा।

4. के० शि० स० बो० ने "विधान परिषद् में शिक्षकों के अभ्यावेदन" पर के० शि० स० बो० समिति की रिपोर्ट पर विचार किया और रिपोर्ट की इस सिफारिश पर सहमति व्यक्त की कि विधान परिषदों में शिक्षकों का एक अलग निर्वाचन क्षेत्र होने की कोई आवश्यकता नहीं है। तथापि, पश्चिम बंगाल में उच्चतर शिक्षा के प्रभारी मंत्री श्री एस० एस० चक्रवर्ती की इस सिफारिश के प्रति आपत्ति थी।

5. के० शि० स० बो० ने ज्ञानम समिति की रिपोर्ट पर के० शि० स० बो० समिति की रिपोर्ट पर विचार किया और महसूस किया कि ऐसे अनेक मुद्दे हैं जिन पर व्यापक वाद-विवाद की आवश्यकता है। तथापि विश्वविद्यालय प्रशासन को और अधिक व्यावसायिक और प्रतिक्रियाशील बनाने के लिए तत्काल सुधार करने की आवश्यकता पर सर्वसम्मति थी। तथापि, पश्चिम बंगाल के प्रभारी मंत्री श्री एस० एस० चक्रवर्ती को ज्ञानम समिति के कुछ पहलुओं, जैसे समितियों में शिक्षकों, छात्रों इत्यादि के चुनाव के स्थान पर नामांकन, पर आपत्तियां थीं।

6. के० शि० स० बो० ने स्कूल पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन पर "राष्ट्रीय विषय निर्वाचन समिति" का स्तर सांविधिक राष्ट्रीय आयोग तक बढ़ाने संबंधी चर्चा-दस्तावेज पर भी विचार किया। इसने प्रस्ताव का समर्थन किया और इच्छा व्यक्त की कि आयोग का डिजाइन और शक्तियां राज्यों की स्वायतता और संवैधानिक शक्तियों के अनुरूप होनी चाहिए।

अपनी समापन टिप्पणी में अध्यक्ष महोदय ने कहा कि नियमित बाधाएं मौजूद हैं। यद्यपि शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है फिर भी अभी बहुत कुछ करना शेष है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली में सुधार लाने के लिए अभिभावकों, शिक्षकों, छात्रों आदि का सहयोग आवश्यक होगा। अध्यक्ष महोदय का अभिमत था कि अगले वर्ष किसी समय केब की एक बैठक बगैर किसी सुगठित कार्यसूची तथा बगैर लिखित भाषण के आयोजित की जा सकती है जिसमें महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जा सकेगी इससे शिक्षा के लिए प्रासंगिक सामान्य अवधारणाओं पर विचारों का स्वतंत्र आदान-प्रदान सुकर होगा।

अध्यक्ष महोदय ने सदस्यों को उनके सहयोग और उनके द्वारा दिए गए विभिन्न सुझावों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने सदस्यों से कहा कि वे यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि राज्य शिक्षा मंत्री दिसम्बर, 1993 में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले सभी के लिए शिक्षा शिखर सम्मेलन की बैठकों में भाग ले सकें।

अनुबन्ध-I

दिनांक 15 अक्तूबर, 1993 को नई दिल्ली में आयोजित केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक में भाग लेने वालों की सूची

अध्यक्ष

1. श्री अर्जुन सिंह
   मानव संसाधन विकास मंत्री

भारत सरकार के प्रतिनिधि

2. श्री पी० आर० कुमारमंगलम,
   विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
3. डा० (श्रीमती) चित्रा नायक,
   सदस्य (शिक्षा),
   योजना आयोग।

राज्य सरकारों तथा संघ शासित प्रशासनों के प्रतिनिधि

4. डा० पी० वी० रंगाराव,
   स्कूल शिक्षा मंत्री,
   आन्ध्र प्रदेश।
5. श्री एम० के० बेग, तकनीकी शिक्षा मंत्री,
   आन्ध्र प्रदेश।
6. डा० रामचन्द्र पुर्वे,
   मंत्री (प्राइमरी तथा माध्यमिक शिक्षा),
   बिहार।
7. श्री वी० पी० उसगांवकर,
   शिक्षा मंत्री, गोवा।
8. श्री फूलचन्द मुलाना,
   शिक्षा मंत्री, हरियाणा।
9. प्रो० छत्तरपालसिंह,
   तकनीकी शिक्षा मंत्री, हरियाणा।
10. श्री तेजेन्द्रपाल मान,
    औद्योगिक प्रशिक्षण तथा व्यावसायिक शिक्षा राज्य मंत्री,
    हरियाणा।
11. श्री पी० पी० श्रीवास्तव,
    राज्यपाल के सलाहकार,
    हिमाचल प्रदेश।
12. श्री एस० एम० याह्या,
    उच्चतर शिक्षा मंत्री, कर्नाटक।
13. श्री प्रभाकर राने,
    प्रौढ़ शिक्षा मंत्री,
    कर्नाटक।
14. श्रीमती सी० केशवमूर्ति
    प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा मंत्री,
    कर्नाटक।
15. श्री ई० टी० मौहम्मद बशीर,
    शिक्षा मंत्री,
    केरल।
16. श्री एम० नटराजन,
    राज्यपाल के सलाहकार,
    मध्य प्रदेश।
17. श्री प्रभाकर धारकर,
    उच्चतर तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री,
    महाराष्ट्र।
18. श्री सलीम जफरिया,
    स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री,
    महाराष्ट्र।
19. श्री थी० देवेन्द्र,
    शिक्षा मंत्री, मणिपुर।
20. डा०हेनरी लामिन,
    शिक्षा मंत्री, मेघालय।
21. श्री एल० इमकोंग,
    माध्यमिक शिक्षा मंत्री,
    नागालैण्ड।
22. श्री सी० पी० मांझी,
    शिक्षा मंत्री, उड़ीसा।
23. श्री प्रफुल्ल चन्द्र गधाई,
    शिक्षा मंत्री, उड़ीसा।
24. श्री एल० एस० रंधावा,
    शिक्षा मंत्री, पंजाब।
25. श्री वी० बी० एल० माथुर,
    राज्यपाल के सलाहकार,
    राजस्थान।
26. श्री सुनील सरकार,
    शिक्षा मंत्री,
    त्रिपुरा।
27. श्री आर० डी० सोलंकर,
    राज्यपाल,
    उत्तर प्रदेश।

28. श्री अनीसुर रहमान
शिक्षा मंत्री (मदरसा), पश्चिम बंगाल ।

29. श्री तपन राय,
शिक्षा मंत्री, पश्चिम बंगाल ।

30. श्री एस० एस० चक्रवर्ती,
शिक्षा मंत्री (उच्चतर शिक्षा), पश्चिम बंगाल ।

31. श्री अचिन्त राय,
शिक्षा मंत्री (प्राइमरी तथा माध्यमिक शिक्षा),
पश्चिम बंगाल ।

32. श्रीमती अंजुकर,
मंत्री (जन शिक्षा), पश्चिम बंगाल ।

33. श्री के० कन्डास्वामी,
परामर्शक (शिक्षा),
अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह ।

34. श्री सुरेन्द्रनाथ,
प्रशासक, चंडीगढ़ ।

35. श्री के० एस० बैदवान,
प्रशासक, दमन तथा दीव/दादर/नगर हवेली, ।

36. श्री ए० गांधीराज,
शिक्षा मंत्री, पांडिचेरी ।

चयनित सदस्य :

37. श्री शंकर दयाल सिंह,
संसद सदस्य ,
राज्य सभा ।

38. श्रीमती मैरागाथम चन्द्रशेखर,
संसद सदस्य, लोक सभा ।

39. प्रो० (श्रीमती) सावित्री लक्ष्मणन,
संसद सदस्य,
लोक सभा ।

40. डा० सुधीर राय
संसद सदस्य, लोक सभा ।

41. प्रो० हाकिम सैयद खलीफातुल्ला
अध्यक्ष, सी० सी० एम०, मद्रास ।

पदेन सदस्य :

42. प्रो० जी० राम रेड्डी,
अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ।

43. श्रीमती अपरजीत कौर,
अध्यक्ष, केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड ।

44. श्री पी० ठाकुर,
अध्यक्ष, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ।

विभिन्न वर्गों के नामांकित सदस्य

45. डा० ज्योतिभाई देसाई,
गांधी विद्यापीठ,
गुजरात ।

46. श्री ए० ज्ञानम ।
कुलपति, पांडिचेरी विश्वविद्यालय,
पांडिचेरी ।

47. डा० सैय्यद हसन
निदेशक इन्सान स्कूल/कालेज
किशनगंज पूर्णिया (बिहार) ।

48. प्रो० इजहार हुसैन,
प्रोफेसर अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय,
अलीगढ़ ।

49. प्रो० डी० पी० पटनायक,
बोगादी रोड, मैसूर ।

50. श्री बी० सी० झावेरी,
बम्बई ।

51. डा० बजेन्द्र काबरा,
निदेशक, भारतीय ग्रामीण कार्य संस्थान
औरंगाबाद, महाराष्ट्र।

52. प्रो० मृणाल गिरी,
निदेशक, उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला ।

53. प्रो० (श्रीमती) अन्नापूर्ण शुक्ला,
बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी ।

54. डा० के० एल० चोपड़ा,
निदेशक , भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान,
खडगपुर (पश्चिम बंगाल) ।

55. डा० (श्रीमती) सुमन सहाय
अध्यक्ष, टी० सी० एस०,
तिलहर, उत्तर प्रदेश ।

56. प्रो० जी० एस० रंधावा,
कुलपति, जी० एन० डी० यू०,
अमृतसर ।

सदस्य सचिव :

57. श्री एस० वी० गिरी,
शिक्षा सचिव

स्थाई आमंत्रित :

58. श्रीमति लता सिंह
सचिव, महिला तथा बाल कल्याण विभाग ।

59. डा० एस० के० महापात्र
सचिव, संस्कृति विभाग

60. डा० पी० रामाराव
सचिव, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी विभाग

61. श्री आर०सी० त्रिपाठी
सलाहकार (शिक्षा) योजना आयोग

62. श्री वाई० एन० चतुर्वेदी
अपर सचिव

63. श्री वीरप्पा मोईली
मुख्य मंत्री, कर्नाटक

64. श्री डी० स्वामीनाथन
सदस्य (उच्च शिक्षा) योजना आयोग

65. प्रो० एस०के० खन्ना
अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद

अन्य भाग लेने वाले मानव संसाधन विकास मंत्री

66. डा० के०जे०एस० चतरथ
संयुक्त सचिव (भाषा)

67. श्री डी० एस० मुखोपाध्याय
संयुक्त सचिव (विश्वविद्यालय तथा उच्च शिक्षा)

68. डा० आर वी० वैद्यनाथ अय्यर
संयुक्त सचिव (प्रशासन)

69. डा० जे० एस० राजपूत
संयुक्त शिक्षा सलाहकार (प्राथमिक शिक्षा)

70. प्रो० एस०डी० आवले
संयुक्त शिक्षा सलाहकार (तकनीकी)

71. श्री देव प्रसाद भट्टाचार्य
उप शिक्षा सलाहकार (तकनीकी)

72. श्री विजय भारत
उप शिक्षा सलाहकार (तकनीकी)

73. श्री एन० तिरकी
उप-शिक्षा सलाहकार (यू० टी०)

74. श्री ए० बनर्जी
उप सचिव (स्कूल)

75. श्रीमति साधना राउत
उप सचिव (ई०टी०)

76. श्री उदय कुमार वर्मा
निदेशक (उच्च शिक्षा)

77. श्री नवेद मसूद
निदेशक (ई० टी०)

78. श्री आई० वी० सुब्बाराव
निदेशक (प्रा० शि०)

79. श्री यू० के० सिन्हा
निदेशक

80. श्री एच० ओ० तिवारी
निदेशक (प्रौ० शि०)

81. श्री ए० के० बसु
निदेशक (प्रौ० शि०)

82. श्रीमति वी० लक्ष्मी रेड्डी
निदेशक (आयोजना)

अन्य केन्द्रीय मंत्रालयों/विभागों के प्रतिनिधि

83. श्री इन्द्रजीत चौधरी
अतिरिक्त सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

84. श्री अमरजीत सिंह
उप सचिव
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

85. श्री आलोक प्रेती
निदेशक
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

86. श्री जी०एस० सेठी
प्रशिक्षण निदेशक
श्रम मंत्रालय

87. श्री आर०के० नायक
अतिरिक्त सचिव
कल्याण मंत्रालय

राज्य सरकारों/संघ शासित प्रशासनों के प्रतिनिधि

88. डा० जे०एस० सरमा
सचिव
आंध्र प्रदेश

89. श्री के० अम्बरीश
उप सचिव
आंध्र प्रदेश

90. श्री एच०के० सिन्हा
अतिरिक्त सचिव, बिहार

91. श्रीमति कृष्णा सिंह
स्थायी आयुक्त
बिहार सरकार
नई दिल्ली

92. श्रीमति आशा शर्मा
सचिव
हरियाणा

93. श्री एम० पी० मित्तल
संयुक्त निदेशक, व्यावसायिक शिक्षा एवं
औद्योगिक प्रशिक्षण, हरियाणा।

94. श्री पी० एस० नेगी
वित्तीय आयुक्त–सचिव
हिमाचल प्रदेश

95. श्री अजित कुमार
आयुक्त एवं सचिव
जम्मू व कश्मीर

96. श्री सुधाकर राव
जन शिक्षा आयुक्त
कर्नाटक

97. श्री सुधा पिल्लई
सचिव (उच्च शिक्षा)
केरल

98. श्री के० के० विजयकुमार
सचिव (सामान्य शिक्षा)
केरल

99. श्री के० एम० आचार्य
आयुक्त जन शिक्षा
मध्य प्रदेश

100. डा० ओ०एन० माथुर
अतिरिक्त निदेशक (उच्च शिक्षा)
मध्य प्रदेश

101. श्रीमति के० बंसल
सचिव, स्कूल शिक्षा
महाराष्ट्र

102. श्री एन० एल० लखनपाल
सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा
महाराष्ट्र

103. श्री आर०जी० पाटिल
शिक्षा निदेशक
महाराष्ट्र

104. श्री रंजन चटर्जी
आयुक्त एवं सचिव (शिक्षा)
मेघालय

105. डा० एल० वी० रेड्डी
अतिरिक्त सचिव
नागालैंड

106. श्रीमति अनिता अग्निहोत्री
अतिरिक्त सचिव
उड़ीसा

107. श्री एस०एम० पटनायक
मुख्य सचिव (शिक्षा)
उड़ीसा

108. श्री बी० एन० पाढ़ी
आयुक्त एवं सचिव
स्कूल एवं जन शिक्षा
उड़ीसा

109. श्री विक्रमजीत सिंह
सचिव
स्कूल शिक्षा, पंजाब

110. श्रीमति प्रेम जिन्दल

111. श्री जी० एस० संधू
सचिव, स्कूल शिक्षा
राजस्थान

112. श्री अभिमन्यु सिंह
शिक्षा सचिव (प्राथमिक एवं माध्यमिक)
राजस्थान

113. श्रीमति जयन्ती
शिक्षा सचिव
तमिलनाडु

114. श्री अजीर विद्या
आयुक्त एवं सचिव, त्रिपुरा

115. श्री प्रो० के० एल० चक्रवर्ती
उप-कुलपति
त्रिपुरा

116. श्री पी० सी० शर्मा,
मुख्य सचिव (शिक्षा)
उत्तर प्रदेश

117. श्री एस० एन० झा
सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश

118. श्री बी० पी० खण्डेलवाल
शिक्षा निदेशक
उत्तर प्रदेश

119. श्री एल० एन० मिश्रा
अतिरिक्त निदेशक (तकनीकी शिक्षा)
उत्तर प्रदेश

120. श्री आर० के० शर्मा
सचिव, तकनीकी शिक्षा
उत्तर प्रदेश

121. श्री शरदिन्दु
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक
उत्तर प्रदेश

122. श्रीमति सिंधु श्री खुल्लर
आयुक्त एवं सचिव (शिक्षा)
दमन व दीव/दादरा एवं नगर हवेली

123. श्री ए० आर० तलवार
वित्त एवं शिक्षा सचिव
संघ शासित प्रदेश, चण्डीगढ़

124. श्री प्रीतपाल
समन्वयक, व्यावसायिक शिक्षा एवं
सहायक निदेशक, प्रौढ़ शिक्षा
संघ शासित प्रदेश, चण्डीगढ़

125. श्री एम० के० बेजबोरोह
सचिव, दिल्ली

126. श्री बी० पी० सेल्वाराज
सचिव, पाण्डिचेरी

नीपा के प्रतिनिधि

127. श्री बलदेव महाजन
संयुक्त निदेशक

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद के प्रतिनिधि

128. प्रो० ए० के० शर्मा
संयुक्त निदेशक

129. प्रो० जे० एम० दामवानी
प्रोफेसर

130. प्रो० के० वी० राव
प्रोफेसर

131. प्रो० अर्जुन देव
प्रोफेसर

132. प्रो० एस०डी० ओका
प्रोफेसर

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के प्रतिनिधि

133. प्रो० ए० अहमद
उप महानिदेशक

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के प्रतिनिधि

134. श्री एच० आर० शर्मा
निदेशक

अनुबन्ध--II

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की बैठक 15 अक्तूबर, 1993, संसद सौंध, नई दिल्ली

कार्यसूची

1. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 48वीं बैठक के कार्यवृत्तों की पुष्टि ।
2. राज्य के लिए कार्य योजनाएं तैयार करने संबंधी समीक्षा ।
3. शिक्षा के विकेन्द्रित प्रबन्ध पर आयोजित केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की समिति की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श ।
4. पढ़ने वाले बच्चों पर शैक्षिक भार कम करने के लिए तरीके व साधन सुझाने के लिए मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा गठित, राष्ट्रीय सलाहकार समिति की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श ।
5. स्कूलों की पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन पर राष्ट्रीय संचालन समिति के स्तर को सांविधिक शक्तियों वाले राष्ट्रीय आयोग के रूप में उन्नत करने के लिए परिचर्चा दस्तावेज पर विचार-विमर्श करना ।
6. ज्ञानम समिति पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श ।
7. विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड समिति की रिपोर्ट पर विचार-विमर्श ।

अनुलग्नक—III

15 अक्तुबर, 1993 को संसद भवन अनेक्सी, नई दिल्ली में संपन्न केन्द्रीय शिक्षा सहलाकार बोर्ड की 49वीं बैठक ।

परिचालित किए गए दस्तावेजों की सूची

1. केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 48वीं बैठक की कार्यवाही ।
2. ज्ञानम समिति पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति की रिपोर्ट
3. विधान परिषदों में शिक्षक प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति की रिपोर्ट ।
4. विकेंद्रीकृत शिक्षा प्रबंध पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति की रिपोर्ट ।
5. सभी के लिए शिक्षा भारतीय दृश्य (अंग्रेजी तथा हिन्दी) ।
6. बोझ रहित अध्ययन, मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्कूली छात्रों के शैक्षिक बोझ को कम करने संबंधी उपाय सुझाने के लिए नियुक्त की गई राष्ट्रीय सलाहकार समिति की रिपोर्ट ।
7. स्कूली छात्रों के शैक्षिक बोझ को कम करने संबंधी उपाय सुझाने के लिए स्थापित की गई राष्ट्रीय सलाहकार समिति की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों को कार्यान्वित करने की संभावनाओं की जांच-पड़ताल करने के लिए दल की रिपोर्ट ।
8. स्कूली पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन की राष्ट्रीय संचालन समिति का स्तर बढ़ा कर कानूनी शक्तियों से युक्त एक राष्ट्रीय आयोग गठन हेतु परिचर्चापत्र का सारांश ।
9. खेल तथा शारीरिक शिक्षा पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति की रिपोर्ट ।

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड द्वारा दिनांक 15 अक्तूबर 1993, को नई दिल्ली में आयोजित अपनी 49वीं बैठक में पारित किया गया डा० डी० एस० कोठारी की मृत्यु संबंधी संकल्प ।

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड ने प्रो० डी० एस० कोठारी की मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट किया । प्रो० डी० एस० कोठारी इस बोर्ड के प्रतिष्ठित सदस्य, प्रख्यात शिक्षा शास्त्री तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जाने-माने वैज्ञानिक थे । प्रो० डी० एस० कोठारी ने विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उल्लेखनीय सेवाओं के जरिए भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान किया जिसमें विशेष रूप से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान आयोग के अध्यक्ष, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के अध्यक्ष तथा शिक्षा आयोग के अध्यक्ष के रूप में इनका योगदान अविस्मर्णीय है । इन्होंने भारतीय शिक्षा के संपूर्ण क्षेत्रों की समीक्षा की । वे स्वयं वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा भारतीय संस्कृति की शाश्वत विविधताओं के समन्वय के अद्वितीय उदाहरण थे । प्रो० कोठारी द्वारा भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए बोर्ड प्रो० कोठारी के प्रति विशेष आदर प्रकट करता है ।

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 49वीं बैठक, संसद सौंध, नई दिल्ली

केन्द्रीय शिक्षा सचिव और केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य सचिव श्री एस० वी० गिरि द्वारा स्वागत भाषण

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 49वीं बैठक में आप सभी लोगों का स्वागत करने का मुझे अवसर प्राप्त हुआ, जिसे मैं अपना सौभाग्य समझता हूं । पिछली बार हम अगस्त, 1992 में मिले थे । उस समय संशोधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के अनुसरण में तैयार किए गए कार्रवाई योजना के प्रारूप पर विचार किया गया तथा उसे अनुमोदित किया गया ।

2. जैसा कि आप सभी लोग जानते हैं, कार्रवाई योजना में प्रमुख अभिनव राज्य कार्रवाई योजनाओं की अवधारणा थी । हमारे महाद्वीपीय राष्ट्र की समृद्ध विविधता के कारण पूरे देश में एक ही प्रकार के मानदंडों और कार्यक्रमों को लागू करना उचित नहीं होगा । परिस्थिति-विषयक अनिवार्यताओं पर ध्यान देना होगा । राष्ट्रीय स्तर पर तैयार कार्रवाई-योजना, राज्य कार्रवाई योजनाओं को तैयार करने के कार्य को सुकर बनाने के लिए दिश-निर्देश हैं ।

3. राज्य कार्रवाई योजनाओं की तैयारी में तेजी लाने के लिए हमने क्षेत्रीय कार्यशालाएं आयोजित की हैं जिनमें शैक्षिक प्रशासकों, योजना–निर्माताओं, शिक्षाविदों, संसाधन संगठनों तथा अभी हाल में शिक्षा के क्षेत्र में रुचि दर्शाने वाले बहुपक्षीय एजेंसियों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था । अब तक विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार की पांच कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं जिनमें से सबसे अंतिम कार्यशाला शिलांग में पिछले महीने में आयोजित की गई थी । ये चर्चाएं बहुत ही उपयोगी रहीं तथा इनमें राज्य कार्रवाई-योजनाओं की तैयारी के संबंध में अनेक उपयोगी सुझाव प्रकाश में आए । हमने एक नोट (राज्य कार्रवाई योजनाओं की तैयारी के संबंध में नोट) परिचालित किया है जिसमें इन कार्य-शालाओं में उत्पन्न कुछ प्रमुख मुद्दों का उल्लेख है । कुछ राज्यों ने तो अपनी-अपनी राज्य कार्रवाई योजनाएं तैयार कर ली हैं जबकि कुछ राज्यों में यह सिलसिला अभी जारी है । इस बात पर भी बल दिया गया कि राज्य कार्रवाई योजनाओं को तैयार करने के कार्य में भागीदारी वाले तरीके को अपनाना आवश्यक है । शिक्षा से जुड़े सभी लोगों–शिक्षकों, शैक्षिक प्रशासकों, नीति निर्माताओं, संसाधन-संस्थानों आदि को राज्य कार्रवाई योजना को तैयार करने के कार्य के साथ सम्बद्ध किया जाना चाहिए । इससे शिक्षण और प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक साधनों का राज्य कार्रवाई योजनाओं में निहित होना सुनिश्चित होगा । दूसरी बात जिस पर क्षेत्रीय कार्यशालाओं में बल दिया गया, वह यह है कि राज्य कार्रवाई योजनाओं को अविलंब तैयार किया जाए तथा योजनाओं का कार्यान्वयन शीघ्र शुरू किया जाए ताकि योजना की मध्यावधि पुनरीक्षा के समय नई स्कीमों को ध्यान में रखा जा सके । अब राज्यों के सचिव इस बात से सहमत हो गए हैं कि उनकी कार्रवाई योजनाएं दिसम्बर, 1993 के समाप्त होने से पूर्व तैयार हो जाएंगी । स्कीमों को शीघ्र कार्यान्वित करने से योजनावधि के पश्चात् योजनेत्तर आवंटन के अंतर्गत आवश्यक वित्तीय आवंटन प्राप्त करने में मदद भी मिलेगी ।

4. राज्य कार्यवाई योजनाओं के अलावा हमारे पास केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समितियों की कुछ रिपोर्टें हैं जिन पर विचार किया जाना है । इनमें निम्नलिखित शामिल हैं :—शिक्षा के विकेंद्रीकृत प्रबंधन और ज्ञानम समिति की रिपोर्ट से सम्बन्धित केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समितियों की रिपोर्टें, स्कूली बच्चों के शैक्षिक बोझ को कम करने के लिए उपाय सुझाने हेतु गठित राष्ट्रीय सलाहकार समिति की रिपोर्ट तथा स्कूली पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन सम्बन्धी राष्ट्रीय संचालन समिति के स्तर को सांविधिक अधिकार प्राप्त राष्ट्रीय आयोग के स्तर तक उठाने से संबंधित चर्चा-कागजात ।

5. विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति की रिपोर्ट भी आपके समक्ष प्रस्तुत है । इस समिति का गठन, प्राथमिक शिक्षकों से प्राप्त हुई मांगों को ध्यान में रखते हुए, शिक्षकों को चुनाव-क्षेत्रों में वोट देने के अधिकार प्रदान करने के उद्देश्य से किया गया था ।

6. इस समय देश के अधिकांश भागों में जिस अभिनव दृष्टिकोण की आजमाइश की जा रही है, वह जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम है । सभी के लिए शिक्षा नामक अनेक विशिष्ट परियोजनाओं को कार्यान्वित करने में प्राप्त किए गए अनुभव पर तैयार जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम एक व्यापक संकल्पना है जिसमें स्थानीय क्षेत्र आयोजना पर अधिक बल दिया गया है । यह दृष्टिकोण शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबन्ध की संकल्पना के अनुरूप है, जिसमें शैक्षिक प्रक्रिया में लोगों की सहभागिता को सुनिश्चित किया गया है ।

7. समग्र साक्षरता अभियान, प्रौढ़ साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करने की प्रमुख नीति है । अभियानों से यह सिद्ध हो गया है कि समग्र साक्षरता एक स्वप्न नहीं है बल्कि प्राप्त

किया जाने वाला लक्ष्य है । इन अभियानों से समूचे देश में, विशेष रूप से महिलाओं में, साक्षरता के प्रति उत्साह पैदा हुआ है ।

8. वर्ष 2000 तक प्रारंभिक शिक्षा को जन-जन तक पहुंचाए जाने के लक्ष्य को प्राप्त करने की वचनबद्धता को ध्यान में रखते हुए गैर औपचारिक शिक्षा के महत्व को नकारा नहीं जा सकता । मैं सभी सदस्यों से तथा शिक्षा राज्य मंत्रियों से, अपनी-अपनी आयोजना और गांव स्तर पर इनके क्रियान्वयन में गांव के समुदाय को शामिल करने की आवश्यकता और राज्य स्तर तथा इससे नीचे के स्तर पर एक सुनियोजित संगठनात्मक और प्रबन्ध-संरचना को अपनाए जाने की अनिवार्यता पर बल देने का अनुरोध करूंगा ताकि मानदेय को समय पर मुक्त करने, अध्यापन-अध्ययन सामग्री समय पर मुहैया करने, गैर औपचारिक शिक्षा कार्मिकों के प्रशिक्षण, शिक्षार्थी-उपलब्धि आदि की समस्याओं पर पर्याप्त रूप से ध्यान दिया जा सके ।

9. राज्य शिक्षा सचिवों तथा निदेशकों ने पिछले सप्ताह हुई बैठक में कार्यसूची की इन सभी मदों पर गहन रूप से विचार कर लिया है । मुझे यकीन है कि राज्य सचिवों ने अपने-अपने विचार-विमर्शों के सम्बन्ध में अपने-अपने मंत्रियों को संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत कर दिया होगा । इससे आज की चर्चा सरल हो जाएगी ।

10. मुझे यकीन है कि आप इन मुद्दों पर गहराई से बिचार-विमर्श करेंगे । मुझे आपके महत्वपूर्ण सुझावों की प्रतीक्षा है । इस बैठक में आप सभी का मैं पुनः स्वागत करता हूं और निमन्त्रण स्वीकार करने का धन्यबाद करता हूं ।

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 49वीं बैठक के अवसर पर मानव संसाधन विकास मंत्री, श्री अर्जुन सिंह का उद्घाटन भाषण

(15–10–1993 : 10.00 बजे पूर्वाह्न : संसद सौध)

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड के माननीय सदस्यगण एवं अन्य सहभागियों,

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (केब) की 49वीं बैठक में आप सभी का स्वागत करते हुए मुझे हार्दिक प्रसन्नता हो रही है । केब अपने अस्तित्व में आने के बाद से ही नीति निर्धारण एवं कार्यन्वयन में मुख्य भूमिका निभाता रहा है और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के बाद तो इसकी भूमिका और भी अधिक बढ़ गई है ।

14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा एक संवैधानिक जिम्मेदारी है । आयोजना के प्रारम्भ से ही भारत प्रारम्भिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने में प्रयास कर रहा है । साक्षरता, संस्थानों के विस्तार सहभागिता और शैक्षिक अवसरों की समानता के कार्य में जो कुछ भी उपलब्धि मिली है, वह अभूतपूर्व है, परन्तु अभी भी हमारा लक्ष्य दूर है और हमारी पहचान विश्व में एक ऐसे देश के रूप में है जहां सबसे अधिक निरक्षर और स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों की आबादी है । हमें इस स्थिति में सुधार लाने के लिए राष्ट्रीय इच्छाशक्ति तैयार करने की जरूरत है ताकि इस बात को सुनिश्चित किया जा सके कि स्कूल जाने योग्य प्रत्येक बच्चा स्कूल जाएं ।

वर्ष 1992 में संशोधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस सदी के बीतते-बीतते प्रारंभिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने के लक्ष्य को प्राप्त कर लेने की परिकल्पना की गई है । बुनियादी शिक्षा पद्धति में अब लाभवंचित वर्गों को तथा ऐसे पिछड़े क्षेत्रों को शामिल किया जाना चाहिए जहां शिक्षा का प्रसार कम है और इस दृष्टिकोण से हमारे सामने कार्य कठिन है । आगामी सात वर्षों में हमें लगभग उतनी ही दूरी तय करनी है जितनी दूरी स्वतन्त्रता के बाद चालीस वर्षों में हमने तय की है । परन्तु हमें आगे के कार्य को देखकर भयभीत नहीं होना चाहिए क्योंकि अनेक ऐसे स्वागतयोग्य पहलू हैं जो हमारे कार्य की उपलब्धि में सहायक हैं, परन्तु इसके लिए हमारे पास राष्ट्रीय इच्छा शक्ति होनी चाहिए और हमें सभी के लिए शिक्षा के लक्ष्य की चुनौती को उसी संकल्प से स्वीकार करना चाहिए जो संकल्प हमने स्वतन्त्रता के आन्दोलन में दिखाया था । स्वागत–योग्य पहलू में प्रमुख पहलू राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 (एन० पी ई.) और इसकी कार्यवाई योजना है । भारतीय शैक्षिक पद्धति की गहन समीक्षा पर आधारित तथा जनमत की प्रक्रिया के माध्यम से विकसित होने के कारण राष्ट्रीय शिक्षा नीति सभी के लिए शिक्षा के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए दिशा–निर्देश प्रदान करने के लिए एक विस्तृत कार्य ढांचा प्रदान करती है । आप सभी जानते हैं कि वर्ष 1986 की नीति और इसकी कार्रवाई योजना उसी जन–मत की प्रक्रिया के माध्यम से संशोधित की गई थी । यह कहना चाहूंगा कि बुनियादी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 के कार्यढांचे को ही मार्च, 1990 में सभी के लिए शिक्षा पर आयो–जित जोम्तियेन सम्मेलन में अपनाया गया था । जोम्तियेन सम्मेलन की घोषणा का मुख्य बिन्दु यह था कि सभी के लिए बुनियादी ज्ञान की आवश्यकताओं को 2000 ई० स० तक विभिन्न साधनों द्वारा पूरा किया जाना चाहिए । यह जानते हुए कि हमारे पास राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कार्यवाई योजना में उत्कृष्ट कार्य ढांचा है, हमें तत्परता और संकल्प के बोध के साथ उन्हें कार्यान्वित करना चाहिए । जब आपने अगस्त, 1992 में कार्यवाई योजना को अनुमोदित कर दिया था तो राज्य सरकारों को राष्ट्रीय कार्रवाई योजना और अपनी स्थितियों के साथ तालमेल रखते हुए अपने अपने राज्य की कार्रवाई योजनाओं को तैयार करने के लिए कहा गया था । अनेक राज्यों ने कार्रवाई योजनाएं तैयार की हैं । मैं अन्य राज्यों से भी कार्रवाई योजनाओं को शीघ्रता से तैयार करने का अनुरोध करता हूं। कार्रवाई योजना का केवल विषय–वस्तु ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि वह सहभागितापूर्ण प्रक्रिया भी महत्वपूर्ण है जिसके माध्यम से यह तैयार की जानी है । मैं आपसे सभी के लिए शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए समय-समय पर अपनी कार्रवाई योजनाओं तथा राज्य योजना की समीक्षा करने का भी अनुरोध करता हूं ।

दूसरा जो स्वागतयोग्य पहलू है वह है संपूर्ण साक्षरता अभि–यान का उद्भव जिससे प्रौढ़ साक्षरता के परिदृश्य में नाटकीय परि–वर्तन आया है । यदि हम इन अभियानों की गति को बनाए रखते हैं तथा अत्यधिक निरक्षरता वाले लक्षित जिलों में इन अभियानों को फैलाते हैं तो इस शताब्दी के अंत तक 15–35 आयुवर्ग में सभी प्रौढ़ व्यक्तियों को साक्षर बनाना एक विशिष्ट संभावना होगी ।

प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में भी स्वागत योग्य प्रवृत्तियां देखने को मिल रही हैं । 1980 से नामांकन की वार्षिक वृद्धि दर में मजबूती से वृद्धि हो रही है । तब से स्कूल न जाने वाले बच्चों की संख्या आधी हो गई है । सफल संपूर्ण साक्षरता अभियानों तथा महिलाओं को सामर्थ्यवान बनाने वाले कार्यक्रमों से जिलों में प्रारं–भिक शिक्षा के लिए मांग उत्पन्न हुई । आपरेशन ब्लैक बोर्ड की योजना और जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान उन्नति कर रहे हैं तथा शिक्षा की गुणवत्ता पर इनके प्रभाव को धीरे–धीरे पहचाना

जाना चाहिए। प्रौढ़ साक्षरता के क्षेत्र में सम्पूर्ण साक्षरता अभियान जो कार्य करने का प्रयास कर रहे हैं वही कार्य अब जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के माध्यम से प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण के मामले में करना होगा।

प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण की दिशा में बढ़ने के क्रम में हमें अपने आप को बदल रही वास्तविकताओं के अनुकूल बदलने की अवश्यकता है। अब हम स्कूलों की व्यवस्था करके शिक्षा प्रदान करने मात्र पर ही निर्भर नहीं रह सकते। हमें स्थानीय समितियों को सक्रिय बनाने, स्कूली घंटों तथा स्कूल कैलेण्डर के प्रति स्कूली प्रणाली को और अधिक रचनात्मक तथा जिम्मेदार बनाने, स्कूली पाठ्यचर्या को और अधिक प्रासंगिक बनाने तथा इसके निष्पादन को और अधिक आकर्षक बनाने की आवश्यकता है ताकि स्कूल, स्कूली आयु के सभी बच्चों को आकर्षित कर सकें तथा उन्हें स्कूल में बनाए रख सकें। और अधिक कारगर गैर-औपचारिक शिक्षा विकसित करने तथा लागू करने की भी आवश्यकता है।

अन्तिम निष्कर्ष के रूप में यह कहा जा सकता है कि शैक्षिक ढांचा और प्रक्रिया का प्रबंधन ही एक ऐसा पहलू है जो "सभी के लिए शिक्षा" के लक्ष्यों को प्राप्त करने की ओर हमें अग्रसर करेगा। प्रबंधन आयाम का अर्थ है कि शिक्षा प्रणाली के प्रत्येक अंग में लागत प्रभावशीलता तथा जवाबदेही व्याप्त होनी चाहिए। हमें शिक्षा तथा इससे जुड़े कार्यक्रमों जैसे आई०सी०डी०एस०, प्रारंभिक शिशु देखरेख तथा शिक्षा और पोषण आदि को इकट्ठा करना चाहिए। विकेन्द्रीकरण शिक्षा के प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण पहलू होना चाहिए। पंचायती राज तथा शहरी निकायों से संबंधित 73 वां तथा 74 वां संवैधानिक संशोधन शिक्षा के प्रबंधन में स्थानीय समितियों को ज्यादा भूमिका निभाने की संभावना का प्रावधान करते हैं। शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबंधन पर गठित केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति द्वारा शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबंधन के लिए विस्तृत मानदण्ड तैयार किए गए हैं। समिति की सिफारिशों से पता चलता है कि संविधान संशोधन के अनुसरण में जिला, तालुक/मंडल और ग्राम स्तरों पर किस तरह शैक्षिक ढांचे स्थापित किए जाने चाहिए। संविधान की वास्तविक भावना के अन्तर्गत शैक्षिक प्रशासन के उचित विकेन्द्रीकरण के माध्यम से ही हम प्रारंभिक शिक्षा को सर्वसुलभ बना सकते हैं। यह एक ऐसा अवसर है जिसमें हमें चूकना नहीं चाहिए।

विश्वविद्यालयों का प्रशासन एक दूसरा प्रमुख क्षेत्र है जिसमें अत्यन्त ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। हमें विश्वविद्यालय प्रणाली के प्रबंध सम्बंधी पहलुओं पर विशेष रूप से ध्यान देने की आवश्यकता है। ज्ञानम समिति की रिपोर्ट पर के०शि०स०बो० समिति की रिपोर्ट, जो आपके सामने है, में इस महत्वपूर्ण विषय पर चिन्तन और कार्यवाही करने के लिए एक अवसर आपको दिया गया है।

विद्यार्थियों पर शैक्षिक बोझ तथा शिक्षा के असंतोषजनक स्तर को लेकर शैक्षिक समुदाय में अत्यन्त चिन्ता बनी रही है। इसलिए, इस मंत्रालय ने जीवन पर्यन्त स्वयं-शिक्षा तथा कुशलता निर्माण के लिए क्षमता सहित शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करते हुए सभी स्तर के स्कूली-विद्यार्थियों विशेषकर छोटे विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक बोझ को कम करने हेतु उपाय सुझाने के लिए एक राष्ट्रीय सलाहकार समिति का गठन किया। इस समिति की रिपोर्ट भी आपके सामने है तथा चिन्तन करने के लिए सिफारिशों में आपके लिए काफी सामग्री उपलब्ध है।

हमारा समाज एक बहु-जातीय समाज है। इस प्रकार के समाज में शिक्षा द्वारा हमारे लोगों में एकता तथा अखण्डता पर आधारित व्यापक तथा शाश्वत मूल्यों का पोषण किया जाना चाहिए। हमने यह सुनिश्चित करने का सदैव प्रयास किया है कि धर्म-निरपेक्ष तथा राष्ट्रीय मूल्यों को स्कूली पाठ्य-पुस्तकों में उचित प्रकार से समावेश किया जाये। एक संचालन समिति राष्ट्रीय अखण्डता की दृष्टि से स्कूली पाठ्य-पुस्तकों का मूल्यांकन कर रही है। यह अनुभव किया जा रहा है कि इस समिति को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसके स्तर को राष्ट्रीय आयोग का स्तर प्रदान करने की आवश्यकता है। इस सम्बन्ध में आपके सुविचारित दृष्टिकोण के लिए एक नोट भी प्रस्तुत है।

विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व का मामला एक ऐसा मुद्दा है जिसे कई बार के०शि०स०बो० की पिछली बैठकों में उठाया गया है। हमारे समक्ष अब के०शि०स० बोर्ड समिति के विचार हैं जो इस विषय की गहराई में जाकर तैयार किए गए हैं।

सम्पूर्ण विश्व हमें देख रहा है। सन् 2000 तक हम सभी के लिए शिक्षा के जोम्तियेन स्वप्न को प्राप्त कर पाते हैं या नहीं; इसका निर्धारण हमारे राष्ट्रीय प्रयास के द्वारा होगा। भारत में उदीयमान प्रवृत्तियों तथा उपलब्धियों को जैसे कि सम्पूर्ण साक्षरता अभियान तथा उभरते हुए जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम को अत्यन्त रूचि के साथ देखा जा रहा है। हाल ही में सभी के लिए शिक्षा पर सम्पन्न अन्तर्राष्ट्रीय परामर्शदाता मंच में भारत की काफी सराहना की गई है जो कि 15-16 दिसम्बर 1993 को आयोजित की जाने वाली अधिक जनसंख्या वाले 9 देशों की शिखर-वार्ता की एक प्रस्तावना है।

मुझे विश्वास है कि आप दिन भर इन सभी पहलुओं पर अपने सुविचारित दृष्टिकोण देंगे, जिससे कि हम शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार ला सकें तथा प्रत्येक भारतीय के लिए शिक्षा उपलब्ध करा सकें। मुझे आशा है कि आप इस राष्ट्रीय प्रयास में अपने मूल्यवान विचार, समर्थन तथा सहयोग प्रदान करेंगे। एक बार फिर मैं आप सबका इस महत्वपूर्ण बैठक में स्वागत करता हूं तथा यहां आने के निमंत्रण को स्वीकार करने के लिए धन्यवाद देता हूं।

राज्य शिक्षा मंत्रियों और केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड के अन्य सदस्यों के लिखित वक्तव्य

4—18 Deptt. of Edu./94

राज्य/संघशासित क्षेत्रों के शिक्षा मंत्रियों, सलाहकारों, इत्यादि के लिखित वक्तव्य

1. डा० पी० वी० रंगाराव, माध्यमिक शिक्षा, पुरातत्व तथा संग्रहालय मंत्री, आन्ध्र प्रदेश ।
2. श्री पी० राजन, उच्च शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा तथा सार्वजनिक पुस्तकालय मंत्री, आन्ध्र प्रदेश ।
3. श्री एम० के० बेग, तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री, आन्ध्र प्रदेश ।
4. श्री आर० के० खिमी, शिक्षा विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री, अरुणाचल प्रदेश ।
5. डा० रामचन्द्र पूर्वे, मंत्री, (प्राथमिक तथा मिडिल शिक्षा), बिहार ।
6. श्री० विजय कुमार पी० उसगांवकर, शिक्षा मंत्री, गोवा ।
7. श्री फूलसिंह मुल्लाना, शिक्षा मंत्री, हरियाणा ।
8. श्रीमती नागम्मा केशव मूर्ति, प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा मंत्री, कर्नाटक ।
9. श्री एम० नटराजन, राज्यपाल के सलाहकार, मध्य प्रदेश ।
10. श्री प्रभाकर धारकर, उच्च तथा तकनीकी शिक्षा मंत्री, महाराष्ट्र ।
11. श्री सलीम जकारिया, स्कूल शिक्षा मंत्री, महाराष्ट्र ।
12. डा० एच० लैमीन, शिक्षा मंत्री, मेघालय ।
13. श्री आई० इंकांग, स्कूल शिक्षा, युवा संसाधन तथा खेल मंत्री, नागालैण्ड ।
14. श्री पी० सी० धडेई स्कूल तथा जन शिक्षा मंत्री, उड़ीसा ।
15. श्री चैतन्य प्रसाद माझी, उच्च शिक्षा मंत्री, उड़ीसा ।
16. श्री एस० लक्ष्मीर सिंह रंधावा, शिक्षा मंत्री, पंजाब ।
17. प्रो० के० पोन्नूस्वामी, शिक्षा मंत्री, तमिलनाडु ।
18. श्री अनिल सरकार, शिक्षा मंत्री, त्रिपुरा ।
19. श्री आर० डी० सोनकर, राज्यपाल के सलाहकार, मध्य प्रदेश ।
20. श्री सत्य साधन चक्रवर्ती, प्रभारी मंत्री, उच्च शिक्षा, श्री चिन्त्य रे, प्रभारी मंत्री, प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा, श्रीमती अंजूकार, राज्य प्रभारी मंत्री । जन शिक्षा विस्तार विभाग, श्री अनीसुर्रहमान, राज्य मंत्री, प्राथमिक, माध्यमिक तथा मदरसा शिक्षा, श्री तपन राय, प्रभारी राज्य मंत्री, पुस्तकालय सेवाएं तथा वंश गोपाल चौधरी, प्रभारी मंत्री, तकनीकी शिक्षा तथा प्रशिक्षण, पश्चिम बंगाल ।
21. शिक्षा विभाग, अंडमान तथा निकोबार द्वीप समूह ।
22. श्री ए० गांधीराज, शिक्षा मंत्री, पांडिचेरी ।

डा० पी० वी० रंगा राव एम० ए० पी० एच० डी० (राजनीति शास्त्र), एम० ए० (भारत विज्ञान) एल एल बी तथा बी जे माध्यमिक शिक्षा, पुरातत्व तथा संग्रहालय मंत्री आन्ध्र प्रदेश सरकार का भाषण

वास्तव में मुझे यह जानकर प्रसन्नता होती है कि श्री अर्जुन सिंह जी के नेतृत्व में के० शि० स० बोर्ड अपनी विभिन्न समितियों के माध्यम से सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। आज जिन विभिन्न विषयों पर हम चर्चा करेंगे वह शिक्षा को प्रभावी बनाने तथा आज के समाज के अनुरूप बनाने के लिए सभी की सहभागिता से सम्बन्धित है।

हम आंध्र प्रदेश में इस विषय पर सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। यद्यपि, यह एक पिछड़ा राज्य है फिर भी वर्ष 1981--91 के बीच साक्षरता की दस वर्षीय शिक्षा की दरें राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक हैं। इसी प्रकार से, राज्य लड़कियों की शिक्षा के लिए एक सकारात्मक प्रवृत्ति अपना रहा है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रारंभिक शिक्षा के सर्वमुलभीकरण के साथ-साथ साक्षरता कार्यक्रम दोनों में राज्य सरकार के प्रयास काफी उत्साहवर्धक हैं तथा हम कह सकते हैं कि आंध्र प्रदेश "2000 ईस्वी तक सभी को शिक्षा" के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय प्रयासों के प्रति काफी अधिक योगदान करेगा।

इस संदर्भ में राज्य सरकार एक कार्य योजना तैयार रकरही है जिसका कार्य प्रगति पर है। हमें विश्वास है कि इसे अगले तीन महीनों में अन्तिम रूप दे दिया जाएगा। इस प्रक्रिया में हम यह सुनिश्चित करेंगे कि कमजोर वर्गों, महिलाओं तथा अल्प संख्यकों की विशेष जरूरतों की ओर अधिक ध्यान दिया जाय। हमारे राज्य में कार्य योजना का तैयार किया जाना एक सहभागी दृष्टिकोण है। हम यह भी सुनिश्चित करना चाहेंगे कि इसमें सभी लोगों को अपने विचार प्रगट करने का अवसर प्रदान किया जाय ताकि कार्य योजना काफी प्रभावी बन सकें।

"2000 ईस्वी तक सभी के लिए शिक्षा" तथा विशेष रूप से प्रारम्भिक शिक्षा का सर्वसुलभीकरण का कार्य तब तक सफल नहीं हो सकता जब तक कि हम शिक्षा में उपयुक्त तकनीकें तैयार न करें। इस संदर्भ में अनौपचारिक शिक्षा एक बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमें प्रसन्नता है कि इस क्षेत्र में आंध्र प्रदेश राज्य काफी आगे है। हमने हाल ही में, विद्यमान 25400 केन्द्रों के लिए पद्धति में संशोधन करने के लिए प्रस्ताव भेजा है। भारत सरकार से मैं यह अनुरोध करूंगा कि वे इन प्रस्तावों की शीघ्र ही मंजूरी प्रदान करें।

आंध्र प्रदेश में सभी के लिए शिक्षा को न केवल औपचारिक तथा अनौपचारिक प्रणाली से ही सुनिश्चित किया गया है बल्कि इसे अभी 4 जिलों में शुरू की गई खुला स्कूल प्रणाली से भी सुनिश्चित किया गया है जिसमें काफी प्रभावित किया है। मुझे विश्वास है कि आंध्र प्रदेश का यह अनुभव सभी राज्यों के लिए लाभप्रद होगा। मैं अपने सहयोगी शिक्षा मंत्रियों को आमंत्रित करता हूं कि वे खुला स्कूल प्रणाली का अध्ययन करने के लिए अपने अधिकारियों को हमारे राज्य में भेजें। चार जिलों से प्राप्त अनुभव से प्रोत्साहित होकर हम इस कार्यक्रम को धीरे-धीरे अन्य राज्यों में भी विस्तार कर रहे हैं।

एक दूसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र शिक्षक प्रशिक्षण जिसमें हम अधिक रूचि ले रहे हैं। प्राइमरी शिक्षकों के अवस्थापन (ओरियन्टेशन) की योजना को शुरू करने के लिए मैं भारत सरकार को बधाई देता हूं। तथापि, मैं अनुरोध करता हूं कि इस योजना में माध्यमिक स्तर के शिक्षकों सहित सभी स्कूलों के। शिक्षकों को शामिल करने के लिए योजना में विस्तार किया जाए। इस योजना में प्रत्येक शिक्षक को 3 वर्षों में कम से कम एक बार शामिल करके इसको बढ़ाया जा सकता है। इस दिशा में किया गया कोई भी प्रयास व्यर्थ नहीं होगा। मैं कम से कम आंध्र प्रदेश राज्य में "उप डाईट" की स्थापना करने की सिफारिश करता हूं जहां के सभी जिलों में "डाइट" की स्थापना की जा चुकी है।

विशेषकर प्रारम्भिक बाल देख-रेख तथा शिक्षा के क्षेत्र में सेवाओं में परिवर्तन करना अनिवार्य है। हम आंध्र प्रदेश में इस क्षेत्र का तेजी से पता लगा रहे हैं।

संख्या के साथ-साथ कार्य क्षेत्र के रूप में स्कूल शिक्षा का महत्व काफी व्यापक है तथा इसकी सही आयोजना तथा अनुश्रवण की जरूरत है। शिक्षा में एक प्रक्षेपित दृष्टिकोण को भी नहीं छोड़ा जा सकता है। मुझे खुशी है कि आंध्र प्रदेश भी उन चुनिन्दा राज्यों में से है जिन्हें जिला प्राइमरी शिक्षा कार्यक्रम द्वारा शमिल किया गया है। मैं केन्द्रीय मंत्री को आश्वासन देता हूं कि आंध्र प्रदेश इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कार्यान्वित करेगा।

प्राइमरी शिक्षा पर बल देना निसंदेह हमारे शैक्षिक प्रयासों की महत्वपूर्ण सफलता है अत: मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि वह माध्यमिक शिक्षा के लिए भी उपयुक्त योजनाएं तैयार करने में मदद करें। उच्चतर शिक्षा के लिए केवल निवेश की कोटि ही सुनिश्चित करना अनिवार्य नहीं है बल्कि प्राइमरी शिक्षा के उत्पादन के लिए भी उपयुक्त निवेश करने की जरूरत है जिसमें हम काफी अधिक खर्च कर रहे हैं। इस संबंध में दो पहलुओं पर ध्यान देने की जरुरत है। पहला है पर्याप्त संख्या में अच्छी कोटि के माध्यमिक स्कूलों का प्रावधान करना। आंध्र प्रदेश में आवासीय स्कूल प्रणाली नवोदय स्कूलों की तरह से ही एक प्रयास है। इस सबके बावजूद भी लागत काफी अधिक है यद्यपि हम उसी तरह की अच्छी शिक्षा प्रदान करने के बारे में सोचते हैं किन्तु माध्यमिक स्कूल कम खर्चीले हैं। दूसरा पहलु है जमा 2

स्तर से नीचे वालों को पूर्व व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करना। मुझे प्रसन्नता है कि 5 तथा 6 अक्तूबर, 93 को आयोजित शिक्षा सचिवों की बैठक पर इस मामले में चर्चा की गई। जबकि आंध्र प्रदेश में हमने यह कार्यक्रम पहले से ही शुरू कर दिया है अतः मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि वे इस मामले में हमारी मदद करें ताकि हम अपने ग्रामीण छात्रों को माध्यमिक स्तर पर और अधिक शिक्षा प्रदान कर सकें।

मैं विकेन्द्रीयकृत प्रबंध शिक्षा पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की समिति के साथ-साथ शैक्षिक बोझ करने के लिए राष्ट्रीय सलाहाकार समिति (यशपाल समिति) को भी बधाई दूंगा जिन्होंने यह कठिन कार्य इतनी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह दोनों ही मामले काफी महत्वपूर्ण हैं तथा इस निकाय द्वारा कोई ठोस निर्णय लेने से पूर्व इसमें काफी विस्तृत चर्चा की जानी चाहिए। मुझे प्रबंध के विकेन्द्रीकरण पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की समिति के साथ भी कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वास्तव में आंध्र प्रदेश में हमने इस विषय पर एक सेमिनार किया था जिसमें शिक्षाविदों, सरकारी तथा गैर-सरकारी व्यक्तियों को शामिल किया गया था और इस सेमिनार के परिणाम केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की समिति को प्रस्तुत कर दिए गए हैं मैं इसे अपने साथी मंत्रियों को एक बार फिर से परिचालित कर रहा हूं क्योंकि इससे शिक्षा की समस्याओं तथा परिप्रेक्ष्य को अच्छी तरह से समझा जा सकेगा। हम केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति के मूल कारण से सहमत हैं कि सामुदायिक सहभागिता के बिना शिक्षा को पूरा नहीं किया जा सकता तथा पंचायती राज संस्थाओं की स्थापना करने के लिए उपयुक्त तंत्र भी तैयार करना पड़ेगा। 73 वां संशोधम विधेयक जो कि अब सांविधिक पुस्तिका में है स्वयं एक विधान है यह प्रत्येक राज्य को अपने मूल स्वरूप में अपना एक तंत्र तैयार करनें के लिए व्यापक क्षेत्र प्रदान करता है। हमें इसको भी जानना जरूरी है कि एक ओर तो ग्रामीण समुदाय में काफी उत्साह है क्योंकि अब उन्हें शैक्षिक प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति होगी अथवा समाज के प्रत्येक वर्ग में कुछ अवधारणाएं हैं कि यदि पंचायती राज संस्थाओं तथा शिक्षा के बुनियादी ढांचे के बीच सही तालमेल नहीं होगा तो इसका उलटा प्रभाव पड़ेगा। अतः इस पूरे कार्य को ठीक तरह से करने की आवश्यकता है। हमें आशा है कि हम अपने राज्य में कोई उपयुक्त निर्णय लेने से पहले व्यापक चर्चा करेंगे। यह भी उल्लेख करना होगा कि शिक्षा ग्यारवीं अनुसूची में 29 विषयों की सूची का एक भाग है। अतः हमें शिक्षा के लिए भी अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ प्रक्रियात्मक प्रबंध करने होंगे।

मैं यह समझता हूं कि कृषि, वन, ग्रामीण आवास, जैसे कल्याण, महिला तथा बाल विकास स्वास्थ्य आदि जैसे अन्य मंत्रियों ने अभी अपनी नितियों को अन्तिम रूप नहीं दिया है और न ही उन्होंने राज्य सरकारों को टिप्पणीओं से अवगत कराया है। अतः जहां मानव संसाधन विकास मंत्रालय शीघ्र कार्रवाई करेगा और मैं औरों से भी इसमें शीघ्रता करने की आशा करता हूं।

पंचायती राज संस्थाओं को दिए जा रहे शैक्षिक पर्यवेक्षण के बारे में भी सतर्क रहना होगा। वास्तव में, यह इस समिति की विषय (6) के पैरा 4.52 की सिफारिशों के आधार पर चलेगा जिससे यह कार्य राज्य सरकार को सौपा गया है। शैक्षिक पर्यवेक्षण स्थानीय निकायों को नहीं दिया जाएगा।

यशपाल समिति द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से मैं सहमत हूं वास्तव में "बोझ के बिना अध्ययन" सभी के लिए शिक्षा का एक अभिन्न अंग होना चहिए। कुछ स्कूलों, विशेषकर प्राईवेट स्कूलों की यह प्रवृत्ति है कि उन्हें अधिक शिक्षण तथा अधिक गृह कार्य देने की प्रवृत्ति को दूर करना चाहिए। इन सब के बावजूद भी हमें यह मानना चाहिए कि प्रवेश परीक्षा के लिए व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए अध्ययन शीघ्र पूरा होना चाहिए तथा परीक्षा का स्तर काफी ऊंचा होने से अध्ययन की प्रक्रिया में वास्तविक रूप से बोझ पड़ेगा। स्कूल स्तर पर पूर्व स्कूल पृष्ठभूमि अध्ययन की प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस स्तर पर राज्य स्तर से नीचे पाठ्चर्या के विकेन्द्रीकरण के प्रति किसी भी प्रकार की प्रवृत्ति की ओर भी मैं सचेत करना चाहूंगा। पाठ्य पुस्तकों के विकास की प्रक्रिया एवं एक प्रर्याप्त प्रक्रिया है जब तक इसे स्थिर नहीं किया जाता तथा उप-राज्य स्तर पर सक्षमता विकसित नहीं कर ली जाती ऐसे प्रयास करना सही न होगा। औपचारिक पाठ्य पुस्तकों के माध्यम से शिक्षण का बोझ कम करने में श्रृव्य-दृश्य शिक्षा काफी चल सकती है। आंध्र प्रदेश ने हमने यह प्रक्रिया पहले ही शुरू कर दी है। इस संबंध में, स्कूलों को रंगीन टेलिविजन सेट प्रदान करने के लिए दी गई सहायता के जिए मैं भारत सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा। तथापि, मैं यह आग्रह करूंगा कि साफ्टवेयर विकसित करने के लिए वित्तीय सहायता का प्रवधान किया जाना चाहिए ताकि श्रृव्य-भृव्य शिक्षा को प्रभावी बनाया जा सकें।

औपचारिक तथा अनौपचारिक शिक्षा दोनों में पाठ्य पुस्तकें एक महत्वपूर्ण निवेश है आँध्र प्रदेश में शैक्षिक विशेषज्ञों द्वारा सरकार के पर्यवेक्षण में पाठ्य पुस्तकें लिखे जाने तथा तैयार किए जाने की एक पुरानी परम्परा है और मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि प्रत्येक पाठ्य पुस्तक हमारे भारतीय समाज कों मूल्यों को पूरी तरह से प्रदर्शित करती है। इन पाठ्य पुस्तकों में स्तर के लिए उपयुक्त एक उत्कृष्ट शैक्षिक डिग्री सहित स्वतंत्रता के लिए राष्ट्रीय संग्राम, नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों तथा कर्तव्यों, प्रजातंत्र के सिद्धान्तों को पूरी तरह से प्रदर्शित किया गया है। मैं इस बात को महसूस करता हूं कि पाठ्य पुस्तकों में विसंगतियां, विशेषकर जो कि हमारे समाज के प्रजातंत्र को प्रभावित करती हैं उसे दूर करने की जरूरत है। तथापि एक सांविधिक राष्ट्रीय आयोग की उपयोगिता स्पष्ट नहीं है। एक मंच के माध्यन से राष्ट्रीय अभिव्यक्ति

इसी तरह से पर्याप्त होगी ताकि ऐसी विसंगति को दूर करने के प्रयास किए जा सकें। एक अनुपूरक प्रयास के रूप में हम पाठ्य पुस्तकों के सतत अनुश्रवण करने के लिए केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की एक स्थायी समिति का गठन करने पर विचार कर सकते है ताकि किसी भी हानिकारक समस्या को मिलकर दूर किया जा सके। मैं एक सांविधिक आयोग का गठन करने के लिए ध्यानपूर्वक विचार करने का सुझाव देना चाहूंगा।

श्री पी० राजनः मंत्री, उच्चतर शिक्षा: प्रौढ़ शिक्षा और सार्वजनिक पुस्तकालय आंध्र प्रदेश सरकार का भाषण

यह खेदजनक बात है कि आन्ध्र प्रदेश अभी भी शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ राज्य है। तथापि, राज्य में इस सम्बन्ध में तीव्र परिवर्तन दिखाई दे रहा है इसके लिये मैं तीन वर्ष पूर्व आरम्भ किये गये सम्पूर्ण साक्षरता कार्यक्रम के प्रति आभारी हूं। वर्ष 1980 और 1990 के बीच प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम के तहत 20 लाख लोगों को साक्षर बनाये जाने की तुलना में, पिछले तीन वर्षों में 34 लाख व्यक्तियों को साक्षर बनाया गया। 23 जिलों में से 17 ने पहले ही सम्पूर्ण साक्षरता अभियान शूरू कर दिया है और अन्य जिले भी जल्द ही इसका अनुसरण करेंगे । इस कार्यक्रम से विकासात्मक प्रयासों में केवल युवा स्वयंसेवियों को ही नहीं लाया गया बल्कि इसका परिणाम यह भी निकला कि साक्षरता एक अकेले विभाग का विचारणीय विषय न होकर सभी सरकारी विभागों का एक विचारणीय विषय बन गया है। तथापि, कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जिन पर ध्यान देना जरूरी है जैसा कि शिक्षा सचिवों की बैठक (5-6 अक्तूबर, 93) में यह पता लगाया गया है कि शिक्षा से अभी भी वंचित रहे व्यक्तियों तथा प्रौढ़ आयु वर्ग में शामिल होने वाले नये निरक्षरों के साथ-साथ नव-साक्षरों को फिर से निरक्षरता से बचाने के लिये एक स्थाई तंत्र की जरूरत है । दूसरे, इस बारे में मूल्यांकन निरन्तर लिये जाने की आवश्यकता है ताकि उन नव-साक्षरों का जो निरक्षर बन रहे हैं, पता लगाया जा सके तथा सुधारात्मक कार्रवाई की जा सके। तीसरे जन शिक्षण निलायम को पुस्तकालय नेटवर्क में विकसित करने की जरूरत है जिससे नव-साक्षरों की जरूरतों को पूरा किया जा सके । आज ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक पुस्तकालयों की उल्लेखनीय कमी है। हमारी सरकार साक्षरता कार्यक्रम के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन के लिये वचनबद्ध है।

आधुनिक भारत के निर्माण में उच्च शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। हमारा राज्य उच्च शिक्षा की कोटि को पर्याप्त महत्व देता है । इस क्षेत्र के लिये वार्षिक बजट 400 करोड़ रुपये से भी अधिक होता है।

कृषि और स्वास्थ्य विश्वविद्यालयों के अलावा, आन्ध्र प्रदेश में चार राज्य-व्यापी विश्वविद्यालयों सहित 10 विश्व विद्यालय हैं। इनमें एक विशेष तौर पर महिलाओं के लिये है जो तिरूपति, तीर्थस्थान जैसे शहर में स्थित है। जवाहर लाल नेहरू प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय एक दूसरा राज्य-व्यापी विश्वविद्यालय है जो राज्य में तकनीकी विकास के प्रयोजनार्थ है। वी० आर० अम्बेडकर मुक्त विश्वविद्यालय राज्य स्तर पर देश का पहला मुक्त विश्वविद्यालय है। तेलुगु भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति के विकास प्रयोजनार्थ हमने तेलुगु विश्वविद्यालय की स्थापना की है। हम एक-मुश्त अनुदानों के रूप में सभी विश्वविद्यालयों को बजटीय सहायता प्रदान कर रहे हैं। हमारी सरकार ने इस प्रयोजनार्थ पिछले वर्ष के 64.46 करोड़ रुपये के मुकाबले इस वर्ष के दौरान 75.44 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव किया है। हमारे यहां एक व्यापक विश्वविद्यालय अधिनियम है जिसमें पारंपरिक विश्वविद्यालय शामिल होते हैं तथा 4 राज्य-व्यापी विश्वविद्यालयों के लिये, उन्हें दी गई विशेष भूमिका को ध्यान में रखते हुए चार राज्य व्यापी भिन्न-भिन्न अधिनियम हैं। मैं यहां यह उल्लेख करना चाहूंगा कि इन अधिनियमों में केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की समिति द्वारा यथा संशोधित ज्ञानम समिति की अधिकांश सिफारिशें शामिल है।

देश के राज्यों में संभवतः हमारा प्रथम राज्य है जिसने उच्चतर शिक्षा से संबंधित मामलों में राज्य सरकारों को सलाह देने और उसमें हुए विकास की परिप्रेक्ष्य योजना के जरिये पर्यवेक्षण करने के उद्देश्य से एक राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् की स्थापना की है।

कालेज शिक्षकों की भर्ती के लिये हमने कालेज सेवा आयोग का भी गठन किया है और इस प्रकार हमने विलम्ब को दूर करने के उद्देश्य से राज्य लोक सेवा आयोग से इस सम्बन्ध में भर्ती प्रक्रिया को अलग कर दिया है। इससे पर्याप्त रूप से राज्य लोक सेवा आयोग का भार काफी कम हो गया है जिसके परिणामस्वरूप व्यावसायिक दृष्टि से सक्षम निकाय द्वारा शिक्षकों को चयन प्रक्रिया में तेजी आई है।

जहां तक ज्ञानम समिति की रिपोर्ट पर केब समिति की सिफारिशों का सम्बन्ध है, मैं यह कहना चाहूंगा कि हम "केब समिति" द्वारा की गई अधिकांश सिफारिशों से सहमत हैं। जैसा कि पहले कहा जा चुका है, इनमें से अधिकांश सिफारिशें हमारे राज्य में विश्वविद्यालयों को नियंत्रित करने वाले विभिन्न कानूनों से पहले ही स्थान रखती हैं। विश्वविद्यालय को कार्यात्मक रूप से कारगर तथा समाज के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिये प्रयासों का स्वागत है इसी प्रकार मूलभूत अनुसन्धान करने में, जो हमारे देश को वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकी की दृष्टि से आत्मनिर्भर बनाने में बहुत महत्व रखते हैं, विश्विद्यालयों की भूमिका पर कोई प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उद्योग के साथ सार्थक सहयोग को सक्रिय तौर पर खोज निकालने की आवश्यकता है। जब

कि राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं के वैज्ञानिकों को विश्वविद्यालय बोर्डों में नामित किया जाये और इसी प्रकार प्रख्यात वैज्ञानिकों को राष्ट्रीय प्रयोग शालाओं में भेजा जाये। मैं विश्वविद्यालय प्रबन्ध के व्यावसायीकरण से संबंधित सुझावों का भी स्वागत करता हूं।

तथापि कुछ सिफारिशों पर अति सावधानीपूर्वक विचार किया जाना जरूरी है। इनमें अतिरिक्त विधाई उपायों का प्रस्ताव है। इसी प्रकार, छात्रों का एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय में स्थानांन्तरण आन्ध्र प्रदेश जैसे राज्य में कठिन होगा। विश्वविद्यालय पदाधिकारियों के कार्य-काल आदि जैसे विस्तृत ब्यौरों को राज्य सरकारों पर छोड़ा जा सकता है।

आन्ध्र प्रदेश में + 2 स्तर उच्च शिक्षा का एक भाग है। इन संस्थाओं को जूनियर कालेजों के नाम से जाना जाता है और इनमें से कई व्यावसायिक शिक्षा भी प्रदान करती हैं। एक नीति विषयक मामले के रूप में, हमारी राज्य सरकार ने इन्टरमीडियेट पाठ्यक्रमों (+2 स्तर) को डिग्री कालेजों से अलग करने का निर्णय लिया है। और यह एक चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। हमने व्यावसायिक शिक्षा को लोकप्रिय बनाने के लिये प्रयास किये हैं परन्तु अवसंरचनात्मक सुविधाओं की कमी की बाधा डाल रही है। भारत सरकार से अतिरिक्त वित्तीय सहायता इस स्कीम को और अधिक कारगर बनाने में योगदान देगी।

आंन्ध्र प्रदेश मुख्य तौर पर एक कृषि प्रधान राज्य है। भारत सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा तैयार की गई विभिन्न योजनाओं में ग्रामीण विकास पर दिये गये महत्व को उच्चतर शिक्षा में उचित स्थान प्राप्त होना चाहिये। डिग्री स्तर पर भी कई व्यावसायिक पाठ्यक्रम विशेष तौर पर वे, जिनका प्रत्यक्ष तौर पर सम्बन्ध ग्रामीण विकास से है, बड़ी संख्या में आरम्भ किए जाने चाहिये। कुछ कालेजों में जहां ऐसे पाठ्यक्रम ग्रामीण सम्मान सहित विद्यमान हैं, हमारा अनुभव काफी अच्छा रहा है क्योंकि इन संस्थानों से आने वाले छात्रों को विभिन्न कृषि आधारित उद्योगों अथवा मुख्य उद्योगों में खपाया गया है। मैं भारत सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से आग्रह करना चाहूंगा कि वे इसे ध्यान में रखें और अतिरिक्त अनुदान देकर ऐसे पाठ्य-क्रमों को राज्य में शूरू करने में हमारी सहायता करें।

हमारी राज्य सरकार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से हैदराबाद में दक्षिण क्षेत्रीय केन्द्र (कार्यालय) स्थापित करने के लिये अनुरोध करती आ रही है। मैं श्री अर्जुन सिंह जी से इस अवसर पर एक बार पुनः अनुरोध करता हूं कि वह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के साथ इस सम्बन्ध में मामला उठायें और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के क्षेत्रीय केन्द्र की हैदराबाद में स्थापना में हमारी सहायता करें।

मुझे आशा है कि आज के विचार-विमर्शों से लाभदायक निष्कर्ष सामने आयेंगे जिनसे निःसन्देह ही हमारे देश में उच्चतर शिक्षा के और आगे विकास और एकीकरण में मदद मिलेगी।

श्री एम० के० बेग, तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री आन्ध्र प्रदेश सरकार का भाषण

आन्ध्र प्रदेश परम्परागत रूप से एक कृषि प्रधान राज्य है तथा यहां के लोग हमेशा प्रगतिशील और दूरदर्शी रहे हैं। आन्ध्र प्रदेश ने पिछले दो दशक में विशेष रूप से औद्योगिकीकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। भारत सरकार की नई आर्थिक नीतियों का भरपूर लाभ उठाते हुए, आन्ध्र प्रदेश ने इस समय औद्योगिक क्षेत्र में आशातीत सफलता प्राप्त की है। औद्योगिकीकरण की इस तेज रफ्तार के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना है। हमें उद्योग की कुशल तकनीकी श्रमशक्ति की आवश्यकताओं को पूरा करना है तथा मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि हमारा राज्य तकनीशियन शिक्षा की चुनौती को बड़े पैमाने पर पूरा करने के लिये तैयार है।

इस समय आन्ध्र प्रदेश में इंजीनियरी के 10 विश्वविद्यालय कालेज तथा 17 प्राइवेट इंजीनियरी के कालेज हैं जिनमें कुल 6530 छात्र है। यहां 82 पॉलिटेक्निक हैं जिनमें 23 प्राइवेट प्रधान के अधीन है तथा 59 सरकारी संस्थायें हैं। इन पालिटेक्निकों में डिप्लोमा स्तर पर अध्ययन करने वाले छात्रों की प्रतिवर्ष कुल संख्या लगभग 12000 है। इसके अलावा तीन पोस्ट डिप्लोमा संस्थान हैं जो उद्योग की उच्च शिल्पी आवश्यकताओं को पूरा करते हैं।

पालिटेक्निकों का आधुनिकीकरण

मेरा राज्य तकनीकी शिक्षा में सुधार करने के लिये विश्व बैंक से सहायता प्राप्त एक आठ वर्षीय परियोजना को कार्यान्वित कर रहा है। इसके लिए 80 करोड़ रु० निर्धारित किया गया है। इस परियोजना के अन्तर्गत भवनों पर 29 करोड़ रु० खर्च किये जायेंगे तथा सभी महिला पॉलिटेक्निकों को होस्टल प्रदान किये जायेंगे। प्रयोगशालाओं तथा कार्यशालाओं का आधुनिकीकरण करने के लिये 36 करोड़ रु० की राशि निर्धारित की गई है। पुस्तकालयों के लिये उपकरणों तथा पुस्तकों की खरीद ठीक ढंग से चल रही है। संयुक्त निदेशक की अध्यक्षता में एक पृथक पाठ्यचर्या विकास सेल खोला गया है। इस सम्बन्ध में मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि अभी हाल ही में विश्व बैंक टीम ने हमारे पाठ्यचर्या विकास सेल के कार्यों की सराहना की है।

भावी शिल्पी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, प्लास्टिक तथा पालिमर्स, पेट्रो रसायन उत्पादों, तेल प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी आदि जैसे प्रौद्योगिकी के उदीयमान क्षेत्रों में भावी पाठ्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव है सभी पॉलिटेक्निकों में एक-एक कम्प्यूटर केन्द्र होगा तथा इन कम्प्यूटर केन्द्रों को बहुलकों के माध्यम से जोड़ने का भी प्रस्ताव है।

संकाय प्रशिक्षण पहले ही शुरू कर दिया गया है तथा हमें आशा है कि हमारे शिक्षक सतत रूप से प्रशिक्षण देंगे तथा अपने ज्ञान और कौशल को अद्यतन बनाये रखेंगे। इस प्रयोजनार्थ लगभग 1.00 करोड़ रु० की राशि प्रदान की गई है।

कमजोर वर्गों की अभिरूचियां

जैसा कि इससे पहले भी मैंने कहा था कि समाज के कमजोर वर्गों का कल्याण सुनिश्चित करने के लिये आन्ध्र प्रदेश राज्य बहुत ही प्रगतिशील रहा है तथा इस सम्बन्ध में इसने कई सकारात्मक कदम उठाये हैं। आन्ध्र प्रदेश ही ऐसा पहला राज्य है जिसने पिछड़े समुदायों को सर्वप्रथम आरक्षण प्रदान किया है तथा व्यावसायिक कालेजों में पिछड़े वर्गों के लिये 25 प्रतिशत स्थान निर्धारित किया है।

आन्ध्र प्रदेश शायद देश का पहला राज्य है जिसने अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिये क्रमशः तीन-तीन माडल आवासीय पॉलिटेक्निक खोला है। इन आवासीय संस्थानों में सभी उपकरण तथा सुविधायें मौजूद हैं। संस्थान के विस्तृत परिसरों में परम्परागत रूप से समाज के वंचित वर्गों को सर्वोत्तम शिल्पी शिक्षा प्रदान की जाती है। इन संस्थाओं को स्वायत्तता दिये जाने का प्रस्ताव रखा गया है ताकि ये संस्थायें और अधिक प्रभावी ढंग से कार्य कर सकें। प्रयोगशालाओं में सुविधायें बढ़ाने तथा अतिरिक्त आवास प्रदान करने से संबंधित प्रस्ताव विश्व बैंक परियोजना में शामिल किये गये हैं। सरकार, इंजीनियरी तथा पालिटेक्निक दोनों कालेजों में अध्ययन करने वाले उन सभी अनुसूचित जाति के छात्रों जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 24,000 रु० से कम है तथा पिछड़े वर्गों के छात्रों जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 12,000 रु० से कम है, की फीसों, शिक्षण शुल्कों की प्रतिपूर्ति कर रही है। इसके अलावा उन्हें विभिन्न स्तरों पर छात्रवृत्तियां भी प्रदान की जाती हैं।

महिला शिक्षा

मेरा राज्य महिला दासत्व मुक्ति तथा महिला शिक्षा का प्रबल पक्षधर है। व्यावसायिक कालेजों में महिलाओं के लिये 30 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गई है। इस वर्ष हमने इस निर्णय को इंजीनियरी कालेजों में भी लागू कर दिया है। हमारे राज्य में 20 ऐसे पालिटेक्निक हैं जो केवल महिलाओं की जरूरतों को ही पूरा करते हैं। इस वर्ष विशिष्ट रूप से महिलाओं के लिये ही दो पालिटेक्निक खोलने का प्रस्ताव है। इस सम्बन्ध में मैं यह कहना

चाहूंगा कि इसमें से एक पालिटेक्निक अनुसूचित जाति की लड़कियों के लिये मॉडल (आदर्श) आवासीय पालिटेक्निक होगा। यह पालिटेक्निक अपने आप में देश की अनोखी संस्था होगी।

उद्योग संस्था संबंध

केवल संस्थाओं को खोलना अथवा प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण करना ही काफी नहीं है। किसी संस्था से स्नातक डिग्री प्राप्त करने वाले शिल्पियों को उद्योग के क्षेत्र में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी। यदि किसी संस्था से निकलने वाले शिल्पी उद्योग धन्धे के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं तो उस संस्था का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है। कोई उद्योग-धन्धा तब तक नहीं फल-फूल सकता है जब तक उसमें काम करने वाले शिल्पी यथोचित कौशलों से वाकिफ नहीं हो जाते। उद्योग तथा संस्था की इस कड़ी को मजबूत बनाने के लिये राज्य स्तर पर एक औद्योगिक सम्पर्क बोर्ड का गठन किया गया है। इस बोर्ड में उद्योग के श्रमिक नेता तथा सरकारी अधिकारी प्रतिनिधित्व करते हैं। इस बोर्ड में एक वृहत रूपरेखा तैयार की जाती है जो क्षेत्र-स्तर पर उद्योग संस्था सम्पर्क को और अधिक सुगम बनाती है। हम प्रत्येक संस्था स्तर पर एक सूक्ष्म योजना तैयार कर रहे हैं ताकि स्थानीय उद्योग तथा संस्था में अन्योन्याश्रित सम्बन्ध कायम हो सके। राज्य सरकार सी० आई० आई० सहित सहमति ज्ञापन एसोसिएशन ऑफ चैम्बर्स तथा फेडरेशन इंडियन चैम्बर्स ऑफ कामर्स में प्रवेश की संभावना का पता लगा रही है। प्रयोग के तौर पर संस्था में तकनीकों का प्रयोग करने तथा छात्रों को उद्योग की ओर आकर्षित करने का प्रस्ताव रखा गया है। हम डिप्लोमा शिक्षा के सैंडविच पैटर्न के अनुरूप इसे सुदृढ़ करने तथा बढ़ाने के लिये भी प्रयासरत है।

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्

मुझे इस बात की खुशी है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के कार्यों का संचालन करने के लिए एक पूर्णकालिक अध्यक्ष की व्यवस्था की गई है। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा इस सम्बन्ध में कुछ महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए हैं। तथापि, मैं यह महसूस करता हूं कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के कार्यों को विकेन्द्रीकृत करने की जरूरत है। केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड विभिन्न स्तरों पर इसके विकेन्द्रीकरण तथा स्वायत्तता की सिफारिश कर रहा है ताकि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् अपनी इच्छानुसार कार्य कर सके। इसके अलावा, कभी-कभी राज्य सरकारों को राज्य सरकार की पूर्वअनुमति के बिना संस्थाओं को मान्यता प्रदान करने अथवा अनुमति देने में जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ता है। मैं यह आग्रह करता हूं कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के सभी कार्यकलापों में राज्य सरकार को पूरी तरह से शामिल किया जाए। 8 अगस्त, 1992 को केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की पिछली बैठक के दौरान, अपने विद्वान बंधु, माननीय तकनीकी शिक्षा मंत्री महाराष्ट्र सरकार द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से मैं पूरी तरह सहमत हूं।

विनियमन संबंधी कार्यों के अलावा अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् को राज्यों की विकास योजना में मदद करनी चाहिए। नए-नए व्यावसायिक कालेजों के खुलने के कारण ऐसा प्रतीत होने लगा है कि अखिल भारतीय शिक्षा परिषद् जन शक्ति योजना का मूल आधार बन जाएगी तथापि, तकनीकी रूप से अर्हता प्राप्त जनशक्ति क्षेत्रों अथवा केवल अपने ही राज्यों में जॉब (कार्य) प्राप्त नहीं कर पाती। ऐसी स्थिति में राज्य सरकारें जनशक्ति संबंधी मांग का सर्वेक्षण सही ढंग से नहीं कर पाती हैं। इस दिशा में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् को तत्काल ध्यान देना चाहिए। राज्यों द्वारा तैयार की गई तकनीकी शिक्षा का प्रसार करने के प्रस्तावों को देश की समग्र आवश्यकता की कसौटी पर खरे उतरने चाहिए चाहे भले ही इस प्रस्ताव की प्रासंगिकता केवल उसी राज्य के लिए ही क्यों न हो।

इस तरह प्रौद्योगिकी के उदीयमान क्षेत्रों तथा महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर निर्णय लेने की जिम्मेदारी केवल राज्य सरकारों पर ही नहीं छोड़नी चाहिए जिन राज्यों में तटरेखा नहीं है, वे राज्य पालिमर अथवा पेट्रो-रसायन पर आधारित उद्योगों से लाभान्वित नहीं हो पाएंगे। फिर भी अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् इस स्थिति में है कि वह पालिमर और प्लास्टिक्स अथवा पेट्रो-रसायन (पेट्रो-केमिकल) प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों को शुरू करने में राज्यों की मदद कर सकती है।

यह मेरा सुझाव है कि प्रौद्योगिकी के सभी उदीयमान (उभरते हुए) क्षेत्रों में एक शैल्फ परियोजना तैयार की जाए ताकि राज्य सरकार भी लाभान्वित हो सके। इस परियोजना प्रस्ताव में पाठ्यक्रम, पाठ्यविषयक कार्य, प्रयोगशाला उपकरण तथा प्रयोगों, स्टाफ की व्यवस्था पुस्तकों, भवन तथा कार्यशाला आवश्यकताओं, परीक्षा व्यवस्था, आदि जैसे सभी क्षेत्रों को शामिल किया जाना चाहिए। इससे अप्रचलित जीर्ण-शीर्ण (पुराने) पाठ्यक्रमों के स्थान पर नए-नए पाठ्यक्रम तथा उभरते हुए पाठ्यक्रमों को साथ-साथ चलाने में राज्य सरकारों की मदद मिलेगी। मुझे पूरी आशा है कि अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् राज्य सरकारों के पूर्ण सहयोग से कार्य करेगी। इसमें किसी प्रकार के विरोध की कोई गुंजाइश नहीं होगी।

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड नई दिल्ली में 15 अक्तूबर, 1993 को आयोजित 49वीं बैठक में अरूणाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री श्री आर० के० खिमी का भाषण

मैं आज की बैठक के विचार-विमर्श में अति संतोष की भावना से यहां उपस्थित सभी बन्धुओं के बीच अपने विचारों एवं ज्ञाव के आदान-प्रदान में सम्मिलित हो रहा हूं। अरूणाचल प्रदेश का एक दूरस्थ प्रदेश है और यह इस समय शैक्षिक प्रमुख धारा में सम्मिलित होने के लिए उत्साहपूर्वक प्रयत्न कर रहा है। अरूणाचल प्रदेश में शैक्षिक चेतना की वर्तमान मनः स्थिति काफी नई है और आज कि सामान्य शिक्षा वाले लोग भी अच्छी शिक्षा की धारा की ओर अग्रसर हो रहे है। बहुत सी मूलभूत समस्याओं के बावजूद, अरूणाचल प्रदेश में कुल मिलाकर साक्षरता की प्रतिशतता में पर्याप्त सुधार हुआ है और अब हम पुरूष-स्त्री साक्षरता के अनुपात को बराबर लाने के लिए महत्वपूर्ण कार्य करने में लगे हुए हैं।

मुझे विश्वास है कि इस भव्य निकाय के विचार-विमर्शों से कार्य योजना को एक ठोस स्वरूप प्राप्त होगा और इस प्रक्रिया में इसका प्रभावशाली सकारात्मक उत्तर प्राप्त होगा। हम अरूणाचल प्रदेश में शिक्षा के मूलभूत उद्देश्य के प्रति वचनबद्धता की गहरी भावना रखते है। इसके परिणाम स्वरूप हमें लाभदायक अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिणामों के प्राप्त होने की आशा है। निःसंदेह, कार्य योजना को लक्ष्यबद्ध तात्कालिक और दीर्घकालिक मूल्य माना जा सकता है। मेरे विचार से, इसे प्रवृद्ध शिक्षा के लक्ष्य हेतु विशिष्ट लक्ष्यबद्ध क्षेत्र सहित दृढसंकल्पों का एक पुण्य वस्तावेज कहा जा सकता है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, दीर्घ कालिक आधार पर देश के शैक्षिक विकास को मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए मूलतः बनाई गई है। इस उद्देश्य की प्राप्ति तक पहुंचने के लिए प्रभावी कार्रवाई योजना एक स्वाभाविक उपमाध्य है। हमने, अरूणाचल प्रदेश में कार्यवाई योजना, 1992 का पूर्ण रूप से अध्ययन कर लिया है और हम स्पष्ट रूप से समझते हैं कि हमारे राज्य की कार्य योजना अधिक व्यावहारिक और कार्योन्मुख है हम अपनी एक ऐसी कार्रवाई योजना तैयार कर रहे है जो मूल केन्द्रीय आदर्श के साथ सार्थक संबंध स्थापित करेगी। पूरे देश में इतनी अधिक विविधता के साथ इस प्रकार के लचीलेपन के मान्य मानदंड होंगे और एकीकृत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए हम सब को बुनियादी संकल्पना को ध्यान में रखना होगा।

इसी प्रकार, शैक्षिक विकेन्द्रीकरण के भाग के रूप में जिला स्तर पर एक ठोस एवं उपयोगी कार्रवाई योजना की भी आवश्यकता होगी। साथ ही यह भी सत्य है कि व्यापक कार्रवाई योजना के उत्साहपूर्वक प्रयोग के लिए विकेन्द्रीकृत पर्याप्त संसाधनों और उचित प्रबंध के चातुर्य की जरूरत होगी। कुछ उच्च लक्ष्य प्राप्त करने की दृष्टि से हमें लागत प्रभावकारिता लानी होगी और साथ ही उत्तरदायी बनना पड़ेगा। उन स्कीमों को हाथ में नहीं लिया जाना चाहिए जिनकी गहरी संवीक्षा न की जा सकती हो या जिनमें दीर्घकालिक उपयोगी तत्व न हों।

शैक्षिक पुनर्निर्माण में लोगों की सक्रिय सहभागिता पर बल दिया गया है अरूणाचल प्रदेश राज्य सरकार को पूर्ण रूप से इस धारणा से सहमति व्यक्त करती है और इस दिशा में कुछ अनूठे कदम पहले से ही उठाए हैं। हम इस बात से पूर्णतः सहमत हैं कि एक अपेक्षित और जागरूक समाज अच्छे परिणामों को प्राप्त करने में शैक्षिक अवसंरचना के प्रयोग में काफी विभिन्नताएं ला सकता है। हमें यह भी आशा है कि जिले की शैक्षिक व्यवस्था के संचालन तंत्र में जिला के वरिष्ठ नागरिकों, सेवानिवृत्त शिक्षाविदों पर्यावरण विदों और समाज के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों के लोग व्यावहारिक रूप से भागीदार बनेंगे।

राष्ट्रीय स्तर पर अरूणाचल प्रदेश भी इससे सहमत है कि सामाजिक न्याय के मसले में कोई कारगर प्रगति नहीं हो रही है क्योंकि हम वांछित स्तर तक महिला शिक्षा के मसले पर अभी कोई अपेक्षित प्रगति नहीं कर सके। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि बहुत सी अधिक तंगियों के बावजूद अरूणाचल प्रदेश में बालिकाओं को सहायता और पूर्ण समर्थन प्राप्त हो रहा है।

इन बुनियादी बातों के साथ, मैं, उच्चतर शिक्षा पर चयन समिति के बुनियादी निष्कर्षों पर केब समिति की रिपोर्ट पर अपने विचार व्यक्त कर रहा हूं। उच्चतर शिक्षा के क्षेत्र में हम अभी तक शुरूआत की अवस्था में ही है। तथापि, यह बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि अरूणाचल प्रदेश इस दिशा में द्रुतगति से प्रगति कर रहा है। हमारा एक मात्र अरूणाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अभी अपना आकार ही बना रहा है। हम विश्वविद्यालय के कार्य में स्वमत्तत्ता की धारणा का अनुसरण करने से संबंधित अपने जिम्मेदारी को जानते हैं और वांछनीय उद्देश्य को सुनिश्चित करने हेतु उपयुक्त कार्य पहले से ही शुरू कर दिए गए है हम उच्च शिक्षा के संबंध में सोनेरी समिति की सिफारिश से पूर्णतः सहमत हैं और अरूणाचल प्रदेश भविष्य के संबंध में अपने कार्य में सभी सिफारिशों की भावना को ध्यान में रखेगा। तथापि मैं अतिरिक्त आवश्यक अवसंरचनात्मक आधार और सहायता पद्धति प्रदान करने हेतु शिक्षा के इस विशेष क्षेत्र में अरूणाचल प्रदेश के लिए बढ़े हुए परिव्यय हेतु एक जोरदार दलील देना चाहूंगा। इस समय हमारे पास केवल चार कालेज हैं और अरूणाचल प्रदेश के सभी 12 जिले,

जिला मुख्यालयों में उच्च शिक्षा के लिए शैक्षिक संस्थाएं बनाने के इच्छुक हैं। चालू वर्ष में हम एक कालेज खोल रहे है। अतः, मैं केन्द्र सरकार और योजना आयोग से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे शिक्षा के क्षेत्र में अरूणाचल प्रदेश के मामले में विशेष सहानुभूति रखें।

विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर के.शि.स. बोर्ड की समिति की रिपोर्ट पर मैं केवल इतना कहना चाहूंगा कि इस समय अरूणाचल प्रदेश में कोई विधान परिषद् नहीं है। इसके अतिरिक्त फिलहाल हम इस विषय पर अपने पहले के विचारों को दुहराते हैं। जैसाकि सचिव स्तर पर पहले हुए महत्वपूर्ण विचार-विमर्शों में विभिन्न सुविज्ञ विभूतियों द्वारा भी उल्लेख किया गया है कि यह एक नाजुक विषय है और इस सम्बन्ध में किसी विशेष दृष्टिकोण पर गौर किए जाने से पूर्व बहुत ही सोच विचार करके चर्चा किए जाने की जरूरत है।

शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबंध पर कार्य सूची की मद संख्या चार पर, मैं यह समझता हूं कि अभी उत्तर-पूर्वी राज्यों से अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए नहीं कहा गया है। इसलिए मैं शिक्षा के "विकेन्द्रीयकृत" प्रबंध पर कोई विशेष विचार व्यक्त नहीं करूंगा। तथापि, मैं शिक्षा के प्रबंध के विषय पर अपनी सामान्य प्रतिक्रिया के भाग के रूप में कुछ मुद्दों का उल्लेख करना चाहूंगा। मैं महसूस करता हूं कि सम्पूर्ण कार्रवाई योजना में उच्च शिक्षा एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इसके आस-पास का दृश्य विधान, अरूणाचल प्रदेश के समान एक दूरस्थ क्षेत्र है जिसके कारण कुछ कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है और मैं इन कठिनाईयों को दूर करने के लिए विभिन्न प्रबुद्ध लोगों से सहायता की आशा करूंगा। इन दूरस्थ क्षेत्रों में सेवा करने के लिए सुदृढ़ शैक्षिक पृष्ठभूमि वाले अच्छे शिक्षक अभी तक शीघ्र उपलब्ध नहीं होते हैं। इस समय कोई शक नहीं है कि कुछ अच्छे स्थानीय लड़के और लड़कियां इस क्षेत्र में आगे आ रहे हैं लेकिन यह प्रक्रिया अभी तक धीमी है। केन्द्रीय सहायता से कुछ प्रोत्साहन, अरूणाचल प्रदेश जैसे दूरस्थ क्षेत्रों में अच्छे मेधावी लोगों को प्रोत्साहित करने में सहायता कर सकता है इसके अलावा उत्कर्ष परिणाम की अपेक्षा के साथ ऐसे क्षेत्रों में भर्ती में आरक्षण के आग्रह पर थी संभव तथा वांछनीय सीमा तक पुनः विचार करना पड़ेगा। विभिन्न बातों को ध्यान में रखकर मूलभूत लक्ष्य की प्राप्ति में कोई कोताही नहीं बरती जानी चाहिए।

प्रत्येक स्कूल में जीवन के ऐसे बुनियादी मूल्यों की आवश्यकता के बारे में छात्रों के मन में स्थायी प्रभाव बनाने के लिए केन्द्र और राज्य, दोनों के जरिए, पर्याप्त अवसंरचनात्मक व्यवस्था के साथ एक सुदृढ़ सांस्कृतिक एकक होनी चाहिए जिसे प्रगतिशील दृष्टिकोण सकारात्मक शिक्षा और भावात्मक एकता, इत्यादि के रूप में माना जाए।

इसके बाद पुनः शिक्षा के प्रबन्ध में उत्तरदायित्व सम्बंधी घटक भी फिलहाल बहुत अच्छी हालत में नहीं है। इस व्याधि का सख्ती से उपचार किए जाने की आवश्यकता है। शिक्षण आवश्यकताओं के प्रति उत्सुकता से शून्य दृष्टिकोण रखने वाले शिक्षकों को अव्यवसाय के परिणाम से सामान्यतयः फायदा नहीं उठाने देना चाहिए। उदीयमान तथा औचित्य साधक अभिभावकों तथा छात्रों से उचित प्रशंसा प्राप्त करने वाले शिक्षकों को बेहतर तैयार की गई कार्य निष्पादन मूल्यांकन पद्धति के जरिए पदोन्नति के त्वरित अवसर तथा अन्य प्रोत्साहन मिलने चाहिए। छात्रावास के अधीक्षकों का चयन केवल प्रधानाचार्यों द्वारा ही नहीं अपितु स्कूल प्रबंध समिति के सदस्यों के पूल के संयुक्त विवेक द्वारा किया जाना चाहिए। छात्रों को व्यापक दृष्टिकोण और उदार स्वभाव से सम्पन्न बनाने के लिए सक्रिय और अधिक केन्द्रीय सहायता के साथ उनके शैक्षणिक दौरे निरंतर और उदार तरीके से आयोजित किए जाने चाहिए। प्रासंगिकता का एक और बिन्दु जिस पर हम सभी को ध्यान देना चाहिए, यह है कि देश की बढ़ती हुई जनसंख्या पार्श्वदृश्य का शिक्षा की कोटि, अवस्थापना सहायता तथा प्रबंध पर बहुत ही निराशाजनक प्रभाव पड़ा है। यह सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से कि हमारे प्रयास निष्फल न हो जाएं, इसे प्रभावी जनसंख्या शिक्षा कार्यक्रम के जरिए हतोत्साहित करना होगा।

शिक्षा के मामले में प्रतिष्ठित संस्थाओं तथा साथ ही नई एजेन्सियों के द्वारा स्वैच्छिक स्कूलों की योजना को अरूणाचल प्रदेश जैसे दूरस्थ राज्यों के लिए उदार केन्द्रीय सहायता प्रदान की जानी चाहिए। इसके साथ-साथ, अधिक अनुकूल, प्रयोजन मूलक तथा प्रबंध शिक्षा की दिशा में आगे के प्रोत्साहन के रूप में जो उपलब्ध है, बड़े पैमाने पर योग्यता छात्रवृत्ति, प्रशंसनीय तथा बहुमुखी छात्रों को पुरस्कार, उत्तम शिक्षकों, उत्तम प्रधानाचार्यों, उत्तम उप प्रधानाचार्यों, उत्तम छात्रावास अधीक्षकों को पुरस्कार आदि, स्वर्ण तथा रजत पदक के रूप में प्रदान करने से बढ़ावा मिलेगा।

एक और क्षेत्र जिसके लिए शायद पाठ्यचर्या में बेहतर बल की आवश्यकता होगी, कृषि के क्षेत्र से बुनियादी शिक्षा प्रदान करेगा जो भावी समय में, बाद के वर्षों में छात्रों की बड़ी संख्या को जीविका अर्जित करने के लिए कृषि और बागवानी के क्षेत्रों में वापिस आ जाएंगे। नौकरियों की उपलब्धता, आज के युवाओं का मुख्य उद्देश्य, भावी समय में अपने आप को बनाए रखने के लिए, एक संतृप्ति के मुकाम पर पहुंचा देगा तथा फिर वैकल्पिक चैनलों में बल दीर्घकालीन शान्ति तथा अनुकूल वातावरण के लिए संतोषजनक होगा। केन्द्र की ओर से सहायता की वित्त पोषण संम्बधी प्रणाली को और आगे सरल बनाया जाएगा। प्रारंभिक स्तर पर गुणात्मक शिक्षा में सुधार लाने के लिए जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान अधिक संख्या में खोलने होंगे। हमें अभी तक एक ही जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान स्वीकृत किया गया है।

मैं अब स्कूली बस्ते के भार से संबंधित यशपाल समिति की रिपोर्ट का जिकर कर रहा हूं। मैंने यशपाल समिति की बुनियादी सिफारिशों की जांच करवाई है और मानव संसाधन विकास मंत्रालय के ग्रुप द्वारा किए गए तदनुरूपी प्रयास, समिति की सिफारिशों के वास्तविक मूल्यांकन करवाए हैं। हमने यह देखा है कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय के ग्रुप द्वारा की गई सिफारिशों में वास्तविकताओं के आधार पर विचार किया गया है, और देश के वर्तमान शैक्षिक पार्श्व-दृश्य के लिए विषय पर व्यवहारिक दृष्टिकोण अपेक्षित है। हम यह भी महसूस करते हैं कि केवल दलगत कार्यकलापों को प्रोत्साहित करना वांछनीय नहीं होगा और सभी को अलग-अलग उपलब्धि पुरस्कारों से सम्मानित करना होगा। इसके अतिरिक्त, पाठ्यचर्या तैयार करने में शिक्षकों की सहभागिता, निःसंदेह एक अच्छा विचार है लेकिन विभिन्न महत्वपूर्ण तथ्यों के लिए, राज्य स्तर से हटकर पाठ्यचर्या तैयार करने का विकेन्द्रीकरण, वास्तविक प्रस्ताव होगा। यशपाल समिति द्वारा की गई सिफारिशें स्वरूप से काफी भिन्न हैं और हमें अन्तिम रूप दिए जाने के स्वरूप में अपना दृष्टिकोण बनाये जाने से पूर्व बहुत ही सावधानीपूर्वक आंकलन किया जाना चाहिए। खेल तथा शारीरिक शिक्षा संबंधी के० शि० स० बोर्ड समिति की रिपोर्ट पर, मैं इस स्तर पर कुछ शामिल करना नहीं चाहूंगा क्योंकि मूल रिपोर्ट अभी तक उपलब्ध नहीं है। तथापि, मैं यह उल्लेख करना चाहता हूं कि अरूणाचल प्रदेश में, हम खेलों और शारीरिक शिक्षा को बहुत अधिक महत्व दे रहें हैं और हमारा योजनागत कार्यक्रम अगले 2-3 माह में हमारे राज्य की कार्रवाई योजना में प्रतिबिम्बित होगा।

इसी प्रकार दूरस्थ शिक्षा पर, के० शि० स० बोर्ड की समिति की रिपोर्ट पर, मुझे अभी ज्यादा प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई है क्योंकि मूल रिपोर्ट अभी उपलब्ध नहीं है; तथापि, मैं आपको यह जानकारी देना चाहूंगा कि अरूणाचल प्रदेश में, हमारी चार प्रत्यायित संस्थाएं, बौमडिला, इटानगर, पासीघाट और नाहरलागुन में स्थित है। ये संस्थाएं राष्ट्रीय खुला विद्यालय, नई दिल्ली के तत्वाधान में हैं और पिछले चन्द वर्षों से भली भांति कार्य कर रही हैं। स्कूल बीच में ही छोड़ जाने वाले बच्चों की इन संस्थाओं में दाखिला प्राप्त करने की प्रतिक्रिया बहुत ही उत्साहवर्धक रही है। इसके अतिरिक्त कालेज स्तर पर इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, इटानगर तथा बोमडिला स्थित, दो अध्ययन केन्द्रों को चला रहे हैं तथा यहां तक कि इन दो अध्ययन केन्द्रों में प्रबन्ध पाठ्यक्रम भी आरंभ किए गए हैं। यह देखते हुए ढांढस बनता है कि विभिन्न जिला मुख्यालयों में प्रत्यायित संस्थाओं और अध्ययन केन्द्रों की और मांग की गई है। हम छात्रों को बेहतर अवस्थापना सहायता तथा कुछ प्रोत्साहन प्रदान करने संबंधी प्रयास को बढ़ावा देने पर विचार कर रहें हैं। अध्ययन केन्द्रों के कालेज छात्रों के लिए शिक्षा शुल्क राज्य द्वारा वहन किए जा रहे हैं।

मैं अब अपना भाषण यह कहते हुए समाप्त कर रहा हूं कि हालांकि अरूणाचल प्रदेश में पंचायती राज संस्था की वर्तमान पद्धति बहुत ही सुदृढ़ है फिर भी मूल स्तर पर शिक्षा के प्रबंधन जैसे बहुत ही महत्वपूर्ण क्षेत्र को हाथ में लिए जाने से पूर्व इसमें कुछ समय लगेगा। फिलहाल आधार वास्तविकताओं के हमारे सावधानीपूर्वक और उद्देश्यपरक मूल्यांकन के आधार पर, हम यह महसूस करते हैं कि निचले स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं को महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व वास्तविक रूप से सौंपने से पूर्व, इस पद्धति को और आगे विकसित करने तथा तेज करना है। मूल स्तर पर उपयुक्त प्रबंध कौशल के उपलब्ध कारकों की अवहेलना नहीं की जा सकती यदि यह अप्रत्यक्ष रूप से विकेन्द्रीकरण की प्रक्षेपित गति को कम भी कर देना है। किसी भी हालत में, हम सावधानी पूर्वक विचार-विमर्शों और व्यापक परामर्शों के बाद राज्य कार्रवाई योजना में सोच्ची समझी प्रतिक्रिया के साथ हाजिर होंगे।

श्री विनय कुमार पी० उसगांवकर शिक्षा मंत्री, गोवा राज्य द्वारा दिया गया भाषण

मैं इस अवसर पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति को शिक्षा प्रणाली में वांछनीय परिवर्तन लाने हेतु उसके द्वारा किए गए जोरदार प्रयासों के लिए हार्दिक बधाई देता हूं। हमें केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड से विभिन्न रिपोर्टें और सिफारिशें प्राप्त होती रही हैं जिन्हें लागू करने पर विचार किया जा रहा है।

मेरे पूर्वाधिकारी ने गोवा में शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति का एक संक्षिप्त विवरण पहले ही दिनांक 5 और 6 मई 1992 में हुई बैठक को संबोधित करते हुए प्रस्तुत कर दिया था। एक छोटा राज्य होने के नाते हमारे लिए केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड, मानव संसाधन विकास, मंत्रालय और अन्य शैक्षिक निकायों की विभिन्न सिफारिशों को लागू करना लाभप्रद है। मैं आज की बैठक में होनेवाली चर्चा के मुद्दों पर अपने राज्य से संबंधित विचार प्रस्तुत करना चाहता हूं।

राष्ट्रीय शिक्षा कार्यक्रम की कार्य योजना तैयार करने का कार्य चल रहा है जिसे दिसम्बर के अन्त तक पूरा कर लिया जाएगा और जनवरी 1994 तक केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड को भेज दिया जाएगा।

शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबंधन पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति की रिपोर्ट पर हमारी सरकार विचार कर रही है। हमने हाल ही में राज्य विधान सभा में पंचायती राज विधेयक पारित किया है और उस पर आगे की कार्रवाई चल रही है। जिला परिषदों की स्थापना होते ही हमने केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति की सिफारिशों के अनुरूप शिक्षा के प्रबंधन के विकेन्द्रीकरण पर विचार करने का फैसला किया है।

जहां तक बच्चों के ऊपर से शैक्षिक भार कम करने का प्रश्न है, हम यह महसूस करते हैं कि मानव संसाधन विकास मंत्रालय की रिपोर्ट में की गई सिफारिशों के प्रति मां-बाप और शिक्षकों की प्रतिक्रिया और इस्तेमाल में लाई जा रही पद्धतियों को बड़ी सावधानीपूर्वक ध्यान में रखते हुए ही कुछ निर्णय लिए जाने चाहिए। इसमें कोई संशय नहीं है कि शिक्षण/अध्ययन प्रक्रिया में कुछ परिवर्तन और मूल्यांकन पद्धति में बदलाव लाकर विभिन्न स्तरों पर बच्चों के भार को कुछ कम किया जा सकता है। हमारा राज्य अवश्य ही अगले शैक्षिक वर्ष से सलाहकार समिति की सिफारिशों को लागू करने पर विचार करेगा।

हमारे राज्य का विचार है कि सांविधिक शक्तियों वाला एक राष्ट्रीय आयोग स्कूली पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन में अधिक लाभप्रद और प्रभावी होगा चूंकि विभिन्न स्तरों पर निर्धारित पाठ्यपुस्तकों के प्रति सामान्य असंतोष का भाव है। इसके अलावा सारे देश में पाठ्य सामग्री को कुछ हद तक एकीकृत किए जाने की आवश्यकता है ताकि विद्यार्थियों का स्थानांतरण आसानी से संभव हो और यह राष्ट्रीय एकता के हित में भी है। अतः मैं रिपोर्ट के सुझावों में यह सिफारिश करना चाहूंगा कि स्कूली पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन पर राष्ट्रीय विषय निर्वाचन समिति के स्तर का उत्थापन करके उसे राष्ट्रीय आयोग का स्वरूप दे दिया जाए जिसे सांविधिक शक्तियां प्राप्त हों।

गोवा विश्वविद्यालय ज्ञानम समिति रिपोर्ट पर विचार कर रहा है और उसके विचार शीघ्र ही गोवा सरकार को ज्ञात होंगे।

गोवा सरकार के पास विधान परिषद नहीं है अतः विधान परिषद पर शिक्षकों का प्रतिनिधित्व संभव नहीं है। हालांकि, मैं यह उल्लेख करना चाहूंगा कि गोवा विधान परिषद में अनेक शिक्षक जनता द्वारा चुन के भेजे गए हैं जो शिक्षक समुदाय के हितों का ध्यान रखेंगे।

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक : हरियाणा के शिक्षा मंत्री, श्री फूलचन्द मुलाना का भाषण

महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े कुछ ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर मुझे अपने विचार प्रकट करने का यह अवसर प्राप्त हुआ जो हम सभी से संबंधित है। हमारे प्रधानमंत्री के गतिशील नेतृत्व में शिक्षा प्रणाली में सुधार करने के लिए आप द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं । हमारे मानव संसाधन के समुचित विकास पर हमारे प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया बल राष्ट्रीय विकास परिषद् की पिछली बैठक में उनके इस निर्णय से साफ-साफ झलकता है कि शिक्षा की समस्याओं पर विचार करने के लिए परिषद् की एक विशेष बैठक बुलाई जाए । मुझे पूर्ण विश्वास है कि इन नई पहलों तथा नवाचारी कार्यक्रमों से शिक्षा के क्षेत्र में एक नए युग की शुरूआत करने का मार्ग बेहतर ढंग से प्रशस्थ होगा । केन्द्र सरकार भी काफी बड़े पैमाने पर इन सभी कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता की पेशकश करने के लिए आगे आई है ।

अब मैं कार्यसूची की विशिष्ट मदों पर आना चाहूंगा । आप को सूचित करते हुए मुझे प्रसन्ता हो रही है कि नई शिक्षा नीति पर राज्य कार्रवाई योजना तैयार की जा रही है तथा आशा है कि इस वर्ष के अंत तक इसके प्रारूप को पूरा करने की स्थिति में होंगे। अगले वर्ष की वार्षिक योजना में अधिक से अधिक मदों का कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए कार्य पहले ही प्रारंभ कर दिया गया है ।

इस बैठक को मुझे यह भी बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि महिलाओं के लिए और अधिक समानता लाने के लिए हमने विशिष्ट कदम उठाया है । हरियाणा में स्नातक स्तर तक की शिक्षा लड़कियों के लिए निःशुल्क कर दी गई है । प्रारंभिक और माध्यमिक स्कूलों में छात्रवृत्ति के अलावा लड़कियों को निःशुल्क पुस्तकें, लेखन सामग्री और पोशाक की आपूर्ति की जा रही है । अब हम केवल बालिका विद्यालयों को खोल और स्तरोन्नत कर रहे हैं तथा बालिका शिक्षा के क्षेत्र में काफी बड़े पैमाने पर उच्च शिक्षा में विस्तार किया जा रहा है । नामांकन खासतौर पर लड़कियों के नामांकन में वृद्धि करने के लिए ग्राम पंचायतों को विशेष प्रोत्साहनों की पेशकश की गई है । इसके उत्साहवर्धक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं तथा 1992-93 में 6–11 आयुवर्ग की लड़कियों का नामांकन 10 प्रतिशत से भी अधिक बढ़ गया है ।

उच्च शिक्षा के शिक्षकों के लिए प्रबोधन पाठ्यक्रम सहित शिक्षक प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को उपयुक्त ढंग से पुनर्गठित किया गया है तथा लैंगिग संवेदशीलता पर एक कैपस्पूल इसमें शामिल किया गया है । इस संबंध में हमने हाल ही में कालेज के प्रधानाचार्यों का एक सम्मेलन आयोजित किया था जिसका उद्घाटन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के माननीय अध्यक्ष द्वारा किया गया था ।

जहां तक शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबंधन का संबंध है, संविधान के 72वें तथा 73वें संशोधन को ध्यान में रखते हुए यद्यपि राज्य सरकार ने प्रारूप कानूनों को तैयार करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, सहभागिता वाले दृष्टिकोण को विकसित करने के लिए शिक्षा पर ग्राम शिक्षा समितियां गठित करने हेतु अनुदेश जारी किए जा रहे हैं। हरियाणा के मामले में, चूंकि प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों को छोड़कर सभी शिक्षक राज्य सरकार के कर्मचारी हैं इसलिए इन ग्राम समितियों को अनिवार्यतः सलाहकार और सहभागितापूर्ण स्वरूप का होना पड़ेगा । शिक्षक जिस समुदाय की सेवा करते हैं उसके प्रति कुछ हद तक शिक्षकों के दायित्व का हमें सुनिश्चित करना होगा ।

महोदय, स्कूल बैग के बोझ के संबंध में यशपाल समिति द्वारा कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें की गई हैं । यह बोझ सरकारी स्कूलों में अधिक नहीं है । अधिकांशतः प्राइवेट स्कूलों के मामले में ही विभिन्न व्यावसायिक और शैक्षिक कारणों से स्कूली बैग का बोझ बहुत अधिक है । हम इस बात से सहमत हैं कि कम से कम प्रारंभिक स्कूलों में कोई गृह कार्य नहीं दिया जाना चाहिए । स्कूल में लगभग 5-6 घंटे का कार्य पर्याप्त है। कुछ ऐसे चयनित स्कूलों में 3–3 घंटे की दो पालियां (शिफ्ट) शुरू करने की हमने एक प्रायोगिक परियोजना शुरू किया है जहां 3 से अधिक कक्षाकक्ष और 3 से अधिक शिक्षक नहीं है । तथापि, पूर्व-प्राथमिक/नर्सरी स्तर पर शिक्षा को विनियमित करने के लिए किसी कानून के पक्ष में हम नहीं हैं। प्रथमतः इस क्षेत्र में हमें अधिक जानकारी नहीं है तथा काफी प्रयोग करने की आवश्यकता है तथा द्वितीयतः यह समस्या मुख्यतः शहरी क्षेत्रों से संबंधित है । शैक्षिक प्रक्रिया तथा प्रयोग बेहतर विकल्प प्रतीत होगा । शिक्षा सचिवों के सम्मेलन में इस बात का उल्लेख करना उचित है कि इस मुद्दे पर और अधिक परिचर्या की आवश्यकता है ।

महोदय, स्कूली पाठ्य पुस्तक मूल्यांकन संबंधी राष्ट्रीय संचालन समिति के स्तर को संवैधानिक अधिकार प्राप्त राष्ट्रीय आयोग के स्तर तक ऊंचा उठाने के सुझाव से मैं सहमत हूं । हमें यह सुनिश्चित करना है कि कोर पाठ्यक्रम में मानवता और राष्ट्रीय एकता के मूल्यों पर बल दिया जाए तथा यह भद्दे तरीके से जोड़ लगाए जैसा न हो तथा शिक्षा प्रणाली समाज के विभाजन का एक साधन न बन जाए ।

हम भारत सरकार की चिंता में शामिल हैं तथा इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं कि संपूर्ण साक्षरता अभियान को सफल बनाया जाना चाहिए तथा राज्य सरकार को इस कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करनी चाहिए । यह कार्यक्रम हमारे राज्य के 7 जिलों में लागू किया जा रहा है । शीघ्र ही 2 और जिलों में यह कार्यक्रम शुरू किया जाएगा । चालू पंचवर्षीय योजना के समाप्त होने से पूर्व सभी 16 जिलों को इस कार्यक्रम के अंतर्गत शामिल कर लिया जाएगा । राज्य सरकार ने हरियाणा के महामहिम राज्यपाल की अध्यक्षता में एक राज्य स्तरीय उच्च अधिकार प्राप्त समन्वय समिति का गठन किया है । समिति अपनी त्रैमासिक बैठकों में इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन की समीक्षा करती है । इसके अलावा मेरा यह भी सुझाव है कि उत्तर-साक्षरता अभियानों पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है । इसे और गंभीरता से लिया जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नव साक्षर फिर से निरक्षर जैसे न हो जाएं। इसके लिए संपूर्ण साक्षरता अभियान के अंतर्गत शामिल गांवों में सतत शिक्षा की सुविधाएं और चल-पुस्तकालय की व्यवस्था करनी होगी । तथापि स्वयंसेवी एजेंसियों को साक्षरता का कार्य सौंपते समय उनके चयन में सावधानी बरती जानी चाहिए । एक ऐसा सिस्टम भी होना चाहिए जो जिलों में इस कार्यक्रम के कार्यन्वयन की निरंतर समीक्षा करता रहे ।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सोनेरी समिति जिन बातों को लेकर चिंतित है उन बातों से हम भी चिंतित हैं तथा इस दृष्टिकोण का समर्थन करते हैं कि विश्वविद्यालयों और कॉलिजों में उच्चतम शैक्षिक मानक स्थापित किए जाएं । विश्वविद्यालयों को स्वायत्तता प्रदान करने के साथ-2 उन्हें उत्तरदायी भी बनाना होगा । जाँच और संतुलन का एक उपयुक्त तंत्र भी हमें विकसित करना होगा ताकि यह सिस्टम जनता की आवश्यकताओं के प्रति जीवंत बन सके । हम निम्नलिखित से संबंधित सिफारिशों का भी समर्थन करते हैं :— पंचवर्षीय समीक्षा, प्रत्यायन व्यवस्था को कार्यरूप देना, सहायता को निष्पादन से जोड़ना, विश्वविद्यालय के शिक्षकों का वार्षिक मूल्यांकन तथा वित्तीय लेन-देन संबंधी मानदंड आदि ।

शैक्षिक पाठ्यक्रमों को सतत रूप से पुनर्गठित करना तथा प्रौद्योगिकी की दृष्टि से उनका मूल्यांकन करके उन्हें अद्यतन करना जरूरी है ताकि ज्ञान के विस्फोटक और सामाजार्थिक संघटन और व्यवहार संबंधी परिवर्तनों को इसमें शामिल किया जा सके । वित्तीय सहायता के ढांचे में एक अंतर्निर्मित प्रोत्साहन होना चाहिए । तथा उसमें सामाजार्थिक जरूरतों के प्रति पाठ्यक्रमों को और ज्यादा प्रासंगिक बनाने की बाध्यता भी होनी चाहिए । मेरा अनुरोध है कि इन लक्ष्यों को ध्यान में रखकर वित्तीय सहायता की एक उपयुक्त व्यवस्था के लिए विशेष अध्ययन किए जाने चाहिए ।

कालेजों को स्वायत्तता प्रदान करने से महत्वपूर्ण समस्याएं उत्पन्न होंगी तथा दूसरों द्वारा अनुकरण करने के लिए यदि हमने देश में किसी माडल को सृजित किया है तो मुझे आश्चर्य है । इसी तरह स्नातक की परीक्षाओं का कार्य किसी एक विश्वविद्यालय को सौंपने से गंभीर वित्तीय कठिनाइयां उत्पन्न होंगी जिनका सामना करना होगा । इसके अलावा परीक्षा शुल्क विश्वविद्यालयों के आय का महत्वपूर्ण स्रोत होता है । मैं इस सिफारिश का समर्थन करता हूं कि विभिन्न सिफारिशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए कार्यान्वयन और अनुश्रवण तंत्र पर एक स्थाई समिति गठित की जानी चाहिए ।

महोदय, विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व के प्रश्न पर बोलने के लिए मेरे पास कुछ भी नहीं है क्योंकि इस संबंध में हमें कोई अनुभव नहीं है ।

LIBRARY & DOCUMENTATION CENTRE
National Institute of Educational
Planning and Administration.
17-B, Sri Aurobindo Marg,
New Delhi-110016
D-9079
11-04-96

कर्नाटक के प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा मंत्री श्रीमती नागम्मा केशवमूर्ति का भाषण

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की इस 49वीं बैठक में शामिल होते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है । ये बैठकें शिक्षा पर विचारों के आदान-प्रदान के लिए तथा अन्य रा ज्यों के अनुभव से सीखने के लिए एक मंच प्रदान करती हैं ।

कर्नाटक ने परंपरागत रूप से शिक्षा को उच्च प्राथमिकता प्रदान की है । यह विशेष महत्व और संतोष की बात है कि यह राज्य अपने क्षेत्र के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देता है ।

पिछले दो दशकों के दौरान राज्य में स्कूली शिक्षा पद्धति का बहुत अधिक प्रसार हुआ है । कक्षा 1---7 में बच्चों की संख्या 28.35 लाख से बढ़कर 74.78 लाख हो गई । राज्य की कुल अनुमानित प्रवेश दर 6---10 आयु-वर्ग में लगभग 77% और 11---13 आयु वर्ग में 48% है ।

हालांकि शिक्षा के क्षेत्र में ये महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं तथापि, राज्य सरकार के लिए शिक्षा की गुणवत्ता और समानता बनाए रखने के मुद्दे अभी भी बने हुए हैं । कक्षा बीच में ही छोड़ देने वालों की दरें आज भी अस्वाभाविक रूप से अधिक है । यह स्वीकार करते हुए कि स्कूलों में प्रवेश का मुद्दा कोई अपने आप या एक बार के प्रयास में हल होने वाला मुद्दा नहीं है। राज्य सरकार ने प्रवेश की संख्या बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को कक्षा में बनाए रखने के लिए विशेष उपाय किए हैं । इसे और अधिक स्पष्ट रूप में कहा जा सकता है कि जुलाई, 1993 के दौरान राज्य में विशेष प्रवेश अभियान शुरू किया है । बच्चों को स्कूलों में रहने दो के नारे के साथ घर-घर जाने के गहन अभियान के दौरान 4.73 लाख बच्चों को या तो नया प्रवेश दिया गया या उन्हें फिर से स्कूली पद्धति के अंतर्गत लाया गया । हम प्रत्येक वर्ष समुदाय और ग्राम शिक्षा समितियों की मदद से ऐसे प्रवेश अभियान चलाना चाहते हैं ।

ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में बच्चों को स्कूलों में बनाए रखने तथा उन्हें बेहतर गुणवत्ता वाले स्कूलों की सुविधा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने पूर्णतया भिन्न और नवीन "अक्षय योजना" शुरू की है। योजना में बच्चों को स्कूल जाने के नाम पर सुविधाएं देने तथा स्कूली माहौल को अधिक आकर्षक बनाने का प्रयास किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि बच्चों को स्कूल जाने में खुशी मिल रही है। इस प्रकार कार्यक्रम के एक अंग के रूप में कक्षा 1 से 4 के प्रत्येक बच्चे को निःशुल्क भोजन, पाठ्यपुस्तकें और यूनिफार्म प्रदान करके उसे नियमित रूप से स्कूल जाने के लिए सुविधाएं प्रदान की जाती हैं । केन्द्रीय सरकार द्वारा प्रकाशित कार्रवाई योजना, 1992 को ध्यान में रखते हुए यह योजना बच्चे के चहुंमुखी विकास के लिए संसाधन उपलब्ध कराती है । अक्षय में वाद्य यंत्रों स्कूल के खेल के मैदानों का विकास और स्कूली पुस्तकालयों का भी प्रावधान है। साहस का भाव पैदा करने तथा उन्हें सांस्कृतिक विशेषताओं की पहचान कराने के लिए अक्षय में सांस्कृतिक और शैक्षिक्क महत्व के स्थानों के भ्रमण का भी प्रावधान है। चालू वर्ष के दौरान योजना के लिए राज्य सरकार द्वारा 67 करोड़ रु० की राशि प्रदान की गई है।

राज्य सरकार 2000 ई० सन् तक प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुल्लभीकरण के महत्वाकांक्षी और अनिवार्य लक्ष्य को प्राप्त करने के प्रति पूर्णतया समर्पित है । इसने पहले ही यह संकल्प व्यक्त किया है कि आठवीं पंचवर्षीय योजना के अन्त तक सरकार द्वारा प्रत्येक कक्षा के लिए एक शिक्षक और एक कक्षा-कक्ष प्रदान किया जाएगा। तदनुसार 8वीं पंचवर्षीय योजना की शेष अवधि के दौरान प्रत्येक वर्ष 12,000 कक्षा-कक्षों के निर्माण का एक नया कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसी प्रकार 8वीं पंचवर्षीय योजना के अंत तक 20,000 शिक्षकों की भर्ती करने का निर्णय लिया गया है और चालू वर्ष के दौरान 5,000 शिक्षकों की भर्ती करने के लिए कदम पहले से ही उठा लिए गए हैं ।

ग्रामीण स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार लाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधान सभा चुनाव क्षेत्र में माडल स्कूल स्थापित किए गए हैं । इन स्कूलों में सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं प्रदान की जानी हैं । ये सुविधाएं धीरे-धीरे अन्य स्कूलों में भी प्रदान किए जाने का लक्ष्य है। नीतिशास्त्र के विशेष रूप से तैयार पाठ्यक्रम के माध्यम से सरकार इन स्कूलों में अपने समाज के प्रति कदर की भावना जगाने की सम्भव्यता पर भी विचार कर रही है ।

राज्य सरकार स्कूली बच्चों के चहुंमुखी विकास पर भी बल दे रही है। शारीरिक शिक्षा को उच्च प्राथमिक स्कूलों का अभिन्न अंग बनाया जा रहा है और यह निर्णय लिया गया है कि जिन स्कूलों में 4 से अधिक शिक्षक हैं उनमें से एक शारीरिक शिक्षा के लिए शिक्षक होगा ।

छात्राओं को और समाज के पिछड़े वर्गों के तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जन जातियों के छात्रों को स्कूल जाने के लिए प्रोत्साहित करने की ओर हम विशेष ध्यान दे रहे हैं। इस प्रकार कक्षा 7 की छात्राओं और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजातियों के छात्रों को निःशुल्क यूनिफार्म एवं पाठ्य-पुस्तकें प्रदान की जाती हैं । राज्य सामाजिक कल्याण विभाग ने छात्राओं के लिए सुविधाओं की एक विशेष योजना शुरू की है। ग्रामीण क्षेत्र की जिन छात्राओं की कक्षा में उपस्थिति 80% से

अधिक है, उन्हें राज्य सरकार कक्षा 5 से 7 तक 10 माहीने के लिए 25/– रु० प्रतिमाह तथा कक्षा 8––10 तक 50/–/ रु० प्रतिमाह प्रदान करनी है ।

हाल ही में शिक्षकों की भर्ती की प्रक्रिया तेज करने के लिए विशेष प्रयास किए गए हैं। भविष्य में प्राथमिक स्कूलों में होने वाली भर्तियों में 50% पद महिलाओं के लिए आरक्षित रखने का प्रस्ताव है । ग्रामीण क्षेत्र के उम्मीदवारों को 15% अधिमानता देने का भी प्रस्ताव है। शारीरिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए 4% कुल उपलब्ध आरक्षण के अलावा भी राज्य सरकार ने स्कूलों में संगीत शिक्षकों के पदों को अर्हता प्राप्त नेत्रहीन उम्मीदवारों से ही भरने का निर्णय लिया है। जहां तक आज की बैठक के कार्यक्रम के विनिर्दिष्ट मुद्दे का प्रश्न है मैं यह उल्लेख करना चाहूंगी कि राज्य सरकार ने अपनी कार्रवाई योजना को तैयार करने के लिए कार्यवाही पहले ही शुरू कर दी है ।

विकेन्द्रीकृत प्रबंधन पर केब समिति की रिपोर्ट के संबंध में कर्नाटक के पास पहले से ही एक सुव्यवस्थित जिला परिषद् स्थापित है और यह शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबंधन के लिए प्रतिबद्ध है । राज्य के पास पंचायत स्तर पर ग्राम शिक्षा समितियां हैं। जिला की योजनाएं जिला स्तर पर तैयार की जाती हैं । मैं यह महसूस करती हूं कि प्रत्येक राज्य को विकेन्द्रीकरण की दिशा में अपना प्रयास निर्धारित करने की अनुमति दी जानी चाहिए और जो राज्य इस क्षेत्र में पहली बार प्रयास कर रहे हैं उनके लिए विशेष तौर पर विभिन्न राज्यों के बीच आदान-प्रदान की प्रक्रिया बड़ी लाभप्रद होगी।

जहां तक यशपाल समिति की रिपोर्ट का प्रश्न है कोई भी इस बात से असहमत नहीं हो सकता है कि हमारे स्कूल के बच्चों पर अधिक बोझ है। समिति द्वारा की गई सिफारिशों में काफी गुण हैं । तथापि, मेरा यह मत है कि हमारे स्कूलों की स्थितियां प्रत्येक राज्य में और प्रत्येक क्षेत्र में इतनी भिन्न हैं कि सभी राज्यों में सभी स्कूलों के लिए एक सिर्धारण नहीं किया जा सकता है । इसीलिए जिन नवीन परिवर्तनों का सुझाव दिया गया है उन्हें शुरू करने के पहले समिति की कुछ सिफारिशों को देखने और ग्रामीण क्षेत्रों की वास्तविक स्थितियों को ध्यान में रखने की आवश्यकता है। तथापि मैं यहां यह कहना चाहूंगी कि यह वास्तव में सही दिशा में सही कदम है कि हम बच्चों पर खासकर प्राथमिक स्तर के बच्चों पर बोझ को कम करने के बारे में गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

पाठ्यपुस्तकों के मूल्यांकन के लिए सांविधिक लधिकारों से मुक्त प्रस्तावित राष्ट्रीय आयोग के संबंध में मैं यह समझती हूं कि इस प्रस्ताव के संबंध में और अधिक स्पष्टीकरण की आवश्यकता है। यह विचार कि पाठ्यपुस्तकों को सांप्रदायिक और क्षेत्रीय पूर्वाग्रहों और स्त्री-पुरूष के भेद-भाव से मुक्त होना चाहिए और किसी राजनीतिक उद्देश्य से इसका उपयोग नहीं किया जाना चाहिए, अपूर्व विचार है। हम कैसे इस बात को सुनिश्चित करें कि पाठ्यपुस्तकों का गलत उपयोग नहीं किया जाता है और विद्यार्थियों का हित और शैक्षिक उत्कृष्टता ही पाठ्यपुस्तक को तैयार करने का मापदण्ड है, इसकी सावधानीपूर्वक जांच की जानी चाहिए ।

विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर केब समिति ने कुछ महत्वपूर्ण सिफारिशें की हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि सिफारिशें उचित विचार करने के बाद और विगत काल में विधान परिषद में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व होने की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए की गई है। मैं समझती हूं समिति की सिफारिशें इस मुद्दे पर निर्णय लेने की विस्तृत प्रक्रिया का केवल एक अंग है और इस विषय पर सरकार के विभिन्न मंचों पर और अधिक विचार–विमर्श किया जाएगा।

निष्कर्ष में मैं यह फिर से दोहराना चाहूंगी कि प्रारंभिक शिक्षा का सर्वसुलभीकरण एक ऐसा लक्ष्य है जो कर्नाटक सरकार के लिए प्रिय और महत्वपूर्ण है। उनके कमियों के बावजूद हम इस दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाना चाहेंगे ।

धन्यवाद ।

श्री एम० नटराजन सलाहकार, महामहिम राज्यपाल मध्य प्रदेश का भाषण

केन्द्र एवं राज्य सरकारों को शिक्षा से संबंधित मामलों पर सलाह देने वाली सर्वोच्च संस्था केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक में भाग लेने में मुझे अत्यन्त प्रसन्नता है। इस बोर्ड की मई 1992 में आयोजित बैठक में की गई अनुशंसाओं के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में महत्वपूर्ण संशोधन किए गये थे। भारत शासन ने इसी अनुक्रम में पुनरीक्षित कार्य योजना तैयार की तथा उसी की अनुरूपता पर हम भी मध्यप्रदेश में राज्य से संबंधित कार्य योजना तैयार कर रहे हैं।

2. पुनरीक्षित कार्य योजना 1992 के आधार पर भारत शासन ने मुख्य केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं में संशोधन कर आठवीं पंचवर्षीय योजना में चालू रखने का निर्णय लिया है। शैक्षिक रूप से पिछड़े अल्पसंख्यकों के लिए भी एक योजना प्रारंभ की गई है। मध्यप्रदेश में अपने औपचारिकेतर शिक्षा की पुनरीक्षित योजना को दिनांक 1 अक्तूबर, 1993 से ही लागू कर दिया है तथा अन्य योजनाओं से भी हम अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने का पूरा प्रयास करेंगे।

3. केन्द्र सरकार द्वारा इस वर्ष से जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम लागू करना, प्राथमिक शिक्षा के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण घटना है। मध्यप्रदेश ने इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिला योजना तैयार करने के लिये विस्तृत दिशा निर्देश तैयार किये हैं तथा 19 जिलों के जिला योजना प्रारूप तैयार भी कर लिये गये हैं जिनकी केन्द्र शासन के अधिकारियों के नेतृत्व में योजनापूर्व समीक्षा भी की जा चुकी है। इन योजनाओं को क्रियान्वित करने के लिये हम एक स्वायत्त संस्था का निर्माण कर रहे हैं। पूर्वसमीक्षा दल के सुझाव के आधार पर 19 जिलों की जिला योजनाएं संशोधित की जायेंगी। इस बीच मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करूंगा कि जिला प्राथमिक शिक्षा योजना सहायता की प्रथम किश्त तत्काल जारी की जाए ताकि अगले शिक्षा सत्र से इस कार्यक्रम को पूरी तैयारी के साथ लागू करने के लिये अन्य प्रारंभिक गतिविधियां तथा योजनाएं तैयार की जा सकें।

4. मैं सदन को याद दिलाना चाहूंगा कि पुनरीक्षित राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1992 में प्रारंभिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण के लिए एक राष्ट्रीय मिशन स्थापित करने का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। यद्यपि जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम स्वागत योग्य है, किन्तु यह पूर्ण रूप से राष्ट्रीय मिशन का विकल्प नहीं हो सकता। इसलिये मैं केन्द्र सरकार से अनुरोध करूंगा कि राज्य सरकारों से विस्तृत विचार विमर्श कर राष्ट्रीय मिशन को शीघ्रता से लागू करने की कार्रवाई की जाए।

5. जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम के संदर्भ में ऊपर उल्लिखित कार्यक्रमों के अतिरिक्त म० प्र० में स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में पिछले एक वर्ष में उठाये गये महत्वपूर्ण कदमों के बारे में इस सदन को मैं अवगत कराना चाहूंगा :

(i) प्राथमिक स्कूलों तथा एकीकृत बाल विकास कार्यक्रमों में और अधिक समन्वय स्थापित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले बच्चों के लिये स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम पूरे प्रदेश में लागू किया गया है, ताकि ऐसे छात्र प्राथमिक शाला के वातावरण में अपने आपको जल्दी ढाल सकें। हम प्राथमिक शिक्षा को बाल केन्द्रित बनाने का प्रयास भी कर रहे हैं। अगले शिक्षा सत्र से इन कार्यक्रमों के परिणाम प्राप्त होने प्रारंभ हो जायेंगे।

(ii) स्कूल स्तर के सभी बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण का प्रदेश व्यापी कार्यक्रम इस वर्ष से प्रारंभ किया गया है। प्रदेश के लगभग 1.25 करोड़ स्कूली छात्र/छात्राएं इस कार्यक्रम से लाभान्वित होंगे।

(iii) प्राथमिक कक्षाओं में पढ़ने वाले कमजोर वर्ग के छात्र/छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने की योजना को इस वर्ष व्यवस्थित किया गया है और समय पर पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराने का उद्देश्य काफी हद तक पूरा कर लिया गया है।

(iv) सहायक शिक्षक तथा शिक्षकों के लगभग 17,300 रिक्त पदों को भरने की कार्रवाई प्रगति पर है। ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में शिक्षकों के असंतुलन को कम करने के लिए युक्तियुक्तकरण की कार्रवाई की गई है।

(v) राज्य के पांच जिलों में केन्द्र सरकार तथा यूनीसेफ की सहायता से शिक्षक समाख्या नाम से एक नवाचार प्रारंभ किया गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षकों को निरंतर व्यावसायिक मदद उपलब्ध कराना है ताकि उनमें अलगाव की भावना दूर की जा सके और उनमें व्यावसायिक दक्षता तथा स्वाभिमान का विकास किया जा सके और जिसके फलस्वरूप प्राथमिक शिक्षा में गुणवत्ता लाई जा सके। मुझे यह बताने में प्रसन्नता है कि इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सम्मिलित शिक्षकों ने इस कार्यक्रम के प्रति काफी रुचि दिखाई है और हमें आशा है कि उनके इस उत्साह को न केवल बनाये रखने बल्कि इसे और बढ़ाने में इस कार्यक्रम से सहायता मिलेगी।

(vi) केन्द्रीय सहायता से प्रारंभ की गई जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थाएं राज्य के 45 जिलों में से 44 जिलों में पूर्व से ही कार्य कर रही हैं तथा उन्हें पुनः सुदृढ़ किया जा रहा है। आपरेशन ब्लेक बोर्ड योजना के अन्तर्गत प्राथमिक शालाओं को प्रदाय की गई शैक्षिक सामग्री के उपयोग की तरफ तो ध्यान दिया ही जा रहा है साथ ही अन्य केन्द्र प्रवर्तित योजनाओं जैसे व्यावसायिक शिक्षा योजना तथा विज्ञान शिक्षा सुधार योजनाओं के क्रियान्वयन को भी व्यवस्थित किया जा रहा है।

(vii) मध्य प्रदेश पहला राज्य है जहां शैक्षिक सांख्यिकी तथा आयोजना को कम्प्यूटरीकृत करने का बड़े स्तर पर प्रयास किया गया है। 45 में से 29 जिलों में हम यह कार्य प्रारंभ कर चुके हैं तथा अगले 2 वर्षों में पूरे देश में इसे लागू किया जा सकेगा।

(viii) प्राथमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम को, बाल केन्द्रित बनाने, न्यूनतम अधिगम स्तर प्राप्त करने योग्य बनाने तथा यशपाल समिति की अनुशंसाओं के अनुरूप बनाने की दृष्टि से पुनरीक्षित करने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसके उपरान्त प्राथमिक स्तर की पाठ्य पुस्तकों का पुनरीक्षण भी किया जायेगा।

(ix) पूर्ण साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य के 13 जिलों को पूर्ण रूप से तथा 10 जिलों को आंशिक रूप से साक्षर करने के लिए चुना गया है। तीन अन्य जिलों के प्रस्ताव राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण के विचाराधीन है। मध्य प्रदेश के नरसिंहपुर जिले को जुलाई, 1992 में ही पूर्ण साक्षर घोषित किया जा चुका है।

6. उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हम इस बात से सहमत हैं कि शिक्षा व्यवस्था में विकेन्द्रीकरण बेहतर प्रबंधन के लिए अनुकूल होगा। वास्तव में म० प्र० में इस दिशा में अनेक कदम उठाये गये हैं कुछ विश्वविद्यालयों में अध्ययन केन्द्र (स्कूल आफ स्टडीज) स्थापित किये गये हैं तथा उनके संचालन में पर्याप्त स्वायतता भी दी गई है जिसके अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। प्रदेश के चुने हुए 25 महाविद्यालयों को स्वायतता प्रदान की गई है जिनमें 19 शासकीय महाविद्यालय तथा 6 अशासकीय महाविद्यालय हैं। स्वायतता प्राप्त कुछ शासकीय महाविद्यालय बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। इन विद्यालयों में व्यवसायोन्मुख पाठ्यक्रम प्रारंभ किये गये हैं, प्रवेशपरीक्षा के आधार पर प्रवेश दिया जाता है, परीक्षाएं महाविद्यालयों द्वारा स्वयं ली जाती हैं तथा परीक्षा सुधार कार्यक्रम लागू किये गये हैं। स्वशासी महाविद्यालयों की योजना तैयार करते समय शासकीय महाविद्यालयों की आवश्यकताओं तथा प्रणाली को ध्यान में रखा गया था किन्तु शासकीय महाविद्यालयों की आवश्यकताओं तथा प्रणाली की उपेक्षा की गई प्रतीत होती है। इसलिए यह आवश्यक है कि स्वशासी महाविद्यालयों की प्रणाली में पर्याप्त लचीलापन होना चाहिए ताकि शासकीय महाविद्यालयों की आवश्यकताओं की भी पूर्ति हो सके। म० प्र० में शासकीय स्वशासी महाविद्यालयों को क्रियात्मक स्वायत्ता इसलिए प्रदान की गई है ताकि वे इस योजना के उद्देश्यों को प्राप्त कर सकें। हमारे प्रदेश में 412 शासकीय महाविद्यालय हैं जो कि उच्च शिक्षा के 80% छात्रों की आवश्यकता पूरी करते हैं। इन महाविद्यालयों के शिक्षकों का राज्य स्तरीय संवर्ग है। इस संवर्ग को महाविद्यालयवार विभाजित करना कठिन कार्य है क्योंकि इससे कानूनी एवं अन्य समस्याएं पैदा होंगी। इसलिए क्रियात्मक स्वायत्ता देते समय यद्यपि पर्याप्त सेवा सुरक्षा प्रदान की गई है किन्तु फिर भी संवर्ग को विभाजित नहीं किया गया है। अधिक महाविद्यालयों को स्वायतता प्रदान करने के पूर्व, जैसाकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति और कार्य योजना में अपेक्षा की गई है, ऐसी बहुत सी कानूनी व अन्य संबंधित समस्यायें हैं जिन्हें हल करना आवश्यक होगा। हमारा सुझाव है कि योजना में आवश्यक सुधार किया जाये ताकि अधिक से अधिक शासकीय महाविद्यालयों को स्वशासी महाविद्यालयों में परिवर्तित किया जा सके। स्वशासी महाविद्यालयों तथा उनमें कार्यरत स्टाफ के लिए जवाबदेही, मानीटरिंग तथा संशोधन तंत्र को उपयुक्त प्रणाली की भी आवश्यकता हम अनुभव करते हैं।

7. हमारे प्रदेश में, सभी विश्वविद्यालय शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के पूर्व अपना अकैडेमिक कलेन्डर तैयार करते हैं और इसका अनुमोदन समन्वय समिति करती है जिसके अध्यक्ष कुलाधिपति तथा सदस्य, सभी कुलपतिगण होते हैं। म० प्र० विश्वविद्यालय संशोधन अधिनियम 1991 में किये गये प्रावधानों के अनुसार विश्वविद्यालयों की वार्षिक रिपोर्ट प्रदेश की विधान सभा के पटल पर रखी जाती है। उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने की जिम्मेदारी म० प्र० उच्च शिक्षा अनुदान आयोग को भी सौंपी गई है।

8. हम यह अनुभव करते हैं कि म० प्र० में कुलाधिपति के कार्यालय को विजिटर तथा कुलाधिपति के कार्यालयों में विभाजित करने से कोई लाभ नहीं होगा। कुलाधिपति के वर्तमान कार्य को संशोधित करने संबंधी अनुशंसा पर निर्णय करने का अधिकार राज्य शासन के ऊपर छोड़ देना चाहिए।

9. उच्च शिक्षा संस्थाओं में अनुसंधान तथा विकास से संबंधित समस्याओं तथा कमियों के संबंध में कार्य योजना में चिंता प्रकट की गई है कि इस दिशा में किये गये अधिकांश प्रयास कुछ संस्थाओं में ही केन्द्रित हैं तथा पूरी व्यवस्था में इनका प्रसार नहीं हुआ है। यह इस संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि जहां सभी संस्थाओं में अनुसंधान और विकास की संस्कृति विकसित करने की आवश्यकता है वहीं कुछ चुनी

हुई संस्थाओं को उत्कृष्टता के केन्द्रों के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। यह निर्विवाद है कि अनुसंधान तथा विकास संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा देना चाहिए। म० प्र० में हम प्रत्येक जिला मुख्यालय पर एक अच्छे विज्ञान महाविद्यालय को चुनने का विचार कर रहे हैं जिसमें अनुसंधान के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएं तथा इन सुविधाओं को जिले में अनुसंधान कर्त्ताओं को उपलब्ध कराया जाये। कार्य योजना में यह अपेक्षा की गई है कि विज्ञान शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उच्च शिक्षा अनुदान आयोग प्रत्येक जिले के कम से कम एक विज्ञान महाविद्यालय को आधुनिक प्रयोगशाला तथा उपकरणों से सुसज्जित करें। हमारा सुझाव है कि उच्च शिक्षा अनुदान आयोग तथा राज्य सरकारें सम्मिलित रूप से ऐसे महाविद्यालय चुनें तथा उन्हें आधुनिक प्रयोगशाला तथा उपकरणों से सुसज्जित करें जिससे इन विद्यालयों में विज्ञान शिक्षा के अतिरिक्त अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके।

10. हमें प्रसन्नता है कि 73वां तथा 74वां संविधान संशोधन पारित होकर लागू किया जा रहा है जिससे निचले स्तर के लोगों को अधिकार देने के संबंध में दूरगामी प्रभाव होंगे और विकास की प्रक्रिया में वे अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर सकेंगे। इस बोर्ड द्वारा कर्नाटक के माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में गठित समिति की अनुशंसाओं का हमने अध्ययन किया है। सामान्यतया: हम उनसे सहमत हैं यद्यपि कुछ आवश्यक संशोधन कराने के लिए हमें राज्य में विधान सभा के गठन की प्रतीक्षा है। शैक्षिक प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में मैं सदन को स्मरण दिलाना चाहूंगा कि हमारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति में एक राष्ट्रीय शैक्षिक सेवा के गठन की परिकल्पना की गई है। हमारी बहुत सी योजनाओं की सफलता हमारी प्रशासनिक कार्यप्रणाली के सुधार पर निर्भर करती है। देश में शैक्षिक प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए अखिल भारतीय शिक्षा सेवा के गठन संबंधी सुधार का कार्य बहुत अर्से से लंबित है, यद्यपि यह एक कठिन कार्य है, मैं केन्द्र तथा राज्य सरकारों से आग्रह करना चाहूंगा कि इस कार्य को शीघ्रातिशीघ्र हाथ में लिया जाये।

11. अंत में, केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की इस बैठक की सफलता के लिए मैं अपनी हार्दिक शुभकामनाएं अभिव्यक्त करता हूं।

श्री प्रभाकर धारकर, उच्च एवम् तकनीकी शिक्षा मंत्री, महाराष्ट्र राज्य का भाषण

उच्च तथा प्रौद्योगिकी शिक्षा की दृष्टि से, मैं यह समझता हूं कि यह बैठक सर्वाधिक उचित अवसर पर बुलाई गई है। हम एक ऐसी स्थिति के सन्दर्भ में मिल रहे हैं जहां न्यायिक उद्घोषणाओं की अधिकता के कारण अरबों प्रतिभाशाली युवा विद्यार्थियों की शैक्षिक महत्वाकांक्षा पर उनके भविष्य को लेकर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे हैं। हालांकि उन्नीकृष्णन मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से अनेक विद्यार्थियों के लिए कम खर्च पर उच्च एवम् प्रौद्योगिक शिक्षा प्राप्त करने के अनेक नये अवसर खुले हैं तथापि इस निर्णय के विरुद्ध पुर्नविचार करने की कई याचिकायें दायर की गई हैं उनमें से एक पर अभी 7 अक्तूबर, 1993 को ही निर्णय दिया गया है। उन्नीकृष्णन मामले में अलग-अलग ढंग से उच्च न्यायालय की व्याख्याओं से तथा कभी कभी-उसी उच्च न्यायालय की विभिन्न शाखाओं द्वारा उसी निर्णय के अलग-अलग व्याख्याएं करने से तथा सम्पूर्ण प्रवेश प्रणाली को दुबारा दोहराते रहने से स्थिति खराब हो गई। मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि इन सभी समस्याओं के बावजूद, हम प्रवेश प्रक्रिया को पूरा करने में और नयी कक्षाओं में उचित प्रकार से शिक्षण आरंभ कराने में समर्थ रहे हैं। लेकिन मुझे यह भी कहना है कि मुझे अगले वर्ष इसी संघर्ष से गुजरने की आशंका है। इसी प्रयोजनार्थ मैं निम्नलिखित दो सुझाव देना चाहूंगा :—

(1) हालांकि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय से शिक्षा के वाणिज्यकरण के नियंत्रण में कुछ विस्तार करने के कार्य में सफलता मिली है, तथापि इससे नये अनौचित्य का उत्पन्न होना भी रुका है। इसलिए मैं इन समस्याओं को विचार-विमर्श द्वारा सुलझाने के लिए और विशिष्ट समय-सीमा के अन्तर्गत एक सहमत कार्यक्रम (पैकेज) पर चर्चा करने के लिए केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की इस बैठक द्वारा एक दल के गठन का सुझाव देना चाहूंगा। समस्याओं के सुलझने तक दल की बैठकें प्रतिदिन होनी चाहिए इसके पश्चात् कार्यक्रम (पैकेज) माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा सकता है ताकि सभी के लिए विवाद को एक बार ही समाप्त किया जा सके।

(2) सामान्यतया शिक्षा के क्षेत्र में तथा विशेष रूप से प्रवेश प्रक्रिया में न्यायिक व्याख्याओं को सीमित करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। आज किसी भी व्यक्ति या समूह के लिए रिट याचिका दायर करना तथा लाखों विद्यार्थियों के भविष्य को जोखिम में डालकर सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया को ठप्प करा देना सम्भव है। इसलिए मैं प्रवेश न्यायाधिकरण या केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा पहले से ही गठित किये गये प्रशासनिक न्यायाधिकरण की तर्ज पर शैक्षिक न्यायाधिकरण के गठन का सुझाव देना चाहूंगा। इसके लिए संविधान में संशोधन करने की आवश्यकता पड़ेगी जिसके लिए कार्यवाही अभी शुरू की जा सकती है। इसे अगले शैक्षिक वर्ष शिक्षा सत्र से पहले ही पूरा किया जा सकता है।

महोदय, मैं यह जानता हूं कि आज हम लोग यहां पर दूरगामी परिणामों से सम्बन्धित कुछ मुद्दों पर विचार-विमर्श करने के लिए एकत्रित हुए हैं और हमें प्रवेश से सम्बन्धित तात्कालिक समस्याओं में नहीं फंसना चाहिए।

जहां तक कार्य-सूची का सम्बन्ध है, मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता हो रही है कि महाराष्ट्र में हम एक नया विश्वविद्यालय अधिनियम बना रहे हैं। जिसमें ज्ञानम समिति की बहुत सी सिफारिशों को शामिल किया गया है हम इन सिफारिशों पर तैयार की गई केब समिति की रिपोर्ट का भी सावधानीपूर्वक अध्ययन करेंगे तथा यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि यथासंभव ये सिफारिशें नये विधान में प्रतिबिम्बित हों। मैंने उच्च, तकनीकी तथा व्यावसायिक शिक्षा पर शिक्षा सचिवों की सिफारिशों का भी ध्यानपूर्वक अध्ययन किया है तथा मुझे अपने पूरे हृदय से इनका समर्थन करने में कोई हिचकिचाहट नहीं है। दल ने वास्तव में बहुत ही कम समय में प्रशंसनीय काम किया है।

महोदय, घोषणापत्र मेरे पास ही है, मैं इस भव्य निकाय के विचार-विमर्श के लिए निम्नलिखित कुछ सुझाव देना चाहूंगा जो निम्नलिखित हैं :—

(1) जन संसाधनों पर दबाव देने से तथा शिक्षा तथा तकनीकी शिक्षा के लिए मांग से हमें ऐसी शिक्षा की पूरी लागत के लाभदायी भुगतान के लिए अपरिहार्य प्रयास करने हैं। तथापि नीति निर्माता के रूप में, यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य कि लागत यथासम्भव कम रखी जाये। इसलिए मैं ए० आई० सी० टी० ई०, भारतीय चिकित्सकीय परिषद्, भारतीय फार्मेसी परिषद्, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा इसी प्रकार की दूसरी सभी संस्थाओं से यह देखने के लिए अनुरोध करता हूं कि यदि सम्भव हो तो गुणवत्ता से समझौता किये बगैर स्थान, उपकरण तथा उनके द्वारा मांगे गये प्रति

विद्यार्थी शिक्षण तथा गैर-शिक्षण स्टाफ की आवश्यकताओं के लिए वर्तमान कठोर नियमों में ढील दी जाये। इसी प्रकार वे यह भी निर्धारित कर सकते हैं कि चिकित्सकीय पुरातात्विक अभियान्त्रिकी फार्मेसी तथा ऐसे ही दूसरे पाठ्यक्रम डिग्री स्तर के लम्बी अवधि के होने चाहिए या नहीं। प्रयास काम के लिए इन विद्यार्थियों को सक्षम बनाने के लिए यथासंभव शीघ्र किये जाने चाहिए और यदि आवश्यक हो तो 3 या 4 वर्ष के अनुभव के पश्चात् उन्हें वापिस आने के लिए सक्षम बनाया जा सकता है। यदि यह सुझाव स्वीकार करने योग्य हो तो इनसे शिक्षा के खर्च में कमी आयेगी तथा यह और अधिक रोजगारोन्मुख हो सकेगी। मुझे विश्वास है यदि केन्द्रीय सांविधिक प्राधिकरण राज्य स्तर पर कार्य कर रहे राज्य प्राधिकरणों से अपने तालमेल को बढ़ा ले तो कोई रास्ता निकाला जा सकता है।

(2) राज्य में हमने शिक्षा के व्यावसायीकरण से सम्बन्धित कुछ अध्ययन कराये हैं तथा हमने यह पाया कि व्यावसायिक शिक्ष स्वरूप में त्रैमासिक होने से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में असफल रही है। इस अध्ययन से यह पता चलता है कि अधिकांश विद्यार्थी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को व्यावसायिक महाविद्यालयों में पहुंचने की दृष्टि से एच० एस० सी० में अधिकतम अंक प्राप्त करने के साधन के रूप में देखते हैं। दूसरी ओर भारतीय औद्योगिक संस्थाओं से उत्तीर्ण होने वाले 70 से 80 प्रतिशत विद्यार्थी लाभप्रद रोजगार प्राप्त करने के सक्षम होते हैं। शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से लाभप्रद रोजगार के लिए फिट होने से, मेरा यह सुझाव है कि अधिक से अधिक भारतीय औद्योगिक संस्थान खोलने के लिए विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में, उपलब्ध संसाधन दिये जायें। रोजगार एवं प्रशिक्षण महानिदेशक भी कृपया यह देखें कि क्या वास्तव में रेफ्रिजरेशन, घड़ी मरम्मत जैसे विषयों के लिए दो वर्ष का पाठ्यक्रम आवश्यक है या नहीं।

(3) देश में विश्व बैंक की सहायता से पालिटेक्निकों और भारतीय औद्योगिक संस्थाओं के आधुनिकीकरण एवं स्तरोन्नयनीकरण की परियोजनायें पहले से ही कार्यान्वित की जानी हैं। मैं भारत सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह विश्व बैंक से अभियान्त्रिकी महाविद्यालयों के इसी प्रकार के स्तरोन्नयन तथा हमारे अभियांत्रिकी स्नातकों को उनके क्षेत्रों में हुई नवीनतम तकनीकी विकास से अवगत कराने के लिए एक वार्ता करें।

(4) दूसरे विश्वविद्यालयों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की आवंटन प्रणाली की बुद्धिसंगत व्याख्या की आवश्यकता है। मामला दर मामला के आधार पर योजना आयोजना को संस्वीकृति प्रदान करने की विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की वर्तमान प्रणाली तथा केवल एक योजना अवधि के लिए वित्तीय सहायता देने के पश्चात् हट जाना राज्यों पर भारी वित्तीय बोझ है। इसके अतिरिक्त स्थायी आधार पर विश्वविद्यालयों के लिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सहायता को विस्तृत करने के लिए राज्य सरकारों की सहमति से कुछ पैरामीटर होने चाहिए।

महोदय, विश्वविद्यालयों की आर्थिक स्थिति उच्च स्तरीय बैठक के लिए विशेष चिन्ता का विषय होनी चाहिए। विशेष चिन्ता का एक क्षेत्र विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा मानविकी के क्षेत्र में सीमावर्ती क्षेत्रों में डाक्टरेट तथा डाक्टरेट के पश्चात अनुसंधान कार्य करने की उपेक्षा है। यदि इन क्षेत्रों की उपेक्षा लम्बे समय तक की जाती रही तो आने वाले वर्षों मे राष्ट्र को भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। मैं इस उद्देश्य के लिए व्यापार एवं उद्योग से उदार अंशदान देने के लिए एक अपील द्वारा राष्ट्रीय दान के सृजन के लिए सुझाव देता हूं।

महाराष्ट्र राज्य के स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सलीम जकारिया का भाषण

शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में राज्य सरकार की उपलब्धि का लेखा-जोखा देने से पूर्व उन लोगों के प्रति संवेदना तथा सम्मान के रूप में गहरा शोक व्यक्त करना मैं अपना सब से बड़ा कर्तव्य समझता हूं जिनकी उस अप्रत्याशित भूकम्प में जानें चली गई जिसने 30 सितम्बर 1993 की विनाशक रात्रि में हमारे राज्य के लातूर और उस्मानाबाद जिलों को क्षति पहुंचाई।

यह ऐसी दुःखद घटना है जिसके पीड़ितों के घावों की भरपाई कर पाना कठिन है हमारे प्रिय मुख्य मंत्री के कुशल मार्गदर्शन तथा गतिशील नेतृत्व में राज्य प्रशासन ने बचाव तथा सहायता अभियानों की अविश्वसनीय चुनौती का सामना करने के लिए अपने तन्त्र को तेज कर दिया है। मुझे यहां यह उल्लेख करते हुए दुःख हो रहा है कि गहरे सदमें से ग्रसित प्रभावित गांवों में सभी स्कूल धराशायी हो गए हैं तथा उनके तत्काल पुनर्निर्माण की आवश्यकता है ।

मेरी राज्य सरकार समय-समय पर रिपोर्टें भेज कर, प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्रों में हुई प्रगति से मानव संसाधन विकास मंत्रालय को अवगत कराती रही है। मैं केवल उन क्षेत्रों पर प्रकाश डालूंगा जिन पर केन्द्रीय शिक्षा सहलाकार बोर्ड को विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता

कार्रवाई योजना का क्रियान्वयन

महोदय, जैसाकि आपको मालूम है कि मेरी राज्य सरकार ने राज्य कार्रवाई योजना तैयार करने के लिए कार्य बल नियुक्त किया है, इस कार्य बल में जनता के प्रतिनिधि, शिक्षाविद, क्षेत्रीय अधिकारी और स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि शामिल हैं, इसने सभी व्यावहारिक पहलुओं को ध्यान में रखने के बाद, राज्य कार्रवाई योजना (एस० पी० ओ० ए०) तैयार की है तथा राज्य सरकार को विचारार्थ भेज दी है। कार्य-बल ने प्रारंभिक शिक्षा को जन-जन तक पहुंचने, इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अपेक्षित संसाधनों और इन कार्यकलापों के लिए अपेक्षित प्रबन्ध ढांचे हेतु राज्य कार्रवाई योजना (एस० पी० ओ० ए०) की सिफारिश की है। इसके अतिरिक्त कार्य बल ने निम्नलिखित के लिए अनेक कार्यक्रमों की सिफारिश की है :—

(i) कम नामांकन, कम उपस्थिति और पढ़ाई बीच में छोड़ जाने वालों की समस्याओं में सुधार करना, और

(ii) शिक्षा की कोटि, शिक्षकों के प्रशिक्षण की गुणवत्ता आदि में सुधार करना।

राज्य कार्रवाई योजना को लागू करने के लिए, कार्य-बल ने संसाधनों को जुटाने हेतु कुछ उपायों को सुझाव दिया है। इसने यह भी सिफारिश की है कि राज्य सरकार का उक्त उद्देश्यों को एक समय ढांचे के अंदर प्राप्त करने के लिए अतिरिक्त राशि उपलब्ध करानी चाहिए। अतः कार्य-बल ने यह सिफारिश की है कि शिक्षा पर व्यय के वर्तमान स्तर को 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 25 प्रतिशत किया जाए।

जैसाकि आप जानते हैं कि राज्य सरकार हाल में विकट वित्तीय अभाव का सामना कर रही है। मुझे संदेह है कि विशाल राशियों के कारण इसे आघात लगेगा क्योंकि विशाल राशियों को भूकम्प प्रभावित क्षेत्र में बचाव और राहत कार्यों में लगाया जाना है। इसका निश्चित रूप से राज्य में अन्य कार्यक्रमों की भान्ति राज्य कार्रवाई योजना के क्रियान्वयन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। अतः भारत सरकार से मेरा यह अनुरोध है कि या तो सहायता अनुदान के रूप में अथवा किसी अन्य रूप में जैसा भी भारत सरकार उचित समझती हो, पर्याप्त वित्तीय सहायता प्रदान करे।

शिशु देखभाल और शिक्षा

सार्वजनीन नामांकन नियमित उपस्थिति, और बच्चों द्वारा अपनी शिक्षा जारी रखना बनाए रखने के लिए इस कार्यक्रम के महत्व को देखते हुए राज्य सरकार ने राज्य में सभी गांवों को शिशु शिक्षा की सुविधाएं प्रदान करने हेतु नीति निर्णय लिया है। मेरे विभाग ने प्रत्येक प्राथमिक स्कूल से संलग्न बाल-वाड़ी खोलने का कार्यक्रम चरणबद्ध रूप में आरंभ कर दिया है। अब तक 21,941 बालवाडियां खोली गई हैं और यह सुविधा इन गांवों के कार्य-बल ने यह भी सिफारिश की है कि जिला स्तर पर तथा तालुका स्तर पर शिक्षा के प्रबन्ध, पर्यवेक्षण नियंत्रण और मानीटरिंग के लिए निकाय अलग से स्थापित किए जाएं सिफारिशें राज्य सरकार के विचाराधीन हैं।

न्यूनतम अध्ययन स्तर

शिक्षा का न्यूनतम मानक और कोटि को सुनिश्चित करना उन समस्याओं में से एक है जिनका सामना प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में किया जा रहा है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् ने कक्षा I और II के लिए न्यूनतम अध्ययन स्तर पर आधारित परीक्षा भी तैयार की हैं। कक्षा III और IV के टैस्ट मुद्रणाधीन हैं। इस प्रयोजनार्थ हस्त पुस्तिकाएं भी तैयार की गई हैं। शिक्षकों के लिए एक सामूहिक प्रशिक्षण कार्यक्रम पिछले वर्ष से पहले ही आरंभ कर दिया गया है। संक्षेप में, अब हम आश्वस्त हैं कि निकट भविष्य में हम प्रारंभिक शिक्षा के उचित मानक को बनाए रखेंगे ।

सामाजिक वित्त

किसी विकासात्मक कार्यकलाप विशेष रूप से शिक्षा में स्थानीय समुदाय की सहभागिता के महत्व के विचार की दृष्टि से

राज्य सरकार ने राज्य के लोगों से शिक्षा के विकास के लिए अपने-अपने साधनों को उदारता से दान करने की अपील की है । इस दिशा में, राज्य सरकार ने निम्नलिखित दो महत्वपूर्ण कार्यक्रम आरंभ किए हैं :—

(i) **सावित्री बाई फुले प्रोत्साहन-अभिभावक योजना**

महोदय, भारत सरकार को इस स्कीम की जानकारी है और इस दिशा में हमारे प्रयासों की सराहना करते हुए, हमें हमेशा प्रोत्साहित किया है । आज तक उन 1.60 लाख से अधिक लड़कियों को इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लाया गया है जो अपनी शिक्षा को जारी रख सकती हैं ।

(ii) **शैक्षणिक उठाव**

भौतिक सुविधाओं, अध्यापन सहायक सामग्रियों और बच्चों के लिए 2–5 आयु वर्ग के बच्चों को उपलब्ध करा दी गई है। आंगन वाड़ियों तथा ऐसे ही अन्य पूर्व स्कूल केन्द्रों को नियन्त्रित करने वाले विभाग के साथ उपयुक्त समन्वय किया गया है। उन गांवों में जहां आंगनवाड़ियां कार्य कर रही हैं, इस कार्यक्रम के शिक्षा घटक के लिए मार्गदर्शन के रूप में सहयोग प्रदान किया गया है । बालवाड़ियां केवल उन्हीं गांवों में खोली जाती हैं जहां आंगनवाड़ियां नहीं चल रही हैं अथवा जहां योजना के अनुसार भविष्य में आंगनवाड़िया नहीं खोली जाएंगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एस०सी०ई०आर०टी०) शिशु शिक्षा की शैक्षिक आवश्यकताओं की देखभाल भली-भान्ति कर रहा है। अभी तक इस संस्थान से 4,000 बालवाड़ी शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। इसने इस प्रयोजनार्थ अध्यापन अध्ययन सामग्री का एक पूरा सैट तैयार किया है । राज्य सरकार ने, बालवाड़ी शिक्षकों के रूप में कार्य करने वाले इच्छुक उम्मीदवारों के लिए 6 माह का सेवा पूर्व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम भी अनुमोदित किया है ।

हमारा यह अनुभव है कि इन सभी कदमों को उठाने से, हमें इस कार्यक्रम से निश्चित रूप से एक सकारात्मक पृष्ठ भूमि मिल रही है जो हमारे वांछनीय लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में सहायक होती है ।

प्रारंभिक शिक्षा

कार्य बल ने, 2000 ईसवी सन् तक, राज्य में प्रारंभिक शिक्षा जन-जन तक पहुंचाने की सिफारिश की है । विद्यमान नियमों के अनुसार, सभी गांवों, वाड़ियों और बस्तियों को प्राथमिक शिक्षा की सुविधा प्रदान की गई है। प्राथमिक स्कूल उन स्थानों पर खोले गए हैं जहां 200 और इससे अधिक की जनसंख्या है और जहां 1.5 कि०मी० की परिधि में कोई सुविधा अथवा प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध नहीं है। पर्वतीय तथा जन जातियों क्षेत्रों के लिए राज्य सरकार द्वारा इस नियम में छूट दी गई है और तदनुसार उन 156 स्थानों का पता लगाया गया है जहां 100 अथवा इससे अधिक की जनसंख्या है तथा जहां 1 कि०मी० की परिधि में प्राथमिक शिक्षा की कोई सुविधा उपलब्ध नहीं है । इस शैक्षिक सत्र में ये स्कूल खोले गए है । राज्य में सभी एक शिक्षक वाले स्कूलों को बहु शिक्षक स्कूलों में परिवर्तित कर दिया गया है । आपरेशन ब्लैक बोर्ड के चरण I, II और III के अन्तर्गत शामिल किए गए एक शिक्षक वाले स्कूलों को भारत सरकार से प्राप्त अनुदानों से सहायक शैक्षिक सामग्रियां तथा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं । 95 प्रतिशत अनुदान का उपयोग किया गया है। इस कार्यक्रम के पूरक हेतु, राज्य सरकार ऐसे प्रत्येक स्कूल को 500/–रु० की लागत की अध्यापन संबंधी सहायक सामग्रियां और उपकरण उपलब्ध कराती है ।

सार्वजनिक नामांकन तथा अवरोधन का कार्यक्रम

राज्य सरकार ने निम्न नामांकन तथा पढ़ाई बीच में छोड़ जाने वालों की समस्या सुलझाने के लिए अनेक कार्यक्रम आरंभ किए हैं। कुछ महत्वपूर्ण कार्यक्रम इस प्रकार हैं :—

(i) **उपस्थिति भत्ता** :—गरीबी रेखा से नीचे वाले परिवारों की लड़कियों को सभी स्कूली कार्य दिवसों के लिए एक रुपया प्रति दिन का उपस्थिति भत्ता दिया जाता है हम इस योजना को पिछले दो वर्षों से राज्य निधियों से क्रियान्वित कर रहे है और इस पर प्रतिवर्ष 10 से 12 करोड़ रु० तक का खर्चा आता है । अभी तक इस स्कीम से परिणाम सकारात्मक निकले हैं । इससे लड़कियों के दाखिले तथा अवरोधन में निश्चित रूप से प्रभाव पड़ा है। राज्य सरकार ने यह निर्णय किया है कि वाह्य एजेन्सियां इस स्कीम तथा ऐसी ही अन्य स्कीमों का मूल्यांकन करें ।

(ii) **पुस्तक बैंक** :—अनु० जातियों/अनु० ज० जातियों तथा कमजोर वर्गों के बच्चों को निःशुल्क पुस्तकें मुहैया की जाती हैं। इस सुविधा के अतिरिक्त राज्य सरकार अनु० जा०/अनु० ज० जा० वर्ग के छात्रों को निःशुल्क वर्दियां तथा लेखन सामग्रियां मुहैया कराने की योजना क्रियान्वित कर रही है ।

शिक्षा का प्रबन्ध

राज्य सरकार ने उन सभी गांवों में गांव शिक्षा समितियां गठित की हैं जहां 50 प्रतिशत महिलाएं हैं, इन सभी समितियों ने कार्य करना आरंभ कर दिया है और नियमित मार्गदर्शन तथा देखभाल एक सामान्य विशेषता बन गई है राज्य शैक्षिक अनुसंधान तथा प्रशिक्षण परिषद् गांव शिक्षा समिति के सदस्यों के लिए एक पुस्तिका तैयार कर रही है। एक प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किया जा रहा है ।

राज्य सरकार ने, गांव स्तर पर प्राथमिक शिक्षा, शिशु शिक्षा और प्रौढ शिक्षा के दिन प्रतिदिन के काम के पर्यवेक्षण तथा मानीटरिंग के लिए इन गांव शिक्षा समितियों को अधिकार प्रदान किए हैं। कार्य-बल ने यह भी सिफारिश की है कि गांव स्तर पर इस महत्वपूर्ण प्रबन्ध तन्त्र को कुछ और अधिक अधिकार प्रदान किए जाएं ।

अपेक्षित अन्य न्यूनतम शैक्षिक सुविधाओं तथा स्कूल के दक्ष कार्यकरण के सम्बन्ध में स्थानीय लोगों ने स्कूल की मदद की है । लोग या तो नकद दान करते हैं अथवा किसी रूप में अथवा श्रम में लगाए गए मामलों के लिए दान करते हैं। मुझे यह बताते हुए, खुशी हो रही है कि इस कार्यक्रम के बारे में प्रतिक्रिया बहुत अच्छी रही है। यह कार्यक्रम 1987–88 में आरंभ किया गया था और अब तक 1899.45 लाख रु० एकत्र किए गए हैं ।

सामाजिक सुरक्षा जाल परियोजना (एस० एस० एन०)

इस विश्व बैंक परियोजना के अन्तर्गत, औरंगाबाद, लातूर, नान्देड, उस्मानाबाद, और परभानी नामक पांच जिलों को चुना गया है । इन जिलों की परियोजना रिपोर्टें तैयार कर ली गई हैं तथा भारत सरकार तथा विश्व–बैंक के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श करने के बाद इन्हें अन्तिम रूप दिया जा रहा है।

माध्यमिक शिक्षा

समाज के वंचित वर्गों के छात्रों तथा विशेष रूप से लड़कियों तथा सभी छात्रों के लिए माध्यमिक शिक्षा स्तर पर पहुंच को व्यापक बनाना सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई योजना के अनुसार, राज्य सरकार ने राज्य में माध्यमिक शिक्षा के नियोजित विकास के लिए इन सभी तथ्यों को मद्देनजर रखते हुए एक बृहत योजना तैयार की है। राज्य सरकार ने शिक्षा के माध्यमिक तथा उच्चतर माध्यमिक स्तरों पर अपर प्राथमिक कक्षाओं तथा व्यावसायिक और तकनीकी विषयों के लिए पाठ्यचर्या में कुछ व्यावसायिक विषयों को आरंभ किया है। नवोदय विद्यालयों की योजना राज्य में सफलतापूर्वक क्रियान्वित की जा रही है।

शिक्षक प्रशिक्षण

प्राथमिक शिक्षकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण की विद्यमान योजना संशोधित पाठ्य विवरण के अनुरूप तथा कार्रवाई योजना को कार्यान्वित करने के लिए संशोधित की जा रही है । शिक्षा के माध्यमिक स्तर पर, अंग्रेजी, गणित और विज्ञान के शिक्षकों को विषय सारांश के सम्बन्ध में गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षकों को तीन स्तरीय वेतनमान की योजना के अनुसार, प्राथमिक तथा माध्यमिक दोनों शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम पहले ही आरंभ कर दिए गए हैं ।

पूर्ण साक्षरता अभियान

स्थानीय लोगों की सक्रिय सहभागिता से सिंधुदुर्ग तथा वर्धा जिलों में पूर्ण साक्षरता अभियान सफलतापूर्वक पहले ही चल रहा है । इन जिलों में प्राप्त किए गए अनुभव और प्रत्युत्तर ने राज्य सरकार तथा राज्य के शेष जिलों में पूर्ण साक्षरता अभियान आरंभ करने के लिए अन्य जिलों के लोगों को प्रेरित किया है । राज्य सरकार ने चरणबद्ध रूप से सभी जिलों में पूर्ण साक्षरता अभियान आरम्भ करने का नीति विषयक निर्णय लिया है। फिलहाल, नान्देड, लातूर, औरंगाबाद, जालना, परभनी, पुणे, रत्नगिरि और सांगली जिलों में पूर्ण साक्षरता अभियान प्रगति पर है । नान्देड तथा लातूर के जिलों में हाल ही में पूर्ण साक्षरता अभियान सफलतापूर्वक पूरे किए गए हैं। बाह्य मूल्यांकन के परिणाम प्रोत्साहक हैं । पूर्ण साक्षरता अभियान बीड, उस्मानाबाद और बम्बई में शीघ्र ही चलाए जाएंगे । उत्तर साक्षरता अभियान सिंधुदुर्ग, वर्धा, नान्देड तथा लातूर जिलों में पहले ही आरंभ कर दिया गया है । राज्य सरकार का वर्ष 1993–94 के दौरान 6 और जिलों को शामिल करने का विचार है और शेष जिले आठवीं पंचवर्षीय योजना में शामिल किए जाएंगे । उपर्युक्त सभी जिलों में लोगो की सहभागिता बड़े पैमाने पर है और परिणाम यह दर्शाते हैं कि राज्य सरकार भारत सरकार द्वारा यथा निर्धारित शत प्रतिशत प्रौढ़ साक्षरता को प्राप्त कर लेगी ।

मैं इस भव्य सभा के विचारार्थ चन्द सुझाव प्रस्तुत कर रहा हूं । मुझे वित्तीय अभावों की जानकारी है लेकिन ये सुझाव बहुत ही तात्कालिक स्वरूप के हैं, अतः इन पर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर विचार जानना आवश्यक है ।

(1) फिलहाल, प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा की प्रणाली, इस का संचालन तथा कार्यकरण पूरे राज्य में एक जैसा है । स्थानीय भौगोलिक और सामाजार्थिक स्थितियों के अनुसार जीवन के तरीके भिन्न-भिन्न हैं । पहाड़ी और जनजातीय क्षेत्रों में हालात भिन्न-भिन्न है ।

अतः हमारा अनुभव यह है कि शिक्षा की वर्तमान पद्धति कारगर नहीं है तथा बड़ी सीमा तक इन क्षेत्रों में लोगों के जीवन यापन तथा उनकी स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप नहीं है। अतः मेरा यह सुझाव है कि क्षेत्र के कार्यकर्ता तथा शिक्षाविद् इस प्रकार के क्षेत्रों के लिए शिक्षा की उपर्युक्त पद्धति तैयार करें । तथपि, आवासीय स्कूलों के अनुभव को देखते हुए यह सुझाव है कि पाठ्यचर्या कार्यकलापों के अतिरिक्त, कुछ व्यावहारिक प्रशिक्षण आरंभ करने की आवश्यकता है जो बच्चों को याद करने में मदद करेगी तथा उनके माता–पिताओं को कमाने और उन्हें जीवकार्जन में भी सहायता प्रदान करेंगी ।

(2) जन–जन तक प्रारंभिक शिक्षा पहुंचाएं जाने के लिए बहुत बड़ी राशि की जरूरत है। जिला परिषदों के प्राथमिक स्कूलों के लिए स्कूल कक्षों जैसी भौतिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निधि का अधिकांश भाग अपेक्षित है। राज्य में 65,000 स्कूल कक्षों के निर्माण की कुल आवश्यकता है। प्रत्येक कमरे के लिए 72,000 रु० की जरूरत होगी । हमने स्कूल कक्षा निर्माण का यह कार्यक्रम सोपानबद्ध रूप में तैयार किया है, क्योंकि एक ही समय में सभी स्कूली कक्षों का निर्माण करने के लिए निधियां उपलब्ध कराना राज्य के लिए मुश्किल है। चूंकि यह न्यूनतम आवश्यता है तथा राज्य के पास उपलब्ध निधियां पर्याप्त नहीं हैं। इन दोनों के लिए निधियां उपलब्ध करवा पाना राज्य सरकार के लिए बहुत मुश्किल है––

(i) अपेक्षित संख्या में कमरों का निर्माण करना, और

(ii) पुराने स्कूलों के कमरों की मरम्मत करना ।

अधिकांश स्कूल बहुत ही टूटी फूटी हालत में है जिसकी वजह से वे असुरक्षित हैं तथा कक्षाएं लगाए जाने के लिए उपयुक्त नहीं है, इस प्रकार, स्कूलों के इन कक्षों की मरम्मत करने की तुरंत आवश्यकता है। मैं भारत सरकार से यह अनुरोध करता हूं कि वह आगे बढ़कर राज्य सरकार की मदद करें।

(3) मैं शैक्षिक प्रयोजनार्थ संचार माध्यम की उपयोगिता के सम्बन्ध में दो सुझाव देना चाहूंगा :—

(क) फिलहाल दूरदर्शन द्वारा विभिन्न चैनल शुरू किए गए हैं जिसमें विभिन्न कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं जिनमें अधिकांश कार्यक्रम वाणिज्यिक स्वरूप के होते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं है कि छात्र दर्शकों की संख्या अधिक होती है। अतः दूरदर्शन पर प्रसारित किए जाने वाले कार्यक्रमों का छात्र समुदाय पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ता है जो स्वभाविक रूप से, इस प्रकार के कार्यक्रमों के जरिए प्रदर्शित किए गए विचारों को काफी हद तक ग्रहण करते हैं। अतः यह सुझाव है कि दूरदर्शन को इन कार्यक्रमों की छटनी कड़ाई से करनी होगी, उनका विश्लेषण करना होगा तथा उन अध्ययनों को पूरा करना जिनका समग्र रूप से छात्र समुदाय पर प्रभाव पड़ता हो। आवांछित कार्यक्रमों का बहिष्कार किया जाना चहिए तथा कुछ रचनात्मक कार्यक्रमों को आरंभ किया जाना चाहिए।

(ख) सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय से, शैक्षिक कार्यक्रमों के लिए अलग चैनल आरंभ किए जाने के लिए काफी लम्बे समय से चली आ रही मांग पर विचार करने के लिए अनुरोध किया जाए दूरदर्शन के लिए यह भी संभव है कि उत्कृष्ट तथा लब्ध प्रतिष्ठित स्वैच्छिक एजेंसियों तथा शिक्षा के क्षेत्र में गैर-सरकारी संगठनों के कार्यकरण को शामिल करते हुए कुछ सीमा तक ऐसे चैनलों का उपयोग कर सकता है।

(4) महाराष्ट्र सरकार आदिम जातियों की "लड़कियों के लिए शिक्षा परिसर" की योजना का स्वागत करती है।

योजना में प्रस्तावित शिक्षा की प्रणाली वास्तव में उपयोगी है क्योंकि वे जनजातीय तथा पर्वतीय क्षेत्रों में लड़कियों की शिक्षा के लिए काफी व्यावहारिक होगा। इस योजना में "कार्यानुभव" को आरंभ करना छात्रों तथा उनके अभिभावकों दोनों के लिए सहायक होगा। जनजातीय तथा पर्वतीय क्षेत्रों में महिलाओं में साक्षरता दर पर विचार करते हुए, मेरा यह सुझाव है कि इस योजना का विस्तार सभी जन जातियों की सभी लड़कियों के लिए तथा पर्वतीय लड़कियों के लिए तथा राज्य के अगम्य क्षेत्रों के लिए किया जाना चाहिए।

(5) भारत सरकार जनजातीय छात्रों के लिए राज्य सरकार के छात्रावासों के निर्माण हेतु 50 प्रतिशत वित्तीय सहायता प्रदान करती है।

आज की स्थिति के अनुसार, अधिकांश जनजातीय तथा पर्वतीय क्षेत्रों में, संचार की सुविधाएं पर्याप्त नहीं है। इन क्षेत्रों में से कुछ में ऐसी सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। हमारे राज्य में अधिकांश माध्यमिक स्कूलों में कक्षा 5 से कक्षा 10 तक की कक्षाएं चल रही हैं। छोटी कक्षाओं के बच्चों के लिए 5 कि० मी० अथवा इससे अधिक की दूरी स्कूल जाने के लिए तय कर पाना कठिन है। अतः सुझाव है कि भारत सरकार इस महत्वपूर्ण मुद्दे पर विचार कर सकती है और जन जाति के लिए तथा पर्वतीय क्षेत्रों और अगम्य क्षेत्रों के छात्रों के लिए भी छात्रावासों के निर्माण हेतु स्वैच्छिक एजेंसियों को वित्तीय सहायता प्रदान करें। भारत सरकार वित्तीय सहायता की पद्धति तय कर सकती है। जिसका एक भाग सहायता अनुदान के रूप में हो सकता है तथा शेष बिना ब्याज के ऋण के रूप में हो सकता है।

(6) राज्य सरकार नवोदय विद्यालय योजना को कार्यान्वित कर रही है। चार जिलों को छोड़ कर, अन्य जिलों में भारत सरकार द्वारा यथा निर्धारित शर्तों विशेष रूप से 25 एकड़ की न्यूनतम भूमि की उपलब्धता से सम्बन्धित शर्त को पूरा करते हुए नवोदय विद्यालय समुचित रूप से स्थापित किए गए हैं :

(क) राज्य सरकार ने सतारा, शोलापुर, अकोला तथा पुणे के जिलों में नवोदय विद्यालयों को स्थापित करने का प्रस्ताव पहले ही भेज दिया है। हम भारत सरकार से इनके अनुमोदन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। भारत सरकार इस पर विचार करे तथा यथासंभव शीघ्र इन प्रस्तावों के लिए स्वीकृति दे।

(ख) नवोदय विद्यालय की योजना का मुख्य उद्देश्य, योग्य तथा प्रतिभाशाली छात्रों की प्रतिभाओं की देखभाल करना और उनका विकास करना है। फिलहाल, इन स्कूलों में शिक्षण का माध्यम हिन्दी अथवा अंग्रेजी है। शिक्षण के माध्यम के रूप में क्षेत्रीय भाषा अनुमत्य नहीं है यह सिद्धान्त मान लिया गया है कि कम से कम प्राथमिक शिक्षा बच्चे की मातृभाषा में दी जानी चाहिए ताकि शिक्षा का माध्यम अध्ययन की प्रक्रिया में बाधक न हो। इन स्कूलों में चूंकि अपर प्राथमिक स्कूल है, अतः मेरा यह सुझाव है कि चन्द नवोदय विद्यालय मराठी माध्यम से आरम्भ किए जाएं।

मैं आश्वस्त हूं कि हम जिन तात्कालिक समस्याओं का शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में सामना कर रहे हैं, हम व्यावहारिक समाधान निकाल सकते हैं। इस बैठक में हम जिन अनुभवों का आदान-प्रदान कर सकेंगे, मैं आश्वस्त हूं कि इससे हम सब इन समस्याओं की बेहतर अर्न्तदृष्टि प्रकृति में लाभान्वित हो सकते हैं और उनके लिए उपयुक्त समाधान खोज सकते हैं।

धन्यवाद।

जय हिन्द।

मेघालय के शिक्षा मंत्री डा० एच० लामीन का भाषण

इस भव्य सम्मेलन में भाग लेते हुए मुझे अपार हर्ष हो रहा है। मुझे विश्वास है कि हम सभी इस बैठक की प्रतीक्षा में थे जहां हम अपने अनुभवों का आदान–प्रदान कर सकते हैं तथा अपने देश में शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाने के लिए कार्यनीतियों की रूपरेखा तैयार करने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास कर सकते हैं ताकि हम 21 वीं शताब्दी की चुनौतियों का सामना करने के लिए अपने आपको तैयार कर सकें।

यथा संशोधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति में नि:संदेह शैक्षिक कार्यक्रम और मानव संसाधन विकास का एक नया स्वरूप पेश किया गया है। हमें आशा है कि इस नई शिक्षा नीति को लागू करने से राष्ट्रीय अखंडता और मानवीय मूल्यों को बनाए रखने की आवश्यकता को न भूलते हुए समय की चुनौतियों खासकर विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र की चुनौतियों का मुकाबला करने में हमारे नौजवान बेहतर स्थिति में होंगे।

2. मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि राज्य सरकार के रूप में हमने विभिन्न कार्यक्रमों को लागू करने के लिए कार्यनीतियों की रूपरेखा तैयार करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर गंभीर रूप से विचार किया है। राज्य में शैक्षिक विकास की अद्यतन स्थिति को ध्यान में रख कर प्रारूप कार्रवाई योजना तैयार की गई है। कार्रवाई योजना को कार्य रूप प्रदान करने के संबंध में हमारे राज्य की राजधानी में हाल ही में 15 और 16 सितम्बर 1993 को आयोजित की गई उत्तर–पूर्वी क्षेत्रीय कार्यशाला राज्य कार्रवाई योजना को अंतिम रूप देने के क्रम में खासतौर पर बहुत ही उपयोगी साबित हुई है। मंत्रिमण्डल के अनुमोदन के लिए इसे मंत्रिमण्डल के सम्मुख प्रस्तुत करने का हमारा प्रस्ताव है। तथापि, राज्य कार्रवाई योजना को अंतिम रूप प्रदान करने से पूर्व इसके प्रारूप में और अधिक संशोधन करने में इस बैठक से हमें मदद मिलेगी।

3. हमारा राज्य गरीब और पिछड़ा हुआ है। हमारे अधिकांश बच्चे प्रथम पीढ़ी के शिक्षार्थी हैं। 80% आदिवासी जनसंख्या है तथा वे खेती-बाड़ी की दुर्बल अर्थ व्यवस्था के अन्तर्गत गांवों में रहते हैं। साक्षरता दर मात्र 48% है जो राष्ट्रीय स्तर से काफी नीचे है। यह राज्य में शैक्षिक विकास के स्तर का सूचक है। अत: राष्ट्रीय मुख्यधारा में पहुंचने के लिए हमें अपने शैक्षिक कार्यकलापों में तेजी लानी होगी जैसा कि अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों के मामले में है, हमारे गांव और बस्तियां काफी दूर-दूर बसे हैं तथा इनकी आबादी बहुत कम है अत: 300 की आबादी वाली बस्ती या एक कि० मी० की दूरी के अन्दर स्कूल स्थापित करने का अखिल भारतीय मानदंड हमारे राज्य के मामले में व्यवहार्य नहीं होगा। यदि हमें 6–14 वर्ष के आयुवर्ग के सभी बच्चों को शिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराने की संवैधानिक वचन-बद्धता को पूरा करना है तो 100 तक की आबादी के लिए एक स्कूल जैसी एक अलग कार्यनीति पर्वतीय क्षेत्रों तथा छिट-पुट आबादी वाले अन्य क्षेत्रों के लिए तैयार करना होगा। हमारा राज्य जिन जटिल समस्याओं का अनुभव कर रहा है उनके समाधान के लिए मैं इस महान निकाय के सुझाव का स्वागत करूंगा।

4. छठा अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण काफी समय पहले आयोजित कर लिया जाना चाहिए था जिससे आठवीं पंचवर्षीय योजना के साथ इसका सह संबंध स्थापित किया जा सके। तथापि अभी भी ऐसा सर्वेक्षण आयोजित करने के लिए काफी विलंब नहीं हो गया है क्योंकि ऐसा करने से कम से कम योजना के मध्यावधि मूल्यांकन हेतु अद्यतन सूचना उपलब्ध हो जायेगी। हम उम्मीद रखेंगे कि इस सर्वेक्षण से स्कूल की योजना तथा स्कूल का मानचित्र तैयार करने में हमें मदद मिलेगी। प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर कक्षा छोड़ जाने वालों की अत्याधिक दर तथा अप्रशिक्षित शिक्षकों की अधिक संख्या के लिए जिम्मेदार कारकों का पता लगाने में इस सर्वेक्षण से राज्य को काफी मदद मिलेगी।

5. राज्य कम साक्षरता दर के संबंध में चिंतित है। अत: हम अपनी स्थिति में सुधार लाने के लिए सभी प्रकार के प्रयास कर रहें हैं। सीमित संसाधनों के भीतर योग्य गांवों तथा बस्तियों में स्कूल और शिक्षक उपलब्ध कराने के लिए हमने प्रयास किया है। 15–35 आयुवर्ग में प्रौढ़ साक्षरता में सुधार लाने के लिए हमने प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम भी शुरू किया है। राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के कार्यान्वयन के विभिन्न पहलुओं पर विचार किया गया है। यद्यपि राज्य में औपचारिक स्कूल और संस्थाएं चलाने में अनुभवी अनेक स्वयं-सेवी एजेंसियां हैं फिर भी दुर्भाग्य से कार्यसाधक साक्षरता के लिए जन कार्यक्रम संचालित करने में इनमें से बहुत कम को अनुभव प्राप्त है। इसलिए हमारे राज्य में प्रौढ़ साक्षरता के लिए संपूर्ण साक्षरता अभियान (टी० एल० सी०) और केन्द्र आधारित दृष्टिकोण के बीच से चयन किया जाता है। अत: हम हाल ही में भारत सरकार द्वारा अनुमोदित केन्द्र आधारित आर० एफ० एल० पी० कार्यक्रम का स्वागत करते हैं।

6. स्कूली बच्चों पर स्कूल बैग के बोझ के संबंध में गठित यशपाल समिति द्वारा महत्वपूर्ण तथ्यों का पता लगाया गया है। हम इस समिति की सिफारिशों की प्रशंसा करते हैं तथा उनके दृष्टिकोणों का समर्थन करते हैं। इस बात का उल्लेख किया जा सकता है कि हमने अपने अभिभावकों की आर्थिक दशा को जानकर अपने बच्चों के स्कूल बैग को जानबूझकर

हल्का रखा है। इससे हमारे बच्चे अधिक संख्या में स्कूल में दाखिल हो सके हैं जो अन्यथा स्कूली पाठ्यपुस्तकों के अभाव में स्कूल से बाहर ही रहते।

7. व्यावसायीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है तथा प्रारंभ में कुछ ही स्कूलों को कक्षाकक्ष और प्रयोगशाला जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मेघालय स्कूल शिक्षा बोर्ड को पाठ्यचर्या तैयार करने का दायित्व सौंपा गया है जो रा० शै० अ० प्र० प० द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों तथा राज्य की स्थान-विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रख कर यह काम करेगा। तथापि योजनाओं के कार्यान्वयन में हमें कुछ कठिनाइयों का पूर्वानुमान है क्योंकि ऐसे पाठ्य-क्रमों के अर्हताप्राप्त तकनीकी प्रशिक्षकों का राज्य में अभाव है। अतः हम इस क्षेत्र में मदद के लिए केब की बैठक पर नजर गड़ाए हैं। हमारा सुझाव है कि हमारे व्यावसायिक शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उत्तर-पूर्वी क्षेत्र में उपयुक्त ढंग से स्थित एक संस्थान इस कार्यक्रम के कार्यान्वयन में तेजी लाने में काफी मददगार साबित होगा।

8. शिक्षा के विकेन्द्रीकरण खासकर प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में हमें अपने अनुभव बताने की कृपया अनुमति दें। संविधान की छठी अनुसूची के अन्तर्गत जिला परिषदें खासी, गारो और जयंतिया पहाड़ियों के तीन स्वायत्त क्षेत्रों में प्राथमिक शिक्षा का संचालन तथा प्रबंधन कर सकती हैं। लगभग तीन दशक तक प्राथमिक शिक्षा और प्राथमिक स्कूलों का संचालन प्रबन्धन और नियंत्रण तीन जिला परिषदों द्वारा किया जाता रहा है। राज्य की भूमिका इस प्रयोजनार्थ धन प्रदान करने तक सीमित है। तथापि सब कुछ ठीक ठाक नहीं चल रहा है---शिक्षकों को वेतन नहीं मिलता है, धन का सही दिशा में प्रयोग नहीं होता है तथा स्कूल बिना शिक्षक के चलते हैं। अस्सी के दशक के प्रारंभ में लगभग सभी स्कूलों ने कार्य करना बन्द कर दिया था तथा स्कूलों को खोलने और शिक्षक पढ़ाए इसके लिए राज्य सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा। उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में तीन आयोग बैठाए गए तथा इस निष्कर्ष पर पहुंचा गया कि जिला परिषदें अपने संवैधानिक कर्तव्य का निर्वाह करने में असफल रही है। अतः राज्य सरकार को बहुत ही अनिच्छा से एक बार में 6 माह की अवधि के लिए अस्थायी तौर पर जिला परिषदों से अपने नियंत्रण में लेना पड़ा। यह व्यवस्था आज तक जारी है। हाल ही में सरकार ने जिला परिषदों से प्राथमिक शिक्षा को अपने नियंत्रण में लेने का निर्णय लिया है। यह भी सूचित किया जा सकता है कि जिला परिषदों ने भी खुद जिले में शैक्षिक विकास के हित में प्राथमिक शिक्षा का प्रशासन और नियंत्रण राज्य सरकार को सौंपने का निर्णय लिया है।

9. इन थोड़े से शब्दों के साथ मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बैठक में शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में हम जिन-जिन तात्कालिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं उनका चिरस्थाई हल निकालने में हम सफल होंगे। मुझे इस बात का भी पूर्ण विश्वास है कि जिन अनुभवों का हम इस बैठक में आदान-प्रदान करेंगे उनसे हम अपनी समस्याओं को अच्छी तरह से समझ सकेंगे तथा अपने-अपने राज्यों में लौटकर ज्यादा कारगर और दक्षतापूर्ण ढंग से उन्हें हल कर सकेंगे।

नागालैंड के स्कूल शिक्षा, युवा संसाधन व खेल मंत्री श्री आई० इम्कोंग का भाषण

शिक्षा को समवर्ती सूची में शामिल करने के लिए 1976 का संवैधानिक संशोधन, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 का प्रतिपादन कार्रवाई योजना तैयार करना, नीति निर्णयों के कार्यान्वियन को नियमित समीक्षा ने शिक्षा के क्षेत्र में कई संदर्श प्रस्तुत किए हैं। सभी के लिए शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में संपूर्ण राष्ट्र से इस बात का आह्वान किया गया है कि वे समाज के सभी वर्गों की भागीदारी द्वारा विशेष रूप से 15–35 आयु वर्ग में निक्षरता उन्मूलन करने की प्रतिक्षा करें। शिक्षा का समवर्ती सूची में स्थानांतरण करने से तथा तदन्तर राष्ट्रीय शिक्षा नीति से राज्यों की भूमिका व जिम्मेवारी में कोई परिवर्तन नहीं आया। परन्तु इससे केन्द्र सरकार पर अधिक जिम्मेवारी आ गई है, मुझे विश्वास है कि केन्द्रीय सरकार व राज्यों के बीच उचित समन्वय व सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करनें में सहायक होंगे।

राज्य का दर्जा प्राप्त करने के पश्चात् नागालैंड में साक्षरता में पर्याप्त सुधार हुआ है। 1961 में 20.43 प्रतिशत की निम्न साक्षरता से 1991 में वह 61.30% हो गई। राज्य की 12 लाख से अधिक की कुल जनसंख्या में से 305,366 छात्र हैं जिसमें से 1,385 प्राथमिक स्कूलों में, 357 मिडिल स्कूलों में तथा 189 हाई स्कूलों में हैं। 31 कालेजों व उत्तरी पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय में करीब 10,000 हैं। इस प्रकार हमारी जनसंख्या का करीब 38% स्कूलों व कालेजों में है। हम अपने राज्य बजट का करीब 13.8% स्कूल शिक्षा पर व्यय करते हैं। हमारी कार्रवाई योजना तैयार की जा रही है तथा शीघ्र ही तैयार हो जाएगी। तथापि मैं राष्ट्रीय शिक्षा नीति व कार्रवाई योजना के अधीन राज्य सरकार की विभिन्न उपलब्धियों का संक्षेप में उल्लेख करना चाहूंगा।

राज्य में प्रमुख रूप से आदिवासीय नागा बसे हुए हैं। वे जनसंख्या का 87.7 है। अतः राज्य के सभी प्रयास अनुसूचित जाति जनसंख्या के लाभ के लिए हैं। नागालैंड में शिक्षा व रोजगार अवसर, लिंग, धर्म व सामाजिक स्तर का ध्यान किए बिना सभी के लिए खुले हैं। राज्य सरकार लड़कियों की शिक्षा को प्रोत्साहित करके महिला साक्षरता को पुरूष साक्षरता के बराबर लाने के प्रयास कर रही है।

12,09,945 की जनसंख्या में से (1991 जनगणना) नागालैंड में 16 मुख्य जातियां हैं जो विभिन्न भाषाएं बोलती है। अंग्रेजी राज्य भाषा होने के साथ साथ शैक्षिक संस्थानों में निर्देशका माध्यम भी है। जनजातीय भाषाएं समान रूप से विकसित नहीं हुई हैं। कुछ जातियां जैसे अंगामिस, एओस, लोथास व सीमास ने कक्षा × व इससे आगे भाषाएं आरंभ की है। अन्य जातियों ने अभी आरंभ करनी हैं। इन अल्पसंख्यक दलों के भाषा विकास के स्वीकृत करने की आवश्यकता है। इस क्षेत्र पर हम केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित करते हैं कि वह इसको देखे तथा स्वदेशीय जातीय भाषाओं के विकास में राज्य सरकार की सहायता करें।

ग्रामीण कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम नागालैंड में 1978–79 में आरम्भ किया गया था। राज्य साक्षरता मिशन 1988 में आरंभ किया गया। वोखा व मोकाकचुंग जिलों को 100% साक्षर जिले घोषित किया गया था। नव-साक्षरों के लिए अध्ययन सामग्री की कमी उन्हें फिर से निरक्षरता की ओर ले जाती है। थोड़े से जन शिक्षण निलायम व एक गांव से दूसरे गांव के बीच दूरी, यातायात उपलब्ध न होना, खेत में सुबह से शाम तक कार्य करने की पारंपरिक व्यावसायिक आदतें, भाषा, भिन्नताएं आदि जैसे विभिन्न कारणों की वजह से प्रयोजन को पूरा नही कर सकते। नागालैंड में कोई भी अनौपचारिक शिक्षा योजना आरंभ नहीं की गई है। विशिष्ट स्थिति व आदिवासीय और पर्वतीय गांवों की आवश्यकता को देखते हुऐ साक्षरता प्राप्त करने व जारी रखने और अनौपचारिक शिक्षा केन्द्र चलाने के लिए प्रत्येक गांव में संघटित जन शिक्षण निलायम उपयुक्त होंगे जो मुख्य रूप से ध्यान सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा, अनौपचारिक शिक्षा व सतत शिक्षा की ओर देंगे। नव-साक्षरों को साक्षर बनाए रखने के लिए राज्य में जातीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री की शीघ्र आवश्यकता है। हमें आशा है कि सतत शिक्षा के लिए सुविधाओं की सहायता से केन्द्र आधारित कार्यक्रम पुन आरंभ करके हम शताब्दी के अंत तक सार्वभौमिक शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे। इसके लिए हमें केन्द्रीय सहायता की आवश्यकता होगी।

राज्य ने प्राथमिक स्तर पर 100 प्रतिशत कुल नामांकन तथा माध्यमिक स्कूल स्तर पर 69 प्रतिशत नामांकन प्राप्त कर लिया है। प्राथमिक व माध्यमिक स्तरों में लड़कों व लड़कियों के नामांकन के बीच सामांकन अनुपात में विभिन्नताएं क्रमशः 10 प्रतिशत व 2 प्रतिशत है। माध्यमिक स्कूल में कम उपलब्धि पड़ोस में मिडिल स्कूलों का उपलब्ध न होने के कारण अंर्त-ग्राम दूरी व छात्रावास सुविधाओं की कमी की वजह से है। राज्य के 28 ब्लाकों में प्राथमिक स्कूल आपरेशन ब्लैक बोर्ड के अन्तर्गत शामिल किए गए हैं। तथापि सुविधाओं का माध्यमिक स्कूलों के लिए भी सुदृढ़ और विस्तार किया जाना अपेक्षित है। प्राथमिक

शिक्षा पाठ्यचर्या को राष्ट्रीय कोर पाठ्यचर्या के समरूप व रा० शै० अ० प्र० प० के दिशा निर्देशों के अनुसार पुन: तैयार किया गया है। अध्ययन का न्यूनतम स्तर, राष्ट्रीय अखंडता व सामाजिक सांस्कृतिक मूल्य जैसे पहलू भी शामिल किए गए हैं। वर्तमान पाठ्यपुस्तकों का पुनरीक्षण किया जा रहा है। राज्य में 64 गांव बिना प्राथमिक स्कूलों के हैं। नए घर बस रहे हैं। जनसंख्या 5.7 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से बढ़ रही है। (1991 की जनगणना) आने वाले वर्षों में इन क्षेत्रों में शैक्षिक सुविधाओं का विस्तार हमारी प्रमुख चुनौती होगी। सार्वभौमिक प्राथमिक शिक्षा के प्रबंध में समुदाय की भागेदारी सुनिश्चित करने तथा प्राथमिक स्कूलों का प्रशासन सुचारू रूप से चलाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ग्रामीण शिक्षा समितियां गठित की गई थी।

राज्य में माध्यमिक शिक्षा हाई स्कूलों में कक्षा IX व में उपलब्ध है जबकि +2 स्तर एन० ई० एच० टू के शैक्षिक निरीक्षण के अन्तर्गत राज्य के डिग्री कालेजों में पी० यू० कक्षाओं में है। इस वर्ष विज्ञान व मानविकी में चार विद्यमान हाई स्कूलों को उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में प्रोन्नत किया गया है। उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या अपनाई गई हैं। राज्य शिक्षा समिति अगले शैक्षिक वर्ष से और सरकारी व निजी स्कूलों को +2 कक्षाएं आरंभ करने की अनुमति देने पर भी विचार कर रही है। औद्योगिक रूप से पिछड़े होने कम बुनियादी सुविधाएं, रोजगार अवसरों की कमी तथा मानव शक्ति संसाधनों की कमी के कारण नागालेंड में शिक्षा के +2 स्तर पर व्यावसायीकरण का कार्य क्रम कार्यान्वित नहीं किया जा सका।

नागालैंड जैसे दूरस्थ व अविकसित राज्यों में नवोदय विद्यालयों की स्थापना किए जाने की आवश्यकता अभी तक स्थापित दो नवोदय विद्यालयों को भौतिक बुनियादी सुविधाएं नहीं दी गई हैं। स्थान के निरीक्षण सहित औपचारिकताएं पूर्ण होने के पश्चात भी प्रस्तावित चार नए नवोदय विद्यालय स्थापित नहीं किए गए हैं।

बी० एड० डिग्री के लिए एक वर्ष की अवधि का स्नातकोत्तर प्रशिक्षण केवल एक संस्था-नागालैंड शिक्षा कालेज देता है जिसकी क्षमता 75 सीटों की हैं। अवर मैट्रिक प्राथमिक अध्यापकों को प्रशिक्षण देने के लिए पहले दो जे० टी० टी० आई० तैयार किए गए हैं। इस प्रकार के एक संस्थान के स्थान पर जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान खोला गया है जो कार्य कर रहा है। तीन और जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों का प्रस्ताव किया गया है, तथा मुझे आशा है कि इन्हें चालू वित्तीय वर्ष में अनुमोदित कर दिया जाएगा। इस प्रकार धीरे धीरे जे० टी० टी० आई० का स्थान डी० आई० ई० टी० ले लेगी तथा ये अध्यापकों के प्रशिक्षण व अनौपचारिक शिक्षा को देखेंगे। रा० शै० अ० प्र० प० अध्यापकों के प्रशिक्षण पाठ्यचर्या व पाठ्य-पुस्तक विकास हेतु शिखर संस्थान के रुप में कार्य करेगी।

राष्ट्रीय पाठ्यपुस्तक आयोग के प्रस्ताव पर विचार, पाठ्यचर्या व पाठ्यपुस्तकों के संबंध में रा० शै० अ० प्र० प० को भूमिका व कार्य को ध्यान में रखकर किया जाएगा। संविधान में प्रदत्त संयुक्त कार्य की भावना को कायम रखा जाना चाहिए।

अब मैं आपका ध्यान कार्यसूची में सूचित अन्य समिति रिपोर्टों की ओर दिलाना चाहूंगा।

ज्ञानम समिति रिपोर्ट

हालांकि नागालैंड में हमारे पास स्कूल शिक्षा के लिए काफी बुनियादी सुविधाएं व मानव शक्ति है परन्तु उच्चतर और तकनीकी शिक्षा के लिए पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। हमारे अधिकतर छात्रों को उच्चतर व तकनीकी शिक्षा के लिए राज्य से बाहर जाना पड़ता है। उत्तर पूर्वी पर्वतीय विश्वविद्यालय के परिसर के अतिरिक्त राज्य में आठ सरकारी व 23 निजी कालेज हैं। जनता की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए केन्द्रीय सरकार ने नागालैंड विश्व-विद्यालय, जो एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय है, स्थापित करने के लिए एक कानून बनाया है। मुझे विश्वास है कि केन्द्रीय सरकार की शुभकामनाओं के साथ यह ठीक प्रकार से प्रगति करेगा। प्रो० ए० ज्ञानम की अध्यक्षता में प्रबंध के वैकल्पिक साधन पर विश्व० अनु० आयोग समिति द्वारा की गई सिफारिशें अभी लागू नहीं की गई है तथा यदि उचित प्रकार से कार्यान्वित कर ली जाती है तो यह हमारे विश्वविद्यालयों व कालेजों के शैक्षिक स्तरों में काफी हद तक सुधार करेंगी। हम ज्ञानम समिति की रिपोर्ट के संबंध में के० शि० स० बो० समिति की सिफारिशों का समर्थन करते हैं।

विधायी परिषदों में अध्यापकों का प्रतिनिधित्व

नागालैंड में कोई विधायी परिषद नहीं है। हमारे यहां स्थानीय निकायों या विधायी परिषदों में अध्यापकों के प्रतिनिधित्व के लिए कोई प्रावधान नहीं है। परन्तु हमारा संविधान उन राज्यों में जहां विधायी परिषदें हैं वहां अध्यापकों को विशेष स्थिति प्रदान करता है। केवल अध्यापकों को यह विशेषाधिकार देना व्यावसायिक दलों के बीच भेदभाव है। अगर यह नीति जारी रखी जाती है तो डाक्टर, वकील, पत्रकार आदि जैसे अन्य दल भी भविष्य में इस प्रकार के विशेषाधिकार की मांग करेंगे। यह अध्यापकों के बीच भी भेदभाव है क्योंकि केवल माध्यमिक स्कूल अध्यापकों के साथ यह विशेष व्यवहार किया जाता है। यह अध्यापकों के व्यवसाय को राजनीति की ओर ले जाता है। अत: हम विधायी परिषदों में अध्यापकों के प्रतिनिधित्व को समाप्त करने के लिए के० शि० स० बो० के समिति की

सिफारिशों से सहमत है तथा इसके साथ-साथ अध्यापकों के निर्वाचन क्षेत्र को समाप्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 171 (3) (ग) में संशोधन की सिफारिश करते हैं ।

शिक्षा का विकेन्द्रीकृत प्रबन्ध

यहां मैं केन्द्र सरकार को इस बात के लिए बधाई देना चाहूंगा कि उन्होंने 73 व 74 संवैधानिक संशोधन करके जनता को अधिकार देने के प्रावधान बनाए हैं । दुर्भाग्य से कम जनसंख्या के कारण नागालैंड राज्य पर ये संशोधन लागू नहीं होते । तथापि, हमारे यहां ग्राम स्तर पर एक टायर पद्धति है जो काफी समय से चल रही है । ग्राम परिषदों के निरीक्षणाधीन विकासात्मक कार्यों की योजना व निष्पादन के लिए राज्य 80 के आरम्भ में गांव विकास बोर्ड का एक संस्थान तैयार किया गया था । हम प्राथमिक स्कूलों की देखभाल के लिए ग्राम परिषदों एवं गांव विकास बोर्ड को कुछ अधिकार सौंपने पर विचार कर रहे हैं । अतः हम शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबंध पर के० शि० सं० बो० द्वारा की गई सिफारिशों से सहमत हैं ।

स्कूल बस्ते के भार के सम्बन्ध में यशपाल समिति रिपोर्ट

हम स्कूलों में छात्रों के शैक्षिक भार विशेष रूप से प्रारंभिक वर्षों में कम करने हेतू की गई सिफारिशों से सामान्य रुप से सहमत हैं । सभी इस बात से सहमत होंगे कि याद करने का भार तथा भारी स्कूल बस्ते ले जाना जो छात्रों की क्षमता से बाहर है तथा सभी सरकारी व निजी स्कूलों में अधिक गृह कार्य देने की प्रक्रिया को कम किया जाना चाहिए । जैसाकि यशपाल समिति ने सुझाव दिया है पाठ्यचर्या व पाठ्यपुस्तकों को तैयार करने में अध्यापकों की अधिक भागेदारी द्वारा उचित पाठ्यचर्या व पाठ्यपुस्तकें विकसित करके आनंदपूर्ण अध्ययन को बढ़ावा देना आवश्यक होगा । परन्तु स्कूलों में पाठ्यपुस्तक रखने का सुझाव संभव नहीं हो सकता, अतः इस सिफारिश का पुनरीक्षण किया जाए ।

खेल व शारीरिक शिक्षा और दूरस्थ शिक्षा से सम्बन्धित के० शि० स० बो० समिति की रिपोर्ट हमें प्राप्त नहीं हुई । तथापि मैं नागालैंड में युवकों के सम्बन्ध में संक्षेप में कहना चाहूंगा समिति रोजगार सेवायें उपलब्ध होने के कारण हम सभी युवाओं को लाभजनक रोजगार नहीं दे सकते । हमारे समक्ष स्कूल बीच में छोड़कर जाने वाले, नशीली वस्तुओं का सेवन करने वाले ए० आई० डी० एस० आई० की समस्याऐं हैं । हमारे कई युवक राजद्रोही दलों की ओर आकर्षित हो गए हैं । युवकों को इन सामाजिक बुराईयों से हटाने के लिए हमने एक नया युवा संसाधन विभाग विकास खोला है तथा प्रत्येक लक्षित दल के लिए नई योजनाएं तैयार की हैं । इस विभाग के अन्तर्गत युवाओं की एक डायरेक्टरी तैयार की जा रही है ताकि शिक्षित बेरोजगार युवा पर उचित रोक लगाई जा सके और सहायता वितरित की जा सके । युवाओं को निर्देशन व उचित परामर्श देने के लिए एक नियोजन ब्यूरो बन रहा है । राज्य में खेल क्रियाकलापों हेतु बुनियादी सुविधाओं पर निवेश के लिए कई योजनाओं का भी प्रस्ताव किया जा रहा है । आशा है कि केन्द्र सरकार से पर्याप्त सहायता के साथ हम युवाओं की समस्याओं को सुलझाने के लिए इन योजनाओं को प्रभावशाली ढंग से चला सकेंगे ।

उड़ीसा के स्कूल और जन शिक्षा मंत्री श्री पी० सी० घादेई का भाषण।

1. कार्रवाई योजना को कार्यरूप प्रदान करना

राज्य सरकार कार्रवाई योजना के कार्यान्वयन को प्राथमिकता दे रही है। राज्य कार्रवाई योजना का प्रारूप तैयार कर लिया गया है तथा केवल वित्तीय निरूपणों को ही अंतिम रूप दिया जाना शेष है। उड़ीसा में राज्य स्तरीय कार्य दल का गठन किया गया तथा प्रख्यात शिक्षा-विद, शिक्षक संगठनों के प्रतिनिधि तथा नीति निर्धारण और कार्यक्रम के कार्यान्वयन से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी इसके सदस्य थे। लेकिन उड़ीसा एक ऐसा राज्य है जो शैक्षिक दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। यहां आदिवासियों की आबादी बहुत अधिक है तथा कक्षा बीच में छोड़ जाने वालों की दर भी अधिक है। कार्रवाई योजना को लागू करने के लिए काफी वित्तीय परिव्यय की जरूरत होगी। उड़ीसा की मुख्य समस्या पहुंच की है। यहां ऐसी बस्तियों की संख्या हजारों में है जहां बुनियादी शिक्षा की सुविधाओं को उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। भारत सरकार को उड़ीसा जैसे पिछड़े राज्य को और अधिक बजटीय सहायता अवश्य उपलब्ध करानी चाहिए। अन्यथा कार्रवाई योजना तैयार करने का संपूर्ण प्रयास व्यर्थ हो जाएगा। कार्रवाई योजना के कार्यान्वयन में राज्य की रूचि के प्रतीक के रूप में राज्य कार्रवाई योजना मंत्रिमण्डल के सम्मुख अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की जाने वाली है।

2. शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबन्धन पर गठित के समिति की रिपोर्ट

मैं केब की उस समिति का एक सदस्य था जिसने इस मुद्दे पर विचारविमर्श किया। रिपोर्ट में पंचायती राज संस्थाओं को बहुत अधिक शक्तियां प्रदान की गई हैं। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या पंचायती राज संस्थाएं दायित्वों को वहन करने के लिए पूरी तरह सक्षम या परिपक्व हैं? यह सच है कि ग्राम शिक्षा समितियों को सुदृढ़ बनाकर, विकेन्द्रीकृत आयोजना तथा शिक्षा के प्रबंधन के लिए पंचायती राज संस्थाओं को पहले से ही किए गए धन के प्रवाह को प्रोत्साहन देकर ग्राम समुदाय के प्रति शिक्षकों की जवाबदेही को स्थापित करने की आवश्यकता है। लेकिन उड़ीसा जैसे राज्य में शुरूआती वर्षों में धीरे धीरे तथा सावधानीपूर्वक कदम उठाया जाना चाहिए। यद्यपि प्राथमिक, गैर-औपचारिक और प्रौढ़ शिक्षा का प्रबंधन जिला स्तर पर पंचायती राज संस्थाओं द्वारा किया जा सकता है, फिर भी और अधिक विकेन्द्रीकरण किए जाने से पूर्व पंचायती राज व्यवस्था को और अधिक परिपक्व हो जाने का इंतजार किया जाना चाहिए। विगत में उड़ीसा सरकार ने शहरी स्थानीय निकायों को शैक्षिक प्रबंधन की शक्तियां प्रदान की थीं। ऐसा कड़वा अनुभव प्राप्त हुआ कि इस कदम को वापस लेना पड़ा। पंचायती राज संस्थाओं द्वारा शैक्षिक पर्यवेक्षण एक बहुत ही संवेदनशील मुद्दा है। मैं समझता हूं कि संपूर्ण देश के शिक्षक संघ शैक्षिक पर्यवेक्षण का कार्य शिक्षा विभाग से हटाकर पंचायती राज संस्थाओं को सौंपने संबंधी किसी भी प्रयास का विरोध करेंगे।

3. यशपाल समिति रिपोर्ट

यह एक सारगर्भित, उपयोगी रिपोर्ट है। इसमें वर्तमान शिक्षा प्रणाली की लगभग संपूर्ण समस्याओं का विश्लेषण किया गया है तथा इससे पाठ्यचर्या सुधार, परीक्षा सुधार तथा अध्ययन – अध्यापन की प्रक्रिया को बाल – केन्द्रित बनाने की आवश्यकता पर राष्ट्रव्यापी वाद–– विवाद का आविर्भाव होगा। इस रिपोर्ट का उड़ीसा भाषा में अनुवाद करा लिया गया है तथा इसे व्यापक स्तर पर परिचालित करने के लिए इसे शीघ्र ही मुद्रित किया जाएगा तथा तथापि, समिति के दिमाग में यह बात नहीं आई है कि ग्रामीण तथा वहिर्वर्ती आदिवासी इलाकों के स्कूलों में आधार–भूत सुविधाओं का अभाव है जहां इन सुविधाओं के अभाव के कारण पाठ्यपुस्तकों को स्कूल की संपत्ति बनाने जैसा छोटा सा कदम भी नहीं उठाया जा सकता। पर बच्चों द्वारा घर पर किए जाने वाले कुछ कार्यकलापों के जरिए घर पर सीखने का जो माहौल बिल्कुल भी नहीं है उसे दूर करने की आवश्यकता है तथा गृह कार्य की पूर्ण रूप से समाप्ति वांछनीय नहीं होगी।

संपूर्ण समस्याओं के मूल में यह है कि समाज के भौतिकवादी तथा प्रतिस्पर्धी आचार– विचार ने बच्चों को अध्ययन के ढ़ाचे में बिलकुल ही महत्वहीन स्थान पर ढ़केल दिया है। जब तक अभिभावक और शिक्षक समाज तथा संसाधन संस्थाएं शिक्षा की संपूर्ण प्रक्रिया में गुणात्मक दृष्टि से अर्थ परिवर्तन के लिए एक जुट होकर कार्य नहीं करेंगी तब तक इस परिदृश्य में परिवर्तन की उम्मीद करना कोरी कल्पना ही होगी। लेकिन यशपाल समिति की सिफारिशों में एक ऐसे व्यवहार्य तंत्र का सुझाव नहीं दिया गया है जो इस जटिल समस्या का हल ढूंढने का कोई तरीका विकसित कर सके। एक तरह से इसने इस जटिल कार्य को प्रशासन की इच्छा या इसके द्वारा स्वयंसेवी प्रयासों को दिए गए स्थान पर मुख्यतः छोड़ दी है। अंत में, बच्चों के बोझ को कम करने के लिए सबसे महत्वपूर्ण कदम है – पाठ्यचर्या को घटाना। उड़ीसा में इस दिशा में प्रयास पहले से ही किए जा रहे हैं। मेरा दावा है कि इस रिपोर्ट पर राज्य के भीतर व्यापक पैमाने पर ध्यान दिया जाएगा।

उड़ीसा राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री का अभिभाषण

लोकतंत्रात्मक राजव्यवस्था में कोई भी सार्वजनिक या राजकीय संस्थान पूर्ण स्वायत्ता प्राप्त नहीं कर सकता। ऐसे बहुत से उदाहरण हैं, जब कुलाधिपति ने विकृतियों को व्यवस्थित करने तथा अवैधानिकता एवं वित्तीय अनियमितता की सुधारने हेतु विश्वविद्यालयों को निर्देश देने की आवश्यता का अनुभव किया है। ऐसे भी कई उदाहरण है जब कुछ विश्वविद्यालय तथा विश्वविद्यालय निकायों ने शिक्षा के स्तरों को कम करने या गैर शैक्षिक मामलों में शैक्षिक निर्णय लेने की ओर प्रवृत्त हुए हैं। चूंकि अधिकतर विश्वविद्यालय, आने वाले लम्बे समय के लिए विश्वविद्यालयों के प्रबन्ध हेतु संसाधन जुटाने में सक्षम नहीं होंगे, अतः विश्वविद्यालयों को मुख्य रूप से सरकारी अनुदान पर निर्भर रहना होगा तथा इसके लिए, सरकार को वैधानिक विनियोजन प्राप्त करना होता है अतः सरकार विश्वविद्यालयों के पक्ष में स्वीकृत अनुदानों के लिए विधान के प्रति उत्तरदायी होगी। विश्वविद्यालयों को, सरकार के प्रति, सरकार के प्राप्त अनुदान सीमा तक उत्तरदायी होना पड़ेगा। इस प्रकार, विश्वविद्यालयों, आन्तरिक प्रबंध क्षेत्र में पूर्ण स्वायत्ता प्राप्त नहीं कर सकते हैं। वैधानिक नियमावली में यह अपेक्षा की जाती है कि आन्तरिक व्यवस्था, विश्वविद्यालयों की संविधि के अनुसरण में होनी चाहिए तथा उस स्थिति, जिसमें विश्वविद्यालय, विश्वविद्यालय संविधि के अनुरूप कार्य नहीं करता ऐसी स्थिति में कुलाधिपति को हस्तक्षेप करने तथा अवैधानिकताएं या अनियमितताएं दूर करने का अधिकार प्राप्त है।

दूसरे शब्दों में एक विश्वविद्यालयों की शैक्षिक स्वायत्ता, कुलाधिपति एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्ण निरीक्षण तथा नियंत्रण पर निर्भर होनी चाहिए। यह व्यवस्था इसलिए आवश्यक है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि मानकस्तर को बनाए रखा जाये तथा असम्बद्ध कारणों के लिए शैक्षिक उद्देश्यों के धीमे होने या कम होने को रोका जा सके। दूसरी बात यह है कि सरकार से प्राप्त होने वाले अनुदान को किसी तरीके से प्रयुक्त किया गया है। इस संबंध में विश्वविद्यालय सरकार के प्रति जवाबदेह है। इन अनुदानों का प्रयोग उन शर्तों व अनुबंधों के अनुसरण में किया जाना चाहिए। जिनके लिए अनुदान प्रदान किया गया है। तीसरी बात यह है कि आन्तरिक प्रबंध के मामले में विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता की पूर्ति होगी कि आन्तरिक प्रबन्धन विश्वविद्यालय संविधि के अनुसरण में हो। जिन विश्वविद्यालयों में आन्तरिक प्रबन्धन में परिवर्तन किए गए हों उस स्थिति में अनियमितताओं और अवैधताओं का संशोधन करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने के लिए कुलाधिपति को प्राधिकृत किया जाना चाहिए।

चुनावों में विश्वविद्यालयों के स्टाफ की सहभागिता (पृष्ठ 4, पैरा-11)

ज्ञानम् समिति ने यह सिफारिश की है कि विश्वविद्यालयों तथा कालिजों के शिक्षण तथा गैर शिक्षण स्टाफ को संसद राज्य विधान सभा या अन्य स्थानीय निकायों के चुनाव लड़ने की अनुमति दी जानी चाहिए परन्तु शर्त यह है कि उन्हें नामांकन भरने की तारीख से ही विशेष अवकाश दे दिया जाए। सोनेरी समिति ने इस महत्वपूर्ण मामले पर कोई विशेष संस्तुति नहीं की है। ज्ञानम् समिति की सिफारिश की स्वीकृति के दूरगामी परिणाम होंगे। यदि विश्वविद्यालय और कालिजों के शिक्षण तथा गैर शिक्षण स्टाफ को चुनावों में भाग लेने की स्वीकृति दी जाती है तो अन्य सार्वजनिक सेवाओं के सदस्यों को यही सुविधाएं न देने का कोई तार्किक कारण नहीं होगा। निर्वाचक राजनीति में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को, नामांकन पत्र भरने से पहले अपने चुनाव क्षेत्र की देखभाल होंगी तथा उसे अपने राजनैतिक हितों के लिए कुछ समय देना होगा। इससे शैक्षिक लक्ष्य को क्षति पहुंचेगी। हमारे देश में व्याप्त परिस्थितियों में ऐसा कदम उठाना वांछनीय नहीं होगा।

विकेन्द्रीयकरण (पृष्ठ 5 पैरा 13 और 14)

सैद्धान्तिक तौर पर विश्वविद्यालय के मामलों के प्रबन्ध तथा डीन तथा अध्यक्षों को और अधिक शक्तियों के प्रत्यायोजन के विकेन्द्रीकरण में किसी किस्म की आपत्ति नहीं हो सकती, परन्तु इसके लिए यह आवश्यक है कि शक्तियों के प्रत्यायोजन का संबंध, जिम्मेदारी से होना चाहिए तथा यह जिम्मेदारी पूर्व निर्धारित लक्ष्यों तथा कार्यक्रमों के संदर्भ में होनी चाहिए विश्वविद्यालयों की संरचना स्कूलों के रूप में करना, प्रत्येक विद्यालय का विविध विषयों की सम्बद्धता का प्रतिनिधित्व करना सही दिशा में उठाया गया कदम है। इसका समर्थन किया जाना चाहिए। निधियों की कमी के कारण विश्वविद्यालयों को इस तरीकों से पुन संगठित करने में समय लग सकता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा विश्वविद्यालयों की पुनर्संरचना के लिए विश्व विद्यालयों को प्रदान की जाने वाली वित्तीय सहायता, इस प्रयास में सहायक होंगी।

यह संस्तुत किया गया है कि विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम निर्धारित करने, परीक्षाएं आयोजित करने तथा डिग्रियां प्रदान करने की जिम्मेदारी से धीरे-धीरे पृथक किया जाना चाहिए। यदि यह अनन्तिम उद्देश्य है तो वर्तमान स्थितियों में विद्यालय सम्बद्धता की पद्धति को एक लम्बे समय तक जारी रहना होगा। पिछले कई दशकों में, उच्च शिक्षा के विस्तार पर जोर दिए जाने के कारण घटिया किस्म के बहुत से कालिज अस्तित्व में आए हैं, जिनकी शैक्षिक अवस्थापना तथा शिक्षकों की कोटि, दोनों ही निम्न स्तर की थी। ऐसे कालिजों

में स्तर का एक मानक रखना सम्भव रहा है क्योंकि विश्वविद्यालय ही पाठ्यक्रम निर्धारित करते हैं तथा डिग्रियाँ प्रदान करने के लिए परीक्षाएं आयोजित करते हैं। यदि यह नियंत्रण भी हटा लिया जाए तो इससे मानक स्तरों की विलुप्ति हो सकती है। इसका का परिणाम हानिप्रद एवं निराशाजनक हो सकता है, अतः कालिजों की संबद्धता की पद्धति को उस समय तक जारी रखना होगा, जब तक अधिकांश ऐसे कालिज, शैक्षिक स्तरों के एक न्यूनतम बुनियादी स्तर को प्राप्त न कर लें।

कालिजों की विश्वसनीयता उस स्थिति में संभव नहीं हो सकती जब काफी संख्या में कालिज विश्वसनीयता के योग्य न पाये जायें प्रत्येक राज्य में एक परीक्षा लेने वाला विश्वविद्यालय होना भी व्यावहारिक नहीं है, क्योंकि अधिक सम्बन्द्ध विश्वविद्यालयों की स्थापना को प्रेरित करने वाले कारणों में से एक कारण, विश्व विद्यालयों की परीक्षा तथा सम्बद्धता के कार्य को विकेन्द्रीकृत करने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय के परीक्षा तथा सम्बद्ध कार्य को शिक्षण, अनुसन्धान तथा विस्तार कार्य से अलग करना तथा परीक्षा एवं सम्बन्द्ध कार्य को केवलमात्र सम-कुलपति (प्रो०–वाइस चांसलर) के अधिकार में रखना ही एक व्यावहारिक विकल्प हो सकता है।

स्वायत्त विद्यालय (पृष्ठ 7 पैरा 7)

यद्यपि अधिक से अधिक कालिजों को स्वायत्तता प्रदान करना, निस्सन्देह वांछनीय है, परन्तु हमारे राज्य के स्वायत्त कालिजों के कार्य संचालन के अनुभव से यह पता चलता है कि न्यूनतम आवश्यकताओं को पूरा किये बिना स्वायत्त स्तर को प्रदान करना, लाभप्रद नहीं होगा। यह बात अधिक महत्वपूर्ण है कि उन सस्थानों को स्वायत्त स्तर प्रदान नहीं किया जाना चाहिये, जो स्वायत्तता के पात्र नहीं हो। वाचनालय, प्रयोगशालाओं तथा शिक्षक क्षमता जैसी विशिष्ट न्यूनतम बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता, स्वायत्त कालिजों के लिये अपेक्षित पूर्व आवश्यकतायें हैं। दुर्भाग्यवश, अधिकांश कालिज इन पूर्व शर्तों को पूरा नहीं करते। अतः स्वायत्त कालिजों की संख्या में तेजी से वृद्धि करना, अवांछनीय तथा हानिकारक होगा।

स्वायत्त कालिजों से शैक्षिक तथा पाठ्यचर्या परिवर्तन तथा उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की आशा की जाती है। लेकिन ये संभावनायें मुख्यतः पूरी नहीं हो पाई है। अपरिहार्य परिवर्तन करने के लिये निधियों की कमी, संभावना के पूरा न होने के कारणों में से एक कारण है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वायत्त कालिजों को प्रदान की जाने वाली अतिरिक्त निधियों से भी परीक्षायें आयोजित करने की लागत पूरी नहीं हो पाती। अधिकांश शिक्षक, परम्परागत विश्वविद्यालय पद्धति से लिये गये हैं, अतः वे जड़ता तथा सुविधायों की कमी के कारण, उनकी प्रवृत्ति घिसे-पिटे (पुराने) पाठ्यक्रम से जुड़े रहने की होती है। शिक्षकों को उनके सम्बद्ध अध्ययन क्षेत्रों में होने वाले नवीततम विकास से जोड़े रखने के अवसर नहीं हैं। वाचनालय अद्यतन नहीं है तथा अधिकतर कालिज पत्रिकाओं के ग्राहक बनने में असमर्थ हैं। परिणामस्वरूप, शिक्षक पाठ्यक्रम परिवर्तन को समझने की स्थिति में नहीं आते। फलतः विश्वविद्यालयों के पुराने पाठ्यक्रम में यदाकदा सामान्य परिवर्तन किये जाते हैं।

सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थाओं में सामान्य कैडर के शिक्षक भी, स्वायत्त कालिजों के सही प्रबन्ध में कठिनाइयां उत्पन्न करते हैं। इन स्वायत्त कालिजों में से प्रत्येक के लिए एक कोर दल बनाने के प्रयास भी विफल हो गये क्यों अधिकतर शिक्षक इस प्रस्ताव का विरोध करते हैं। निम्नलिखित शर्तों के पूरा होने पर ही शैक्षिक संस्थानो को स्वायत्त स्तर प्रदान किया जा सकता है :—

(क) कालिज में बुनियादी शैक्षिक सुविधाएं पर्याप्त हों अथवा कम अवधि में पर्याप्त बुनियादी सुविधाएं प्राप्त करने के लिए संस्थान को पर्याप्त निधियाँ प्रदान कीं जाती हैं।

(ख) संकाय, शैक्षिक तथा पाठ्यक्रम नवाचारों को आरंभ करने तथा उत्कृष्ठता को बढ़ावा देने की स्थिति में हों तथा इस प्रयोजनार्थ उसने निश्चित रूप से एक कार्यक्रम तैयार किया है जिसे संशोधित तथा स्वीकृत किया गया है।

(ग) संकाय की कमियों का मूल्यांकन किया गया हो तथा शिक्षको के ज्ञान तथा दक्षता को अद्यतन बनाने के उचित कदम उठाये गये हों, अथवा शिक्षकों को अपेक्षित दक्षता प्रदान की गई हो।

उत्तरदायित्व (पृष्ठ 8 पैरा 20)

उप-कुलाधिपति के विभिन्न स्तरों पर शिक्षकों तथा सोनेरी समिति द्वारा स्वीकृत विभिन्न विश्वविद्यालय निकायों की जिम्मेदारी के सम्बन्ध में ज्ञानम समिति की सिफारिशों, सैद्धान्तिक रूप से सही हैं। अतः उन तरीकों को तैयार करना आवश्यक है जितके माध्यम से जिम्मेदारी डाली जाये तथा वे परिणाम भी तैयार किये जायें जो जिम्मेदारी पूरी न करने पर अपनाये जायें।

राजकीय उच्च शिक्षा परिषद

राज्य परिषदों की स्थापना की सिफारिशें सैद्धान्तिक रूप से सन्तोषजनक है, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण राज्य सरकार इस परिषद को स्थापित करने में सक्षम नहीं है। केवल मात्र परिषद की स्थापना, उपयोगी सिद्ध नहीं होगी, जब तक इसकी सिफारिशों को कार्यान्वित करने के साधन उपलब्ध न हों।

निधियाँ (पृष्ठ 30 पैरा 29)

उच्च शिक्षा पद्धति की न्यूनतम रखरखाव लागतों को पूरा करने के लिये कुल निधियों की अपर्याप्ता, एक शोचनीय विषय है। बजट संसाधनो का लगभग 95% भाग, वेतन आदि के भुगतान में ही खर्च हो जाता है अतः विकासात्मक जरूरतों पर बिलकुल ध्यान नहीं दिया जाता। यदि शिक्षा क्षेत्र के लिये अतिरिक्त

निधियां उपलब्ध होती है, तो मुख्यत: वे, केवल प्रारम्भिक शिक्षा और साक्षरता अभियानो के लिये आबटित की जानी है क्योंकि इन कार्यक्रमों को अधिक प्राथमिकता प्रदान की गई है । परिणामत: उच्च शिक्षा के क्षेत्र में निरन्तर कमी आ रही है। फलत: उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐसी स्थिति आ जायेगी, जिसके आगे और कमी संभव न होगी। अत: यह आवश्यक है कि एक संस्थागत तंत्र विकसित किया जाना चाहिये ताकि उच्च शिक्षा क्षेत्र की न्यूनतम जरूरतों का विधारण किया जा सके तथा योजना आयोग एवं राज्य आयोजना विभाग भी, न्यूनतम स्तर को प्राप्त करने के संसाधनों के पर्याप्त आवंटन की सुनिश्चित कर सकें।

शैक्षिक रूप से अल्पविकिसित राज्यों के कालिजों पर वशेष ध्यान दिया जाना जरूरी है। शैक्षिक रूप से पिछड़े राज्य, आर्थिक रूप से भी अल्पविकसित होते हैं । इन राज्यों तथा विशेष रूप से इन राज्यों के पिछड़े क्षेत्र में स्थित कालिजों को सहायता प्रदान करने था उनका विकास करने के लिये स्थानीय संसाधन पर्याप्त नहीं होंगे। उद्योग तथा व्यापार से संसाधनों की गतिशीलता के लिये इन राज्यों में स्थापित विश्वविद्यालयों का क्षेत्र भी बहुत सीमित है। मुख्य उद्योगों के मुख्य कार्यालय, अन्य राज्यों में स्थित हैं। परिणामत: उद्योग तथा व्यापार उन राज्यों जिनमें उनके मुख्य कार्यालय स्थित हैं के विश्वद्यिालयों की ही सहायता कर सकते हैं। अगर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग शैक्षिक रूप से पिछड़े राज्यों के विश्वविद्यालयों को सहायता देने के लिये एक योजना तैयार नहीं करता तो ऐसे विश्वविद्यालयों को वित्तीय दिक्कतें उठानी पड़ेगी। विश्वविद्यालयों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये योजनायें बनातें समय विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को इन राज्यों को विशिष्ट जरूरतों को ध्यान में रखना चाहिये।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (पृष्ठ 40 पैरा 80)

शैक्षिक रूप से तथा आर्थिक रूप से पिछड़े राज्यों में उच्च शिक्षा के विकास में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को अपनी जिम्मेदारी तथा सहभागिता को स्वीकार करना चाहिये। इन राज्यों के पिछड़े क्षेत्रों के कालिजों को उदार रूप से वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये विशेष योजना तैयार की जानी चाहिए जब तक विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से अतिरिक्त सहायता प्रदान नहीं की जाती, तब तक पिछड़े क्षेत्रों के कालिज आर्थिक तथा शैक्षिक पिछड़ेपन से ग्रस्त रहेंगे । शैक्षिक रूप से पिछड़े तथा जनजातीय जिलों में मोडल कालिज के रूप में कम से कम एक कालिज स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव पर भी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को, विचार करना चाहिये ताकि इन क्षेत्रों के छात्र गुणात्मक शिक्षा प्राप्त कर सकें। इन संदर्भ में, इस शर्त पर पुन: विचार भी आवश्यक है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा वित्तीय सहायता केवल उन्हीं कालिजों को दी जायेगी जिन्हें स्थाई रूप से संबद्धता प्राप्त हो। बुनियादी तथा शैक्षिक सुविधाओं की कमी के कारण अधिकतर कालिजों को स्थाई सम्बद्धता प्रदान नहीं की जाती। आर्थिक कारणों की वजह से स्थानीय समुदाय भी इन कमियों को दूर करने में पर्याप्त संसाधन जुटाने की स्थिति में नहीं होता। ऐसी परिस्थितियों में यदि विश्वविद्यालय अनुदाय आयोग भी इन कालेजों को वित्तीय सहायता नहीं देता तो ये कालिज, अल्प विकास की स्थाई स्थिति में रहेंगे। यह सुझाव दिया गया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग इन प्रक्रिया में सुधार करने पर विचार करें ताकि वह कालिज जिसे स्थाई सम्बद्धता तो प्राप्त न हुई हो, परन्तु उसे 5 वर्ष की निरन्तर अवधि के लिये अस्थायी सम्बद्धता प्राप्त हो उसे विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से वित्तीय सहायता प्राप्त करने का पात्र समझा जाये। इस तरह के कालिजों को वित्तीय सहायता देना, सार्थक होगा क्योंकि 5 वर्ष या इससे अधिक अवधि से निरन्तर काम करने वाले कालिज के बंद होने की कोई संभावना नहीं होती।

अत: यह आवश्यक है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, प्रत्येक विश्वविद्यालय को शैक्षिक स्तर का संकायवार मूल्यांकन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि विभिन्न विश्वविद्यालयों के स्तर की यथोचित समानता है या नहीं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, संकाय में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिये तीन वर्ष की अवधि के लिये शिक्षकों की नियुक्ति की एक योजना पर भी विचार कर सकता है।

नियंत्रक/कुलाधिपति (पैरा, 51, 52 और 53)

प्रत्येक विश्वविद्यालय में एक नियंत्रक तथा एक कुलाधिपति होना आवश्यक नहीं है। जहां तक राजकीय विश्वविद्यालयों का कुलाधिपति होना चाहिये। राज्यपाल का मुख्य कार्यालय तथा उसकी संवैधानिक स्थिति ही, विश्वविद्यालयों के लिये यथेष्ट सहायता होगी।

एस लखबीर सिंह रन्धावा, शिक्षा मंत्री, पंजाब के भाषण का मूल पाठ

जिस गति से शिक्षा सचिवों तथा शिक्षा निदेशकों के दल ने अपना काम पूरा किया है उसके लिये मैं मानव संसाधन विकास मंत्रालय को बधाई देना चाहता हूं, जिससे कि आज की बैठक की कार्यसूची तैयार की गई है। यह वास्तव में प्रशंसनीय कार्य है।

2. राष्ट्रीय शिक्षा नीति; 1986 ने शिक्षा विभाग के क्षेत्र में एक नये युग का सूत्रपात किया, जो कि भारत सरकार और राज्य सरकारों के मध्य घनिष्ठ सहयोग पर आधारित है तथा शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार प्रारंभ किया है। पिछले छः वर्षों के अनुभव ने रा० शि० नी० 1986 तथा संशोधित कार्यवाही योजना 1992 में वर्णित दिशा-निर्देशों और रणनीतियों को कुल मिलाकर मान्यता प्रदान की है। तथापि इसमें कुछ कमियां और विलम्ब रह गया है। अब वह समय आ गया है कि अब तक की गई प्रगति का मूल्यांकन किया जाये, क्या कठिनाइयां सामने आ रहीं है तथा वहां और किन अर्थ-पाठ्यक्रमों में शुद्धियां करना आवश्यक है, इन सब की जांच-पड़ताल की जानी चाहिये यह वह कार्य है जिसकी जांच इस भव्य बैठक को करनी है।।

3. मैं इस बैठक की विशेष कार्य-सूची को स्वयं संबोधित करते हुए मैं इन क्षेत्रों में पंजाब द्वारा की गई प्रगति की भी संवीक्षा करने के लिये भी अवसर लेना चाहूंगा। मैं निम्नलिखित से शुरू करना चाहता हूं।

प्राथमिक शिक्षा

4. राज्य ने सभी के लिये प्रारम्भिक शिक्षा के लक्ष्य को प्राप्त करने की दृष्टि से 97% नामांकन के लक्ष्य को प्राप्त किया है। ऐसे सभी गांवों में जहां 50 से अधिक बच्चे वहां प्राथमिक स्कूल स्थापित किये गये हैं, जिनकी संख्या 12464 है। किसी भी बच्चे को प्राथमिक स्कूल जाने के लिये एक किलो मीटर से अधिक नहीं चलना पड़ता है। समाज के कमजोर तबके के विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से तथा स्कूल बीच में ही छोड़ कर चले जाने वाले बच्चों की दर को कम करने के लिये राज्य सरकार ने विमुक्त जाति की बालिका विद्यार्थियों के लिए 30 रु० प्रति माह की छात्रवृत्ति का प्रावधान किया है। इस पर प्राथमिक स्तर तक छात्रवृत्ति के भुगतान के रूप में प्रतिवर्ष 12 करोड़ रुपया खर्च किया जाता है। आपरेशन ब्लैक बोर्ड के अन्तर्गत, पहले दो चरण अग्रिम कार्यान्वयन में हैं, जो 31 मार्च, 1994 से पहले पूरे हो जायेंगे। फिर भी राज्य में सभी स्कूलों को तीन शिक्षक और तीन कक्ष वाले स्कूलों में परिवर्तित करने के लिये अभी आपरेशन ब्लैक बोर्ड को निरंतर जारी रखने की आवश्यकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दृष्टि से, यह आवश्यक है कि केन्द्र सरकार प्राथमिक शिक्षा के मानदण्डों की बेहतरी के लिए वार्षिक आधार पर पर्याप्त निधियां उपलब्ध कराएं।

अल्पसंख्यकों के लिए शिक्षा

5. कार्यवाही योजना, 1992 के तृतीय अध्याय में अन्य बातों के साथ-साथ शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े गए अल्प संख्यकों के विकास के लिए एक सघन क्षेत्रीय कार्यक्रम के निर्माण के लिए प्रावधान किया गया है। तद्नुसार राज्य सरकार ने मलेरकोटला तथा क्वाडियन में उर्दू के शिक्षण के लिए व्यवस्था की है जो कि शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े अल्प संख्यकों के बहुलता वाले क्षेत्र हैं और जहां माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक तथा उच्च शिक्षा के निर्देशों के माध्यम के रूप में उर्दू के शिक्षण के लिये पर्याप्त प्रावधान नहीं है। सरकार ने उन स्थानों में जहां प्राथमिक और मिडिल स्कूलों की जरूरत है वहां नये प्राथमिक तथा मिडिल स्कूलों की स्थापना को भी प्रात्साहित किया है।

व्यावसायिक शिक्षा

6. राज्य सरकार ने रोजगार योग्य कौशल प्रदान करने के लिये 1988 से उच्चतर माध्यमिक स्तर पर माध्यमिक शिक्षा के व्यावसायीकरण का कार्य आरम्भ किया है ताकि विद्यार्थियों को काम की ओर अग्रसर किया जा सके और 42 स्तर को एक उपयोगी मोड़ दिया जा सके, ताकि उच्च शिक्षा प्रणाली पर पड़ने वाले दबाव को कम किया जा सके। इस उद्देश्य से विद्यार्थियों के लिये पर्याप्त रोजगार की संभावना वाले क्षेत्रों का पता लगाने के लिये एक सर्वेक्षण किया गया है। व्यावसायिक शिक्षा को पहले ही 295 उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में शुरू किया जा चुका है। इस कार्य को और अधिक भागीदारितापूर्ण तथा वर्तमान समय की आवश्यकताओं के अनुरूप बनाने के लिये, सरकार ने कार्यक्रम को छोटा और मूल्यांकन के लिये व्यावसायिक शिक्षा पर "राज्य स्तरीय विशेषज्ञ समिति" गठित करने का निर्णय लिया है। राज्य के 50 स्कूलों मे माध्यमिक स्तर पर पूर्व व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ करने का भी एक निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार हम कालेज स्तर पर भी व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रारंभ कर रहे हैं। स्वास्थ्य से संबंधित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों तथा कृषि उद्योग पर आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर भी जोर डाला जा रहा है। राज्य के 13 प्रशिक्षण संस्थानों में व्यावसायिक शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिये प्रबन्ध किये जा रहे हैं। नये पाठ्यक्रमों के लिये पाठ्यचर्या तथा उनकी पुस्तकें तैयार की जा रही हैं।

प्रौढ़ शिक्षा

7. राज्य में अनौपचारिक शिक्षा की कोई समस्या नहीं है। तथापि, राज्य सरकार "प्रौढ़ निरक्षरता" की समस्या का सामना कर रही है। भारत ज्ञान विज्ञान समिति जैसी स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद से, खण्डों में शत-प्रतिशत साक्षरता के लक्ष्य को प्राप्त

कर लिया गया है। 1994 में होशियार पुर जिले में संपूर्ण साक्षरता अभियान के अन्तर्गत एक सामूहिक आन्दोलन शुरू करने के लिये एक योजना तैयार की गई है। प्रारम्भिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण को प्राप्त करने तथा सामूहिक साक्षरता अभियान को बढ़ावा देने के लिये यह उपयोगी कार्य होगा। जिन स्थानों में संम्पूर्ण साक्षरता अभियान सफल रहे हैं वहां उत्तर साक्षरता कायक्रमों को विकसित करने तथा कार्यान्वित करने की आवश्यकता होगी।

शिक्षा का विकेन्द्रीकृत प्रबन्ध

8. संविधान में हाल ही में दिये गये संशोधनों से जिनमें जिला, ग्राम तथा नगरपालिका स्तरों पर प्रशासन के सुदृढ़ीकरण पर जोर डाला गया है, पंचायती राज तथा शहरी निकायों को शिक्षा के कार्य को सौंपने को समर्थ बनाया जायेगा। मैं इसमें यह जोड़ना चाहूंगा कि शैक्षिक संस्थानों के भागीदारितापूर्ण प्रबन्ध को सुनिश्चित करने के लिये राज्य में ग्राम स्तरीय समितियां तथा अभिभावक शिक्षक संघ पहले ही से स्थापित किये गये हैं। शिक्षक जिन समुदायों में रहते हैं उनके प्रति उत्तरदायी होते हैं। इसलिये विकेन्द्रीकृत ढांचा वर्तमान समय की विशेषकर प्राथमिक शिक्षा स्तर की जरूरत है। तथापि, नई कार्यान्वियन रणनीतियों को तैयार करते समय इस सम्बन्ध में विभिन्न राज्यों द्वारा प्राप्त किये गये अनुभवों को पृष्ठभूमि में रखना होगा। शिक्षक एक वर्ग के रूप में अत्यन्त संयोजक तथा कुशल नीतिज्ञ होते हैं तथा इन परिवर्तनों के प्रति उनकी प्रक्रिया को नजर अन्दाज नहीं किया जा सकता है। इसी प्रकार हम इन निकायों की वित्तीय तथा प्रशासनिक सीमाओं को भुला नहीं सकते। राज्य विधान परिषद शीघ्र ही उपरोक्त सभी पहलुओं पर विचार करेगी तथा हमें विश्वास है कि सभी चिन्ताओं का कोई स्वीकार करने योग्य प्रबन्ध कर लिया जायेगा।

स्कूली बस्ते के भार पर गठित यशपाल समिति

9. राज्य सरकार यह अनुभव करते हैं कि पाठ्यचर्या पर विशेष कर प्राथमिक स्कूल तथा अपर प्राथमिक स्कूल स्तरों पर स्कूली बस्ते का भार वास्तव में ज्यादा है इसे कम किया जाना चाहिये। इस उद्देश्य के लिये पाठ्यक्रम तैयार करने की प्रक्रिया तथा पुस्तकों को तैयार करने के काम को विकेन्द्रीकृत करने की जरूरत हैं ताकि इन कामों में शिक्षकों की सहभागिता को बढ़ाया जा सके तथा पाठ्य-पुस्तकों तथा अन्य सामग्रियों के चयन सहित पाठ्यचर्या के सभी पहलुओं में नवीनता लाने के लिये स्कूलों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उपर्युक्त प्रक्रिया के अतिरिक्त स्कूलों को खोलने तथा कार्य करने के नियमन के लिये और पाठ्यपुस्तकों की अपर प्राथमिक स्तर पर समीक्षा करने के उपाय किये जाने चाहिये। शुरूआत करने के लिये स्कूलों द्वारा क्रमिक आधार पर पुस्तकें उपलब्ध कराई जानी चाहिये तथा प्राथमिक कक्षाओं में गृह कार्य को समाप्त कर दिया जाना चाहिये।

स्कूली पाठ्यपुस्तकों का मूल्यांकन

10. महोदय, मैं यह सूचित करना चाहता हूं कि मेरे राज्य में ऐसी किसी गैर सरकारी संस्था को मान्यता प्रदान नहीं की जा रही है जिनकी पाठ्यचर्या की विषय सूची राष्ट्रीय हितों के प्रतिकूल हो। राज्य समीक्षा समिति ने पंजाब स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित की गई पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम, तथा पाठ्यपुस्तकों का परीक्षण किया है तथा केन्द्र सरकार द्वारा सुझाये गये मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुरूप अधिगम कार्यक्रम (लर्निंग पैकेज) में संशोधन किया है।

राज्य कार्यवाही योजना

वस्तु स्थिति तथा संस्थागत अनिवार्यताओं को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय कार्यवाही योजना (पी० ओ० ए)० 1992 में राज्य कार्यवाही योजना को तैयार करने की परिकल्पना की गई है। राज्य सरकार इस बात से अवगत है और राज्य कार्यवाही योजना को तैयार करने के लिये कार्यदलों को गठित करने पर विचार कर रही है ताकि भागीदारिता प्रक्रिया के माध्यम से व्यावहारिक कार्यवाही योजना को तैयार किया जा सके।

सोनेरी समिति की रिपोर्ट

राज्य सरकार सोनेरी समिति से आम तौर पर सहमत है जिसने ज्ञानम समिति द्वारा तैयार की गई प्रारम्भिक सिफारिशों का परीक्षण किया है। हम अपने विश्वविद्यालयों को जितने अधिक कालेजों को स्वायत्तशासी बनाना संभव होगा उतने कालेजों को स्वायत्त शासी बनाने के लिये तथा शिक्षकों के लिये प्रस्तुतीकरण मूल्यांकन को आरम्भ करने के लिये भी प्रोत्साहित करेंगे। तथापिर दौरे पर आने वाले अधिकारी के लिये कुछ महत्वपूर्ण मामलों में राज्य केबिनेट की सलाह के द्वारा अनुपालन के लिए प्रत्येक औचित्य है। आज की रोजगार की आवश्यकता की पूर्ति के लिये तथा अधिक आवश्यक ग्रामीण विकास के लिये विश्वविद्यालय अनुदानआयोग को सभी संस्थागत उच्च शिक्षा में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ कराने हेतु ग्रामीण कालेजों के लिये जरूरत पर आधारित विधियों को उपलब्ध कराना चाहिये यह समय की मांग है।

विधान परिषदों में शिक्षकों का प्रतिनिधित्व

वर्तमान समय में पंजाब में विधान परिषद् नहीं है। तथापि हम इस विचार से सहमत हैं कि इस प्रकार की संस्थाओं में शिक्षकों के प्रत्येक प्रतिनिधित्व की आवश्यकता नहीं है।

अन्त में मैं सभापति के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहूंगा जिन्होंने मुझे इस भव्य बैठक में केब की बैठक में उठाये गये मुद्दों पर अपने विचार रखने के लिये अवसर प्रदान किया। महोदय, मैं आपको आश्वासन देता हूं कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा कार्यबाही योजना, 1992 को कार्यान्वित करने के लिये हमारा राज्य मंत्रालय के साथ मिलकर कार्य करेगा।

माननीय प्रो० के० पौन्नूस्वामी, शिक्षा मंत्री, तमिलनाडु सरकार द्वारा दिया गया भाषण :

डा० जयललिता को यह पूरा विश्वास है कि इस बैठक की चर्चाओं से जो निष्कर्ष निकलेगा उससे हमारे देश की शिक्षा प्रणाली और अधिक मजबूत होगी। हमारी मुख्यमंत्री के गतिशील तथा कुशल मार्गदर्शन में शिक्षा को सामाजिक दृष्टि से उपयोगी तथा युवाओं के लिये प्रासंगिक बनाने के लिये तमिलनाडु ने कई कार्यक्रम शुरू किये हैं। स्कूल पूर्व स्तर से लेकर उच्च शिक्षा तक सामाजिक तथा आर्थिक रूप से समाज के कमजोर वर्गों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये कई योजनाएं शुरू की गई है। उससे शिक्षा विकास के प्रति एक सामाजिक प्रपत्र तथा आर्थिक प्रगति के रूप में हमारा दृढ़ निश्चय तथा पूर्ण प्रतिबद्धता का आभास होता है।

प्रारंभिक बाल्यवस्था के देख-रेख शिक्षा

शिशु देख-रेख में तमिलनाडु हमेशा अग्रणी रहा है। तीन वर्ष से 15 आयु वर्ग के बच्चों के लिये पूरी तरह से वित्त पोषित तथा प्रभावी रूप से व्यवस्थित पोषाहार–भोजन कार्यक्रम को कार्यान्वित करने वाला यह पहला राज्य है। शिशु के शैक्षिक विकास को ध्यान में रखते हुए अब इस कार्यक्रम को बढ़ा दिया गया है। सभी मध्याह्न भोजन कर्मियों को स्कूल पूर्व शिक्षा में अल्पकालिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। तथा प्रत्येक मध्याह्न भोजन केन्द्र शिक्षण का भी केन्द्र होगा। यह केन्द्र बालवाड़ियों तथा आंगनवाड़ियों के अलावा है। ये सभी केन्द्र, राज्य के स्वास्थ्य देख–रेख कार्यक्रम से भी जुड़े हुए हैं।

2. प्रारंभिक शिक्षा

तमिलनाडु ने प्राथमिक स्तर पर शत् प्रतिशत नामांकन लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है किन्तु इस व्यवस्था में बच्चों को बनाये रखने की समस्या एक अड़चन बन गई है। हमारी सरकार ने कई प्रोत्साहन योजनायें शुरू की है।

1. पौष्टिक भोजन योजना
2. पहली कक्षा से आठवीं कक्षा के छात्रों के लिये निःशुल्क यूनिफार्म
3. निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें
4. निःशुल्क चप्पलें
5. मुफ्त बस पास
6. निःशुल्क स्लेटें प्रदान करना

इन उपायों से प्राथमिक स्कूल स्तर पर 54.9 प्रतिशत से 19.3 प्रतिशत तक स्कूल की पढ़ाई बीच में छोड़ जाने वालों की दर कम करने में सहायता मिली है। बालिकाओं का नामांकन बढ़ाने तथा उन्हें विद्यालयों में बनाये रखने के लिये तमिलनाडु सरकार ने एक सकारात्मक निर्णय लिया है ताकि पांचवीं कक्षा तक के प्राथमिक विद्यालयों में विशिष्ट रूप से महिला शिक्षकों की नियुक्ति हो सके। इस संबंध में उन सभी विद्यालयों में मात्र शिक्षक परिषदों की स्थापना के लिये अब दुसरा कदम उठाना है ताकि स्कूल प्रणाली को सुदृढ़ किया जा सकें तथा इसके कार्य को बढ़ावा दिया जा सके। तमिलनाडु सरकार यह चाहती है कि 500 तथा इससे अधिक आबादी वाली बस्तियों के अपने स्कूल हों। तमिलनाडु सरकार मौजूदा सभी 459 एकल शिक्षक विद्यालयों को दो शिक्षक विद्यालयों में परिवर्तित करना चाहती है। आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना पूरी तरह से कार्यान्वित हो चुकी है। तमिलनाडु सरकार ने विश्व बैंक/यूनिसेफ की सहायता से एक योजना तैयार की है ताकि प्राथमिक शिक्षा को गुणात्मक/परिमाणात्मक रूप से सुदृढ़ बनाया जा सकें। शिक्षक शिक्षा, अनुसंधान तथा प्रशिक्षण निदेशालय ने शिक्षण के न्यूनतम स्तर को प्राप्त करने के लिये प्राथमिक स्कूल शिक्षकों का एक वृहत प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इस कार्यक्रम के सफल कार्यान्वियन के लिये मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि इसे वित्तीय सहायता तथा प्रशिक्षण सहायता प्रदान करें।

3. अनौपचारिक शिक्षा/प्रौढ़ शिक्षा

राज्य तथा जिला स्तर पर साक्षरता मिशन प्राधिकरणों का गठन किया जा चुका है। वर्ष 1993–94 तक सभी जिलों में पूर्ण साक्षरता अभियान शुरू कर दिया जायेगा। राज्य संसाधन केन्द्र ने सभी शिक्षण सामग्री तैयार कर ली है तथा इन शिक्षण सामग्रियों के मुद्रण की जिम्मेदारी तमिलनाडु टेक्सट बुक कारपोरेशन को सौंपी गई है। उत्तर साक्षरता अभियान के रूप में जन शिक्षण निलयम केन्द्र शुरू कर दिये गये हैं। राज्य सरकार ने 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के सभी बच्चों को औपचारिक अथवा अनौपचारिक शिक्षण प्रणाली के अंतर्गत लाने का लक्ष्य निर्धारित किया है ताकि राज्य "सभी के लिये शिक्षा" कार्यक्रम की सही ढंग से कार्यान्वित कर सके। मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि साक्षरता कार्यक्रमों के परिव्यय के लिये अधिक से अधिक वित्तीय सहायता प्रदान करें ताकि पूर्ण–साक्षरता प्राप्त करने का लक्ष्य प्राप्त हो सके तथा नवसाक्षरों के साक्षरता स्तर को बनाये रखा जा सके तथा उनके साक्षरता स्तर को बढ़ाया जा सके।

4. **माध्यमिक शिक्षा**

माध्यमिक शिक्षा के संबंध में तमिलनाडु सरकार की नीति शिक्षा प्रणाली को समेकित तथा मजबूत बनाने की है। सरकार सामान्य रूप से शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने तथा विशेष रूप से माध्यमिक शिक्षा में सुधार लाने के लिये बहुत ही चिन्तित है। वर्ष 1993–94 को सफल वर्ष (ईअर आफ़ नो फेलियर) के रूप में घोषणा करते समय सरकार ने राज्य के सभी स्कूलों के लिये एक शैक्षिक कैलेण्डर विकसित किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संबंधित पाठ्यचर्या पर पूरी तरह से विचार कर लिया गया है तथा इस प्रणाली से उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्रों ने सभी विषयों में उपेक्षित जानकारी प्राप्त कर ली है। "जाब– चार्ट" तथा "मानीटरिंग" निर्धारण के जरिए विभिन्न स्तरों पर शिक्षकों का उत्तरदायित्व भी सुनिश्चित कर लिया गया है। बोलचाल की अंग्रेजी पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रत्येक कार्य दिवस अनुदेशात्मक दिवस है तथा अभिभावक शिक्षक संघों/मात्र शिक्षक परिषदों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि जब कभी कोई शिक्षक अवकाश पर हो तो उन्हें एवजी शिक्षक की व्यवस्था करनी होगी। इस समय स्कूल की निधियां बढ़ाने तथा व्यक्ति विशेष स्कूलों के अभिभावकों तथा जन समुदाय को संरक्षण के रूप में भर्ती करने की एक अन्य योजना है। इस प्रकार के संरक्षकों से एकत्रित की गई राशि को सावधि जमा में रखा जाता है तथा इस प्रकार से प्राप्त आय का उपयोग एवजी शिक्षकों को पारिश्रमिक के रूप में भुगतान किया जाता है। "पर्या– वरण सुधार कार्यक्रम" पर आय प्राप्त करने की एक अन्य योजना शुरू की गई है। इसके लिए स्कूल प्रांगण में इमली के संकर किस्म के वृक्षों का वृक्षारोपण किया जा रहा है। ऐसे वृक्षों से प्राप्त आय का उपयोग स्कूल के आवर्ती व्यय को पूरा करने के लिए किया जाएगा। स्कूल सुधार सम्मेलन कार्यक्रम को दुबारा चालू किया गया है ताकि स्कूल की मूलभूत सुविधाएं जन समुदाय को सुलभ कराई जा सकें। इन उपायों तथा अन्य उपायों के माध्यम से तमिलनाडु सरकार ने एक योजना बनाई है ताकि स्कूल प्रणाली के कार्यकरण के साथ–साथ स्थानीय समुदाय के क्रियाकलापों को भी जोश जोड़ा जा सके।

5. **मेधावी बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम**

चूंकि भारत सरकार ने ग्रामीण मेधावी बाल सहायता कार्यक्रम को अलग कर दिया है इसलिए तमिलनाडु राज्य ने अपना ही एक कार्यक्रम विकसित किया है ताकि ग्रमीण क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों का पता लगाया जा सके और उनकी सहायता की जा सके। इस प्रयोजनार्थ एक प्रतिभा खोज परीक्षा संचालित की जाती है।

चूंकि तमिलनाडु की विशेष जरूरतों के अनुरूप नवोदय विद्यालय योजना को संशोधित करने के लिए तमिलनाडु सरकार के अभ्यावेदनों पर भारत सरकार से सकारात्मक जवाब नहीं मिला है, अतः तमिलनाडु सरकार ने अपने सभी जिलों में उत्कृष्ट विद्यालय चलाने का प्रस्ताव रखा है ताकि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाशाली गरीब बच्चों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। इस प्रकार धरमपुरी जिला स्थित बर्गर में एक स्कूल पहले ही खोला जा चुका है।

इस समय मैं अपनी सरकार द्वारा दिए गए सुझावों को दोहराना चाहूंगा तथा अनुरोध करूगा कि उन आश्वासनों को स्वीकार कर लिया जाए। मैं यह भी बताना चाहूंगा कि यह परिवर्तित कार्यक्रम बहुभाषी जैसे हमारे संघीय ढ़ांचे की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगा।

6. **मुक्त विद्यालय**

इन कार्यक्रमों के अलावा, तमिलनाडु सरकार ने अनौप-चारिक शिक्षण प्रणाली के अंतर्गत ओपन स्कूल की स्थापना की है ताकि स्कूल की पढ़ाई छोड जाने वाले ऐसे छात्र जो उच्च शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं, उन्हें लाभान्वित कराया जा सके। यह हमारी इच्छा है कि राज्य ओपन (मुक्त) स्कूलों को राष्ट्रीय ओपन स्कूलों से जोड़ा जाए।

7. **यशपाल समिति की रिपोर्ट**

स्कूली बैग के बोझ पर यशपाल समिति ने कई टिप्पणियां की हैं, उनमें कई टिप्पणियां तमिलनाडु की एस० एस० एल० सी० प्रणाली पर खरी नहीं उतरती हैं। पाठ्यपुस्तकों का निर्माण बड़ी सावधानी से किया जा रहा है तथा बच्चों द्वारा उपयोग की जाने वाली कई नोट बुकों पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है। संसाधनों की कमी के कारण शिक्षक–छात्र (शिष्य) का अनुपात मौजूदा स्तर से कम नहीं किया जा सकता। जब और जैसे ही संसाधन प्राप्त हो जाएंगे इस संबंध में और अधिक प्रयास किए जाएंगे देख–रेख अध्ययन तथा सामूहिक कार्य प्रणाली के जरिए स्कूल के गृह कार्य की यंत्रणा को भी उल्लेखनीय रूप से कम कर दिया गया है।

8. **महिला शिक्षा**

तमिलनाडु में दो–दो महिला विश्वविद्यालय अर्थात् मदर टेरेसा महिला विश्वविद्यालय तथा अविनाशलिंगम गृह विज्ञान उच्च अध्ययन संस्थान (सम विश्वविद्यालय) होने के कारण इसें विशिष्ट स्थान प्राप्त है। ये विश्वविद्यालय महिलाओं के लिए न केवल औपचारिक शिक्षा ही प्राप्त करते हैं वरन् महिलाओं से संबंधित विशेष अध्ययन के लिए भी प्रयासरत है। यह सुनिश्चित करना तमिलनाडु सरकार का उद्देश्य सभी बालिकाओं का नामांकन करना तथा उन्हें प्राथमिक स्कूलों में बनाए रखना है। इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए राज्य में विशेष प्रोत्साहन योजनाएं चल रही हैं।

9. **व्यावसायिक शिक्षा**

तमिलनाडु में 1978 के प्रारंभ से ही उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का व्यावसायीकरण के कार्यक्रम को पूरी निष्ठा से कार्यान्वित किया गया है। चूंकि आधा दशक बीत चुका है अतः इस कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने वाले उपायों को सुझाने के लिए सरकार ने उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है। मैं अनुरोध करता हूँ कि तमिलनाडु के सभी स्कूलों तथा सभी पाठ्क्रमों चाहे उनकी संख्या कितनी ही क्यों न हो, व्यावसायिक शिक्षा के लिए केन्द्रीय सहायता की राशि बढ़ाई जाए। व्यावसायिक शिक्षकों के प्रशिक्षण तथा शिक्षण सामग्री के निर्माण के लिए केन्द्रीय सरकार को उदारता पूर्वक सहायता प्रदान करनी चाहिए।

10. **शिक्षक शिक्षा**

सभी को गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में शिक्षक निवेश सबसे अधिक महत्वपूर्ण घटक है। इसके अलावा शिक्षकों की सेवा पूर्व शिक्षा तथा वृहत सेवाकालीन कार्यक्रम की व्यवस्था करना आवश्यक है। जिला प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम का निर्माण तथा लिंग संबंधी अध्ययन के लिए सच्चे मन से प्रयास किया गया है। प्रसंगाधीन विषय/कार्य पद्धति में शिक्षकों के ज्ञान को अद्यतन बनाए रखने तथा विषय–वस्तु मूल्यांकन सहित अध्ययन के न्यूनतम स्तर वाले कार्यक्रम तैयार किए गए है। मैं केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय से यह अनुरोध करता हूं कि वे जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थानों तथा उच्च शिक्षा अध्ययन संस्थान को आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान करें ताकि निर्दिष्ट लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके।

11. **उच्च शिक्षा**

तमिलनाडु सरकार उच्च शिक्षा से संबंधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति पुनरीक्षण समिति की सिफारिशों पर पूरी तरह से सहमत है और तमिलनाडु सरकार ने इन सिफारिशों में से कुछ सिफारिशों पर पहले ही कार्रवाई शुरू कर दी है। देश के 102 स्वायत्त कालेजों में से 43 कालेज तमिलनाडू में ही हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के वेतनमानों को 1–1–1986 के भूतलक्षी प्रभावों से लागू करने वाले दक्षिण राज्यों में हमारे राज्य का प्रथम स्थान है।

उच्च शिक्षा के विकास की समुचित आयोजना तथा समन्वय को सुनिश्चित करने के लिए राज्य उच्च शिक्षा परिषद की स्थापना की गई है। हमारी राज्य उच्च शिक्षा परिषद के महत्वपूर्ण कार्यों में से एक कार्य परीक्षाओं में सुधार करना तथा विश्वविद्यालयों को अवर स्नातक परीक्षाओं के आयोजन से मुक्त करना है। हम उच्च शिक्षा से संबंधित राष्ट्रीय शिक्षा नीति की उन सभी सिफारिशों को लागू करना चाहेंगे जो हमारी जरूरतों से संबंधित है।

12. **खेलकूद तथा शारीरिक शिक्षा**

सभी स्कूलों तथा कालेजों में खेल–कूद तथा शारीरिक शिक्षा को अनिवार्य बनाया जाए। सभी कल–कारखानों तथा उद्योगों में इसे अनिवार्य रूप से मनोरंजन के तौर पर शुरू किया जाए ताकि जन समुदाय में खेल तथा स्वास्थ्य चेतना की भावना जागृत की जा सके।

जिस तरह से किसी अध्ययन पाठ्यक्रम की पाठ्यचर्या होती है उसी तरह से खेल तथा शारीरिक शिक्षा की भी पाठ्यचर्या होनी चाहिए। शारीरिक शिक्षा तथा खेल दोनों के लिए हीं एक सामान पाठ्यचर्या तैयार की जाए तथा सभी स्कूलों और कालेजों में लागू किया जाए ताकि खेल की निष्पादन क्षमता स्तर का मूल्यांकन किया जा सके। सभी स्कूलों तथा कालेजों में न्यूनतम मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएं।

तमिलनाडु सरकार में खेल तथा शारीरिक शिक्षा के विभिन्न कार्यकलापों का समन्वय तथा खेल के क्षेत्र में राज्य की राजधानी में राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैचों को बढ़ावा देने के लिए तमिलनाडू खेल प्रधिकरण की स्थापना की है। मैं यहां इस बात का उल्लेख कर देना चाहूंगा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मैचों का आयोजन करने के लिए 40 करोड रुपये की लागत से एक स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है।

13. **तकनीकी शिक्षा**

तमिलनाडु सरकार ने शैक्षिक संस्थाओं में प्रवेश लेने वाले छात्रों से कैपिटेशन फीस लेने पर अंकुश लगाने की दृष्टि से तमिलनाडु शैक्षिक संस्था (कैपिटेशन फीस वसूली निषेध) नामक एक कानून बनाया है। इस नियम के मुताबिक राज्य में केपिटेशन फीस लेने पर रोक लगा दी गई है। वस्तुतः, इस अधिनियम को राज्य के उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई। इस संबंध में व्यावसायिक कालेजों में प्रवेश की फीस निर्धारित करने में राज्य सरकार के निर्णय को यथावत रखने के कारण निर्णय दे दिया गया है। इस निर्णय को ध्यान में रखते हुए राज्य के प्रायः सभी वित्त पोषित कालेज दाखिला शुरू करना चाहते थे। स्ववित्त पोषित कालेजों में निःशुल्क क्षेणी की सीटों के दाखिलों के लिए 3000 छात्रों का चयन पहले ही कर लिया गया है तथा बाकी सीटों का दाखिला इस महीने के अंदर मेरिट के आधार पर किया जाएगा। अन्ना विश्वविद्यालय की तरह एक अन्य प्रौद्योगिकीय विश्वविद्यालय स्थापित किया जाएगा। इस निमित्त एक समिति गठित की गई है जो विश्वविद्यालय की स्थापना से संबंधित औपचारिकताओं का पता लगाएगी। राज्य सरकार का यह दृढ़ विश्वास है कि तकनीकी शिक्षा मानव संसाधन विकास का एक महत्वपूर्ण घटक है जिसमें उत्पादों तथा सेवाओं के मूल्यों के जुड़ने की प्रबल संभावना है तथा राष्ट्रीय अर्थ व्यवस्था के योगदान एक जन–जीवन की गुणवत्ता में सुधार करना है। अतः सरकार इस क्षेत्र में उत्कृष्टता लाने के लिए वचनबद्ध है।

14. **उपसंहार**

इस तरह से तमिलनाडु सरकार के कुछ ठोस विचार है जिन्हें में इस निकाय के समक्ष विचार करने तथा उनपर उचित निर्णय लेने के लिए रखना चाहूंगा। मैं इस आश्वासन के साथ अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा कि तमिलनाडु सरकार ने अपने मुख्य मंत्री के कुशल नेतृत्व में सभी को अच्छी शिक्षा प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक में श्री अनिल सरकार, शिक्षा मन्त्री, त्रिपुरा का भाषण

हम आज यहां भविष्य में तैयार की जानी वाली कार्रवाई योजना पर विचार-विमर्श करने तथा अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करने के लिए एकत्र हुए है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति सात वर्ष पूर्व वर्ष 1986 में तैयार की गयी थी और राष्ट्र-व्यापी विचार-विमर्श तथा सेमिनारों के बाद इसे 1987 में अपनाया गया था। उसके बाद छः वर्ष बीत चुके हैं और कुछ नवोदय विद्यालयों की स्थापना देश में हुई है तथा आपरेशन ब्लैक बोर्ड को कुछ सफलता हासिल हुई है। साक्षरता अभियान देश के कुछ भागों में प्रगति पर है। परन्तु कुछ उपलब्धियां अभी भी लक्ष्य से काफी परे हैं। स्पष्टतया इसका मुख्य कारण निधियों की कमी है। लेकिन इस पद्धति में सच्चाई से काम न करना भी एक प्रमुख कारण है। मैं यहां सच्चाई से कार्य की बात इसलिए कह रहा हूं क्योंकि शिक्षा के समग्र विकास के लिए हम जो बजट प्रदान करते है वह हमारी कार्रवाई योजना को कारगर ढंग से चलाने के लिए बहुत कम है। यदि हम इस पद्धति की दिशा में सच्चे होते और वास्तव में इसके प्रति कृतसंकल्प होते तो निःसंदेह ही हमने इस महत्वपूर्ण सेवा क्षेत्र में काफी अधिक उठाये बजट का प्रावधान किया होता। उपवाद रहित सभी को शिक्षा प्रदान करने की दिशा में प्रयासों में इस सच्चाई का अभाव एक ऐसी चीज है जो हमें विगत काल से हमें अपने पूर्वजों से धरोहर के रूप में प्राप्त हुई है और शायद यह हमें उस समय से मिली है जब हमारा समाज वर्ग–भेद के आधार पर अस्तित्व में आया था। प्राथमिक शिक्षा को सभी को उपलब्ध कराना हमारा प्रथम लक्ष्य, उच्चतम प्राथमिकता है किंतु हम महसूस करते हैं कि हमारी लाखों, करोड़ों अशिक्षित जनता को प्राथमिक शिक्षा सुलभ कराने के लिए शिक्षा के संपूर्ण क्षेत्र के लिए बजट में की गई अल्प व्यवस्था से ऐसा करना बहुत ही मुश्किल है। यदि बजट में शिक्षा के लिए की गई संपूर्ण वयस्था को प्राथमिक शिक्षा को सभी को उपलब्ध कराने के लिए लगाया जाए तभी मैं यह नहीं सोचता कि इस महत्वपूर्ण क्षेत्र को वास्तव में पूरा किया जा सकता है। अतः हम आज इस प्रयोजन के लिए बजट में उदार व्यवस्था करने की जरूरत है। यदि वास्तव में शिक्षा का विस्तार विकास और समेकन करना है तो इसके लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए देश के वार्षिक बजट में कम से कम 10% प्रावधान करने की आवश्यकता पडेगी।

प्रामिथियस ने विशेष सुविधा प्राप्त प्राणियों के निवास स्थान स्वर्ग से अग्नि चुराई और उसके लिए उन्हें विशेष सुविधा प्राप्त प्राणियों के स्वामी जुपिटर ने बेरहमी से सजा दी क्या हम इसे यह नहीं कह सकते हैं कि यह पूरी पौराणिक कथा का प्रतीक मात्र है? हम जानते है कि अग्नि प्रकाश देती है और प्रकाश के माध्यम से हम देखते हैं, समझते हैं जानते हैं और कौशल को प्राप्त करते है जो कि वस्तुतः एक वरदान है जो हमें सदियों से प्राप्त हो रहा है और जो शासक वर्ग का एक विशेषाधिकार है। यदि पाश्चात्य जगत समान के इस चित्र को अपनी प्राचीन कथाओं में एक ऐसी व्यवस्था के रूप में स्थान देता है जिसमें केवल शासक वर्ग को ही ज्ञानप्राप्त करने का अधिकार है तो समाज में भी कोई इससे बेहतर चित्र हमें नहीं मिलता क्योंकि इमारे महाभारत सें भो एक कहानी है जिसमें एकलव्य को शौर्य कला की एक ऐसी प्रक्रिया के माध्यम से सीखने के प्रयास में जिसे हम आज "दूरस्थ शिक्षा" कह सकते हैं अपने अंगूठे से हाथ धोना पडा था। एकलब्य गरीब अनार्य था और उसे किसी ऐसे आश्रम में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार नही था जिसमें केवल पाण्डुओं और कौरवों को ही शिक्षा प्राप्त करने का वैधानिक अधिकार था। उसने दूर से देखकर सीखा था और उसे भी एक गंभीर अपराध माना गया था। यहाँ चित्र आज के युग में इस सीमा तक तब्दील हो गया है कि आज किसी को भी शिक्षा से वंचित नहीं किया जाता लेकिन मुद्दा यह है कि क्या हमने शिक्षा ग्रहण करने के लिए सभी को वास्तव में मदद की है या हमने सिर्फ वायदे ही किए है जिनको तब तक यथार्थ में नहीं बदला जा सकता जब तक उनके लिए पर्याप्त धन की व्यवस्था नहीं की जा सकती।

तथापि, मैं यहां कोई आलोचना और आत्म विश्लेषण करने के लिए नहीं खडा हुआ हूं बल्कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति को सफल बनाने में हमारे राज्य में हम से जो कुछ हो सका है, उसका ब्यौरा दे रहा हूं।

त्रिपुरा में शिक्षा का प्राथमिक लक्ष्य समाज के सभी वर्गों को समान शैक्षिक अवसर देना तथा असंतुलनों को दूर करना रहा है। राज्य में साक्षरता दर, 1991 की जनगणना के अनुसार 60.44 प्रतिशत है। अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा महिलाओं में साक्षरता की प्रतिशतता क्रमशः 56.06, 40.37 और 50.01 है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कि समाज के कुछ वर्ग शिक्षा से वंचित है, उनकी शिक्षा के वास्ते उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए कुछ प्रोत्साहन स्कीमों को तैयार करने के लिए प्रयास किए गए हैं। आने वाले वर्षों में यह स्कीम दुतगति से जारी रखी जाएगी। वह भी देखा गया है कि इसमें ग्रामीण शहरी असंतुलन व्याप्त है। इस बात को सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए गए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों को वहां स्कूल स्थापित करने, स्तरोन्नयन तथा उन्हें सुज्जित करने के व्यापक और बेहतर कवरेज किया जाए। भाषायी तथा धार्मिक अल्पसंख्यकों की समस्याओं पर प्राथमिक स्तर पर उनको मातृभाषा में शिक्षण सुनिश्चित करके तथा अपेक्षित वित्तीय सहायता देकर ध्यान दिया जा सकता है।

2. राज्य सरकार ने सदैव प्रारंभिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण की नीति को शिक्षा नीति की मुख्य विषय वस्तु के रूप में रखा है। शत प्रतिशत दाखिला, प्रतिरोधन, उपलब्धता को सुनिश्चित करने के लिए राज्य उन्मुख हुआ है। प्रारम्भिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण के इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए

आवश्यक प्रोत्साहन कार्यक्रम तैयार किए गए है और साथ ही स्थानीय समुदाय को सहयोग और उसकी सहायता की भी आवश्यकता होती है। जब पूर्ण साक्षरता अभियान आरंभ किया तो स्कूलों में पात्र बच्चों का दाखिला इसका एक अभिन्न अंग बन जाएगा ।

3. शैक्षिक प्रबंध का विकेन्द्रीकरण महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक क्षेत्र है जिस पर सरकार द्वारा पूर्ण रूप से ध्यान दिया जाएगा । वस्तुतः संविधान में हाल ही में किए गए संशोधन से इसकों बेहतर कुशलता के लिए स्कूलों के प्रबंधों में लोगों की सहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए अधिक उत्तरदायित्व सौंपा गया है। राज्य सरकार ने पहले ही खंड स्तरीय शिक्षा सलाहकार समितियों का गठन कर लिया है। सम्बंधित पंचायत में ग्रामीण शिक्षा समितियों के गठन का प्रस्ताव विचाराधीन है।

4. राज्य सरकार यशपाल समिति की रिपोर्ट के निष्कर्षों का समर्थन करती है कि अध्ययन बिना बोझ का होना चाहिए । पाठयचर्या और शिक्षण को इस तरीके से तैयार किया जाए कि छात्र गैर बोधात्मकता के बोझ तले न दबें । इसमें कोई संदेह नहीं कि शिक्षा के प्रति गैर-बोधात्मक से छात्रों के मस्तिष्क का विकास किए बिना उन्हें रट्टू बनाती है ।

5. पाठयचर्या निर्माण का विकेन्द्रीकरण और पाठय-पुस्तक लेखन स्वागत योग्य कदम है । निर्मित पाठय पुस्तकों में केवल तथ्य व आंकड़े ही नहीं होने चाहिए अपितु इनमें एकीकरण व धर्मनिरपेक्षता स्वरूप के मूल्य निहित होने चाहिए । यह आज की परिस्थितियों में प्रासंगिक है जब विभिन्न स्तरों पर अलगाववादी ताकतों ने सिर उठाया हुआ है और वे राष्ट्रीय एकता को खतरा पहुंचा रहे है ।

6. राज्य में दो नवोदय विद्यालय पहले ही खोले जा चुके हैं और वे कार्य कर रहे हैं । राज्य सरकार ने इनके लिए भूखंडों का पता लगाकर विद्यालयों को सूचित कर दिया है । फिलहाल वे अस्थायी ढांचों में कार्य कर रहे है । अनुरोध है कि पक्का निर्माण जल्द शुरू किया जाए । उत्तरी त्रिपुरा जिले में भी भूमि का पता लगाया गया है । अन्य जिलों के मामले में नवोदय विद्यालय इस बात पर कृपया विचार करें कि क्या जिले में कक्षाएं आरंभ की जा सकती हैं ।

7. प्रोफेसर ज्ञानम की अध्यक्षता में "प्रबंध के विकल्प माडलों" पर समिति की रिपोर्ट बोर्ड की जिसकी पुनरीक्षा केन्द्रीय शिक्षा सलाहकर बोर्ड द्वारा उसकी 46वीं बैठक में लिए गए निर्णयानुसार सोनरी समिति द्वारा की गई, नोट कर लिया गया है । सरकार की यह भी राय है कि विश्वविद्यालयों का शैक्षिक प्रशासन, सरकारी प्रणाली में प्रचलित प्रशासन से बहुत भिन्न है और वह सहभागिता, विकेन्द्रीकरण, स्वायत्ता और जबाबदेही पर आधारित होना चाहिए । शैक्षिक उत्कृष्टता और विकास के लिए विश्वविद्यालय की स्वायत्ता का एक अनिवार्य पूर्व अपेक्षा के रूप में माना जाना चाहिए । परन्तु वित्तीय मामलों में विश्वविद्यालय जबावदेह होना चाहिए । इस बात का भी उल्लेख किया जाना चाहिए कि विभिन्न विश्वविद्यालय निकायों के लिए चुनाव लोकतांत्रिक ढंग से किए जाने चाहिए और अपेक्षित संख्या में नामांकन प्राधिकृत होने चाहिए ।

8. त्रिपुरा में एक विश्वविद्यालय है । वित्तीय कमियों की वजह से राज्य छात्रों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए आकर्षित करने के वास्ते बुनियादी सुविधाओं के न्यूनतम स्तर प्रदान करने में असमर्थ है । राज्य सरकार अनुरोध करती है कि इस विश्वबिद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय में परिवर्तित किया जाए अथवा विशेष अनुदान दिए जायें ताकि न्यूनतम स्तर की सुविधाओं का सृजन किया जा सके ।

9. राज्य सरकार ने पहले ही राज्य कार्रवाही योजना जो दिसम्बर, 1993 तक तैयार होगी, तैयार करने के लिए 7 कार्य बलों का गठन कर लिया है ।

10. अंत में मैं मानव संसाधन बिकास मंत्री जी का धन्यबाद करना चाहता हूं जिन्होंने बैठक बुलाई और मुझे यह अवसर दिया कि मैं राज्य का दृष्टिकोण प्रस्तुत कर सकूं । अन्य पूर्वोत्तर राज्यों की तरह त्रिपुरा भौगोलिक रूप से अलग है। यह आर्थिक तौर पर निर्धन है तथा शैक्षिक रूप से पिछड़ा हुआ है । आशा है भारत सरकार इस बात को मानेगी पूर्वोत्तर की समस्याएं अलग तरह की है और उनका परिप्रेक्ष्य अलग है अतः उन्हें पर्याप्त बित्तीय और प्रशासनिक सहायता से हल किए जाने की जरूरत है ।

श्री सत्य साधन चक्रवर्ती, प्रभारी मंत्री, उच्च शिक्षा । श्री अचित्य रे, प्रभारी मंत्री प्राथमिक तथा माध्यमिक शिक्षा श्रीमति अंजूकार, प्रभारी राज्य मंत्री, जन शिक्षा प्रसार विभाग । श्री अनीसुर्रहमान, राज्य मंत्री, प्राथमिक, माध्यमिक तथा मदरसा शिक्षा । श्री तपन राय, प्रभारी राज्य मंत्री, पुस्तकालय सेवाएं । श्री बंश गोपाल चौधरी, प्रभारी राज्य मंत्री, तकनीकी शिक्षा तथा प्रशिक्षण का भाषण ।

बैठक की कार्यवाही का शुभारंभ करने पर हम सब माननीय अध्यक्ष जी के प्रति आभार प्रकट करते हैं, जिन्होंने केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की उनचासवीं बैठक बुलाकर हमें अपने विचारों को प्रकट करने का स्वर्णिम अवसर प्रदान किया है । आज के मौजूदा हालात को ध्यान में रखते हुए यह बैठक महत्वपूर्ण है जबकि हमारी शिक्षा नई चुनौतियों का सामना कर रही है ।

हम कार्यसूची विवरण के अनुसार अपने विचारों को क्रमश: निम्न रूप से रखना चाहेंगे :

(i) राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा कार्य योजना के कार्यान्वयन की समीक्षा

पश्चिम बंगाल सरकार, देश की उच्चतर न्याय पालिका, भारत के उच्चतम न्यायालय के दिनांक 4 फरवरी, 1993 की व्यवस्था का एक बार फिर हवाला देना चाहती है । खंड पीठ ने मौलिक अधिकार : जीने के अधिकार की तरह शिक्षा के अधिकार का निर्णय दिया था । वे संविधान के 40 वें अनुच्छेद के स्थान पर प्रारंभिक शिक्षा को संविधान के 21 वें अनुच्छेद को रखना चाहते थे । इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा कार्य योजना में शामिल किया जाए ।

(ii) राज्य कार्य योजना की समीक्षा

राज्य सरकार ने डा० अशोक मित्रा की अध्यक्षता में एक शिक्षा आयोग का गठन किया था । आयोग की रिपोर्ट भी प्रकाशित हो चुकी है । इसमें एक सौ अट्ठारह सिफारिशें की गई हैं । इस समय राज्य सरकार राज्य स्तर की केन्द्रीय कार्य-योजना को ध्यान में रखते हुए इन सिफारिशों पर विचार कर रही है । इस संबंध में दो उप-समितियां गठित की जायेंगी । हम अपने कार्यक्रमों की शीघ्र ही मानव संसाधन विकास विभाग, भारत सरकार को भेज देंगे ।

इस राज्य की व्यावसायिक शिक्षा में उल्लेखनीय प्रगति नहीं हो सकी है । क्योंकि रोजगार तथा प्रशिक्षण महानिदेशालय श्रम मंत्रालय, भारत सरकार ने 10+2 के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को आई० टी० आई० के समकक्ष नहीं माना ।

शिक्षु (अपरेंटिश) प्रशिक्षण के बारे में मौजूदा शिक्षुता अधिनियम के अधीन केवल कुछ ही ट्रेडों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में शामिल किया गया है । यह सिफारिश की गई है कि 10+2 व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को उत्तीर्ण करने वाले सभी छात्रों को शिक्षुता योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण किया जाए ।

जहां तक 10+2 में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के अगली कक्षा में सीधे प्रवेश का सम्बन्ध है, यद्यपि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में इसे एक टर्मिनल के रूप में दर्शाया गया था, हमारे राज्य में इंजीनियरी के डिप्लोमा स्तर पर तकनीकी धारा के छात्रों के लिए 20 स्थान निर्धारित किए गए थे ।

हमें समूचे देश अथवा सामान्य रूप से केन्द्रीयवार तथा विशेष रूप से राज्यवार 10+2 के व्यावसायीकरण पाठ्यक्रमों से उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के नियोजन के बारे में कोई जानकारी नहीं है । कोई कार्रवाई करने से पहले यह वांछनीय है कि संगठित क्षेत्र, असंगठित क्षेत्र तथा ग्रामीण क्षेत्र आदि के अन्तर्गत जनशक्ति की आवश्यकताओं का पता लगाया जाए । तथापि, 10+2 के व्यावसायिक धारा की मौजूदा गुणवत्ता का पता लगाया जाए ताकि उन्हें व्यावसायिक शिक्षा के संदर्भ में शिक्षा दी जा सके तथा रोजगार तथा सवरोजगार के संदर्भ में उन्हें शिल्प (हुनर) संबंधी शिक्षा भी प्रदान की जा सके । इनसे संबंधित सभी जानकारी प्राप्त करने के पश्चात 10+2 की व्यावसयिक धारा की पुन: रेखा तैयार करना बेहतर होगा ।

कुल जनसंख्या में नवसाक्षरों तथा स्कूल की पढ़ाई बीच में ही छोड़ने वालों की संख्या काफी अधिक है । दुर्भाग्यवश, इस जनसंख्या में कुशल जनशक्ति उत्पन्न करने के लिए अब तक कोई सार्थक विचार नहीं किया गया है । वस्तुत: इस प्रकार की कौशल रहित जन संख्या की राष्ट्र के प्रति काफी जिम्मेदारी है। स्कूली शिक्षा के दायरे से बाहर रहने वाले युवकों तथा नवसाक्षरों के लिए तकनीकी कौशल विकास कार्यक्रम पर उच्च प्राथमिक देनी चाहिए । नवीं तथा दसवीं कक्षा के छात्रों के लिए पूर्व-व्यावसायिक पाठ्यक्रमों पर पुन: विचार किया जाना चाहिए तथा इसे आठवीं कक्षा तथा उसकी निचली कक्षाओं के छात्रों के लिए भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए । मौजूदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में पूर्व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को शुरू करने का जो भारत सरकार का अगला निर्णय है, के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाना चाहिए तथा इसके पहले के पाठ्यक्रमों में संशोधन किया जाना चाहिए और विशेष

रूप से जिन संस्थाओं में इस समय व्यावसायिक धाराएं नही चल रही हैं उनमें भिन्न-भिन्न प्रकार के तथ्यपरक तथा लाभप्रद व्याव सायिक धाराओं की शिक्षा प्रदान करने की अनुमति दी जाए।

सामूहिक शिक्षा के क्षेत्र में पश्चिम बंगाल सरकार काफी आगे है तथा 1990 में पूर्णसाक्षरता अभियान दृष्टिकोण को अपनाकर निरक्षर समुदाय में तीव्र गति से साक्षरता का प्रचार-प्रसार कर रही है। सितम्बर, 1993 तक 9--50 आयु वर्ग के 44.30 लाख व्यक्तियों को साक्षर बनाया गया है। हमारे राज्य में कुलसाक्षरता का प्रतिशत बढ़ने के कारण 1991 के 57.72 प्रतिशत साक्षरता की तुलना में सितम्बर, 1993 में साक्षरता का प्रतिशत लगभग 65. 54 प्रतिशत हो गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार ने पहले ही एक संदर्शी योजना तेयार की है। आठवीं योजना अवधि के अन्त तक पूर्ण साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त कर लिया जाएगा बशर्ते पूर्व की भांति केन्द्रीय अनुदान का अंशदान सुनिश्चित हो।

राज्य सरकार ने उत्तर साक्षरता तथा सतत शिक्षा कार्यक्रम की एक कार्यनीति पहले ही तैयार की है। 9--14 तथा 15 और इससे अधिक आयुवर्ग के लोगों के लिए उत्तर साक्षरता तथा सतत शिक्षा के दो अलग - अलग तन्त्रों की परिकल्पना की गई है। हम पूरी तरह से यह भी महसूस करते हैं कि उत्तर साक्षरता स्तर पर प्रौढ़ नवसाक्षरों को किसी न किसी रूप में व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए ताकि वे विकासात्मक कार्यकलापों में सक्रिय भाग ले सकें। व्यावसायिक ट्रेडों में महिलाओं को प्रशिक्षत किया जाए ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उत्तर साक्षरता स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा के दृष्टिकोण को ठोस रूप दिया जाए।

राज्य सरकार अनौपचारिक शिक्षा के परियोजना दृष्टिकोण को कार्यान्वित करने के लिए इस समय गंभीरतापूर्वक विचार कर रही है। इसे कार्यान्वित करने के लिए राज्य सरकार ब्लाक स्तर पर नई चुनी हुई पंचायत समितियों के समग्र मार्गदर्शन, निरीक्षण तथा नियंत्रण के अधीन अनुदेशों को पारिश्रमिक का भुगतान भी कर रही है। हमें अनौपचारिक शिक्षा की संशोधित योजना अब तक प्राप्त नहीं हुई है जिसमें यह कहा गया है कि यह संशोधित योजना राज्य सरकार को भेज दी गई है। चूंकि हम अनौपचारिक शिक्षा की संशोधित योजना के विषय में अनुदेशकों को नकद प्रोत्साहन के घटक पर अपना विचार नहीं दे सकते। तथापि राज्य सरकार अनौपचारिक शिक्षा की संशोधित योजना के अधीन प्रस्तावों पर निश्चित तौर पर विचार करेगी तथा इनमें उचित संशोधन करेगी।

(iii) ज्ञानसमिति की रिपोर्ट पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति की रिपोर्ट

इस विचार में कोई मतभेद नहीं है कि विश्वविद्यालय उत्कृष्टता के केन्द्र होने चाहिए कि विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा समाज के अन्य वर्गों को शामिल किया जाना चाहिए, और यह कि विश्वविद्यालयों तथा उनके सम्बन्धित विभागों के पास स्वायत्ता होनी चाहिए। किन्तु यह विचार ज्ञानम समिति की सिफारिशों को काटता है कि विभिन्न विश्वविद्यालय निकाय के चुनाव कम से कम सादगी द्वारा किये जाने चाहिए तथा मनोनयन को चयन का सिद्धान्त होना चाहिए। विश्वविद्यालयों प्रणाली के किसी कार्यालय से चुने हुए प्रतिनिधियों को दूर रखने की सिफारिश पर बहस तो नहीं की जा सकती है किन्तु चुनाव में खड़े होने से शिक्षण तथा गैर-शिक्षण स्टाफ को अलग रखने से देश के कुछ प्रतिभावान व्यक्तियों की सेवाओं से हमारी राजनीतिक प्रणाली वंचित हो जायेगी। उत्कृष्टता के आधार पर सीनेट के विद्यार्थी प्रतिनिधियों के मनोनयन से विश्वविद्यालयों के मामलों में विद्यार्थियों की अर्थपूर्ण सहभागिता की कोई गारंटी नहीं मिलती जिसके लिए विश्वविद्यालय के प्रशासन के विभिन्न क्षेत्रों में वास्तविक रुचि एक आवश्यक पूर्ण शर्त है।

विकेन्द्रीकरण के प्रस्तावों का स्वागत है किन्तु स्वायत्त शासी संस्थाओं या क्षेत्रीय केन्द्रों की स्थापना के लिए बड़ी लागत की आवश्यकता होगी जिसे वर्तमान समय में विश्व-विद्यालय या राज्य सरकारें वहन करने की स्थिति में नहीं है। यदि विश्वविद्यालयों और कालेजों को स्वयं वित्त पोषित बनाना है तो उन्हें एक स्वतंत्र ढांचे को स्वीकार करना होगा जिसमें विश्व विद्यालयों शिक्षा के प्रसार से कमजोर तबकों के विद्यार्थियों को अलग रखना होगा। प्रवेश या प्रशासन के मामले में गैर-सरकारी अभिकरणों या व्यापारिक घरानों को बिना कोई छूट दिये, शामिल करना वर्तमान सन्दर्भ में प्रासंगिक प्रतीत नहीं होता है। तथापि समाज के सभी वर्गों के व्यापक विचार विमर्श के पश्चात् सर्वसम्मति से एक वास्तविक शुल्क ढ़ाचे की परिकल्पना बनानी चाहिए।

ज्ञानम समिति तथा केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति स्वायत्त शासी कालेजों के सम्बन्ध में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रोत्साहन में सहभागी हैं। स्वायत्त शासी कालेजों उत्कृष्ठ केन्द्रों के रूप में कार्य करते हैं जो अपने पाठ्यक्रमों को खुद तैयार कर सकतें हैं, परीक्षाओ का आयोजन तथा परिणामों का प्रकाशन खुद कर सकते हैं। स्वायत्त शासी कालेजों के विद्यार्थियों के लिए गुणात्मक शिक्षा हेतु प्रावधान करने का विचार था क्योंकि इन कांलेजों की संकाय तथा अवसंरचनात्मक सुविधाएं बेहतर हैं। दुर्भाग्य से स्वयत्त शासी अधिसंख्य कालेजों के साथ हमारा अनुभव अलग है। पिछले कुछ वर्षों से बहुत बड़ी संख्या में स्वायत्तशासी कालेज स्थापित किये गये हैं जिनकी कोई शैक्षिक विशष्टता नहीं है। इन कालेजों की स्थापना का एकमात्र उद्देश्य विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा अन्य केन्द्रीय अभिकरणों से अधिक से अधिक निधि प्राप्त करना था। पश्चिम बंगाल शिक्षा आयोग (1992) ने किसी विशेष क्षेत्र में कालजों के मध्य सहयोग तथा अन्त: सम्बन्ध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कालेजों के एक समूह की संकल्पना का प्रस्ताव दिया है। प्रत्येक समूह में एक या दो कालेजों को उनकी पिछली प्रस्तुति को ध्यान में

रखकर प्रमुख कालेजों के रूप में समझा जाये जिन्हें दूसरे कालेजों के लिए एक आदर्श के रूप में काम करना चाहिए। इससे कालेज की शिक्षा के सामान्य स्तर को ऊँचा उठाने में मदद मिल सकती है।

ज्ञानम समिति तथा केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड दोनों ने ही उच्च शिक्षा के विभिन्न पहलुओं से निपटने के लिए बड़ी संख्या में समितियों तथा परिषदों के सृजन की वकालत की है। कुछ समितियां, जैसे कि स्थापना समिति, पहले से ही कई विश्वविद्यालयों में अस्तित्व में हैं, जो केरियर से सम्बन्धित मार्ग-निर्देशन तथा नौकरी दिलाने में सहायता प्रदान करने के लिए इन समितियों का संचालन करती हैं। किन्तु अत्याधिक समितियों के गठन से कागजी कार्य तथा शैक्षिक प्रशासन में अफसरशाही में वृद्धि होगी।

न्यायाधिकरणों की स्थापना से वातावरण में सुधार होने की कोई गारण्टी नहीं है और ना ही इस प्रकार के न्यायाधिकरण कार्य करने की संस्कृति को प्रोत्साहन को सुनिश्चित नहीं करते हैं। उत्तरदायी व्यापार संघ के व्यवहार तथा उचित आचार शास्त्र कोड से, जिसमें विद्यार्थी, शिक्षक तथा कर्मचारी शामिल हैं, हमारे विश्वविद्यालयों को उचित शैक्षिक वातावरण को बनाने में लम्बा समय लगेगा। इसके अतिरिक्त इतनी अधिक समितियों के कार्य संचालन में शिक्षकों व विद्यार्थिपों को बहुत बड़ी संख्या में शामिल करने से विश्वविद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों पर प्रभाव पड़ेगा। हमारा यह विचार है कि उठने वाली अधिकांश समस्याओं को कम से कम कागजी कार्यवाही के बिना साथ बैठ कर आपसी विचार-विमर्श के द्वारा विभागीय स्तर पर सुलझा लेना चाहिए।

किसी कालेज के प्राचार्य के कार्यकाल की अवधि को घटा कर पांच वर्ष करने की सिफारिश तर्क-संगत नहीं है क्योंकि पांच वर्ष की अवधि एक संस्था के साथ जुड़कर विकास करने के लिए किसी व्यक्ति के लिए बहुत कम समय है तथा संस्था के किसी दृश्याधार के साथ संगठित होने के लिए बहुत कम समय है। यदि विभाग उक्त अवधि के दौरान विकासात्मक प्रक्रिया पूर्ण करना चाहता है तो विश्व-विद्यालय प्रमुख के कार्यकाल में वृद्धि की जानी चाहिए।

किसी विश्वविद्यालय के प्रशासन के विकेन्द्रीकरण तथा सुदृढ़ीकरण के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्तों को लचीला तथा अद्वितीय होना चाहिए। एक विश्वविद्यालय अपने अस्तित्व की लम्बी अवधि के दौरान, अपनी खुद की विशेषताएं तथा चरित्र का निर्माण करता है। सुधार की किसी योजना को विश्व-विद्यालय के आचार के अनुरूप होना चाहिए।

(iv) विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की समिति की रिपोर्ट

पश्चिम बंगाल सरकार ने सन 60 में विधान परिषद् समाप्त कर दी थी। हमारा यह बिचार है कि दूसरे राज्यों में भी इसी प्रकार का निर्णय लिया जाना चाहिए। भारत जैसे गरीब देश में इस परिषद् का थोड़ा महत्व है जिसके पास प्रारंभिक शिक्षा के लिए अपर्याप्त निधि है।

(v) शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबन्ध पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की समिति की रिपोर्ट

हम शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबन्ध नीति पर पूर्णतया सहमत हैं। इसके अतिरिक्त, हम भारत के संविधान के 73 वें तथा 74वें संशोधनों तथा सूचीबद्ध तालिका पर सर्वसम्मति से सहमत हैं।

वास्तव में, जिला, ब्लॉक तथा ग्राम स्तर पर हमारे यहां तीन स्तर वाली पंचायत निकाय हैं। वामपंथी सरकार ने मई के अन्तिम सप्ताह में प्रत्येक स्तर अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति और महिलाओं के लिए स्थान आरक्षित करके विशिष्ट विशेषताओं के साथ पंचायत के चुनाव चार बार कराये। विधायिका द्वारा प्रत्येक जिला परिषद् तथा प्रत्येक पंचायत समिति में दस स्थायी समितियां आरम्भ की गई हैं। इन निकायों के प्रमुख के रूप में महिलाओं, अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों को अच्छी संख्या में चुना गया है। आयोजना पंचायत समिति स्तर पर तैयार की जाती है तथा योजना बजट का लगभग 50 प्रतिशत इन विकेन्द्रीकृत निकायों द्वारा खर्च किया जाता है।

प्रत्येक जिला परिषद् तथा प्रत्येक पंचायत समिति में शिक्षा और संस्कृति पर एक स्थायी समिति (स्टैन्डिंग कमेटी) होती है।

हमने शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबन्ध पर केन्द्र समिति दस्तावेज अध्याय iv में दी गई सिफारिशों का अध्ययन किया है। पैरा 4.5 तथा रिपोर्ट के 16 से 19 पृष्ठ में दिये गये प्रक्षेपण के सम्बन्ध में हमारे पास वैकल्पिक विचार है। बिना भूमि सुधार के, पंचायती राज निकायों का संचालन का नियन्त्रण स्थानीय लोगों द्वारा किया जायेगा। लोगों की सहभागिता तथा विकास के लिए धन का कोई उपयोग नहीं होगा। जैसा कि पूर्व – प्रधानमंत्री, श्री राजीव गांधी ने एक बार यह महसूस किया था कि रूपये में से केवल पन्द्रह पैसे ही निचले स्तर तक पहुँच पाते हैं। दूसरी ओर, पश्चिम बंगाल में जिला प्राथमिक शिक्षा परिषद्, राज्य प्राथमिक बोर्ड, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, उच्चतर माध्यमिक शिक्षा परिषद् जैसी सांविधिक रूप से गठित शैक्षिक निकाय हैं। इन निकायों का प्रबन्ध लोकतान्त्रिक ढंग से चुने हुए व्यक्तियों द्वारा किया जाता है। ये निकाय पंचायत निकायों से लेकर निचले स्तर तक की संस्थाओं के सहयोग से काम करते हैं।

वर्तमान समय में, प्रबोधन पाठ्यक्रम पंचायत के नये चुने हुए प्रमुखों के लिए चलाए जा रहें हैं जहां शैक्षिक सिद्धान्त तथा परियोजनाएं भी प्रशिक्षण के लिए शामिल हैं। इसी प्रकार यूनीसेफ की सहायता से नामांकन, धारिता, मूल्यांकन तथा प्रारम्भिक शिक्षा के विकास के लिए एक राज्य व्यापी सधन अभियान पंचायती निकायों के सहयोग से प्रगति पर है।

हम 73वें तथा 74वें संवैधानिक संशोधन को ध्यान में रखते हुए पंचायत को किस प्रकार साक्षरता तथा औपचारिक शिक्षा से जोड़ जाये इस पर विचार कर रहे हैं। इस स्तर पर निरीक्षण तथा अनुवीक्षण करने के लिए ग्रामीण शिक्षा समितियों का गठन किया जा सकता हैं। बर्द्धवान द्वारा नामित जिले में इस प्रकार की समिति प्रयोगात्मक आधार पर चलन में है। भर्ती, स्थानान्तरण तथा अनुशासन सांविधिक शैक्षिक निकायों के अधिकार में रखी जा सकती है।

उक्त दस्तातेज के पृष्ठ 29 से सम्बन्धित पैरा 4.61 और 4.62 हम में से कई को अप्रसन्न कर सकते हैं। उदाहरण के लिए पंचायती राज निकायों को बिना पर्याप्त साधन उपलब्ध कराये, शिक्षा के प्रबन्ध का स्थानान्तरण एक घातक कदम होगा– एक सही सिफारिश है। क्या हम विनम्रतापूर्वक यह पूछ सकते हैं कि इस सम्बन्ध में केन्द्र सरकार की क्या वित्तीय भूमिका होगी। कोठारी आयोग के समय से ही, केन्द्रीय प्राधिकरण ने इसका स्पष्ट उत्तर नहीं दिया है।

(6) स्कूली बस्ते के बोझ पर यशपाल समिति की रिपोर्ट

हमारे विचार इस प्रकार हैं :

प्रथमतः, समिति ने पाठ्यचर्या विकास में शिक्षकों की सहभागिता में वृद्धि की आवश्यकता को उचित ही रेखांकित किया है।

द्वितीयतः, यह महसूस किया गया कि पूर्व-स्कूल अवस्था में खेल–खेल में शिक्षा प्रदान करने को सुनिश्चित करने के लिए देश में उपयुक्त नियमित मशीनरी तत्काल गठित की जानी चाहिए तथा विषयों औपचारिक शिक्षण से सावधानीपूर्वक बचना चाहिए। निजी तथा के सरकारी दोनों ही प्रकार के स्कूलों को मान्यता तथा सम्बद्धन प्रदान करने की प्रक्रिया को अत्यन्त कठोर बनाया जाना चाहिए ताकि जिन स्कूलों में सुविधाओं का पूर्णतः अभाव है, उन्हें कार्य करने की अनुमति न दी जाये।

तृतीयतः, पूर्व–स्कूल अवस्था में विषयों का औपचारिक शिक्षण नहीं होना चाहिए। प्राथमिक स्तर (कक्षा 1–5) पर गृह कार्य तथा परियोजना कार्य नहीं दिये जाने चाहिए। विभिन्न कारणों से स्कूलों के लिए पाठ्य पुस्तकों को खरीदना उचित नहीं होगा तथा बच्चों को पाठ्पुस्तकें अपने घरों में ही रखने की अनुमति होनी चाहिए।

अन्त में, यह एक स्थापित सिद्धान्त है कि मूल्यांकन में विभिन्न प्रकार की क्षमताओं का परीक्षण किया जाना चाहिए न कि केवल एक प्रकार की क्षमता का। संकल्पना आधारित प्रश्नों के स्थानान्तरण के अतिरिक्त, स्कूल बोर्डों को सतत् तथा व्यापक मूल्यांकन पर जोर देना चाहिए ताकि सम्पूर्ण अवधि के निर्देशात्मक समय पर फैले शास्त्रीय तथा गैर–शास्त्रीय पहलुओं को मिलाया जा सके।

(7) खेलकूद तथा शारीरिक शिक्षा पर गठित केब समिति की रिपोर्ट

रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है तथा हमने वर्तमान स्थिति पर अपने विचार देने से स्वयं को दूर रखा है। रिपोर्ट मिलने के बाद ही हम अपने विचार प्रकट करेंगे।

(8) दूरस्थ शिक्षा पर गठित केब समिति की रिपोर्ट

हमें रिपोर्ट अभी तक नहीं मिली है। रिपोर्ट मिलने के बाद हम इस पर विचार व्यक्त करेंगे।

तिरु० ए० गांधीराज माननीय शिक्षा मन्त्री पांडिचेरी द्वारा दिया गया भाषण

1. मैं, माननीय केन्द्रीय मानव संसाधन विकास मन्त्री तिरू अर्जुन सिंह जी का देश की जन–क्षमता के विकास हेतु शिक्षा के लक्ष्य के प्रति उनकी वचनबद्धता के लिए हृदय से धन्यवाद करता हूं। महोदय, मैं आपको आश्वासन देता हूं कि भारतीय जनता के बीच समता, स्वतन्त्रता और भाई–चारे के मूलभूत लक्ष्यों को पूरा करने में यह राष्ट्रीय प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

2. पांडिचेरी का संघ शासित क्षेत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न घटकों को लागू करने और उसे मन–प्राण से वास्तविकता का रूप देने में अग्रणी है।

3. इस अवसर पर मुझे यह सूचना देने में गर्व महसूस हो रहा है कि हमारा संघ राज्य क्षेत्र, पांडिचेरी की जनता की पूरी भागीदारी के साथ राष्ट्रीय साक्षरता मिशन के सम्पूर्ण साक्षरता अभियान में पूर्ण साक्षरता प्राप्त करने में देश में पहला रहा है।

4. पूर्ण साक्षरता हासिल करने की इस उपलब्धि के लिए हमारे अथक और सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप हमें यूनेस्को द्वारा किंग सिजांग साक्षरता पुरस्कार प्रदान किया गया। अब हम पूर्ण–साक्षरता अभियान के दूसरे चरण में हैं और मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि हमारा क्षेत्र पूर्व–साक्षरता अभियान के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों में भी अग्रणी रहेगा।

5. मौजूदा रूप से यह प्रशासन भारत सरकार और राष्ट्रीय कार्रवाई योजना के मार्ग–दर्शी सिद्धान्तों के आधार पर इस संघ राज्य क्षेत्र के लिए जनता के सभी क्षेत्रों का परामर्श लेते हुए कार्रवाई योजना का अन्तिम मसविदा तैयार कर रहा है। पांडिचेरी के संघ राज्य क्षेत्र के लिए कार्रवाई योजना के मसविदे को दिसम्बर, 1993 तक अन्तिम रूप दे दिया जाएगा।

6. जहां एक ओर कार्रवाई योजना को तैयार किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर पांडिचेरी की सरकार इस पद्धति की कार्य–क्षमता को मजबूत करने और स्तर को बढ़ाने के लिए कार्रवाई योजना की प्रत्येक कार्रवाई के अन्तर्गत पहले ही कई कदम उठा चुकी है।

7. यह संघ राज्य क्षेत्र यह सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को शैक्षिक कार्यक्रमों और क्रियाकलापों में उचित भागीदारी हासिल हो। मौजूदा समय में यह प्रशासन प्राथमिक से उच्च शिक्षा तक (सह–शिक्षा संस्थानों के साथ–साथ) 49 ऐसे संस्थानों को चला रहा है जो केवल महिलाओं के लिए हैं। इन 49 संस्थानों में से, 6 उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम चल रहे हैं और एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और पालीटेक्नीक केवल महिलाओं के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किया गया है कि व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा आसानी से उपलब्ध हो। इस प्रशासन में महिला शिक्षकों की भागीदारी प्राथमिक, माध्यमिक, उच्च और उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में क्रमशः 43.5 प्रतिशत, 39.2 प्रतिशत, 44.44 प्रतिशत और 42.8 प्रतिशत है। उपर्युक्त स्थिति इस बात का प्रमाण है कि इस संघ राज्य क्षेत्र में सभी शैक्षिक कार्यक्रमों में भागीदारी हेतु शिक्षा की उपलब्धता और महिलाओं की क्षमता अनुकूल है।

8. यह संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन समाज के कमजोर वर्गों नामतः अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, विकलांगों और अल्पसंख्यकों के लिए समान शैक्षिक अवसर सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध है। शिक्षा विभाग समाज कल्याण विभाग और आदि द्रविड़ कल्याण विभाग के सहयोग में कार्य करता है। यूनीफार्मों, पाठ्यपुस्तकों, लेखन सामग्रियों, जूतों की निःशुल्क पूर्ति और छात्र-वृत्तियों, शिक्षकीय सुविधाओं, छात्रावासों, प्रोत्साहनों और वित्तीय सहायता, बालिकाओं के मां–बाप को अवसर लागत और निःशुल्क दिन का खाना, जैसी विभिन्न सहायक सेवायें प्रदान की जाती हैं। उनकी शैक्षिक उन्नति के लिए इस प्रशासन द्वारा सर्विस गृह, विशेष स्कूल और व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र भी चलाए जाते हैं। तीन राज्यों के साथ सीमायें जुड़ी होने के कारण यह राज्य बहु–भाषीय है और यहां तमिल, मलयालम और तेलुगु भाषाएं बोली जाती हैं। कला और संस्कृति के लिए एक अलग निदेशालय इस क्षेत्र की संस्कृति और भाषाओं को सुरक्षा और उन्नति सुनिश्चित करता है। भिन्न-भिन्न क्षेत्रों को अनुदेश के माध्यम के रूप में अपनी अपनी भाषाओं के इस्तेमाल का अधिकार है। अल्पसंख्यकों द्वारा शासित संस्थानों को शामिल करते हुए संस्थानों की पहचान के लिए अलग सहायता संहिता भी इस प्रशासन में उपलब्ध है। कराइकल क्षेत्र में "मुस्लिम एजुकेशनल सोसाइटी" द्वारा "एरेबिक स्कूल" चलाया जा रहा है।

9. अनौपचारिक शिक्षा कार्यक्रम सन् 1987 में आरंभ किया गया था। पांडिचेरी में इसके 35 केन्द्र थे, कराइकल में 7 और यनम क्षेत्र में एक जो कि शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में स्थित हैं। प्रत्येक केन्द्र में 6—14 वर्ष के आयु वर्ग में 30 शिक्षार्थियों को दाखिले प्रदान किए गए। पूर्ण साक्षरता प्राप्त करने के पश्चात अनौपचारिक शिक्षा केन्द्रों को इस वर्ष पुनः प्रचालित किया गया है जिसके लिए हमारी सरकार द्वारा 25,000/–रु० की राशि प्रदान की गई है ताकि पूर्ण साक्षरता अभियान के भाग के तौर पर अरिवोली स्वयंसेवकों द्वारा पढ़ाए जाने वाले 1,000 शिक्षार्थियों के लिए शिक्षण सामाग्री का क्रय संभव हो। वर्ष 1994–95 के लिए अरिवोली स्वयंसेवकों के माध्यम से 300 शिक्षार्थियों को शामिल किया जा सके, इसके लिए 75,000/–रु० की राशि का

प्रावधान किया गया है। "अरिवोली" के अंतर्गत पूर्ण साक्षरता योजना के समापन के पश्चात् वर्ष 1994–95 के दौरान अनौपचारिक शिक्षा योजना पर बल दिया जाएगा। इसके लिए इसी वर्ष भारत सरकार को निधियों की मांग हेतु आवश्यक प्रस्ताव भेजा जाएगा।

10. पाठ्य पुस्तक पुनरीक्षण के क्षेत्र में यह संघ राज्य क्षेत्र अपने तीन पड़ोसी राज्यों नामत: तमिलनाडु (पांडिचेरी और कराइकल), केरल (महे के लिए) और आंध्र प्रदेश (यनम के लिए) का स्वरूप अपनाता है। ये राज्य अपनी अपनी भाषाओं में पाठ्य–पुस्तकें तैयार करते हैं और यह संघ राज्य क्षेत्र इन पुस्तकों को संबंधित क्षेत्रों के लिए अपनाता है। अत: इन राज्यों द्वारा जिस पुनरीक्षण और सिफारिशों का सुझाव दिया जाता है वह इस संघ क्षेत्र राज्य पर भी लागू होता है। पांडिचेरी और कराइकल क्षेत्रों के जिए हम स्वयं अपने स्कूल शिक्षा बोर्ड के गठन की योजना तैयार कर रहे हैं। इस बोर्ड की स्थापना के पश्चात हम ऐसी पाठ्य पुस्तकें और दक्षता के साथ तैयार कर सकेंगे जो हमारे अपने और राष्ट्रीय उद्देश्यों की पूर्ती के अनुकूल हों।

11. पांडिचेरी संघ राज्य क्षेत्र में किसी विधायी परिषद् का अस्तित्व नहीं है अत: विधायी परिषद् में शिक्षकों के प्रतिनिधिकरण का प्रश्न नहीं उत्पन्न होता।

12. तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं को लागू करने के माध्यम से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की विभिन्न सिफारिशों के आधार पर अभूतपूर्व वृद्धि और महत्वपूर्ण विस्तार हुआ है। केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत व्यावसायिक शिक्षा और शिल्पकारी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम और कम्प्यूटर शिक्षा, प्रबंधन कार्यक्रम, सामुदायिक पालेटेक्नीक को लागू करना, ऐसे विभिन्न क्रियाकलाप हैं जो इस प्रशासन द्वारा संचालित किये जा रहे हैं। यह प्रशासन मौजूदा रूप से तीन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और तीन पालीटेक्नीक चला रहा है जो कि इस संघ राज्य क्षेत्र की जनशक्ति बनाने की आवश्यकता की पूर्ति करते है।

"पांडिचेरी इंजीनियरिंग कालेज" नामक पूर्ण रूपेण स्नातक और स्नातकोतर संस्थान इस क्षेत्र में उच्च शिक्षा प्रदान कर रहा है।

13. व्यावसायिक शिक्षा भी महत्वपूर्ण क्षेत्र है और इस विषय को सन् 1978-79 में इस संघ राज्य में + 2 स्तर पर आरंभ किया गया था। पांडिचेरी, कराईकल और महे में 31 उच्चतर माध्यमिक स्कूल में से 19 उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में 45 व्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। जिनमें से 30 पाठ्यक्रम राज्य योजनाओं के अंतर्गत हैं और 15 पाठ्यक्रम केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत हैं। ये व्यावसायिक पाठ्यक्रम मुख्यत: कृषि विज्ञान, वाणिज्य और व्यापार, इंजीनियरिंग टेक्नालाजी वस्त्र अभिकल्पना और निर्माण, विद्युत घरेलू उपकरण, मुद्रण टेक्नालाजी, आफिस सेक्रेटेरियल, भवन अनुरक्षण और कम्प्यूटर शिक्षा विषयों की शाखाओं के अंतर्गत चलाए जा रहे हैं। इस संघ राज्य क्षेत्र में व्यावसायिक पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों की प्रतिशतता 18.5 है जो कि व्यावसायिक शाखा में न्यूनतम 10% भर्ती के मौजूदा राष्ट्रीय स्तर के मानक से अधिक है।

14. पंचायती राज संस्थानों से संबंधित शिक्षा के विकेन्द्रीकृत प्रबंधन के क्षेत्र में सरकार ने विभिन्न विषयों और शिक्षा को अपने हाथ में लेने में स्थानीय निकायों की मौजूदा स्थिति पर सावधानीपूर्वक विचार किया है। इस संघ राज्य क्षेत्र में पंचायती राज संस्थानों के नगरपालिका (शहरी) और समुदाय पंचायत (ग्रामीण) के स्तर को बनाए रखा जाता है। इन पंचायती राज संस्थानों के लिए सन् 1968 से चुनाव नहीं आयोजित किए गए हैं। इसके अलावा नगरपालिकाओं और समुदाय पंचायतों का पहला कार्य अन्य बुनियादी सुविधाएं जैसे पीने का पानी, सड़क रख-रखाव, जन स्वास्थ्य सुनिश्चित करना इत्यादि प्रदान करना है। इन स्थानीय निकायों को शिक्षा से जोड़ने के परिणामस्वरूप इन्हें साधनों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। अत: इस संघ राज्य क्षेत्र में शिक्षा का प्रबंधन शिक्षा विभाग के पास होने की यथापूर्व–स्थिति को रहने दिया जा सकता है।

15. हम यशपाल समिति द्वारा की गई सिफारिशों का पूर्ण समर्थन करते हैं। हमने पहले ही अपने सरकारी और निजी स्कूलों को अनौपचारिक रूप से बच्चों को गृह–कार्य देने की प्रक्रिया को कम करने और उनकों अपने आस–पास के वातावरण से शिक्षा ग्रहण करने की छूट लेने की सलाह दी है।

16. अध्यापक शिक्षा और शिक्षकों के बीच योग्यता के विकास के क्षेत्र में इस संघ राज्य क्षेत्र ने अलग राज्य प्रशिक्षण केन्द्र का संस्थापन किया जो है शिक्षकों की व्यावसायिक धारा में सुधार करने के लिए भारत सरकार की मार्गदर्शी रूप-रेखाओं के आधार पर अल्प अवधि के विषयपरक विशिष्ट पाठ्क्रम और 21 दिवसीय व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से सभी वर्गों के शिक्षकों को सेवा के दौरान प्रशिक्षण प्रदान करता है। विज्ञान के लिए जिला संसाधन केन्द्र भी विज्ञान और गणित के क्षेत्र में सेवा के दौरान अध्यापक शिक्षा कार्यक्रम को बल प्रदान करने के लिए कार्यरत है।

17. खेल एवं शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में सभी कार्यक्रमों के अनुवीक्षण के लिए राज्य खेल परिषद का गठन किया है। इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स' नामक एक विशेष परियोजना विकास किया जा रहा है जिसमें भिन्न–भिन्न खेल-कूदों के लिए सुसज्जित खेल के मैदान, आवश्यक कर्मचारियों सहित कोचिंग केन्द्र होंगे। खेल-कूद में प्रतिभाशाली युवकों की पहचान कर ली गई है और उन्हें छात्रवृत्ति की सुविधा भी प्रदान की जा रही है।

18. इस संघ राज्य क्षेत्र के लिए अन्य महत्वपूर्ण मुद्दा युवाओं को राष्ट्रीय सेवा योजना एन० एस० एस० राष्ट्रीय केडेट कोर (एन० सी० सी०) और स्काउट और गाइड में शामिल करके उनकी प्रतिभा का इस्तेमाल करना है। इस संघ राज्य क्षेत्र में इन क्षेत्रों के अंतर्गत समुदाय विस्तार कार्यक्रम शिक्षा

के विकास में जन-समुदाय को जोड़ने में महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं ।

19. इन उपायों के अतिरिक्त यह संघ राज्य क्षेत्र उपलब्ध संसाधनों के इष्टतम इस्तेमाल और नवीन पद्धतियों का प्रयोग करने के माध्यम से सभी स्तरों पर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए चिंतित है। अभी तक शिक्षकों की विश्वसनियता सुनिश्चित करते हुए प्राथमिक सकूलों में अध्ययन के न्यूनतम स्तरों की प्राप्ति के लिए किए गए प्रयास उल्लेखनीय हैं। इस संघ राज्य क्षेत्र में जन शिक्षा योजना और स्कूली शिक्षा में पर्यावरण के अनुस्थापन को लागू करने से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार को बल मिलेगा। शिक्षा विभाग में स्थित दृश्य श्रव्य शिक्षा एककों द्वारा कक्षाओं में संदेश पंहुचाना भी इस संबंध में लाभप्रद सिद्ध हुआ है।

20. यह संघ राज्य क्षेत्र "नैशनल फाउन्डेशन फार टीचर्स वेल्फेयर" योजना को लागू करने के माध्यम से शिक्षकों का कल्याण सुनिश्चित करता है । और इसके माध्यम से शिक्षा के विकास में शिक्षकों की अधिकतम भागीदारी के रास्ते खोलता है ।

21. अंत में मैं माननीय केन्द्रीय मंत्री, मानव संसाधन विकास मंत्रालय और केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड के विद्वान सदस्यों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने शिक्षा के विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया ।

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक में श्री आर० डी० सोनकर सलाहकार राज्य पाल मध्य प्रदेश का वक्तव्य

मैं माननीय मानव संसाधन विकास मन्त्री जी का आभारी हूं कि उन्होंने केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 49 वीं बैठक में शिक्षा के सामयिक, महत्वपूर्ण और नीतिगत प्रकरणों पर विचार-विनिमय का अवसर प्रदान किया है।

2. इस सम्मेलन का बोर्ड द्वारा गत बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुपालन, स्कूली विद्यार्थियों पर शिक्षा का बोझ कम करने के उपयोग का सुझाव देने हेतु मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा गठित राष्ट्रीयशिक्षा सलाहकार समिति की रिपोर्ट, शिक्षा के प्रबन्धन का विकेन्द्रीकरण पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार समिति की रिपोर्ट, विधान परिषदों में शिक्षकों का प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की रिपोर्ट, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञानम कमेटी तथा चुनेरी कमेटी की रिपोर्टस के परिप्रेक्ष्य में विचार कर तथा निर्णय लेने की दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण स्थान है।

प्रौढ़ साक्षरता

यह प्रसन्नता का विषय है कि राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा साक्षरता पर गठित समिति की आख्या को राष्ट्रीय विकास परिषद् द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में अब "अभियान उपागम" को पूर्ण रूप से स्वीकारा जा चुका है। देश के विभिन्न जनपदों में सम्पूर्ण साक्षरता कार्यक्रम के आशानकूल परिणाम देखने को मिल रहे हैं। उत्तर प्रदेश में सम्प्रति 18 जनपदों की सम्पूर्ण साक्षरता कार्यक्रम को राष्ट्रीय साक्षरता प्राधिकरण की कार्यकारिणी समिति द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है।

8वीं पंचवर्षीय योजना अवधि में हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश के कुल 93 जनपदों में से दो तिहाई जनपदों अर्थात् 42 जनपदों को सम्पूर्ण साक्षरता अभियान से आच्छादित किया जाये तथा शेष जनपदों को वर्ष 2000 तक आच्छादित किए जाने का प्रस्ताव है।

प्रदेश में सम्पूर्ण साक्षरता के प्रसार में स्वैच्छिक संस्थाओं को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। गैर-सरकारी संगठनों से प्राप्त सम्पूर्ण साक्षरता अभियान संबंधी प्रस्तावों का परीक्षण जिला तथा राज्यस्तर पर गठित परीक्षण (स्क्रीनिग) समितियों द्वारा किया जाता है। अब तक 187 प्रस्तावों का राज्य स्तर पर भली-भांति परीक्षण करके संस्तुतियां भारत सरकार को भेजी जा चुकी है। मुझे यह कहते हुए खुशी है कि उत्तर प्रदेश में प्रौढ शिक्षा के कार्यक्रमों को प्राथमिकता के आधार पर देखा जा रहा है तथा सम्पूर्ण साक्षरता अभियान से आच्छादित जनपदों के कार्यक्रमों का अनुश्रवण तत्परता से किया जा रहा है। मुख्यसचिव के स्तर से भी संबंधित जनपदों के जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक पृथक से की जाती है।

यह प्रसन्नता का विषय है कि मानव संसाधान विकास मन्त्रालय, शिक्षा विभाग का कार्यालय-ज्ञापन दिनांक 30 सितम्बर, 1993 द्वारा स्वैच्छिक संस्थाओं को अनुदान स्वीकृत करने हेतु चयन की प्रक्रिया को सुप्रवाही बनाने का प्रयास किया गया है।

बिना बोझ के शिक्षा

प्रो० यशपाल की अध्यक्षता में गठित स्कूली छात्रों के बोझ को कम करते हुए अधिगम की गुणवत्ता में सुधार लाने संबंधी उपाय सुझाने के लिए राष्ट्रीय सलाहकार समिति द्वारा रिपोर्ट दिनांक 15 जुलाई, 1993 को दी गई है। समिति के अध्यक्ष ने स्पष्ट रूप से यह उल्लिखित किया है कि इस अध्ययन के उपरान्त मैं और समिति के अधिकांश सह-कर्मी इस बात से सहमत हैं कि विषय-वस्तु को न समझ पाने के परिणामस्वरूप बच्चों पर ज्यादा घातक बोझ पड़ता है। इस समिति की सिफारिशों को लागू करने की संभाव्यता की जांच के लिए शिक्षा मन्त्रालय द्वारा गठित दल की रिपोर्ट के संदर्भ में मेरा सुझाव है कि इस रिपोर्ट के विश्लेषणों तथा इसकी अन्य सिफारिशों पर यथा-सम्भव विभिन्न स्तरों तर विस्तृत चर्चा की जाये। बालकों के माता-पिता और अभिभावकों को विचार-विमर्श के समय मुख्य रुप से आमंत्रित किया जाये तथा उनके विचार प्राप्त करने के उपरान्त ही बिना बोझ की शिक्षा की कार्य-योजना तैयार की जाये। विद्यार्थियों पर शिक्षा के बोझ को कम करने की दिशा में प्रो० यशपाल समिति की रिपोर्ट ने एक महत्वपूर्ण पहल की है जो कि इस दिशा में एक मील का पत्थर है। प्रो० यशपाल जी के इन विचारों से मैं भी पूर्ण रूप से सहमत हूं कि बिना समझे "अधिक सीखने" की अपेक्षा समझकर "थोड़ा सीखना" ही ज्यादा बेहतर है।

शिक्षा के प्रबन्धन का विकेन्द्रीकरण

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड द्वारा शिक्षा के विकेन्द्रीयकृत प्रबन्धन पर श्री एम० वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट प्राप्त हुई है। इस समिति ने संविधान के 73वें तथा 74वें संशोधन वर्ष 1992 को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा व्यवस्था का विकेन्द्रीकरण, जिसमें ग्राम शिक्षा समिति पंचायत स्तरीय समिति, जिला परिषद् स्तरीय समिति तथा नगरपालिका स्तरीय समिति के माध्यम से किये जाने का सुझाव दिया है। इस रिपोर्ट में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्रत्येक राज्य सरकारें समिति द्वारा प्रस्तुत संस्तुतियों को स्थानीय परिस्थितियों की उपयुक्तता के अनुसार स्वीकार करें।

मैं इस अवसर पर उत्तर प्रदेश की बेसिक शिक्षा की व्यवस्था के संबंध में बोर्ड के संज्ञान में यह तथ्य लाना चाहता

हूं कि उत्तर प्रदेश में बेसिक शिक्षा अधिनियम, 1972 के अधीन दिनांक 25 जुलाई, 1972 से उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद् की स्थापना की गई और उसे राज्य में बेसिक शिक्षा तथा उसके लिए अध्यापक प्रशिक्षण दिये जाने को संगठित करने, उसका समन्वय करने, उस पर नियंत्रण करने, उसके स्तर को ऊंचा उठाने और उसे राज्य की सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली से परस्पर सम्बद्ध करने का दायित्व सौंपा गया।

हमारे प्रदेश में प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन, संगठनात्मक व्यवस्था में परिवर्तन की आवश्यकता है। जिला बेसिक शिक्षा समितियों में, नगर बसिक शिक्षा समितियों तथा गांव शिक्षा समितियों की संरचना में परिवर्तन करना तथा उनके कृत्यों को और अधिक व्यापक बनाए जाने के साथ ही खण्ड शिक्षा समितियों के गठन तथा उनके दायित्वों की विहित करने की भी आवश्यकता है। राज्य सरकार ने इस दिशा में पहल की है तथा कतिपय प्रशासनिक आदेश भी निर्गत किए गए हैं। प्रदेश में हमारा यह प्रयास होगा कि किसी अन्य व्यवस्था/संरचना की अपेक्षा संविधान के 73वें तथा 74 वें संशोधन की मूल भावना को दृष्टिगत रखते हुए उ० प्र० बेसिक शिक्षा अधिनियम, 1972 में अपेक्षित संशोधन कराकर पंचायतीराज संस्थाओं के प्रतिनिधियों का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करते हुए उन्हें शिक्षा व्यवस्था के प्रति अधिक दायित्व प्रदान कर व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाये और शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार लाया जाए।

विद्यालयी पाठ्य पुस्तकों के मूल्यांकन का एक राष्ट्रीय आयोग

पाठ्य-पुस्तकों के संबंध में राष्ट्रीय स्तर पर गठित स्टीयरिंग कमेटी ने पाठ्य-पुस्तकों के संबंध में जनवरी, 1993 में संस्तुतियां की हैं। उत्तर प्रदेश में प्रचलित राष्ट्रीयकृत पाठ्य-पुस्तकों के संबंध में नेशनल स्टीयरिंग कमेटी की संस्तुतियां मुख्य रूप से माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में इतिहास, हिन्दी, गणित और सामाजिक विज्ञान विषय की प्रचलित पाठ्य-पुस्तकों के संबंध में अभिमत उल्लिखित किया गया। हाई स्कूल इतिहास की पाठ्य-पुस्तक में स्टीयरिंग कमेटी द्वारा यह निष्कर्ष निकाला गया कि वर्ष 1992 की पुस्तक में साम्प्रदायिक अभिविन्यास (कम्युनल ओरियन्टेशन) है जो भारत के अतीत का ऐतिहासिक त्रुटिपूर्ण तथा विकृत स्वरूप प्रस्तुत करता है। समिति द्वारा यह संस्तुति की गई कि इतिहास की इन पुस्तकों को वापस ले लेना चाहिए तथा कक्षा 9–10 में इतिहास एक ऐच्छिक विषय के रूप में लिए जाने की सुविधा समाप्त करनी चाहिए। हाई स्कूल हिन्दी की राष्ट्रीयकृत पाठ्य पुस्तक की पाठ्य सामग्री को समिति द्वारा कालातीत पाया गया तथा यह संस्तुति की गई कि उनके पुनर्लेखन की आवश्यकता है। इसी प्रकार हाई स्कूल गणित विषय में वैदिक गणित के सम्मिलित किये जाने पर टिप्पणी करते हुए समिति द्वारा इस पुस्तक को वापस लिये जाने की संस्तुति की गयी। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा अन्य सामान्य संस्तुतियां भी की गई हैं। इस संबंध में प्रदेश शासन द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गयी।

नेशनल स्टीयरिंग कमेटी को राष्ट्रीय आयोग (नेशनल कमीशन) का स्तर प्रदान किये जाने का विचार प्रशंसनीय है किन्तु इस सबन्ध में निर्णय लेने के पूर्व मेरा यह सुझाव है कि राज्य सरकारों को और अधिक समय दिया जाये कि इस संबंध में वे अपना विचार निर्धारित कर भारत सरकार को अवगत करायें।

विधान परिषदों में शिक्षकों का प्रतिनिधित्व

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की 8–9 मार्च, 1991 की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार विधान परिषद् में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व पर केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड समिति का गठन श्री एम० वीरप्पा मोइली की अध्यक्षता में दिनांक 10 फरवरी, 1992 को किया गया।

विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व हेतु समिति द्वारा दी गई सिफारिशों के सम्बन्ध में मेरा सुझाव है कि इन पर बोर्ड की बैठक में आज विस्तार से विचार किया जाये और तदनुसार संस्तुतियों को स्वीकारा जाय।

व्यावसायिक शिक्षा

माध्यमिक स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा की एक महत्वपूर्ण योजना है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में, वर्ष 1992 में किया गया संशोधन के अनुसार यह प्रस्तावित है कि वष 1995 तक 10% तथा वर्ष 2000 तक 25% उच्चतर माध्यमिक विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रम से आच्छादित किया जाये। उत्तर प्रदेश में अब तक तीन चरणों में 710 माध्यमिक विद्यालयों में व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को आरम्भ किया गया है। इन पाठ्यक्रमों से लगभग 19 हजार छात्र–छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं।

व्यावसायिक शिक्षा के संबंध के में मेरा यह सुझाव है कि इस योजना को अन्य विकास की योजनाएं जैसे ट्राइसेम एन० आर० वाई० इत्यादि से एकीकृत किया जाये जिससे कि इसका पूरा लाभ विद्यार्थियों को मिल सके। कक्षा 8 के स्तर तक अधिक संख्या में विद्यार्थी आर्थिक कारणों से पढ़ाई छोड़ देते हैं ऐसे विद्यार्थियों के लिए पूर्वव्यावसायिक पाठ्यक्रम चलाए जाने चाहिए जिससे कि वे कार्य की दुनिया में पूर्ण आत्म-विश्वास के साथ पदार्पण करें और स्वरोजगार के माध्यम से अपने पैरों पर खड़े हो सकें। मेरा यह भी सुझाव है कि "खुला विद्यालय संगठन" द्वारा भी व्यावसायिक शिक्षा के पाठ्यक्रम तैयार किए जाएं जिनका लाभ ऐसे लडके-लड़कियां उठा सकें जो औपचारिक शिक्षा की धारा से किन्हीं भी कारणों से हट गए हों।

उच्च शिक्षा

विश्वविद्यालयों के प्रबन्धन की समीक्षा और उच्च शिक्षा संस्थाओं की उपलब्धियों के मानक निर्धारण हेतु ज्ञानम समिति

का गठन किया गया था। प्रदेश सरकार के सीमित आर्थिक स्रोतों के कारण विश्वविद्यालय के बढ़ते हुए व्ययभार को वहन करना कठिन हो रहा है। आर्थिक क्षेत्र में नये परिवर्तनों के आ जाने से अब विश्वविद्यालयों के लिए इस बात के पर्याप्त अवसर उपलब्ध हो गये हैं कि वे अर्थशास्त्र, वाणिज्य, कम्प्यूटर साइन्स, मैनेजमेंट आदि विषयों में वाणिज्यिक अधिष्ठानों तथा उद्योगों के साथ सहयोग स्थापित कर कन्सलटेन्सी सर्विसेज प्रारम्भ कर सकते हैं और इस प्रकार उनके आय के स्रोतों में पर्याप्त वृद्धि हो सकती है। समिति की रिपोर्ट के सन्दर्भ में संक्षेप में, विश्वविद्यालयों की स्वायत्ता, उत्तरदायित्व, विकेन्द्रीकरण के प्रश्न पर इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि विश्वविद्यालयों को शैक्षिक क्षेत्र में, जहां वे पूर्णरूप से स्वायत्त हैं, गुणात्मक सुधार के लिए अविच्छिन्न रूप से प्रयास करते रहना चाहिए। मेरा यह सुझाव है कि विश्वविद्यालयों में प्राध्यापकों की भर्ती के लिए केन्द्रीयकृत सिद्धान्त अपनाया जाना चहिए जिससे कि राज्य सरकार का अनावश्यक व्ययभार न बढ़े।

विश्वविद्यालय के उत्तरदायित्व के संबंध में यह सिद्धान्त अनाया जाना चाहिए कि प्रत्येक विश्वविद्यालय की 5 वर्ष बाद समीक्षा एक बाह्य पैनल द्वारा किया जाए। विश्वविद्यालय द्वारा अपना वार्षिक लेखा-जोखा केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की भांति राज्य विधान सभा के सम्मुख प्रस्तुत किया जाना चाहिये। प्रत्येक अध्यापक की वार्षिक प्रगति का भी मूल्यांकन होना चाहिए।

मेरा यह सुझाव है कि विश्वविद्यालयों को स्नातक स्तरीय परीक्षाओं के अनावश्यक बोझ से मुक्त कर देना चाहिए। इस संबंध में राज्य स्तर पर परिक्षाएं आयोजित करने का दायित्व एक विश्वविद्यालय को देना चाहिए। शेष विश्वविद्यालयों को केवल स्नातकोत्तर शिक्षण एवं शोध कार्य हेतु पर्याप्त अवसर एवं सुविधा प्रदान की जाए।

प्राविधिक शिक्षा

उन्नीकृष्णन बनाम कर्नाटक स्टेट के संबंध में मा० उच्चतम न्यायालय के निर्णय के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक कार्यवाही हेतु मार्ग-दर्शिका को अन्तिम रूप दिये जाने के लिये 17 जून, 1993 को मानव संसाधन विकास मंत्रालय के स्तर पर एक बैठक हो चुकी है। मेरा अनुरोध है कि मार्ग-दर्शिका यथाशीघ्र निर्गत करा दी जाए जिससे कि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके।

मुझे यह कहते हुए प्रसन्नता है कि विश्व बैंक की सुपरविजन मिशन द्वारा मई, 1993 में विभिन्न प्रदेशों में चल रही विश्व बैंक परियोजना की समीक्षा में उत्तर प्रदेश द्वारा प्राविधिक शिक्षा से सम्बन्धित विश्व बैंक परियोजना के क्रियान्वयन की प्रगति को सर्वोत्कृष्ठ घोषित किया गया। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 86 पालीटेक्निक्स में 200 करोड़ रुपये की धनराशि से इनका सुदृढ़ीकरण एवं विकास व गुणवत्ता में सुधार किया जा रहा है। जुलाई, 1993 तक 108.54 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। इसके अन्तर्गत प्रदेश के विभिन्न पालीटेक्निक के भवनों का निर्माण साज-सज्जा आदि की आपूर्ति तथा गुणात्मक सुधार हेतु विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं।

अखिल भारतीय प्राविधिक शिक्षा परिषद् के विचाराधीन नई संस्था खोलने तथा नये पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने के संबंध में जो प्रस्ताव विचाराधीन/लम्बित हैं; उनका शीघ्र निस्तारण हेतु प्राविधिक शिक्षा विभाग द्वारा सतत् प्रयास किया जा रहा है।

प्रदेश के 32 पालीटेक्निक्स में कम्यूनिटी पालीटेक्निक योजना चलायी जा रही है जिनमें भारत सरकार द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुरूप कार्य किया जा रहा है। उक्त योजना से ग्रामीण क्षेत्रों के स्व–व्यवसाय के लिए उत्सुक व्यक्तियों को विभिन्न व्यावसायों में अल्पकालिक प्रशिक्षण देकर प्रशिक्षित किया जाता है। अभी तक जो भी दरें उक्त योजना के अन्तर्गत स्वीकृत हैं। वे वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बहुत कम हैं जिन्हें बढ़ाया जाना नितान्त आवश्यक है। मेरा सुझाव है कि कम्यूनिटी पालीटेक्निक योजना को विश्व बैंक परियोजना के परिक्षेत्र में लाया जाए।

प्रदेश में प्राविधिक शिक्षण संस्थानों की आज के युग में प्रौदयोगिकी के विकास के अनुरूप विकसित करने हेतु सीधी केन्द्रीय सहायता ही एक सक्षम विकल्प है। इस संबंध में मेरा निवेदन है कि उत्तर प्रदेश को भारत सरकार द्वारा वरीयता प्रदान की जाए।

अन्त में, मैं माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी के प्रति अपना व्यक्तिगत आभार और प्रदेश शासन की ओर से भी सम्मान प्रदर्शित करता हूं कि इस सम्मेलन में उन्होंने उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया है।

आर० डी० सोनकर,
सलाहकार श्री राज्यपाल, म० प्र०

केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की बैठक में डॉ0 रामचन्द्र पूर्वे, मंत्री (प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षा) बिहार सरकार का भाषण

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, श्री अर्जुन सिंह के प्रति सर्वप्रथम अपना आभार प्रकट करना चाहता हूं, जिन्होंने केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की इस बैठक में मुझे प्रतिभाग करने तथा विचार अभिव्यक्त करने का मौका दिया है ।

पुनरीक्षित नई शिक्षा नीति 1992 की कार्य योजना के अनुरूप बिहार में राज्य कार्य योजना का अंतिम स्वरूप अभी नहीं दिया गया है, परन्तु बिहार में शिक्षा को नया आयाम देने का चतुर्मुखी प्रयास चल रहा है। साक्षरता, प्राथमिक शिक्षा का सर्वव्यापीकरण, शिक्षकों के गहन प्रशिक्षण के साथ ही साथ लोक–भागीदारी को बढ़ाया जा रहा है। परिणाम-स्वरूप राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में नामांकन की वृद्धि 80% तक हुई है। सम्प्रति सन् 91 के अंत में छात्रों का छीजन 18% था वह घटकर सन् 92 के अंत में 12% हो गया है। सन् 93 के अंत में छीजन का दर और अधिक घटने की सम्भावना है। न्यूनतम अधिगम सतर की सम्प्राप्ति हेतु बिहार शिक्षा परियोजना से राज्य के सात जिलों में विशेष कार्य योजना चलायी जा रही है। समाज के अभिवंचित समुदाय के बच्चों को प्राथमिक शिक्षा के परिक्षेत्र में लाने हेतु विशेष प्रयास किया जा रहा है। महानगर के झुग्गी-झोंपड़ी क्षेत्रों एवं गांव के हरिजन एवं आदिवासी मुहल्लों में व्यापक पैमाने पर प्राथमिक विद्यालय खोला जा रहा है। विकास की अंतिम सीढ़ी पर खड़े डोम, हलखोर तथा मुसहर समुदाय के बच्चों को विद्यालय में लाने हेतु प्रति छात्र प्रति दिन एक रुपया देने का निर्णय राज्य सरकार ने लिया है। इस व्यवस्था से आज उन झोंपड़ियों में भी ज्ञान का दीप प्रज्ज्वलित हो रहा है, जहां सदियों से अंधेरा था।

राज्य के इस विशेष अभियान में केन्द्र सरकार का प्रोत्साहन एवं आर्थिक सहयोग अपेक्षित है। यदि कामकाजी निर्धन बच्चे अपनी गरीबी के कारण विद्यालय नहीं जा पाते हैं तो विद्यालय को उन बच्चों के बीच आना होगा। स्वामी विवेकानन्द के इस दर्शन को बिहार के मुख्य मंत्री श्री लालू प्रसाद ने राज्य में 114 चरवाहा विद्यालयों को खोलकर मूर्तरूप देने का काम किया है। चरवाहा विद्यालयों का प्रतिफल राज्य में दिखने लगा है। मुझे प्रसन्नता है कि योजना आयोग ने चरवाहा विद्यालयों के उन्नयन एवं विकास हेतु दो करोड़ रुपयों का अनुदान दिया है ।

राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक विकास हेतु सामान्य विद्यालयों एवं मदरसों में उनके नामांकन हेतु नामांकन अभियान चलाया गया है। मदरसों के पाठ्यक्रमों में विज्ञान, शारीरिक शिक्षा, संस्कृति एवं पर्यावरण से जोड़कर आधुनिक बनाया जा रहा है। बिहार के बहुत सारे प्रखंडों में अल्पसंख्यकों की आबादी 70% से ज्यादा है। अल्पसंख्यकों की शिक्षा के लिए नई केन्द्रीय परियोजना के अन्तर्गत राज्य में इन्सेंटीव ओरिएन्टेड एक परियोजना बनाई गई है । जिसके कार्यान्वयन में इस वर्ष 1.50 करोड़ रुपयों की आवश्यकता होगी जबकि इस योजना के लिए पूरे राष्ट्र में मात्र 2.20 करोड़ की राशि उपलब्ध कराई गई है, जो बिल्कुल नाकाफी है। इस मद में अधिक से अधिक राशि उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।

राज्य के 25 जिलों में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को कार्यरत कर दिया गया है। शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, निरीक्षी पदाधिकारियों एवं ग्राम शिक्षा समिति के सक्रिय कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण से एक नया उत्साह का संचार विद्यालयों के शिक्षण एवं प्रबंधन में हुआ है।

शिक्षा को श्रम एवं रोजगार से जोड़ने हेतु राज्य के 148, (+2) विद्यालयों में व्यवसायिक शिक्षा के 25 ट्रेडों की पढ़ाई जारी है, वहीं राज्य के चार हजार माध्यमिक विद्यालयों के नवम् एवं दशम वर्ग के पाठ्यक्रम में समाजोपयोगी उत्पादक कार्य को आवश्यक अंग बनाया गया है, ताकि उत्पादक कार्यों के प्रति प्रारंभ से ही छात्रों में अभिरूचि जागृत हो सके। देहाती क्षेत्रों में बालिकाओं की शिक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु राज्य के छः सौ खंडों के प्रखंड मुख्यालय या ग्रामीण क्षेत्र में एक बालिका उच्च विद्यालय खोलने की योजना के अन्तर्गत राज्य में अब तक 500 परियोजना बालिका उच्च विद्यालय संस्थापित हो चुके हैं, लेकिन इन विद्यालयों को भवन, पुस्तकालय, प्रयोगशाला, छात्रावास, परिसर आदि की दृष्टि से समृद्ध करने हेतु केन्द्र सरकार से विशेष मदद के रूप में 2.50 करोड़ रुपयों की आवश्यकता है ।

राज्य में प्राथमिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा के प्रति आम लोगों में संचेतना बढ़ी है और इसी अनुपात में विद्यालय भवन के विस्तार एवं अतिरिक्त शिक्षकों की नियुक्ति की मांग भी बढ़ने लगी है, जिसकी परिपूर्ति के बिना "सबों के लिए शिक्षा" लक्ष्य शायद सम्प्राप्त नहीं किया जा सकेगा ।

जिला प्रबंधन के विकेन्द्रीकरण पर कैव समिति की अनुशंसा से हमारा राज्य पूर्णरूपेण सहमत है। गांव के विद्यालयों की व्यवस्था का पूर्ण दायित्व गांववालों को सौंप देने की आवश्यकता है, ताकि ग्रामीणों को यह अहसास हो कि गांव का विद्यालय उनका अपना विद्यालय है ।

बिहार सरकार ने पंचायती राज विधेयक को विधानमंडल से पारित कराकर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के संचालन; व्यवस्था एवं विकास का दायित्व पंचायती व्यवस्था को सौंपने का क्रांतिकारी निर्णय लिया है।

यशपाल कमिटी की अनुशंसाओं एवं उनके संदर्भ में गठित मानव संसाधन विकास मंत्रालय की कमिटी के मंतव्य का हम स्वागत करते हैं । वस्तुतः किताब के बोझ से छोटे बच्चे दबे जा रहे हैं, उन्हें मात्र परीक्षा में उत्तीर्ण होने हेतु रटंत शिक्षा दी जाती है। इस शिक्षा को न तो अपने परिवेश एवं संस्कृति से संस्पर्श है और न तो हममें समाज एवं राष्ट्र के प्रति कोई संवेदना जागृत करती है। इस हेतु की प्राप्ति की दृष्टि से पाठ्यक्रम का निर्धारण एवं पाठ्यपुस्तकों का लेखन होना चाहिए । किसी भी स्थिति में 0—5 वर्ष में बच्चों का नामांकन प्राथमिक विद्यालयों में नहीं होना चाहिए । नर्सरी में प्रवेश हेतु किसी तरह की जांच परीक्षा की आवश्यकता नहीं है । प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों की वर्तमान स्थिति के कारण अनुशंसा संख्या-6 और 7 के कार्यान्वयन में राज्य को कठिनाई है । प्राथमिक कक्षाओं के लिए शिक्षक, छात्र का अनुपात 1.30 होना चाहिए, परन्तु यह तभी कार्यान्वित हो सकता है जब केन्द्र सरकार के अनुदान से राज्य में शालाओं का कमरा बढ़ाया जाए और शिक्षकों की अतिरिक्त नियुक्ति की जाए।

भारत के संविधान के प्रावधान के अनुरूप सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता तथा आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने की दृष्टि से एन० सी० ई०आर० टी० के पाठ्यक्रम के आधार पर इस राज्य में भी तदनुरूप पाठ्यक्रम का निर्धारण किया गया है और पाठ्यपुस्तकों को प्रकाशित किया गया है । बिहार राज्य माध्यमिक शिक्षक महासंघ के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर पाठ्यपुस्तकों की सघन समीक्षा की गई है और जहां-कहीं भी साम्प्रदायिक एवं सामंती अंश पाए गए हैं, उन्हें पाठ्यपुस्तक से निकाल दिया गया है । इस संबंध में हमारी सरकार सचेत है । अस्तु, हमारी सरकार पाठ्यक्रम निर्धारण हेतु एक नेशनल कमीशन स्टैंटच्यूरिटी संस्था के संस्थापन के पक्ष में नहीं है । यों स्कूली पाठ्यपुस्तक मूल्यांकन संबंधी राष्ट्रीय संचालन समिति की सिफारिश 1 से 6 तक में राज्य सरकार को सहमति है ।

विधान परिषदों में शिक्षकों के प्रतिनिधित्व के संबंध में गठित केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड की उप समिति का स्वयं मैं एक सदस्य था । उप समिति की अनुशंसा में राज्य सरकार को कोई आपत्ति नहीं है ।

मैं अनुगृहीत हूं आप तमाम विद्वतजनों का, जिन्होंने ध्यानपूर्वक मुझे सुनने का कष्ट किया है । धन्यवाद ।

जय हिन्द, जय भारत ।

शिक्षा पर एक दृष्टि अंडमान और निकोबार दीप समूह शिक्षा विभाग पोर्ट ब्लेयर अक्टूबर 1993

अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह बंगाल की खाड़ी में स्थित हैं जिसमें 319 द्वीपसमूह शामिल हैं। अंडमान ग्रुप में 257 द्वीप समूह और निकोबार ग्रुप समूह में 62 द्वीप समूह शामिल हैं। 1991 की जनगणना के अनुसार इन 319 द्वीप समूहों में से केवल 38 द्वीप समूह 2, 80, 661 की जनसंख्या से बसा हुआ है। इन द्वीप समूहों का कुल क्षेत्र 8293 वर्ग कि० मी० है। 1942 तक दण्डात्मक निवारण के रूप में समझे गए द्वीप समूहों को भारत गणतंत्र बनने के बाद भाग "घ" राज्य का दर्जा प्रदान कर दिया गया था और 1-11-1956 से एक संघ शासित प्रदेश है। प्रशासनिक रूप से ये द्वीप समूह दो जिलों में बाँटा गया है, अर्थात् अंडमान जिसका जिला मुख्यालय पोर्ट ब्लेयर में स्थित है, और निकोबार जिसका जिला मुख्यालय कार निकोबार में स्थित है। इन दो जिलों को 7 तहसीलों अर्थात् अंडमान जिले में डिगलीपुर, मायाबुन्डर, रनगाट, पोर्ट ब्लेयर एवं फेरार गंज और निकोबार जिले में कार निकोबार और ननकावरी में बांटा गया है। द्वीप समूहों में 491 जनगणना गांव हैं जिनमें से 320 अंडमान में स्थित हैं और 171 निकोबार द्वीप में स्थित हैं।

शैक्षिक प्रशासन के उद्देश्य से इन द्वीप समूहों को 7 जोनों में बांटा गया है जिनके मुख्यालय पोर्ट ब्लेयर, विम्बरली गंज, रनगाट, माया बुन्डर, डिगलीपुर, कार निकोबार और ननकावरी में स्थित हैं।

पोर्ट ब्लेयर के अलावा, अंडमान और निकोबार की जनसंख्या को 491 जनगणना गांवों में बांटा गया है जिनमें से 200 से अधिक गांवों की जनसंख्या प्रत्येक गांव में 200 से कम है। जहां तक आवासों का सम्बन्ध है, पांचवें अखिल भारतीय शैक्षिक सर्वेक्षण के अनुसार लगभग 565 आवास हैं। इनमें से केवल 241 आवासों की जनसंख्या 200 अथवा इससे अधिक है, 96 आवासों की जनसंख्या 100 और 200 के बीच है और 228 आवासों की जनसंख्या 100 से कम है। छोटे-छोटे आकार वाले आवास होने से आर्थिक रूप से व्यवहार्य संस्था की स्थापना के रास्ते में बाधा आती है।

वर्तमान स्थिति

संघ शासित प्रशासन के सतत प्रयास और केन्द्र सरकार द्वारा वित्तीय और तकनीकी सहायता करने के परिणामस्वरूप स्वतंत्रता के बाद द्वीपों में शैक्षिक सुविधाओं में अद्भुत वृद्धि हुई है इसके परिणामस्वरूप अंडमान और निकोबार द्वीप प्रारम्भिक और माध्यमिक स्तरों पर नामांकन अनुपात के संदर्भ में राष्ट्रीय औसत से आगे है। इस संघ शासित प्रदेश में शिक्षा खण्ड के मुख्य क्षेत्रों में वर्तमान स्थिति संक्षिप्त रूप से नीचे दी गई है।

1. प्रारंभिक शिक्षा.

1992-93 के दौरान I—V और VI से VII तक की कक्षाओं में नामांकन द्वारा 6-11 आयु वर्ग में 109.35 प्रतिशत जनसंख्या और 11-14 आयु वर्ग में 100.14 प्रतिशत जनसंख्या को शामिल करने से संघ शासित प्रदेश प्रारम्भिक शिक्षा के सर्व सुलभीकरण के संबंध में राष्ट्रीय औसत से अधिक आगे है। लड़कियों के नामांकन के संबंध में स्थिति अब भी और अधिक सन्तोषजनक है क्योंकि I—V तक की कक्षाओं में लड़कियों का 96 प्रतिशत और VI—VIII तक की कक्षाओं में लड़कियों का 85.7 प्रतिशत इन द्वीपों में में नामांकित किया गया था। इस प्रकार स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की दर राष्ट्रीय साक्षरता की दर से बहुत कम है क्योंकि द्वीपों में स्कूल छोड़ने वालों की दर कक्षा I—V में 16.13 तथा कक्षा I—VIII में 37.18 है जबकि स्कूल छोड़ने वालों की राष्ट्रीय दर कक्षा I—IV में 47.93 और कक्षा I-VIII में 65.40 है।

महिला शिक्षकों सहित उचित प्रशिक्षित शिक्षण स्टाफ की व्यवस्था के संबंध में स्थिति इन द्वीपों में समान रूप से प्रोत्साहक है। सारिणी में दर्शाई गई स्थिति नीचे दी गई है :

कक्षाएं	कुल शिक्षकों में महिला शिक्षकों का प्रतिशत	प्रशिक्षित शिक्षकों का प्रतिशत	शिक्षक-छात्र अनुपात
I—V	47.56 (27.4)	96.42 (87.26)	24
VI-VIII	43.48 (32.0)	98.68 (89.64)	18

*कोष्ठक में दिए गए आंकड़े सम्पूर्ण भारत के आंकड़े हैं।

2. माध्यमिक शिक्षा

द्वीपों में माध्यमिक स्तर पर 10+2 पैटर्न शुरू किया गया है। माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली से सम्बद्ध है। इस समय केन्द्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय समेत 29 माध्यमिक स्कूल और 41 उच्चतर माध्यमिक स्कूल हैं। माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर कुल नामांकन क्रमशः 8653 और 3576 है। प्रारम्भिक स्तर की तरह, शिक्षण स्टाफ की व्यवस्था के संबंध में राष्ट्रीय औसत की तुलना में इन द्वीपों का स्थान बेहतर है क्योंकि माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर शिक्षक-छात्र अनुपात क्रमशः 15 और 8 है। माध्यमिक स्तर पर 100% शिक्षक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 98.90 प्रतिशत शिक्षक हैं।

3. शिक्षा का व्यवसायीकरण

इस समय मत्स्य पालन, कार्यालय प्रबंध, सचिवालय संबंधी कार्य और उद्यान विज्ञान समेत केवल तीन उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू किए गए हैं। +2 स्तर पर विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने की एक योजना आठवीं पंच वर्षीय योजना में शामिल की गई है। व्यावसायिक प्रवेश छात्रों के लिए प्रशिक्षुता प्रक्षिण की व्यवस्था प्रशासन के विभिन्न विभागों में की जाती है।

4. प्रौढ़ शिक्षा

ये द्वीप साक्षरता के संबंध में भी राष्ट्रीय औसत से आगे हैं। 1991 के जनगणना के आंकड़ों के अनुसार अण्डमान और निकोबार द्वीपों में साक्षरता दर 73.02 प्रतिशत है जबकि देश में साक्षरता की दर 52.07 है। 1991 की जनगणना के अनुसार हालांकि यह अनुमान है कि लगभग 60,000 लोग निरक्षर हैं जिनकी आयु 7 वर्ष और उससे पर है, 15-35 आयु वर्ग में निरक्षकों की संख्या बहत नगण्य है। मुख्य रूप से निरक्षर अप्रवासी मजदूरों में पाए जाते हैं जो एक स्थान से दूसरे स्थान को आते-जाते रहते हैं। ऐसे लोगों को साक्षरता प्रदान करना बहुत कठिन है।

5. पाठ्य पुस्तकें

स्कूलों में अपनाए गए बहु-माध्यमी अनुदेशों और द्वीपों में पुस्तक प्रकाशन उद्योग के लिए अपेक्षित पूंजी संबंधी बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण पाठ्यपुस्तकें तैयार करना, प्रकाशित करना तथा वितरण करना संघ शासित प्रशासन में शैक्षिक कार्यकलापों की आयोजना तथा प्रबन्ध में आ रही गम्भीर कठिनाइयों में से एक है। इस समय पाठ्यपुस्तकों की मांग महाद्वीप के साथ-साथ नगण्य स्थानीय उत्पादन के माध्यम से पूरी की जाती है।

प्रारम्भिक स्तर के लिए, पाठ्यपुस्तकें तैयार करने तथा प्रकाशित करने का उत्तरदायित्व राज्य शिक्षा संस्थान की है। कुछ शीर्षक रा० शै० अ० प्र० प० की सहायता से राज्य शिक्षा संस्थान द्वारा तैयार किए गए हैं। अनेक रा० शै० अ० प्र० प० के शीर्षकों का क्षेत्रीय भाषाओं में अनुवाद किया गया है तथा उन्हें प्रकाशित किया गया है। माध्यमिक स्तर पर स्कूलों का माध्यम हिन्दी तथा अंग्रेजी है। रा० शै० अ० प्र० प० के शीर्षकों का पाठ्यपुस्तकों के लिए उपयोग किया जाता है। तथापि, अन्य माध्यमों के लिए पाठ्यपुस्तकें, महाद्वीप के अन्य राज्यों से प्राप्त की जाती हैं और ये विभिन्न शैक्षिक जोनों पर कार्य कर रहे उप-पुस्तक भण्डार के माध्यम से बितरित की जाती हैं।

6. उच्च शिक्षा

उच्च शिक्षा के लिए संघ शासित प्रदेश में दो कालेज एक पोर्ट ब्लेयर तथा दूसरा कार निकोबार में स्थित है। पोर्ट ब्लेयर में स्थित कालेज अवर स्नातक स्तर पर मानविकी विज्ञान तथा वाणिज्य में और स्नातकोत्तर स्तर पर मानविकी में उच्च शिक्षा प्रदान करता है। कार निकोबार में स्थित कालेज अवर स्नातक स्तर पर केवल मानविकी धारा में शिक्षा प्रदान करता है। पोर्ट ब्लेयर में स्थित कालेजों में 1579 छात्र और कार निकोबार में स्थित कालेजों में 144 छात्रों का नामांकन किया गया।

7. तकनीकी शिक्षा

तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत दो पालिटेक्निक और एक आई० टी० आई० स्थापित किया गया है। प्रथम पालिटेक्निक में 90 छात्रों की कुल भरती क्षमता के साथ सिविल, विद्युत और यांत्रिकी जैसी धाराएं हैं, जिसमें 24 सीटें लक्ष्यद्वीप के छात्रों के लिए आरक्षित हैं। डेढ़ वर्षीय उत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए इस संस्थान में एक कम्प्यूटर कक्ष स्थापित किया गया है। दूसरे पोलिटेक्निक में इलैक्ट्रानिक्स और विद्युत संचार, होटल प्रबन्ध और मत्स्य पालन प्रौद्योगिकी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

8. समस्यात्मक क्षेत्र और उनकी नीति संबंधी कठिनाईयां

स्वतंत्रता के बाद संघ शासित प्रदेश में शिक्षा सुविधाएं व्यापक रूप से बढ़ाई गयी हैं, जिसके परिणामस्वरूप अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह, स्कूलों में नामांकन के संबंध में देश में सर्वाधिक विकसित क्षेत्रों में से एक बन गए हैं। तथापि, संघ शासित प्रदेश में शिक्षा की योजना एवं प्रबंध के क्षेत्र में अनेक समस्याएं तथा मुद्दे हैं, जिनमें से कुछ संक्षेप में नीचे दिए है :-

1. स्कूली सुविधाओं का प्रावधान

कक्षा I-VI में 6-11 तक के आयु वर्ग में बच्चों का नामांकन 109.35 प्रतिशत और VI- में 11-14 तक के बच्चों का नामांकन 100.14 प्रतिशत करके अण्डमान तथा निकोबार द्वीप समूह प्रारम्भिक शिक्षा के सर्वसुलभीकरण के संबंध में राष्ट्रीय औसत से अधिक आगे है। तथापि नामांकन के संबंध में इस उपलब्धि के बावजूद ये द्वीपसमूह प्रारम्भिक शिक्षा की सर्वसुलभता के संबंध में राष्ट्रीय औसत से अधिक पीछे हैं। प्रारम्भिक स्तर पर प्रत्येक बच्चे के लिए उचित आने-जाने की दूरी के भीतर शैक्षिक सुविधाओं के द्वारा शिक्षा को सर्वसुलभ करने का प्रावधान करने का उत्तरदायित्व राज्य का है। तथापि, विशेष रूप से इन द्वीपों में विभिन्न भौगोलिक और जन सांख्यिकी नियंत्रणों से द्वीपों में शैक्षिक सुविधाओं के स्थान निर्धारण और योजना में कठिनाईयां पैदा हो गई हैं। इसके परिणामस्वरूप 5 वें अखिल भारतीय शिक्षा सर्वेक्षण के समय ऐसे अनेक निवास स्थानों का पता लगाया गया था जहां थोड़ी दूरी पर स्कूली सुविधाएं उपलब्ध नहीं थी। प्रत्येक

निवास स्थान की उचित दूरी पर स्कूली सुविधाएं प्रदान करने के रास्ते में कठिनाईयां निम्नलिखित कारणों से हैं :-

(क) द्वीपों में अधिकांश निवास स्थान आकार में छोटे हैं और दूर-दूर स्थित हैं, जिनसे व्यवहार्य स्कूल प्रदान करने में कठिनाई होती है।

(ख) छोटे आकार के निवास स्थानों को एकत्रित करने का प्रावधान करना जन सांख्यिकी विषमता के कारण कुछ मामलों में कठिन भी है।

(ग) ठोस आंकड़ा आधारित जन संख्या के अभाव में महाद्वीप से जनसंख्या के आगमन के कारण जनसंख्या के संबंध में प्रत्येक प्रक्षेपण दोषपूर्ण था। अनेक मामलों में निवास-स्थान अप्राधिकृत हैं, लेकिन स्कूल मैपिंग के प्रयोजनों के लिए ये अपेक्षित निवास-स्थान समझे जाएंगे।

2. **शिक्षा का माध्यम**

संघ शासित प्रदेश में छः भाषाएं (हिन्दी, अंग्रेजी, तमिल, तेलुगू, मलयालम और बंगाली) शिक्षा के माध्यम के रूप में प्रयोग की जाती हैं। कुछ स्कूलों में एक ही स्थान पर चार से पांच भाषाएं शिक्षा के माध्यम के रूप में हैं। द्वीप समूह में गैर-हिन्दी छात्र प्रथम भाषा के रूप में अपनी मातृभाषा, द्वितीय भाषा के रूप में अंग्रेजी, तृतीय भाषा के रूप में हिन्दी सीखते हैं। अनेक समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं जैसे बहु-माध्यमी शिक्षा लागू करने से प्रचुर मात्रा में कक्षा/सेक्शन हो जाते हैं जिनके परिणामस्वरूप अतिरिक्त शिक्षक, क्लास रूम और शिक्षक क्वार्टर, प्रत्येक माध्यम में अतिरिक्त नामांकन की माँग हो जाती है। पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं होती और स्कूल निरीक्षण और शिक्षकों के मूल्यांकन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।

3. **शिक्षकों की कमी**

बहुत कम छात्र-शिक्षक अनुपात के बावजूद, द्वीपों में शिक्षकों की कुछ श्रेणियों की कमी है। विज्ञान तथा गणित शिक्षकों की सामान्य कमी के अलावा अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित काफी पद, स्थानीय अर्हताप्राप्त आदिवासी उम्मीदवारों के अभाव में रिक्त पड़े हैं।

4. **भवनों की कमी**

बहु माध्यम शुरू करने से क्लास रूमों तथा शिक्षकों की आवश्यकता में वृद्धि हो गई है जिसके परिणामस्वरूप क्लास रूमों तथा शिक्षक क्वार्टरों की कमी है। इस समय क्लास- रूमों तथा शिक्षक क्वाटरों की मांग क्रमशः 493 तथा 450 है।

5. **पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध न होना**

विभिन्न माध्यमों में विभिन्न राज्यों से प्राप्त पाठ्यपुस्तक पर निर्भरता से अनेक समस्याएं पैदा होतीं हैं, प्रथम प्राप्त करने की प्रक्रिया से असाधारण विलम्ब होता है जिसके कारण छात्रों को पाठ्यपुस्तकें मुहैया कराने में विलम्ब होता है।

CONTENTS

Minutes of the Meeting of the CABE held on 15th October, 1993.

ANNEXURES

PAGES

I. List of participants 11

II. Agenda for the meeting 16

III. List of Documents circulated 17

IV. Resolution on the death of Prof. D. S. Kothari Member, CABE. 18

V. Speech of Union Education Secretary, Shri S. V. Giri. 19

VI. Written Speech of the Minister of Human Resource Development, Shri Arjun Singh. . . 21

VII. Written Statements of State/UT Education Ministers, Advisers etc. 24

MINUTES OF THE 49TH MEETING OF THE CABE HELD IN MAIN COMMITTEE ROOM, PARLIAMENT HOUSE ANNEXE, NEW DELHI ON 15TH OCTOBER, 1993.

The 49th meeting of the Central Advisory Board of Education (CABE) was held in the main Committee Room, Parliament House Annexe, New Delhi on 15th October, 1993 under the chairmanship of Shri Arjun Singh, Minister of Human Resource Development. The list of participants in the meeting is at **Annexure-I.** The Agenda of the meeting is at **Annexure-II.** List of documents circulated in the meeting is at **Annexure-III.**

Before the proceedings of the meeting started, the participants observed two minutes silence in condolence of the death of thousands of people in the recent earth quake in Maharashtra. The meeting also passed a condolence resolution on the death of Prof. D. S. Kothari who was a member of the Board. A copy of the resolution is at **Annexure-IV.**

Shri S. V. Giri, Union Education Secretary and Member-Secretary of CABE welcomed the members of the Board and invitees to the meeting. He mentioned that preparation of State Programmes of Action taking into account the situational imperatives was the major innovation introduced in the Programme of Action (POA), 1992. In order to facilitate preparation of State POAs, five regional meetings and workshops were organised with State/UT Secretaries and Directors of Education. These workshops threw up a number of useful suggestions on the preparation of State POAs. Shri Giri also referred to the meeting of State/UT Secretaries and Directors of Education held on 5-6 October 1993 in which they had agreed that the State POAs would be ready before the end of December 1993. Shri Giri also referred to the other agenda items like the reports of various CABE Committees and the discussion paper on raising the status of National Steering Committee on School Textbook Evaluation to that of a National Commission with statutory powers. He also drew attention of the participants to the District Primary Education Programme, Total Literacy Campaigns and the Programmes in Non-Formal Education. The text of Shri Giri's speech is at **Annexure-V.**

In his inaugural address Shri Arjun Singh, Chairman, CABE said that the report of CABE Committee on Decentralised Management of Education was a path-breaking exercise. He said that the 73rd and 74th constitutional amendments had a great bearing on the management of education and that the steps for decentralisation had the backing of all the political parties. He said that in a democracy the power should be with the people at the grass roots level. While the report gave a number of recommendations, it was for the State Governments to go ahead with the decentralisation process. He also referred to the forthcoming EFA Summit of nine high population developing countries to be held on 15-16 October 1993 in Delhi. Shri Arjun Singh also stressed the need for proper integration of sports activities in the educational curricula. He said that this was necessary for India to achieve excellence in sports. While it would not be possible to discuss the report of the CABE Committee on Sports and Physical Education in the meeting, copies of the report would be circulated to all. Another point highlighted by Shri Arjun Singh was the need to reduce the load on school children. The Ministry had appointed a Committee to suggest ways and means to reduce this load. He requested all the States to seriously consider the recommendations of the Committee and make efforts to implement at least some of the recommendations by the beginning of next academic year. A meeting with the states and UTs could be held later to consider all the recommendations. The Chairman also referred to the discussion paper on raising the status of the Steering Committee for evaluation of school textbooks to that of a statutory National Commission and highlighted the need to keep textbooks free from sectarian and communal propaganda. The written speech of the Chairman is at **Annexure-VI.**

After the inaugural address of the Chairman, the minutes of the previous meeting were considered. The Chairman requested the members that if they had any comments on the minutes, the same could be furnished in writing later. Subject to this the minutes were confirmed.

It was decided to consider the remaining items together. The Chairman then requested Shri Veerappa Moily, Chief Minister of Karnataka to introduce the reports of the CABE Committees on Decentralised Management of Education and Teachers Representation in Legislative Councils, of which he was the Chairman.

Shri Moily thanked the members of both the committees for their help and cooperation in preparing

